3 | राजधानी
कमिश्नर ने कई कोतवालों को हटाया

5 | अभिमत
राधानाथ सिकदर ने नापी थी एवरेस्ट की ऊंचाई

7 | राष्ट्रीय
कश्मीर में हवाई यातायात फिर से बहाल किया गया

8 | स्पोर्ट्स
पुजारा की धीमी बल्लेबाजी पड़ी भारत पर भारी

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 81
लखनऊ, रविवार, 10 जनवरी, 2021
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

विकास की पटरी पर तेज वापसी
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

इंतजार खत्म, 16 जनवरी से शुरू होगा टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- तीन करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों और फ्रंटलाइन वर्कर्स का सबसे पहले होगा वैक्सीनेशन
- प्रधानमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा, दुनिया का सबसे बड़ा अभियान बताया
- कहा-भारतीय टीकों की प्रतीक्षा कर रही पूरी दुनिया

नई दिल्ली प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर बोलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, माघ बिहू आदि पर्वों को मनाने के दो दिन बाद भारत कोरोना वायरस के खिलाफ अपना बहुप्रतीक्षित टीकाकरण अभियान 16 जनवरी से शुरू करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड-19 के खिलाफ जंग में इस कदम को 'मील का पत्थर' करार दिया। उन्होंने इसे विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान बताया और कहा कि इसमें करीब तीन करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों एवं अग्रिम मोर्चे पर कार्यरत कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में वरिष्ठ अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक में देश में कोविड से उपजे हालात की समीक्षा तथा वैक्सीन के वितरण के ब्योरे को अंतिम रूप दिए जाने के कई घंटे बाद अगले शनिवार से टीकाकरण कार्यक्रम शुरू करने के बारे में फैसला किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में चर्चा के दौरान इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि लोग 13 जनवरी से अपने स्थानीय त्योहारों को मनाने में व्यस्त रहेंगे और उस समय इस अभियान के लिए उन्हें जुटाने में दिक्कत पेश आएगी, लिहाजा 16 जनवरी की तिथि को तय किया गया जिससे कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान सुचारू ढंग से चले। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री ने कोविड-19 प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की।

बयान में कहा गया कि आगामी लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू जैसे त्योहारों के मद्देनजर विस्तृत समीक्षा के बाद फैसला लिया गया कि कोविड-19 टीकाकरण अभियान 16 जनवरी, 2021 से आरंभ किया जाएगा। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य सचिव सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बयान में कहा गया कि करीब तीन करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों एवं अग्रिम मोर्चे पर कार्यरत कर्मियों के बाद 50 वर्ष से अधिक आयु के करीब 27 करोड़ व्यक्तियों और अन्य बीमारियों से ग्रसित 50 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाएगा। बाद में मोदी ने ट्वीट कर कहा कि कोविड-19 के खिलाफ जंग में भारत 16 जनवरी को महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, 'इसी दिन भारत में टीकाकरण अभियान आरंभ हो जाएगा। हमारे बहादुर चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चे पर कार्यरत कर्मियों सहित सफाईकर्मियों को इसमें प्राथमिकता दी जाएगी।' एक डिजिटल टीका आपूर्ति प्रबंधन प्रणाली टीके के भंडार, भंडारण तापमान, लाभार्थियों के संबंध में जानकारी देगा तथा डिजिटल प्लेटफार्म स्वत: सत्र आवंटित करने, सत्यापन और टीकाकरण के बाद व्यक्तियों को प्रमाणपत्र प्रदान करने में मदद करेगा। भारत के औषधि नियामक ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित ऑक्सफोर्ड कोविड-19 टीके 'कोविशील्ड' और भारत बायोटेक के स्वदेश में विकसित टीके 'कोवैक्सीन' के देश में सीमित आपात इस्तेमाल को रविवार को मंजूरी दे दी थी। इस बीच, देश में कोविड-19 के 18,222 नए मामले सामने आने के बाद शनिवार को कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,04,31,639 हो गई। वहीं अब तक 1,00,56,651 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद देश में रोगियों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 96.41 फीसदी तक पहुंच गई। हाल के दिनों में भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बहुत कमी आई है। पूरे विश्व में कोरोना संक्रमण के मामलों में भारत अमेरिका के बाद दूसरे नंबर पर है।

अमेरिका में अब तक दो करोड़ मामले दर्ज किए जा चुके हैं जो कि भारत से लगभग दो गुना अधिक है। अमेरिका में अब तक कोरोना से 3.7 लाख लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। भारत इस मामले में ब्राजील के बाद तीसरे नम्बर पर है। हालांकि संक्रमण से ठीक होने की दर के मामले में भारत पहले नंबर पर है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को देश भर में टीकाकरण अभियान को लेकर तीन चरणों में किए गए पूर्वाभ्यास के बारे में भी अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री को को-विन, वैक्सीन वितरण प्रबंधन प्रणाली के बारे में भी बताया गया। इस पर अभी तक 79 लाख से ज्यादा लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं और टीकाकरण कर्मियों की प्रशिक्षण प्रक्रिया का भी निर्धारण हो चुका है। इससे पहले, 16वें प्रवासी दिवस सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक नहीं, बल्कि दो 'मेड इन इंडिया' कोरोना वायरस टीकों के साथ मानवता की सुरक्षा के लिए तैयार है और दुनिया न केवल कोविड-19 से बचाव के लिए भारत के टीकों का इंतजार कर रही है बल्कि इस पर भी निगाह लगाए है कि कैसे वह विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान चलाता है।

कोविड-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महामारी के इस दौर में भारत ने फिर दिखा दिया कि हमारा सामर्थ्य क्या है और हमारी क्षमता क्या है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में आज भारत दुनिया के सबसे कम मृत्यु दर और सबसे अधिक सुधार दर्ज करने वाले देशों में शामिल है। मोदी ने कहा, 'आज भारत एक नहीं, बल्कि दो 'मेड इन इंडिया' कोरोना वायरस टीकों के साथ मानवता की सुरक्षा के लिए तैयार है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जैसा इतना बड़ा लोकतांत्रिक देश जिस एकजुटता के साथ खड़ा हुआ है, उसकी मिसाल दुनिया में नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने जो नई व्यवस्थाएं विकसित की हैं उनकी कोरोना वायरस के इस संकट में वैश्विक संस्थाओं ने प्रशंसा की है।

दोगुना हुआ मनरेगा का बजट गांवों में हर हाथ को मिलेगा काम

- मनरेगा के बजट को दोगुना करने वाला पहला राज्य बना उप्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांवों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए बड़ी पहल की है। देश के इतिहास में उत्तर प्रदेश पहला ऐसा राज्य बना है, जिसने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के सालाना बजट को करीब दोगुना कर दिया है।

सीएम योगी ने मनरेगा के बजट को 85 सौ करोड़ सालाना से बढ़ाकर 15 हजार करोड़ करने के निर्देश दिए हैं। बढ़े बजट के नाते गांव.गांव में मनरेगा के तहत हर हाथ को काम मिलना तय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले साल देश में सबसे ज्यादा मनरेगा में 85 लाख परिवारों के एक करोड़ चार लाख 70 हजार से ज्यादा श्रमिकों को काम दिया गया था, जो प्रदेश के इतिहास में रिकार्ड है। जबकि वर्ष 2019-2020 में 53.15 लाख परिवारों को काम मिला था। इसमें राज्य के 74 जिलों में मनरेगा में काम पाने वाले 32 लाख परिवार पिछले साल बढ़े हैं। मनरेगा में 100 दिन काम करने वाले 20 लाख से अधिक श्रमिकों का नए साल में श्रम विभाग में पंजीकरण कराने वाला देश का पहला राज्य भी बनने वाला है। सूबे के श्रम विभाग में पंजीकृत होने वाले श्रमिकों और उनके परिवार को 17 योजनाओं का लाभ मिलेगा।

इससे सूबे के 20 लाख श्रमिकों के जीवन में बदलाव आएगा। श्रम विभाग में पंजीकृत होने के बाद हर श्रमिक परिवार को श्रमिक मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, शिशु हित लाभ योजना, निर्माण कामगार बालिका मदद योजना, भोजन सहायता योजना, चिकित्सा सुविधा योजना, कन्या विवाह योजना और आवास सहायता योजना सहित 17 योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। विभाग ने 100 दिन काम करने वाले 20 लाख श्रमिकों को 31 मार्च तक श्रम विभाग में पंजीकृत कराने का लक्ष्य रखा है, जिसे तय समय में पूरा कर लिए जाएगा।

मुख्तार अंसारी को लाया जाएगा यूपी, पंजाब पहुंची पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट की नोटिस लेकर यूपी पुलिस बाहुबली माफिया सरगना मुख्तार अंसारी को लाने के लिए पंजाब गई है। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद मुख्तार को यूपी पुलिस दो बार पहले भी लेने गयी थी पर उसे खाली हाथ लौटना पड़ा।

पंजाब सरकार पर मुख्तार अंसारी को बचाने और जान बूझकर यूपी न भेजने के आरोप लग रहे हैं लेकिन अब देश की सर्वोच्च अदालत की नोटिस के आधार पर यूपी पुलिस मुख्तार को लाने के लिए पंजाब गई है। उत्तर प्रदेश के प्रमुख माफ्मिाओं में शुमार और मऊ सीट से लगातार पांच बार के विधायक मुख्तार अंसारी एक मामले में इन दिनों पंजाब की रोपड़ जेल में बंद हैं। लोकसभा चुनाव 2019 से पहले उन्हें बांदा जेल से रोपड़ भेजा गया था और आरोप लगा था कि चुनावी राजनीति के तहत भेजा गया है। चुनाव खत्म होने के बाद यूपी पुलिस गाजीपुर और आजमगढ़ में दर्ज मामलों को लेकर मुख्तार को लेने पंजाब गयी। गाजीपुर में फर्जी दस्तावेजों पर असलहे का लाइसेंस लेने के मामले में प्रयागराज स्पेशल कोर्ट में उसे पेश होना था। वहीं दूसरी बार, आजमगढ़ में दर्ज आपराधिक मामले में मुख्तार को सेशन कोर्ट ने तलब किया था। यूपी पुलिस को हर बार खाली हाथ लौटना पड़ा और रोपड़ जेल अधीक्षक ने मुख्तार के खराब स्वास्थ्य होने का हवाला दिया। मुख्तार को पेश करने के लिए कई बार नोटिस जारी की गई थी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

यूपी सरकार ने मुख्तार अंसारी को वापस उत्तर प्रदेश लाने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। इसके परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट ने बीते वर्ष 18 दिसम्बर 2020 को पंजाब सरकार और रोपड़ जिले के जेल अधीक्षक को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को निर्देश दिए हैं कि मुख्तार की पेशी के लिए यूपी सरकार का सहयोग करे। अब सुप्रीम कोर्ट की नोटिस को आधार बनाते हुए मुख्तार को लाने के लिए गाजीपुर पुलिस शनिवार को पंजाब पहुंच गई है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से दी गई नोटिस को गाजीपुर पुलिस रोपड़ जेल अधीक्षक को बाई हैंड रिसीव कराएगी।

महाराष्ट्र के अस्पताल में आग, 10 शिशुओं की मौत

- भंडारा जिला अस्पताल की घटना, एक से तीन महीने तक के थे बच्चे
- जांच के आदेश, परिजनों को पांच-पांच लाख की अनुग्रह राशि

पायनियर समाचार सेवा। भंडारा

महाराष्ट्र के भंडारा जिला अस्पताल में आग के बाद निरीक्षण को पहुंचे मंत्री अनिल देशमुख

महाराष्ट्र के भंडारा जिला अस्पताल में शुक्रवार देर रात विशेष नवजात देखरेख इकाई में आग लगने से 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई जबकि सात बच्चों को सुरक्षित बचा लिया गया। डॉक्टरों ने यह जानकारी दी। एक डॉक्टर ने बताया कि नवजात बच्चों की आयु एक महीने से तीन महीने के बीच थी।

राज्य स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने कहा कि तीन नवजात शिशुओं की जलने से, वहीं सात शिशुओं की दम घुटने से मौत हो गई। साथ ही उन्होंने कहा कि घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जांच के आदेश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि घटना में जान गंवाने वाले शिशुओं के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए अनुग्रह राशि के तौर पर दिए जाएंगे।

डॉक्टरों के अनुसार भंडारा जिला अस्पताल में शुक्रवार देर रात एक बजकर 30 मिनट के आसपास आग लग गई। इकाई में 17 बच्चे थे, जिनमें से सात को बचा लिया गया। टोपे ने एक वीडियो संदेश में कहा, प्रारंभिक सूचनाओं से पता चला है कि भंडारा जिला अस्पताल में तीन नवजात शिशुओं की आग में जलने से वहीं सात शिशुओं की धुएं में दम घुटने से मौत हो गई। जिला सिविल सर्जन प्रमोद खंडाते ने बताया कि भंडारा जिला अस्पताल में शुक्रवार देर रात एक बजकर 30 मिनट के आसपास आग लग गई।

इकाई में 17 बच्चे थे, जिनमें से सात को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले एक नर्स ने अस्पताल के नवजात शिशु देखभाल विभाग से धुआं उठते देखा। उसने डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को चौकस किया और वे पांच मिनट के भीतर वहां पहुंच गए। उन्होंने बताया कि दमकल कर्मियों ने इकाई के इनबाउंड वार्ड से सात बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन 10 बच्चों (शेष पेज 7)

लद्दाख में एलएसी पार करने वाला चीनी सैनिक पकड़ा गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की तीन महीने में दूसरी घटना

भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग सो के दक्षिणी तट से शुक्रवार सुबह चीन के एक सैनिक को वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को पार करके भारतीय क्षेत्र में आने के बाद पकड़ लिया। यह करीब तीन महीने में ऐसी दूसरी घटना है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दी।

चीन का सैनिक ऐसे समय पकड़ा गया है, जब मई की शुरुआत में पैंगोंग झील क्षेत्र में दोनों पक्षों के बीच झड़प और सीमा पर तनाव उत्पन्न होने के बाद भारतीय सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की ओर से पूर्वी लद्दाख में भारी संख्या में सैनिकों की तैनाती की गई है। सूत्रों ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) का सैनिक वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के भारत की ओर वाले हिस्से में आ गया था और क्षेत्र में तैनात भारतीय सैनिकों ने उसे हिरासत में ले लिया। सूत्रों ने कहा कि पीएलए के पकड़े गए सैनिक के साथ तय प्रक्रियाओं के मुताबिक व्यवहार किया जा रहा है तथा इसकी जांच की जा रही है कि उसने किन परिस्थितियों में एलएसी पार की। एक सूत्र ने कहा, पीएलए के सैनिक ने एलएसी पार की थी और उसे इस क्षेत्र में तैनात भारतीय सैनिकों द्वारा हिरासत में ले लिया गया था। चीन के सैनिकों की अग्रिम क्षेत्र में अभूतपूर्व जमावड़े और तैनाती के चलते गत वर्ष टकराव के बाद दोनों ओर से सैनिक एलएसी के पास तैनात किए गए हैं।

भारतीय सैनिकों ने पिछले साल 19 अक्टूबर को पीएलए के कॉर्पोरल वांग या लांग को पकड़ा था जब वह लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में एलएसी पार करके इस ओर आ गया था। कॉर्पोरल को निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किए जाने के बाद पूर्वी लद्दाख में चुशुल-मोल्डे सीमा बिंदु पर चीन को सौंपा गया था। अधिकारियों के अनुसार, वर्तमान समय में भारतीय सेना के लगभग 50,000 सैनिक शून्य से नीचे के तापमान में पूर्वी लद्दाख के विभिन्न पहाड़ी स्थानों में युद्ध के लिए तैयार स्थिति (शेष पेज 7)

इंडोनेशिया में यात्री विमान लापता, 62 लोग थे सवार

भाषा। जकार्ता

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता से उड़ान भरने के बाद शनिवार को श्रीविजय एयर के जेट यात्री विमान का संपर्क हवाई यातायात नियंत्रक से टूट गया। घरेलू उड़ान भर रहे इस विमान में 62 लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इंडोनेशिया के परिवहन मंत्रालय के प्रवक्ता अदिता इरावती ने कहा कि बोइंग 737-500 विमान ने दोपहर करीब 1:56 बजे जकार्ता से उड़ान भरी और अपराह्न करीब 2:40 बजे इसका संपर्क नियंत्रण टावर से टूट गया। एयरलाइन की ओर से जारी बयान के मुताबिक, विमान ने जकार्ता से पोंटियनाक के लिए उड़ान भरी थी जो इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप स्थत पश्चिम कालीमंतन प्रांत की राजधानी है। इस उड़ान की अवधि करीब 90 मिनट थी। इस विमान पर 56 यात्रियों के अलावा (शेष पेज 7)

बाजार

सेंसेक्स	48,782	
निफ्टी	14,347	
सोना	49,763	/10g
चांदी	67,518	/kg

क्विक न्यूज

बस्ती में आलू व्यवसायी समेत तीन की हत्या

बस्ती। फोरलेन पर छावनी थाना क्षेत्र में आलू व्यापारी समेत तीन की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पांच किमी के दायरे में तीन शव एक साथ मिलने से सनसनी फैल गई। मरने वालों की पहचान बिहार के आलू व्यापारी मुहम्मद असलम, उन्नाव के ट्रक ड्राइवर सोनू मौर्या और खलासी राजकुमार के रूप में की गई है। हत्या के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। पहले लूट के इरादे से हत्या की आशंका व्यक्त की गई लेकिन मृतकों के पास से एक लाख दो हजार रुपए मिलने के बाद आपसी रंजिश में हत्या का अंदेशा जताया जा रहा है। मौके पर आईजी, एसपी, एएसपी और सीओ हर्रैया ने पहुंचकर घटना के बावत जानकारी ली।

नेताजी की जयंती: कार्यक्रमों पर पीएम की अध्यक्षता में बनी कमेटी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वी जयंती मनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 85-सदस्ईय एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय समिति 23 जनवरी 2021 से शुरू होकर एक वर्ष तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी। इस समिति में 10 केंद्रीय मंत्री और सात मुख्यमंत्रियों को शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्रियों में अमित शाह, राजनाथ सिंह और निर्मला सीतारमण शामिल हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य भी समिति के सदस्यों में शामिल हैं। इनके अलावा समिति में प्रख्यात नागरिकों, इतिहासकारों, लेखकों, विशेषज्ञों, सुभाष चंद्र बोस के परिवार के सदस्यों के साथ साथ आजाद-हिंद फौज से जुड़े प्रमुख लोगों को भी शामिल किया गया है।

चूंकि पश्चिम बंगाल में इस साल के मध्य में विधानसभा चुनाव होने हैं, समिति में पश्चिम बंगाल भाजपा के कई नेताओं को भी स्थान दिया गया है। इनमें हाल ही में तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए शुभेन्दु अधिकारी भी शामिल हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री बाबुल सुप्रियो और देबश्री चौधरी तथा सांसदों में दिलीप घोष, राजू बिष्ट, रूपा गांगुली, सुनील मंडल, जयंत कुमार रॉय, जगन्नाथ सरकार, सौमित्र खान, खगेन मुर्मु और (शेष पेज 7)

'चल गई वकालत तो मोतीलाल, नहीं तो जवाहरलाल'

भाषा। प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक कार्यक्रम में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विनीत शरण ने सुनाई प्रसिद्ध कहावत

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विनीत शरण ने शनिवार को यहां उच्च न्यायालय के संग्रहालय एवं लेखागार के उद्घाटन के मौके पर कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत शुरू करने वालों के लिए एक कहावत प्रसिद्ध है कि चल गई वकालत तो मोतीलाल, नहीं तो जवाहरलाल।

न्यायमूर्ति विनीत शरण ने इस संग्रहालय में रखे पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के उस पत्र का भी उल्लेख किया जो उन्होंने विधि रिपोर्टर के तौर पर अपनी नियुक्ति के लिए आवेदन के रूप में लिखा था। उल्लेखनीय है कि नेहरू के पिता मोतीलाल अपने समय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक प्रसिद्ध वकील भी थे। न्यायमूर्ति शरण ने विनोदपूर्ण अंदाज में कहा कि यदि उनका (पंडित नेहरू का) आवेदन स्वीकृत कर लिया गया होता तो इस देश का भाग्य बदल गया होता। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का संग्रहालय देश में किसी भी उच्च न्यायालय में पहला संग्रहालय रहा है, यह एक छोटे से कमरे से शुरू हुआ और मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर और अन्य न्यायाधीशों के प्रयास से यह एक विशाल भवन में स्थानांतरित हुआ। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अशोक भूषण ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को राष्ट्रीय संग्रहालय घोषित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर के अनुरोध पर कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से भारत के प्रधान न्यायाधीश से इस संबंध में अनुरोध करेंगे। न्यायमूर्ति अशोक भूषण ने कहा, न्यायमूर्ति एसके सेन के कार्यकाल में हाईकोर्ट संग्रहालय, मुख्य भवन में कोर्ट के गलियारे को घेरकर शुरू किया गया था। हमने कई अरबी और फारसी पांडुलिपियों का अनुवाद कराया। उन्होंने बताया कि इस संग्रहालय में मूल चार्टर और पूरक चार्टर के साथ ही कई ऐसे मामलों की सुनवाई के दस्तावेज हैं जिनकी आजादी के आंदोलन की शुरुआत में महती भूमिका रही है।

इनमें मुगल शासकों के फरमान शामिल हैं। यूट्यूब के माध्यम से इस उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश कृष्ण मुरारी, न्यायाधीश विनीत शरण और न्यायाधीश अशोक भूषण के साथ ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश गोविंद माथुर, गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश विक्रम नाथ, जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पंकज मित्तल ने इस संग्रहालय के विकास को लेकर अपनी यादें साझा की। इस मौके पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चार स्वचालित सीढ़ियों का भी उद्घाटन किया गया।

नारी से दूरी

वैसे तो योगी सरकार के इस मंत्री की गिनती दबंग नेताओं में होती है लेकिन इन दिनों यह मंत्री बहुत भयभीत और डरे हुये हैं। मंत्री के डर की वजह वे अनजान महिलाएं हैं जो कार्यक्रम लेने के बहाने मंत्री जी से मिलने आती हैं और फिर सोशल मीडिया में अपनी मार्केटिंग करती हैं। फिलहाल खौफजदा योगी सरकार के इस मंत्री ने अनजान महिलाओं से अकेले मिलना बंद कर दिया है। बेहद व्यवहारिक योगी सरकार के इस मंत्री के महिला डर के पीछे की वहज टटोलने पर पता चला कि पिछले दिनों कोई महिला उनसे मिलने आयी थीं और उन्हें किसी कार्यक्रम के लिये मंत्री का टाइम चाहिए था। यह महिला पिछली अखिलेश सरकार में भी काफी सक्रिय थीं और महिला के आचारण को लेकर सवाल उठते रहे हैं। मंत्री और तथाकथित सामाजिक महिला की मुलाकात की खबरें सत्ता के गलियारे तक पहुंची। जिसके बाद से मंत्री ने किसी अनजान महिला से मिलना बंद कर दिया है। पूछने पर मंत्री जी सोशल मीडिया पर कुछ महीने पहले सीएम योगी के बारे में अभद्र टिप्पणी करने वाली कानपुर की महिला का जिक्र करते हुये कहते हैं कि किसी अनहोनी से बचने के लिये सर्तकता बरतते हुए उन्होंने यह रास्ता चुना है। हालांकि मंत्री के करीबी कुछ और ही वजह बताते हैं।

जलवा कायम है

खाकी महकमे में वर्तमान मुखिया से ज्यादा इस समय एक पूर्व मुखिया चर्चा बटोर रहे हैं। अपनी ईमानदार छवि और सख्त प्रशासन के लिए मशहूर रहे इस अफसर ने रिटायर होने के बाद बुंदेलों की धरती यानि अपने मूल निवास पर वापस लौटने के बजाए राजधानी में ही अपना ठिकाना बना लिया है। खाकी उतारने के बाद अब काला कोट भी धारण कर चुके हैं। सूबे की भगवा सरकार के मुखिया से उनकी नजदीकी किसी से छुपी नहीं है। यही वजह है कि सरकार आते ही उन्हें न सिर्फ खाकी के सुधार के लिए सुझाव तैयार करने वाले आयोग का अहम जिम्मा सौंप दिया गया बल्कि पिछले साल खाकी महकमे में नए मुखिया की तैनाती में भी उनकी ही चली। अब राजधानी में निवास कर रहे हैं तो कमिश्नरेट पुलिस पर अपना कंट्रोल बनाए रखना भी तो जरूरी है। कमिश्नरेट में पिछले दिनों अचानक आपराधिक घटनाएं बढ़ने के बाद तीन दर्जन से अधिक थानेदारों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इस तबादले से एक दर्जन थाने खाली हो गए। महकमे में चर्चा है कि यह रद्दोबदल भी उन्हीं की सलाह पर किया गया है। इसकी भनक लगते ही खाली हुए थानों में काबिज होने के लिए प्रयासरत थानेदारों ने पुराने मुखिया के घर के चक्कर लगाने के साथ ही उनसे मजबूत संपर्क तलाशने भी शुरू कर दिए हैं।

कसक है दोनों ओर

अपने चिकित्सा संस्थान के दीक्षांत कार्यक्रम में इस बार कसक नए व पुराने मेडल धारी टॉपर्स में भरपूर देखने को मिली। नए छात्रों को मेडल महामहिम के हाथों से लेने का इंतजार तो पुराने छात्रों को इसी मेडल के लिए साल भर का इंतजार। हुआ कुछ यूं कि पहले दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जब महामहिम का कार्यक्रम फाइनल हुआ तो मुख्य कार्यक्रम में मेडल पाने वाले छात्रों की खुशी का ठिकाना नहीं था। लेकिन जैसे ही उनके वर्चुअल तौर पर शामिल होने की खबर आई तो उत्साह व मेडल पाने की खुशी में कमी देखने को मिली। यही पुराने छात्रों के साथ भी हुआ। कोरोना के चलते एक तो साल भर का इंतजार और फिर न महामहिम और न ही सूबे की संवैधानिक प्रमुख। कहने का तात्पर्य यह है कि यह कसक दोनों में ही देखने को मिली।



लाइलाज अधिकारी

नगर निगम परिवार की मुखिया भले ही प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने का मिशन बनाए हुए हैं लेकिन सयाने अधिकारी हैं कि बदल नहीं रहे। आलम यह है कि मिशन वहीं का वहीं है। नगर निगम द्वारा ऐशबाग स्थित एवररेडी चौराहे पर थैला बैंक का शुभारंभ किया गया। मुखिया ने खूब खूबियां बतायीं और कहा कि थैला बैंक को प्रारम्भ करने उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग समाप्त करना है। थैला बैंक जनता को सिंगल यूज प्लास्टिक का विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य के साथ कपड़े के थैले के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया है। यही नहीं मुखिया ने यह भी बताया कि मुझसे अक्सर दुकानदार और जनता कहती थी कि बाजार में विकल्प नहीं उपलब्ध हैं। इस नाते अब नगर निगम द्वारा प्लास्टिक थैली का विकल्प जनता के समक्ष उपलब्ध करा कर लखनऊ को प्लास्टिक मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने का प्रयास भी किया है लेकिन वाह रे नौकरशाही। नगर निगम द्वारा शुरू की जा रहे थैला बैंक से थैला खरीद कर सिंगल यूज प्लास्टिक को समाप्त कर स्वच्छ लखनऊ सुन्दर लखनऊ बनाने की अपील पर अमल नहीं हो रहा।

कैसे रहें ड्राई

दूध दही से नहाने वाले मोहन काफी परेशान हैं। स्थिति यह है कि उन्हें पूरी तरह से ड्राई रह कर रन करने का निर्देश दे दिया गया है। मोहन जी कुछ समझ नहीं पा रहे हैं आखिर करें तो क्या करें। उनके पास काम का पहले से ही काफी दबाव था। अब उन्हें दूध की नदी से निकाल कर ड्राई कर दिया गया है। साथ ही उनसे कहा गया है कि कुछ करो न करो पर ड्राई जरूर रहो और लोगों को ड्राई करो। अब मोहन जी जागते सोते बस ड्राई होने का सपना ही देखते हैं। अब तक का उनका पूरा जीवन तो दूध दही में नहाते बीता है। दूध, दही, मक्खन, बस यही उनकी दिनचर्या बरसों से चली आ रही है। सुबह से शाम तक बस यही शब्द उनके कानों में गूंजते रहे हैं और वह यही सब देखते भी रहे हैं लेकिन अब उन्हें ड्राई रहने का निर्देश मिल गया है साथ ही रन करने का भी। कुल मिलाकर दूध दही से नहाने वाले मोहन जी के लिए ड्राई होना मुसीबत का सबब बन गया है। अब वह इस ड्राई के फेर से निकलने की जुगत लगा रहे हैं।

एक अनार सौ बीमार

नए साल में हर कोई चाहता कि उसकी ख्वाहिश पूरी हो चाहे वह धन प्राप्ति की हो या फिर लाल बत्ती की। यूपी में अब जब उच्च सदन जाने के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू होने वाली है तब एक अनार सौ बीमार जैसी हालत हो गई है। सबसे ज्यादा बीमार तो सत्तारूढ़ दल में हैं जहां हर विभाग से कोई न कोई अनार पाने की जुगत में लगा हुआ है। भगवा दल का मीडिया कैंप आजकल इन्हीं चकल्लस से गुलजार रहता है। हर कोई एक दूसरे को बधाई देता है तो कुछ पदाधिकारी ऐसे भी हैं जो बिल्कुल निश्चिन्त है और वह इस मसले पर बात नहीं करना चाहते हैं क्योंकि उनका उच्च सदन जाना लगभग तय है। एक पदाधिकारी हैं जो अब सीधे मंत्री पद का सपना देख रहे हैं क्योंकि उनका कई बार नाम उच्च सदन के लिए आया लेकिन कोई न कोई बाधा आ गई। दलित समाज से आने वाले इन महोदय का नाम इस बार भी काफी तेजी से चल रहा है। मगर पदाधिकारी महोदय इस बार कोई चूक नहीं चाहते हैं इसलिए वह अपने मीडिया मित्रों को सलाह देते हैं कि वह इस मसले पर बात न करें।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरे पुत्र का नाम आरव मौर्या के स्थान पर आज से आराव रवि मौर्या हो गया है, अब उसे आराव रवि मौर्या (AARAAV RAVI MAURYA) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। रविन्द्र कुमार मौर्या नि0–ए–1300, इन्दिरानगर, लखनऊ।

सूचना

सूचित करता हूं कि मैंने अपनी पुत्री कौशाम्बी राज जन्मतिथि 01–05–2008 है का नाम बदलकर नव्या चौधरी कर दिया है, भविष्य में इसी नाम से इसे जाना पहचाना जाये। आलोक चौधरी D-1329, इन्दिरानगर, लखनऊ।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम DINESH KUMAR था जो अब बदलकर DINESH KUMAR SAROJ हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। DINESH KUMAR SAROJ S/o Bhola Nath Saroj Chak Afarad Nandaut, Allahabad.

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAJESH KU SHUKLA था जो अब बदलकर RAJESH KUMAR SHUKLA हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। RAJESH KUMAR SHUKLA S/o RAM-NARAYAN SHUKLA 717-L Chak Raghunath, Mewalal Ki Bagiya, Naini-Allahabad.

सूचना

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **विनय सिन्हा, निवासी–मकान सं0 202डी, जंगल सालिकराम, शाहपुर थाना, गोरखपुर–273017, एलडीए की मूल आवंटन पत्र, धनराशि लगभग 5000/– एवं कोटक महिंद्रा बैंक डेबिट कार्ड मूल** प्रति रास्ते में गिर गयी है। जिस किसी सज्जन को प्राप्त हो तो निम्न पते पर सूचित करें। उक्त आवंटन पत्र का उपयोग अवैध माना जायेगा।

विनय सिन्हा,
निवासी–मकान सं0 202डी, जंगल सालिकराम, शाहपुर थाना, गोरखपुर–273017

सूचना

सूचना

सूचना–सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लाट नं. 6 ब्लॉक नं0 ए–2 टाईप 'ए' अन्नपूर्णा नगर कालोनी छित्तूपुर रोड वाराणसी जिस पर नगर निगम वाराणसी द्वारा आवंटित मकान संख्या सी0 32/22ए–2/6 है, जो जरिए विक्रय विलेख दिनांकित 11.05.1990 को प्रमात कुमार ढनढनिया व अनूप कुमार ढनढनिया पुत्रगण श्री आत्माराम ढनढनिया से श्रीमती सुवेधा श्रीवास्तव पत्नी श्री शंकर जी श्रीवास्तव ने दिनांक– 11.05.1990 को क्रय किया है, जिसकी रजिस्ट्री बुक नं0 1 खण्ड 178 पेज नं0 449/508 दस्तावेज सं0 6553 पर दिनांक– 11.05.1990 को सबरजिस्टार कोलकता के कार्यालय में हुई, से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख दिनांक–28.09.2020 को रावर्टसगंज से विकास भवन जाते समय रास्ते मे कहीं गिर गया, जो काफी खोजने के बाद भी नहीं मिला।

तेजभान सिंह डिप्टी कमिश्नर (मनरेगा)
जनपद–सोनभद्र।

फोर्टिफाइड राइस कुपोषण को दूर करने में सहायक

● चन्दौली के लिए फोर्टिफाइड राइस योजना का मुख्यमंत्री योगी ने किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज चन्दौली के लिए फोर्टिफाइड राइस योजना का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में चन्दौली का चावल उत्पादन में विशेष स्थान है, इसलिए चन्दौली को चावल का कटोरा कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यहां के ब्लैक राइस चावल की बाजार में काफी मांग है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि फोर्टिफाइड राइस आयरन, विटामिन बी12 तथा फोलिक एसिड से युक्त होता है, जिससे इसकी न्यूट्रिशनल वैल्यू काफी बढ़ जाती है, जो कुपोषण को दूर करने में सहायक होता है। इससे बच्चों व महिलाओं का उचित विकास होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि फोर्टिफाइड राइस प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्राप्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि चन्दौली में काफी लोगों को कुपोषण व एनीमिया जैसी समस्या है। जनपद में बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण सर्वेक्षण में अधिक पाये जाने पर भारत सरकार द्वारा फोर्टिफाइड राइस को राज्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत एवं मध्यान्ह भोजन योजना के तहत कार्डधारकों को वितरण कराये जाने हेतु पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में प्रदेश में जनपद चन्दौली का चयन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फोर्टिफाइड राइस योजना के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इसके लिए सरकारी राशन की दुकानों पर पोस्टर लगाये जाए। साथ ही, पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से फोर्टिफाइड चावल के गुणों एवं लाभ के विषय में सम्पूर्ण जानकारी दी जाए। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक सरकारी राशन की दुकान पर एक नोडल अधिकारी तैनात किया जाए। उन्होंने कहा कि वितरण केन्द्रों पर जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए।

तकनीकी विश्वविद्यालयों में बढ़ेगा डिजिटल–फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

योगी सरकार ने प्रदेश के तकनीकी संस्थानों की सूरत बदलना शुरू कर दिया है। प्राविधिक शिक्षा विभाग की ओर से कोविड संक्रमण के दौरान छात्रों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के दो तकनीकी विश्वविद्यालयों और शासकीय संस्थानों में डिजिटल और फिजिक्ल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए जाने की तैयारी है। इसके लिए एकेटीयू लखनऊ की ओर से 100 करोड़ की योजना तैयार की गई है। इस योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रस्तावित है। इसके अलावा प्रदेश के करीब एक दर्जन से अधिक तकनीकी संस्थानों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और सुविधाएं बढ़ाने के लिए 190 करोड़ प्रदेश सरकार ने दिए हैं। कोविड–19 संक्रमण के बाद छात्रों की कक्षाएं संचालित करना तकनीकी संस्थानों की चुनौती बन कर आई थी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं शुरू कराई गई वहीं, शासन के अनुमोदन के बाद एकेटीयू ने पहली बार छात्रों की सफ्ल ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन किया। प्राविधिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक इस योजना के तहत लखनऊ के फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र, आजमगढ़, बांदा, मैनपुरी, बिजनौर को 10 करोड़ से विकसित किया जाएगा। इसके अलावा नोएडा स्थित यूपी डिजाइन इंस्टीटयूट, कानपुर का यूपीटीटीआई को दस.दस करोड़, सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज व आईईटी लखनऊ को 25 करोड़ रुपए, एचबीटीयू कानपुर व एमएमटीयू गोरखपुर का इंफ्रास्ट्रक्चर 25 करोड़ रुपए से डेवलप किया जाएगा।

कार्यकर्ताओं संग भोजन व अलाव पर चर्चा के साथ तेज हुई पंचायत चुनाव की तैयारी

● प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष का जिलेवार बैठकों का दौर जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

यूपी में सियास दलों में पंचायत चुनावी की तैयारी में बीजेपी संगठन तेजी से काम कर रहा है। पंचायत चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन जिलेवार बैठकें कर रहे हैं तो वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह कार्यकर्ताओं संग भोजन और अलाव पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम कर रहे हैं। स्वतंत्र देव सिंह शनिवार को महाराजगंज में कार्यकर्ताओं के बीच में थे और रविवार को प्रदेश अध्यक्ष अयोध्या में रहेंगे। रविवार दोपहर 12 बजे अटल सभागार जिला पंचायत सभागार अयोध्या में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी द्वारा आयोजित बैठक में चुनावी तैयारियों की समीक्षा करते हुए मार्ग दर्शन करेंगे। सायं 4 बजे से कोर ग्रुप की बैठक में सम्मिलित होंगे व 5.30 बजे सायं को सोहावल मण्डल पश्चिमी के सेक्टर सरायनामू की बैठक में सम्मिलित होंगे। राधा मोहन सिंह 10 जनवरी को चंदौली में रहेंगे। प्रदेश प्रभारी चंदौली में पार्टी द्वारा पंचायत चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर चुनावी रणनीति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

महाराजगंज में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व वाली केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में संचालित की जा रही योजनाओं का लाभ जन–जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करना चाहिए। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में योग्य व कुशल नेतृत्व वाले लोग चुनाव जीतकर आए इसीलिए भाजपा पूरे दमखम के साथ पंचायत चुनाव लड़ेगी। पार्टी पदाधिकारी पंचायत चुनाव में जीत का संकल्प लेकर निचले स्तर तक योजनापूर्वक रणनीति बनाकर जन–जन से संपर्क व संवाद बढ़ाये। स्वतंत्र देव सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आवाहन करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव को गंभीरता से लेते हुए पार्टी संगठन की योजना–रचना के अनुसार कार्य करें।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर सीधा–संपर्क व संवाद बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व राज्य की योगी सरकार ने गांवों के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन व धन उपलब्ध कराया है। किसानों की चिंता की है। गरीबों व महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया है। केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गांव व किसान के विकास के लिए बनी योजनाओं का लाभ उन तक सुगमता पूर्वक पहुंच सके इसलिए आवश्यक है कि पंचायत चुनाव में पार्टी विजयी हो।

किसानों की समस्या का जल्द समाधान करे सरकारः मायावती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बसपा अध्यक्ष मायावती ने किसान संगठनों और सरकार के बीच आठवें दौर की वार्ता फिर बिना किसी नतीजे के समाप्त होने को लेकर चिन्ता जतायी है। उन्होंने किसानों की मांगों को स्वीकार कर समस्या का जल्द समाधान करने की गुजारिश की है। मायावती ने शनिवार को ट्वीट कर कहा कि काफी समय से दिल्ली की सीमाओं पर आन्दोलन कर रहे किसानों व केन्द्र सरकार के बीच वार्ता कल एक बार फिर से नाकाम रही, जो अति.चिन्ता की बात है। उन्होंने कहा कि केन्द्र से पुनः अनुरोध है कि नए कृषि कानूनों को वापस लेने की किसानों की मांग को स्वीकार करके इस समस्या का शीघ्र समाधान करे। बसपा अध्यक्ष इससे पहले भी सरकार से देश में लागू तीन नए कृषि कानूनों को लेकर आन्दोलित किसानों के साथ हठधर्मी वाला नहीं बल्कि सहानुभूतिपूर्ण रवैया अपनाकर उनकी मांगों को स्वीकार करके इन कानूनों को वापस लेने की मांग कर चुकी हैं।

REGIONAL INSTITUTE OF OPHTHALMOLOGY
EYE HOSPITAL SITAPUR-261001, Phone: (05862) 242884 7897364617

APPLICATIONS ARE INVITED FOR THE FOLLOWING FACULTY POSTS

1. Director	.....	1 Post
2. Professor of Ophthalmology	.....	1 Post
3. Associate Professor of Ophthalmology	.....	2 Posts
4. Assistant Professor of Ophthalmology	.....	2 Posts

AGE AND QUALIFICATION REQUIRED – As per Medical Council of India Rules. Pay-Equivalent to Govt Medical Universities or more Posts are non practicing full time.

Application Form-Download from www.sitapureyehospital.org form office of R.I.O. E.H. Sitapur

LAST DATE-30.01.2021 at 05:00PM

Ophthalmologist not eligible to be medical teachers can also apply for post of ophthalmologist and super specializations like Glaucoma, Cornea, Pediatrics ophthalmology and VR for Sitapur Eye Hospital and its Branches.

For details Enquiry refer to Visit our website **www.sitapureyehospital.org** OR e-Mail- **rioehcsitapur@gmail.com**

Secretary/Director

कार्यालय–महाप्रबन्धक, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, भूरागढ़, बांदा

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

पत्र संख्या :– 172/निविदा/02 दिनांक :– 04.01.2021

एतद् द्वारा निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक–पृथक मुहरबन्द निविदायें दिनांक 19.01.2021 को 15:00 बजे तक रजिस्टर्ड अथवा कोरियर द्वारा आमंत्रित की जाती है, तो उसी तिथि दिनांक–19.01.2021 को समय 15:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र निविदा खोलने के एक दिन पूर्व अपरान्ह 15.00 बजे तक निर्धारित निविदा कैश के रूप में (Non Refundable) कार्यालय महाप्रबन्धक चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान भूरागढ़, बांदा के कोष में जमा कर भात किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/सी0डी0आर0 अथवा एन0एस0सी0 के रूप में जो सचिव चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान भूरागढ़ बांदा के पदनाम से बन्धक होगी, जमा करना अनिवार्य होगी। शेष नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित हैं, जो किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

क्र–मांक	सामग्री का विवरण	धरोहर राशि	निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सहित)
1	विभिन्न साईज के सी0आई0डी0 ज्वाइण्ट रबर– रिंग व नटवोल्ट सहित आई०एस०आई० मार्क की आपूर्ति हेतु।	15,000.00	500.00+18 प्रतिशत जी.एस.टी.
2	विभिन्न साईज के पी०वी०सी० पाइप 6के0जी0 मय कपलर सहित आई०एस०आई0 मार्क की आपूर्ति हेतु।	15,000.00	500.00+18 प्रतिशत जी.एस.टी.
3	विभिन्न क्षमता के स्टार्टर स्पेयर पार्ट्स आई०एस०आई० मार्क की आपूर्ति हेतु।	15,000.00	500.00+18 प्रतिशत जी.एस.टी.
4	विभिन्न साईज के हैवेल्स मेंक किट–कैट की आपूर्ति।	15,000.00	500.00+18 प्रतिशत जी.एस.टी.

सचिव

बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कंबल वितरित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीजेपी लखनऊ महानगर द्वारा गृहमंत्री व सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह की प्रेरणा से जरूरतमंदों को 8 वार्डों में कंबल वितरित किए गए। पश्चिम विधानसभा के 6 वार्डों आलम नगर वार्ड में शीतला पुरम स्थित उत्सव मैरिज हॉल में, शीतला देवी वार्ड में योगा नंद बालिका इंटर कॉलेज में, गढ़ी पीर खां, हरदिन राय वार्ड के अपना पार्क में, बालागंज वार्ड में विधायक सुरेश श्रीवास्तव एवं महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जरूरत के समय ठंड से बचने के लिए कंबल मिलने से सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

प्रदेश में इंटरनेशनल एकेडमी बनाये जाने का निर्णय

● दिव्यांगजनों के लिए मार्च में होगा ब्लांइड एंड पैरा जूडो प्रतियोगिता का अयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

इण्डियन ब्लांइड एण्ड पैरा जूडो एसोशिसेएसन के फाउण्डर चेयरमैन एवं अपर मुख्य सचिव, गृह, अवनीश कुमार अवस्थी की अध्यक्षता मे एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग आफ द इण्डियन ब्लांइड एण्ड पैरा जूडो एसोशिसेएसन की 9 वी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश में इण्टर नेशनल एकेडमी बनाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए माह मार्च में ब्लांइड एण्ड पैरा जूडो प्रतियोगिता का अयोजन कराए जाने का भी निर्णय लिया गया।

अपर मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विगत 9 वर्षो में जूडों के खेल के साथ समाज का वह वर्ग जो दिव्यांग है उनके लिए जूडो के क्षेत्र में ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो की भी एक अलग पहचान समाज में उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडों का और अधिक विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही ट्रेनिंग स्थल पर सभी आवश्यक सुविधाएं भी मुहैया कराने का कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। इस अवसर पर अवस्थी ने बताया कि इस वर्ष 26 जनवरी 2021 को परेड के दौरान दृष्टिबाधित एवं मूकबधिर जूडो खिलाड़ियों की एक झांकी भी निकाली जायेगी। साथ ही उन्होनें सभी प्रदेशों के दिव्यांग निदेशालयों से बात कर जूडो को आगे बढ़ाने की भी बात कहीं। अवस्थी ने कहा कि जूडो के क्षेत्र में दिव्यांगों के प्रदर्शन को देखकर यह प्रतीत होता है कि उनमें भरपूर आत्मविश्वास हैं। इस क्षेत्र में निरंतर प्रयास करते हुए ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने का काम एसोशिएसन द्वारा किया जा रहा है। इस कार्य मे एसोशिएसन को और अधिक सक्रियता लाने की आवश्यकता बताई। उन्होने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए जारी शासनादेश के अनुसार अब सामान्य खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं की तरह दिव्यांगजन ब्लांइड एण्ड पैरा जूडो खिलाड़ियों को भी वह सुविधाएं उपलब्ध होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

अंतिम ड्राई रन की जोरदार तैयारियां

हर महकमे को ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अंतिम ड्राई रन के लिए जिलाधिकारी के निर्देशन में जुपिटर हाल में सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस प्रशासन, चिकित्सा विभाग की टीमों को ट्रेनिंग दी गई।

जिलाधिकारी द्वारा सभी टीमो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।सभी टीमें अपने अपने केंद्रों पर 30 मिनट पहले पहुँचना होगा। वहीं, कुल 61 केंद्रों पर 170 वैक्सिनेशन पॉइंट बनाए गए है।

शनिवार को इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में अंतिम ड्राई रन के मद्देनजर जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में वर्कशाप एवं ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा वर्कशाप में आए समस्त जोनल मजिस्ट्रेटों, पुलिस प्रशासन, चिकित्सा विभाग व आंगनबाड़ी की टीमो को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि अंतिम ड्राई रन 61 केंद्रों पर किया जाएगा। जिसके लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों को कुल 61 सेक्टरों में बांटा गया है। सभी जोनल मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगा दी गई है। वैक्सीन को सकुशल केंद्रों पर पहुचाने के लिए रूट चार्ट बना लिया गया है। उन्होंने ने बताया कि फर्स्ट ड्राई रन से हमे बहुत कुछ

राजधानी के 61 केंद्रों पर 170 वैक्सिनेशन पॉइंट बनाए गए

सीखने को मिला है। उसके बाद दूसरा ड्राई रन 5 जनवरी को किया गया, इसकी बहुत प्रशंसा हुई। अब लेकिन इस ड्राई रन का मुख्य फेस आ गया है। जिसमें कुल 61 केंद्रों पर 170 वैक्सिनेशन पॉइंट बनाए गए है। जोकि अंतिम ड्राई रन होगा। इस अंतिम ड्राई रन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि हम सब को एकजुट होकर एक टीम की तरह कार्य करना है। यह एक टीम वर्क है। जिलाधिकारी द्वारा समस्त टीमो को निर्देश दिए गए कि समस्त टीमें अपने अपने केंद्रों का भ्रमण करले और सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करले। यदि किसी भी चीज़ की कमी है तो तत्काल उसको पूरा करे। सभी टीमें अपने अपने केंद्रों पर 30 मिनट पहले पहुँचना होगा। सभी टीमें आमजनमानस को जागरूक करें कि यह वैक्सिनेशन चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। पहले चरण में मेडिकल स्टाफ को, द्वितीय चरण में फ्रंट लाइन वर्कर, कोविड वारियर्स और तृतीय चरण में 50 वर्ष से ऊपर या कोमऑर्बिट लोगो का वैक्सिनेशन किया जाएगा। साथ ही साथ लोगो को जागरूक करे कि वैक्सिनेशन लोगो की सुरक्षा के लिए है, इसका मतलब यह नही है कि मास्क, सोशल डिस्टेंसिग या कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन न किया जाए। साथ ही निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर सोशल डिस्टेंसिग, मास्क और कोविड प्रोटोकॉल का खुद भी कड़ाई से पालन करे और केंद्र पर आने वाले लोगो से भी कराए। साथ ही एक्टिव ड्यूटी पर मास्क, फेस शील्ड और ग्लव्स का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे।

राजधानी में शनिवार को ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर नवीन अरोरा ने चौक कोतवाली का किया निरीक्षण

कमिश्नर ने कई कोतवालों को हटाया, की नई पोस्टिंग

लखनऊ। राजधानी में काफी समय से जमे 41 इंस्पेक्टरों को गैर जनपदों में रवाना कर दिया गया वहीं पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने कार्रवाई करते हुए कई लोगों को इधर से उधर कर दिया। शनिवार को पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर ने लखनऊ के 18 थानों में नए इंस्पेक्टर तैनात कर दिए जिसमें ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के कार्यालय में तैनात आलोक कुमार राय को गौतम पल्ली थाने का इंस्पेक्टर बनाया गया जबकि गौतम पल्ली थाने में तैनात रवींद्रनाथ राय को इंदिरा नगर थाने की कमान सौंपी गई। अलीगंज थाने में लंबे समय से तैनात रहे फ़रीद अहमद को अब गुडंबा थाने का प्रभार दिया गया है जबकि सुनील कुमार दुबे को ठाकुरगंज ,बृजेश कुमार यादव को सआदतगंज , मनोज कुमार मिश्रा को नाका धनंजय सिंह को बाजार खाला, अशोक कुमार सरोज को मानक नगर, बृजेश कुमार सिंह को गोसाईगंज, पवन कुमार पटेल को कैंट, महेंद्र सिंह को सरोजनी नगर कुलदीप सिंह गौर को काकोरी , राजेश कुमार को पारा थाने की कमान के अलावा पन्ने लाल को अलीगंज, मोहम्मद अशरफ को चिनहट से नगराम विजेंद्र सिंह को सुशांत गोल्फ सिटी प्रशांत , प्रशांत कुमार मिश्रा को गाजीपुर और संजय राय को तालकटोरा थाना का इंस्पेक्टर बनाया गया है गैर जनपद के लिए स्थानांतरित किए गए इंस्पेक्टर सहादतगंज महेश पाल सिंह का तबादला पहले बरेली जोन किया गया था जबकि अब उनके तबादले को स्थानांतरित करते हुए उन्हें वाराणसी जोन के लिए स्थानांतरित किया गया है।

प्रदेश में मिले कोरोना के 646 नए मरीज

कल पूरे प्रदेश के 1500 केन्द्रों पर ड्राई रन का फाइनल अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के 646 नए मामले सामने आए हैं। इसी अवधि में उपचारित होकर डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की संख्या 884 है। प्रदेश में 11,221 कोरोना के एक्टिव मामले में सें 4,260 लोग होम आइसोलेशन में हैं । अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बीते शुक्रवार को एक दिन में कुल 1,44,628 सैम्पल की जांच की गयी । प्रदेश में अब तक कुल 2,51,78,712 सैम्पल की जांच की गयी है , जिसमें लगभग 42 प्रतिशत से अधिक जांचें आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है । उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1,054 लोग इलाज करा रहे हैं। इसके अतिरिक्त मरीज एल .1 ,एल .2 तथा एल .3 के सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं । प्रदेश में कोविड .19 का रिकवरी प्रतिशत 96ण्67 है । उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक कुल 5,72,773 लोग कोविड .19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं । प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,81,856 क्षेत्रों में 5,04,530 टीम दिवस के माध्यम से 3,11,77,602 घरों के 15,15,67,792 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है । उन्होंने बताया कि प्रदेश में ई .संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 5,196 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया है । प्रसाद ने बताया कि वैक्सीनेशन की तैयारियों को लेकर 11 जनवरी , 2021 को पूरे प्रदेश के 1500 केन्द्रों पर ड्राई रन का फाइनल अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी , 2021 से मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सभी शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रारम्भ किया जा रहा है । मुख्यमंत्री द्वारा फर्रूखाबाद के संकिसा पीएचसी से ,स्वास्थ्य मंत्री संत कबीरनगर से तथा प्रभारी मंत्री अपने प्रभार जनपद से मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारम्भ करेंगे। उन्होंने बताया कि 15 दिसम्बर ,

पति से झगड़े के बादगोमती में लगाई छलांग पुलिस ने बचाया

लखनऊ। चौक इलाके में स्थित पुराने पक्का पुल से शनिवार को एक महिला ने अपने पति से विवाद के बाद नदी में छलांग लगा दी। वहीं मौके पर मौजुद गोताखोरों ने महिला को नदी में डूबता देख सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल भेजने के साथ ही पति को मामले की जानकारी दी। हसनगंज के मुराईटोला निवासी चन्दन सिंह अपनी पत्नी सोनिका सिंह के साथ रहते है। सोनिका केजीएमयू में नर्स के पद पर कार्यरत है। चन्दन के मुताबिक शनिवार सुबह उसका पत्नी सोनिका से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। विवाद के बाद चन्दन घर से कही बाहर चला गयाए इसी दौरान सोनिका ने चौके इलाके में स्थित पुराने पक्के पुल से नदी में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि इस दौरान नदी में गोताखोर मौजुद थे, जिन्होंने सोनिका की समय रहते जान बचा ली और सूचना पुलिस को दी।

संक्रमण अभी खत्म नहीं, सर्तकता जरूरी: योगी

लखनऊ(पीएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड.19 के दृष्टिगत पूरी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड.19 की संक्रमण दर में काफी कमी आयी है, लेकिन संक्रमण अभी समाप्त नहीं हुआ है। इसलिए कोविड.19 से बचाव व उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखी जाए। मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। कोरोना वायरस के नये स्ट्रेन को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि यूके आदि ऐसे देश जहां नया स्ट्रेन मिला है, इन देशों से प्रदेश में आये लोगों को न्यूनतम 7 दिन क्वारंटीन किया जाए। संक्रमण के सम्बन्ध में इन व्यक्तियों की जांच भी की जाए।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में वायरोलॉजी सेन्टर की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इसे नेशनल इन्स्टीट्यूट आफवायरोलॉजी, पुणे की तर्ज पर विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि केजीएमयू, लखनऊ देश का एक मात्र संस्थान है जिसने 10 लाख आरटीपीसीआर टेस्ट किए हैं, जो एक बड़ी उपलब्धि है।

बेहतर चिकित्सक के साथ अच्छे इंसान बनें: आनंदीबेन

एसजीपीजीआई के 25वें दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल ने 193 छात्रों को प्रदान की उपाधियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 25वें दीक्षान्त समारोह में पदक व उपाधियां प्राप्त छात्र.छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि छात्र.छात्राएं मानवीय संवेदनाओं जैसे गुणों को अपने में समाहित करेंए क्योंकि मानवता के प्रति संवेदनशीलता का भाव ही आपको सामाजिक उत्तरदायित्वों का बोध करायेगा और यही आपके विचारों को परिपक्व करेगा। आप सभी बेहतर चिकित्सक के साथ अच्छे इंसान बनेए मरीजों का विश्वास जीतें और निर्धनए असहाय और साधनविहीन लोगों की सेवा करें। इस अवसर पर राज्यपाल द्वारा 193 छात्रों को उपाधियां प्रदान की गईं।

राज्यपाल ने कहा किष्दीक्षांत.समारोह एक विशिष्ट अवसर है। यह अवसर एक प्रतीक और एक संकेत भी है कि आज से अमूल्य मानव.सम्पदा के रूप मेंए राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए आपको दीक्षा प्राप्त हो गयी है। इसके साथ ही आपके ऊपर एक बड़ी जिम्मेदारी भी आती है। यह अवसर छात्रों को उन उद्देश्यों की भी याद दिलाता हैं, जिनके साथ उन्होंने ज्ञानार्जन की यात्रा प्रारम्भ की थी।

उन्होंने कहा कि ने कहा कि आज के वैश्विक परिवेश ने युवाओं को अनेक अवसर प्रदान किये हैं, परन्तु हमारे सामने चुनौतियां भी कम नहीं हैं। हमारे विद्यार्थियों को इन चुनौतियों का समाधान करते हुए जीवन में सफलता के शिखर पर पहुंचना है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों के स्वास्थ्य ढांचे से सबक लेते हुए हमें देश के स्वास्थ्य ढांचे विशेषकर ग्रामीण स्तर के स्वास्थ्य ढांचे पर और ध्यान देना होगा। हमें आधुनिक चिकित्सा के साथ.साथ भारत की पारम्परिक चिकित्सा विधाओं को भी विकसित एवं मजबूत करने की आवश्यकता है। क्योंकि कोविड.19 के मध्य हमारी पारम्परिक चिकित्सा एवं खान.पान काफी कारगर रहा है। राज्यपाल ने कहा कि जन सामान्य का विश्वास भी इस ओर बढ़ा है। वास्तव में चिकित्सा विधाएं सिर्फ उपचार पर आधारित नहीं हैए बल्कि बीमारियों के बचाव तथा शरीर की रोगों के प्रति लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के सिद्धान्त पर भी कार्य करती हैं।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण की विषम परिस्थितियों में भी एसजीपीजीआई द्वारा न केवल कोरोना संक्रमित मरीजों का उपचार किया जा रहा है, बल्कि गैर.कोरोना संक्रमित मरीजों को भी अपने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को संक्रमण से बचाते हुए उचित चिकित्सकीय परामर्श तथा उपचारित करना एवं यथा आवश्यक उनकी शल्य क्रियाओं का निष्पादन सुचारू रूप से किया जा रहा है। यह संस्थान की आम.जनमानस के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति संवेदना का प्रतीक है। राज्यपाल ने चिकित्सा शिक्षा से जुड़े शिक्षकों कहा कि वे बदलती परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को अद्यतन बनायें तथा राष्ट्र और समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु सतत् प्रयत्नशील रहें।

चारबाग अड्डे पर डग्गामार बस में बैठ गईं सवारियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

चारबाग बस अड्डे के सामने खड़ी बस को यात्री रोडवेज की बस समझकर बैठ गए। यह जानकारी जब रोडवेज के एक नेता को हुई तो मौके पर पहुंचकर सभी सवारियों को नीचे उतारा और बस अड्डे से रोडवेज की बस से रवाना किया। शनिवार को चारबाग बस अड्डे के सामने से डग्गामार बसें सवारियों को बैठा रही थी। इस दौरान रोडवेज कर्मी ने बस के चालक को रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके पर आरटीओ चेकिंग को सूचना दी। उनके नहीं पहुंचने पर दोनों डग्गामार बसों को नाका पुलिस थाने को सौंपकर बंद करा दिया गया।चारबाग बस अड्डे के ठीक सामने दो डग्गामार बसें अयोध्या, बस्ती, गोरखपुर की सवारी भर रहे थे। सेंट्रल रीजनल वर्कशाप कर्मचारी संघ के महामंत्री जसवंत सिंह मौके पर पहुंचकर बस की पड़ताल की। जहां बिना परमिट बस में बैठे यात्रियों को नीच उतार दिया। मौके पर स्थानीय पुलिस बुलाकर बस को सौंप दिया गया। जांच में दोनों बसें बाराबंकी आरटीओ कार्यालय से पंजीकृत मिली। बता दें कि किसी भी बस अड्डे के 100 मीटर के भीतर बिना परमिट वाहन सवारियों को नहीं बैठा सकते।

बस दुर्घटना होती तो नहीं मिलता मुआवजा: चारबाग बस अड्डे के एआरएम काशी प्रसाद ने बताया कि जो बसें पकड़ी गई है उसका रोडवेज से कोई लेना देना नहीं है। इस तरह के बिना परमिट डग्गामार बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर यात्रियों को किसी प्रकार का कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। क्योंकि रोडवेज बस का टिकट से ही यात्रियों को बीमा होता है। इसी आधार पर मुआवजा भी मिलता है।

जरूरतमंदों को बांटे गये कम्बल

लखनऊ। विकास नगर और इंदिरानगर में महापौर द्वारा गरीबों को कंबल बांटे गए। जरूरतमंदों को कंबल के साथ खाने की वस्तुएं बांटी गई। दोनों वार्ड में दो सौ से अधिक कंबल दिए गए। शनिवार को विकास नगर में महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा विकास नगर में 100 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये। लोहिया नगर वॉर्ड की पार्षद मिथिलेश चौहान द्वारा लोहिया नगर वॉर्ड में कम्बल वितरण का कार्यक्रम कल्याण मंडप सेक्टर एक, विकास नगर में आयोजित किया गया था। जिसमे महापौर संयुक्ता भाटिया, सिंह अधिकारी, भाजपा नगर महामंत्रीए पार्षद मिथलेश चौहान द्वारा 100 जरूरमंदो को कम्बल वितरित किए गए । वहीं इंदिरानगर में पार्षद मनोज अवस्थी ने वार्ड में सौ कंबल गरीबों को बांटे। इस अवसर पर वार्ड के समस्त भाजपा पदाधिकारी अन्य पार्षदगण एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

राजधानी में चिड़ियाघर में शनिवार को बर्ड फ्लू से बचाव के लिए दवाई का छिड़काव किया गया

अधेड़ महिला ने ओवरब्रिज से लगाई छलांग मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बाजारखाला थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला ने ऐशबाग लाईओवर से शनिवार सुबह छलांग लगा दीए जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। राहगीरों द्वारा सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जानकारी परिजनों को दी। कैंसर के कारण थी परेशान:बाजारखाला के मोतीझील कॉलोनी में सुन्दरलाल अपने परिवार संग रहते हैं। शनिवार सुबह उनकी 55 वर्षीय पत्नी ऊषा देवी मार्निंग वॉक जाने की बात कहकर घर से निकली थीए जिन्होंने ऐशबाग लाईओवर से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुल के नीचे स्थित रेलवे ट्रैक पर महिला का शव पड़ा देख लोगों का जमावड़ा लग गया। उन्होंने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला की पहचान होने के बाद मामले की जानकारी परिजनों को दी। पुलिस के मुताबिक परिजनो ने पूछताछ में बताया कि ऊषा कई साल से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थीए इसी के चलते उन्होंने ये कदम उठाया है। परिवार में पति के अलावा बेटा नरेश व शिवा है।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

सरोजनीनगर-लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सरोजनीनगर के मक्का खेड़ा निवासी किसान हरिकेश यादव (35) शुक्रवार देर शाम कहीं से घर पहुंचा और अपने कमरे में चला गया। जबकि उसकी पत्नी रसोई में खाना बना रही थी। बताते हैं कि कुछ देर बाद रात करीब 10 बजे जब हरिकेश की पत्नी कमरे के अंदर पहुंची तो हरिकेश कमरे में नायलॉन की रस्सी के सहारे पंखे के हुक से मृत अवस्था में लटका मिला। हरिकेश को मृत अवस्था में लटका देख उसकी पत्नी के होश उड़ गए। घर में चीख-पुकार मच गई। बाद में घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि हरिकेश और उसकी पत्नी के बीच आए दिन किसी न किसी बात को लेकर कहासुनी होती रहती थी। जिससे हरिकेश काफी परेशान था और उसने घरेलू कलह की वजह से फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी के अलावा दो मासूम बेटे भी हैं।

ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र में एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आर्थिक तनाव में आकर आत्महत्या किये जाने की बात कही जा रही है गोमतीनगर विस्तार के छोटा भरवारा निवासी इन्द्रजीत के मुताबिक उसका चचेरा भाई संजय यादव 32 वर्ष प्ल बरिंग का काम करता था। शुक्रवार की शाम को घर से काम करने के लिए गया था और घर वापस लौटकर नहीं आया। शनिवार प्रातरू 09.00 बजे गांव के लोगों ने रेलवे लाइन भरवारा गांव के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से कट कर मौत होने की सूचना दी। इस सूचना पर वह अन्य लोगों के साथ मौके पहुंच कर शव की शिनात चचेरे भाई संजय यादव पुत्र रामप्रसाद यादव के रूप में की। एसआई अनिल पाण्डेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्टड्डया युवक की मौत का कारण तनाव में आकर आत्महत्या बताया जा रहा है। मृतक के दो पुत्र है।

टीम गठित कर धान खरीद केन्द्रों का निरीक्षण करें

● मुख्यमंत्री योगी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धान खरीद कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रों पर धान खरीद की कार्यवाही तेजी से की जाए। उन्होंने मण्डलायुक्तो तथा जिलाधिकारियों को टीम गठित कर नियमित रूप से धान खरीद केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पशुओं को खुरपका और मुंहपका बीमारियों से बचाने के लिए पशु टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने अभियान के दौरान पशुओं के टीकाकरण कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कामगारों तथा श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित किए गये ष्उत्तर प्रदेश कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार, आयोग) की संस्तुतियों तथा निर्णयों के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जनपद एवं मण्डल स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने समीक्षा के क्रम में की गयी कार्यवाही की रिर्पोट शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के त्वरित औद्योगिक विकास के लिए कृतसंकल्पित है। इसे ध्यान में रखकर प्रदेश में निवेशकों, उद्यमियों एवं उद्योगपतियों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से की मंत्रणा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में मुलाकात की। सरकारी तौर पर इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया है लेकिन सूत्रों का कहना है कि सीएम योगी ने राज्यपाल से कानून व्यवस्था को लेकर राज्य की ताजा स्थिति से अवगत कराया और विधानमंडल के बजट सत्र को लेकर चर्चा की। अगले महीने बजट सत्र बुलाये जाने की संभावना है।

मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का सीएम आज करेंगे उद्घाटन

लखनऊ। प्रदेश में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन रविवार से पुन: प्रारम्भ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संकिसा, फर्रुखाबाद में आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करेंगे। वैश्विक महामारी कोविड-19 से उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन स्थगित कर दिया गया था।

देवभाषा संस्कृत भारत की आत्मा: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि देश के सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, ऐतिहासिक और सामाजिक जीवन का विकास संस्कृत भाषा में समाहित है। उन्होंने कहाकि देवभाषा संस्कृत भारत की आत्मा है।

उन्होंने कहाकि संस्कृत वस्तुत: हमारी संस्कृति का मेरुदंड है जिसने हमारी संस्कृति को हजारों वर्षों से न केवल सुरक्षित रखा है बल्कि उसका संबर्धन तथा पोषण भी किया है। राज्यपाल शनिवार को राजभवन में संस्था संस्कृत भारती की पुस्तक अवध सम्पदा के विमोचन समारोह को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहाकि संस्कृत भाषा को नई शिक्षा नीति में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त हुआ है। स्कूली शिक्षा में अब त्रिभाषा सूत्र चलेगा। इसमें संस्कृत के साथ तीन अन्य भारतीय भाषाओं का विकल्प होगा। इससे आज की युवा पीढ़ी संस्कृत भाषा के अध्ययन-अध्यापन से लाभांवित होगी। राज्यपाल ने कहाकि हम सभी को संस्कृत भाषा के प्रचार के लिए प्रयासरत होना चाहिए। इसके पूर्व संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष शोभन लाल उकील ने स्वागत तथा सचिव कन्हैया ला झा ने संगठन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहाकि संस्कृत भारती का प्रयास है कि संस्कृत भाषा सबके मुख में हो। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री डॉ. गौरव तथा आभार ज्ञापन जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रशांत भाटिया, बृजेश, साधना, रत्नेशमणि, डॉ. आलोक धावन, डॉ. वंदना राय, गिरीश गुप्ता, डॉ. बीपी सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

हीटर से आग लगने के बाद युवक झुलसा, मौत

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में हीटर से आग तापने के दौरान युवक की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। बीती रात मृतक युवक का पड़ोसी युवकों से विवाद हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा.बुझाकर मामला शांत करा दिया था। बताया जा रहा है कि नशे में हीटर से आग तापने के दौरान वह करंट के चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।चिनहट के ग्राम मल्हौर का पुरवा निजामपुर निवासी सुरेश यादव के मुताबिक उसके चार पुत्र हैए जिनमें से तीसरे न बर का बेटा दीपू यादव था। दीपू गाड़ी चलाने के साथ ही घर बनवाने का ठेका भी लेता था। शुक्रवार को गांव के ही सरवन के बेटों से कुछ कहासुनी हुई थी। इस बावत दीपू ने मल्हौर चौकी पर शिकायत किया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझा कर मामला शांत करा दिया। इसके बाद दीपू ने शराब पीकर पत्नी से झगड़ा करने लगा। इस पर रात समय करीब 11 से 12 बजे के मध्य दीपू की पत्नी सुमन अपनी सास के पास जाकर सो गयी थी। शनिवार समय करीब 5 बजे प्रात: जब दीपू की मां कलावती मोटर चलाने दूसरे घर में गयी तो देखा कि दीपू जमीन पर गिरा हुआ था और उसका हाथ बिजली वाले हीटर पर था। आनन.फानन परिजन हीटर का तार निकाला और इलाज के लिए सीएचसी मल्हौर चिनहट पहुंचे जहां डाक्टरों दीपू 32 वर्ष को मृत घोषित कर दिया गया। एसआई सुरश्री ने बताया कि दीपू नशे की हालत में अपने कमरे मे अकेले था। वह कुर्सी पर बैठ कर हीटर से आग ताप रहा था। प्रथम दृष्टड्डया हीटर से आग तापने के दौरान वह हीटर पर गिर पड़ा।

नौजवानों से सीधा संवाद स्थापित कर उनके प्रत्येक मुद्दे पर संघर्ष करेगी युवा कांग्रेस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस (पूर्वी एवं पश्चिमी) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों एवं सक्रिय सदस्यों की प्रथम बैठक शनिवार को हुई। बैठक में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के विचारों से अवगत होते हुए उप्र में युवा कांग्रेस के जिला स्तर पर संगठन को व्यापक पैमाने पर संगठित कर युवाओं को बड़ी संख्या में जोड़ने व उनके निर्देश को सभी पदाधिकारियों के समक्ष रखते हुए युवाओं के सभी मुद्दों पर युवा कांग्रेस द्वारा सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने की रणनीति पर विचार.विमर्श किया गया और संगठन को ब्लाक स्तर पर शीघ्र से शीघ्र गठित करने का निर्देश दिया। प्रदेश मुख्यालय पर हुई इस बैठक में राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी तनु यादव एवं विनीत कम्बोज, मोहित चौधरी और पश्चिमी युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओमवीर यादव एवं पूर्वी उप्र युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कनिष्क पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर नौजवानों को प्रशिक्षित कर रही टीम ने एक प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया जिसमें सभी युवाओं को आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कई विषयों पर प्रशिक्षित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय प्रभारी तनु यादव ने संगठन में किसी कारणवश छूटे हुए पूर्व में युवा कांग्रेस के रहे पदाधिकारियों को पुन: संगठन में उनकी क्षमतानुसार सम्मिलित करने का आश्वासन दिया।

किशोर-किशोरियों को चिन्हांकन कर रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ा जायेगा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिये मिशन शक्ति के अभियान चल रहा है। माह जनवरी-फरवरी 2021 में मिशन शक्ति के लिये निर्धारित की गई कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम संचालित हो रहें है। उक्त जानकारी प्रदेश के महिला कल्याण निदेशक मनोज कुमार राय ने देते हुए बताया कि 15 जनवरी 2021 तक रोज़गार से जोड़े जाने हेतु किशोर-किशोरियों तथा महिलाओं का चिन्हांकन संस्थाओं से तथा ग्राम स्तर तक ऐसे परिवारों के किशोर-किशोरियों को चिन्हित किया जा रहा है जिनका जीवनयापन कठिन है। उन्होंने बताया कि किशोर-किशोरियों तथा महिलाओं का चिन्हांकन कर उन्हें रोज़गारपरक प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा। श्री राय ने बताया कि 15 जनवरी 2021 तक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना गाइडलाइनस् के अनुसार जैन्डर चैंपियनस् तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से मेधावी छात्राओं की पहचान की जा रही है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी वन स्टॉप सेन्टरस् की गाइडलाइनस् के दृष्टिगत पुलिस विभाग से समन्वय से पुलिस फैस्लीटेशन आफीसर की नियुक्ति नामांकन भी किया जा रहा है।

एसपी ने थाना समाधान दिवस में की जनसुनवाई

निगोहां। थाना समाधान दिवस पर लखनऊ ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ह्रदेश कुमार ने निगोहा थाने पहुंचकर जन सुनवाई की।इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। शनिवार को निगोहा थाने में आयोजित समाधान दिवस में पहुंचे लखनऊ ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ह्रदेश कुमार द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए।

आर्त्मनिर्भर बनने के लिए कौशल प्रशिक्षण जरूरी: मनोज

संवाददाता। सरोजनीनगर

लखनऊ। ग्रीन गैस लिमिटेड के प्रबंधक (मानव संसाधन) मनोज कुमार ने कहा कि षिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां कौषल विकास प्रषिक्षण हासिल कर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते है। इससे जहां वह स्वयं आत्मनिर्भर बनेगे वहीं दूसरो को रोजगार दे सकते है। इसलिए युवा वर्ग को चाहिए कि वह कौषल विकास प्रषिक्षण हासिल कर आत्मनिर्भर बने। श्री कुमार शनिवार को सरोजनीनगर के स्कूटर्स इण्डिया चौराहा स्थित सहयोग परिवार परिसर में ग्रीन गैस लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत आयोजित सिलाई-कढ़ाई प्रषिक्षण कार्यक्रम के निरीक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सम्बोधित कर रहे थे।

● स्वरोजगार स्थापित करने वाले प्रतिभागियों को ग्रीन गैस उपलब्ध कराएगी टूलकिट

इस मौके पर उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि व्यवसायी वर्ग अपने परिवार का भरण-पोषण के साथ ही देष के विकास में भी अपना योगदान करता है। उन्होंने कि सरकार को मिलने वाली राषि में व्यवसायी वर्ग का बड़ा हिस्सा होता है। प्रतिभागी नौकरी के बचाए अपना छोटा सा व्यापार घर से शुरू करे और यदि उन्होंने कामयाबी मिले तो वह सरकार द्वारा चलाई जा रही ऋण योजनाओं के माध्यम से लोन लेकर अपना व्यवसाय आगे बढ़ा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रषिक्षण के बाद टॉप टेन प्रतिभागियों को ग्रीन गैस लिमिटेड की सीएसआर योजना के तहत टूलकिट भी उपलब्ध कराई जाएगी।

अज्जू लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी उत्तरी के अध्यक्ष बने

लखनऊ। कांग्रेस ने लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी को दो भागों में बांटते हुए अजय कुमार श्रीवास्तव अज्जू को लखनऊ शहर कांग्रेस कमेटी उत्तरी का अध्यक्ष बनाया है। अजय श्रीवास्तव अज्जू पूर्व में यूथ कांग्रेस के निर्वाचित महासचिव रहें हैं एवं एक लंबा संगठनात्मक अनुभव होने के साथ.साथ वर्ष 2017 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लखनऊ उत्तर विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं।

विनोद मिश्रा बने आप के प्रदेश प्रवक्ता

लखनऊ। पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हुए विनोद कुमार मिश्रा को उत्तर प्रदेश में आप का नया प्रवक्ता बनाया गया है। आप के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने शनिवार को यह जानकारी दी। मालूम हो कि विनोद मिश्रा ने बीती 25 दिसंबर को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर यूपी में कांग्रेस को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। बाद में नए साल में वह आप में शामिल हो गए थे। मिश्रा कांग्रेस में राज बब्बर के कार्यकाल के दौरान यूपी कांग्रेस के महासचिव रह चुके हैं।

ई-टेण्डर से होगी नीलामी

लखनऊ। आबकारी विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रि परिषद द्वारा वर्ष 2021-22 की आबकारी नीति को अनुमोदित कर दिया गया है। वर्ष 2020-21 में अनुमानित राजस्वं रू. 28,340 करोड़ के सापेक्ष वर्ष 2021-22 में रू.34,500 करोड़ का राजस्व संभावित है। देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर एवं भांग की फुटकर दुकानों और माडल शॉप का वर्ष 2021-22 हेतु नवीनीकरण अनुमन्यम होगी। बीयर की वर्ष 2020-21 में व्यवस्थित समस्त दुकानें नवीनीकरण हेतु अर्ह होंगी। नवीनीकरण से अवशेष फुटकर दुकानों तथा मॉडल शॉप का व्यनस्थापन ई.लाटरी/ई.टेण्डर द्वारा होगा।

एलपीजी वितरकों ने मनाया ग्राहक सेवा दिवस

लखनऊ। इंडियन ऑयल कारपोरेशन के तत्वावधान में शनिवार को एलपीजी वितरकों ने ग्राहक सेवा दिवस मनाया। इसी क्रम में मृत्युंजय गैस सर्विस में एक कार्यक्रम किया गया जिसमें आने वाले ग्राहकों का स्वागत किया गया साथ ही उनको मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस मौके पर एजेंसी के संचालक अमृतांशु मिश्र ने कहा कि तेल कंपनी के लिए ग्राहक ही सर्वोपरि है। ग्राहकों के उत्साहवर्धन के लिए और उनके अधिकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कंपनी हमेशा आगे रहती है। आयोजन में अर्जुन मिश्र, सचिन यादव, सौरभ मौर्य, अंशुमान सहित कई लोग मौजूद रहे।

जैन मन्दिर में मनी 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की जयंती

लखनऊ। श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा की ओर से जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ एवं जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर चंदा प्रभु भगवान की जन्म जयंती शनिवार को डालीगंज जैन मन्दिर में धूमधाम से मनाई गई। सभा अध्यक्ष विनय कुमार जैन की अगुआई में जयंती की शुरुआत मूलनायक पार्श्वनाथ भगवान की मूर्ति पर अभिषेक, शांति धारा, पंचामृत अभिषेक बोली द्वारा की गई। शांति धारा की बोली संजीव जैन जैन प्लास्टिक मोती नगर वालों को प्राप्त हुआ। बाद में पूजन मंगल आरती विशेष कार्यक्रम पारसनाथ भगवान का पालने में बालक स्वरूप मूर्ति रखकर पालना झुलाया गया। फलना झुलाने का सौभाग्य राहुल जैन डालीगंज को प्राप्त हुआ। इस विशेष अवसर पर भगवान को पालकी में मूर्ति रखकर पालकी यात्रा निकाली गई।

यूको बैंक ने स्थापना दिवस मनाया

लखनऊ। अंचल कार्यालय, लखनऊ में गत दिवस यूको बैंक का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नियंत्रणाधीन शाखाओं एवं अचल कार्यालय परिसर में राजभाषा कार्यान्वयन एवं रिकार्ड का रखरखाव का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर अपने अपने विभाग में रिकार्ड रखरखाव एवं स्वच्छता संबंधी नियमों का यथेष्ट अनुपालन सुनिश्चित करने में सभी कार्मिको ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लखनऊ अंचल कई महत्वपूर्ण माइलस्टोन उपलब्धियों को हासिल करते हुए बैंक की प्रगति के साथ कदम बढ़ाते हए आगे बढ़ता रहा है। अंचल ने लगभग रुपए 1200 करोड़ की ऐतिहासिक अग्रिम राशि को हासिल किया है। वसूली क्षेत्र में भी विकास की रफ्तार को बनाए रखने के लिए मुख्य रूप से गुणवत्तामूलक कारोबार पर फोकस किया है। बैंक ने कई अभियानों की शुरूआत की है जैसे- कारफेस्ट, होम फेस्ट, फेस्टिवल डिलाइट आदि। हमारे अंचल में होमलोन में दिए गए लक्ष्यों 150 होमलोन को हमने तीन माह के दौरान हासिल किया है. इसी तरह वसूली क्षेत्र में लगभग 5 करोड़ वसूली सुनिश्चित की है। समूचे उत्तर प्रदेश में यूको बैंक को स्वयं सहायता समूह-बैंक लिंकेज प्रोग्राम में उत्कृष्ट कार्य के लिए वर्ष 2020-21 के ग्रामीण समृद्धि सम्मान पुरस्कार के लिए चुना गया। यह सम्मान को श्री सुरेश खन्ना, माननीय वित्त मंत्री, उ.प्र.सरकार के हाथों प्राप्त हुआ स्थापना दिवस के अवसर पर अंचल कार्यालय लखनऊ में 'एक शाम, स्थापना दिवस के नाम' थीम पर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सभी स्टाफ सदस्यों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रबंधक श्री ओपी वर्मा ने की।

बच्चों के घर तक पहुंचाई पाठशाला

लखनऊ। परिषदीय विद्यालय में कई शिक्षकों ने मोहल्ला क्लास की शुरुआत कर पाठशाला को बच्चों के घर की दहलीज तक पहुंचा दिया है । इसी क्रम में कमपोजिट स्कूल उच्च प्राथमिक विद्यालय भरोसा ब्लॉक काकोरी जिला लखनऊ के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह जी ने बताया कि उनके विद्यालय में शिक्षक अलग.अलग समूह बनाकर नये साल के पहले दिन से ही मोहल्ला क्लास की शुरुआत की गई है। इसमें प्राथमिक स्कूल की शिक्षिका सविता सिंह पंकज जैन मधुलता कंचन यादव समेत सभी अनुदेशक व शिक्षा मित्र भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के 4 गांव सरोसा भरोसा एटिकरा एदीघिया की बस्ती और झुग्गी झोपड़ियों में रोजाना दो घंटे की 4 कक्षाऐ चल रही हैं। उन्होंने बताया कि बड़े बच्चों को मॉनिटरिंग के लिए भी लगाया गया है। बच्चों को वर्कशीट तथा मास्क भी वितरित किए गए हैं।

जनता का भरोसा भी भाजपा से टूट गया: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा के कुशासन के चलते अपराधियों को खुली छूट मिली हुई है। मुख्यमंत्री की कागजी सख्ती और बड़बोलापन लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है। महिलाओं, बच्चियों से छेड़खानी, दुष्कर्म और हत्या की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। महिलाओं की सुरक्षा पर असंवेदनशील और असफल भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश दुराचार प्रदेश बन गया है। सरेआम राजधानी में भी गोलियां चल रही हैं। दहशत के इस माहौल में भी मुख्यमंत्री ठोक दो और राम नाम सत्य कर दो का जाप अलाप रहे हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा राज में बढ़ते अपराधों से उत्तर प्रदेश विश्व में कुख्यात हो गया है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। जनता का भरोसा भी भाजपा सरकार से टूट गया है। आशा की जाती है कि अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वहन करते हुए महामहिम राज्यपाल महोदया प्रदेश में बढ़ते अपराधों का संज्ञान अवश्य लेंगी। अपराध नियंत्रण भाजपाई मुख्यमंत्री के वश में नहीं। मुख्यमंत्री जाने किस आधार पर कहते हैं कि अपराधियों ने प्रदेश छोड़ दिया है जबकि अपराधियों ने नहीं, अपराध नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अफसरों ने ही अपना दायित्व निभाना छोड़ दिया है। जनता भाजपा से निजात पाने को व्याकुल है। एक वर्ष के बाद ही जनता को भाजपा कुशासन से मुक्ति मिल सकेगी।

शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम व कथक के साथ गजल की मनोरम महक बिखरी

● यूपी महोत्सव 17वीं सांस्कृतिक संध्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में सेक्टर ओ पोस्टल ग्राउण्ड केन्द्रीय विद्यालय के सामने अलीगंज में चल रहे यूपी महोत्सव-2021 की 17वीं सांस्कृतिक संध्या में शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम व कथक के साथ गजल की मनोरम छटा बिखरी।

समारोह में प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि जनता और दुकानदारों के विशेष आग्रह पर यूपी महोत्सव को आगामी 11 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है जिसका समय यथावत रहेगा। यूपी महोत्सव में आज की सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ यशी शर्मा ने दक्षिण भारतीय सांस्कृतिक नृत्य भरतनाट्यम से किया। यशी ने अपने कार्यक्रम का आरम्भ आलारिपु से कर जातीस्वरम्ए शब्दम्ए वर्णम्ए पदम् और तिल्लाना को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी क्रम में शिवांगी भारद्वाज और यशस्वी भारद्वाज ने कथक के पारम्परिक स्वरूपों उपज, थाट, आमद, परन इत्यादि की मनोरम प्रस्तुति दी। मन को मोह लेने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त शैंकी ने गजलों की सरिता प्रवाहित की। शैंकी ने अपनी पुरकशिश आवाज में ये कौन आ गई दिलरूबा महकी महकीए कोई पैगाम और किसी नजर को तेरा इंतजार आज भी है जैसी अन्य गजलों को सुनाकर श्रोताओं का दिल जीता। इसी क्रम में विजय ने क्या हुआ तेरा वादाए मोहित सिंह ने जा तुझे माफ कियाए अंजलि गुप्ता ने लैला मैं लैलाए संस्कृति सिंह ने हंसता हुआ नूरानी चेहराए वैभव मिश्रा ने वादिया मेरा दामन गीत को सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।

संगीत से सजे कार्यक्रम के अगले प्रसून में रोली गुप्ता ने सत्यम शिवम सुन्दरमए अविनाश कटियार ने आज कल याद गीत को सुनाया तो श्रोता भावविभोर हो उठे। हृदय को हर्षातिरेक से भर देने वाली इस प्रस्तुति के उपरान्त रिया, स्वाति, सृष्टि, प्रिया, नमन, अनुज, अनमोल, नितिन, आर्यन और वकील ने सैंयो नी गीत पर समूह नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। इसी क्रम में हरमान, अर्चना, रिया, हर्ष चन्द्रा और सुग्रीव चैहान ने वन्देमातरम पर भावाभिनय नृत्य द्वारा उपस्थित लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत की। कार्यक्रम का शोधपूर्ण मंच संचालन सम्पूर्ण शुक्ला और अरविन्द सक्सेना ने किया।

यूपी गौरव से सम्मानित हुई सीमा गुप्ता

प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष एनबी सिंह ने सीमा गुप्ता को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इसके अलावा अमित कुमार सरोज, नेहा सिरोही, शर्मिष्ठा पाण्डेय, मनोज शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, मुकेश कुमार सिंह, डॉ अभिषेक सिंह, सर्वेश कुमार शर्मा को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह भेंटकर विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया।

रोजगार जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सीमा गुप्ता के संयोजन में मिशन रोजगार जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समीक्षा अधिकारी अमित कुमार सरोजए लेखा संवर्ग की समीक्षा अधिकारी नेहा सिरोही, सहायक समीक्षा अधिकारी शर्मिष्ठा पाण्डेय, मनोज शर्मा, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, आयुर्वेदिक चिकित्सक अभिषेक सिंह, योगाचार्य मुकेश सिंह, कृषि अधिकारी सर्वेश शर्मा ने देश और उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने और उससे रोजगार के अवसर प्राप्त करने के गुर बताये।

सण्डीला में मशहूर लड्डू बने लोगों की पहली पसंद

महोत्सव में सण्डीला के लड्डू के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसमें बूंदी व गोंद के सण्डीला के प्रसिद्ध लड्डू माने जाते है। खासबात यह भी ये लड्डू मिट्टी के हांडी में बिक रहीं है। रघुराज शर्मा ने बताया कि काले तिलए सफेद तिलए गोंद के लड्डू समेत 25 प्रकार के लड्डू स्टाल पर हैं। सभी लड्डू शुद्ध देशी घी से बने हुए हैं। इसमे दो सौ से एक हजार रुपये के लड्डू है।

स्टीफन मदान को 80 हजार अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के मेधावी छात्र स्टीफन मदान को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ सैन फ्रांसिस्को द्वारा 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। स्टीफन को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। इसके अलावा, अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना एवं एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, कैनडा की साइमन फ्रेजर यूनिवर्सिटी एवं यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा एवं आस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड द्वारा भी इस प्रतिभाशाली छात्र को उच्चशिक्षा हेतु चयनित किया गया है। इस प्रकार, सीएमएस के एक और प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी लगन, प्रतिभा व शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर लखनऊ का नाम गौरवान्वित किया है।

राधानाथ सिकदर ने नापी थी एवरेस्ट की ऊंचाई

माउंट एवरेस्ट का नाम बदलकर माउंट सिकदर किए जाने से शायद राधानाथ सिकदर को न्याय मिलेगा और उन्हें वह वैश्विक पहचान भी मिलेगी जिसके वो योग्य हैं।

के के पॉल
(लेखक पूर्व पुलिस आयुक्त तथा पूर्व राज्यपाल हैं।

हम सभी अपने बचपन के दिनों से जानते हैं कि दुनिया की सबसे ऊंची पर्वतीय चोटी माउंट एवरेस्ट है और इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर रखा गया था। काफी समय बाद यह पता चला कि सर जॉर्ज एवरेस्ट भारत के सर्वेयर जनरल थे और चोटी का नाम उनके नाम पर इस कारण रखा गया क्योंकि उन्होंने उसके दुनिया की सबसे ऊंची चोटी होने का पता लगाया था। सर्वेयर जनरल के तौर पर उनका कार्यालय देहरादून में था और मसूरी में निवास करते थे। वो लगभग 200 वर्ष पूर्व सन 1843 में भारत छोड़कर गए थे, लेकिन मसूरी में उनका मकान अभी भी संरक्षित है और अब पर्यटकों की रुचि का स्थल है।

हालांकि, सच्चाई कुछ और है। यह निश्चित रूप से तथ्य है कि सर जॉर्ज एवरेस्ट 1940 से 1843 तक भारत के महासर्वेक्षक रहे थे, लेकिन यह भी सत्य है कि उनके कार्यकाल के दौरान, माउंट एवरेस्ट, जिसे हम आज इसी नाम से जानते हैं, को चोटी 15 (पीक 15) के नाम से जाना जाता था। जॉर्ज एवरेस्ट ने कभी भी इस चोटी की ऊंचाई मापने की प्रक्रिया की शुरुआत नहीं की थी, न ही उन्हें उसका नाम रखने में रुचि थी, जो कि 1843 में उनके सेवानिवृत्त होकर इंग्लैंड चले जाने के काफी समय बाद रखा गया था।

नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित, पीक-15 की तिब्बतियों द्वारा पवित्र स्थल मानकर पूजा की जाती थी, जो इसे चोमुलंगमा कहते थे, जिसका अर्थ होता है कि दुनिया का मातृ देवी। नेपाल में यह चोटी सागरमथा के नाम से जानी जाती है जिसका अर्थ होता है स्वर्ग की चोटी। इन दिनों में भी चोटी को तिब्बत व नेपाल दोनों जगह परम्परागत नामों से संबोधित किया जाता था, जबकि हमने उसका अनुसरण किया है जो नाम हमें ब्रिटिश शासन से मिला था। असलियत में, एवरेस्ट नाम बंगाल इंजीनियर्स के नर्कल सर एंड्रयू वाघ ने दिया था जिन्होंने सर्वेयर जनरल के तौर पर जॉर्ज एवरेस्ट का स्थान लिया था और 1844 से 1861 तक पद पर रहे थे। जिन परिस्थितियों के अंतर्गत चोटी-15 को माउंट एवरेस्ट नाम दिया गया था वे विचित्र किस्म की हैं और मामले को पूर्वाग्रहों से ग्रसित होकर देखने की प्रवृत्ति दर्शाती हैं जिससे के संपूर्ण श्रेण ईस्ट इंडिया कम्पनी के ब्रिटिश अधिकारियों को दिया जा सके।

यदि जॉर्ज एवरेस्ट के कार्यकाल से संबंधित सर्वे आफ इंडिया वाल्यूम के 1830 से 1843 के मध्य के ऐतिहासिक दस्तावेजों की मानें, तो एक नजर में देखा जा सकता है कि उन्होंने पद पर रहते समय चोटी के मामले में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वह उनके उत्तराधिकारी एंड्रयू वाघ ही थे जिन्होंने 1856 में चोटी-15 के सबसे ऊंची चोटी होने संबंधी आधिकारिक घोषणा की थी। मापन निश्चित रूप से बहुत पहले प्रारम्भ कर दिया गया था और उसे अंतिम रूप राधानाथ सिकदर ने दिया था।

कुशल गणितज्ञ राधाकांत सिकदर के कार्य को मान्यता देते हुए, भारत सरकार ने 2004 में उनके नाम पर एक डाक टिकट जारी किया था। हालांकि, उनका कार्य इतना महत्वपूर्ण है कि सिर्फ डाक टिकट जारी कर देने और उसके बाद उन्हें भूल जाने से उनके योगदान के साथ न्याय नहीं होगा। विडंबना है कि वो जॉर्ज ही थे, जिन्होंने महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण के लिए सिकदर को चुना था और उन्हें बहुत पसंद भी करते थे। सर्वे आफ इंडिया के ऐतिहासिक दस्तावेजों का वाल्यूम-4, उनके कार्यकाल से संबंधित निम्नलिखित उल्लेख करता है।

''राधानाथ को हर कोई पसंद करता है और जीटी सर्वेक्षण में सार्वभौमिक रूप से माने जाते हैं। आप उन्हें नहीं जानेंगे जब आप उनसे मिलेंगे, वो कोई कमजोर बालक नहीं रह गए हैं बल्कि एक ऊर्जावान युवा हैं जो थकावट झेलकर अपने पेश से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने को तत्पर रहते हैं..।''

''मेरे उपकरणों में से कुछ ऐसे हैं जिनका प्रबंधन वो नहीं कर सकते, और मेरी कोई भी गणना ऐसी नहीं है जिसमें वो प्रवीण न हों... अंतत: वो एक विश्वसनीय प्रमाण निकालेंगे कि गणित के हिस्से के तौर पर आपके देश के लोगों की प्रयोगीकरण तथा सैद्धांतिक पहलुओं की अभिवृत्ति यूरोपियों से कम नहीं है।''

''स्वयं उस नौजवान की योग्यताओं के बारे में मैं ज्यादा नहीं बोल सकता। उनकी गणितीय उपलब्धियों वाले भारत में कुछ ही लोग हैं, चाहे यूरोपीय हों या देशीय, जो उनसे मुकाबला नहीं कर सकते, यहां तक कि यूरोप में भी ऐसी उपलब्धियों को ऊंचा दर्जा दिया जाता है।'' बाद में, गोलीय त्रिकोणमिति से ऊंचाइयों एवं दूरियों की गणना करने के लिए सिकदर द्वारा विकसित की गई विशेष तकनीक के कारण, वो एक प्रकार से संगठन के लिए अपरिहार्य बन गए थे और भारत के महासर्वेक्षक के कार्यालय में चीफ कम्प्यूटर बना दिए गए। 1849 में उस पद पर वो देहरादून से कोलकाता चले गए। अब एंड्रयू वाघ ने चोटी को एवरेस्ट का नाम क्यों दिया जबकि वो परिदृष्य से बाहर जा चुके थे, इतिहास का एक रोचक विषय है।

बाद में भारत के महासर्वेक्षक बने सिडनी जेराल्ड बर्नार्ड ने यदि एक वैज्ञानिक पत्रिका नेचर में एक शोध पत्र के माध्यम से सिकदर के कार्य को सराहा न होता, तो ये तथ्य प्रकाश में नहीं आते। उन्होंने चोटी-15 के मापन के लिए उठाए गए विविध कदमों को विस्तार से प्रकाशित किया था। इस तरह, वाघ की कारगुजारी का खुलासा होता है, जिन्होंने सिकदर से श्रेय छीनने का भरपूर प्रयास किया। यह मानवीय प्रकृति है कि, यदि कोई महत्वपूर्ण चीज हासिल की जाती है, तो किसी न किसी को उसका श्रेय देने का प्रयास किया जाता है लेकिन इस मामले में वाघ ने विशेषकर उल्लेख किया था कि सिकदर को इस काम से कोई लेना-देना नहीं था, जो कि उनके पूर्वाग्रह का परिचायक है।

बाद में उन्हें सिकदर को यह बताकर खुश करते देखा जा सकता है कि उन्हें खुश होना चाहिए कि चोटी का नाम उनके मार्गदर्शक के नाम पर रखा गया है। वाघ ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग का अतिरिक्त प्रभार भी सिकदर को सौंपा था और उनका वेतन बढ़ाकर 600 रुपए प्रतिमाह कर दिया था, जो के उन दिनों भारतीयों के साथ नहीं हुआ करता था। स्पष्ट रूप से वे सारे प्रयास उन्हें खुश रखने मगर सर्वेक्षण कार्य के मूल से दूर रखने के लिए किए गए थे। नेचर पत्रिका में बुरार्ड के प्रकाशन में विशेष तौर पर उल्लेख किया गया है कि चीफ कम्प्यूटर, अर्थात सिकदर, ने 1852 में वाघ को जानकारी दी थी कि चोटी 15 के नाम से जानी जाने वाली चोटी उस समय दुनिया की किसी भी मापित उच्चतम चोटी से ऊंची पाई गई थी।

जिरोल, मीरज़ापुर, जंजपती, लदीवा, हरिपुर, मिनई और दम दोंगी स्थित सात अवलोकन केंद्रों द्वारा सर्वेक्षण से मिले आंकड़े कोलकाता के त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण में एकत्र किए गए थे। इन्हें सिकदर से प्रसंस्कृत किया और फिर वाघ को बताया कि अवलोकनों का माध्य मूल्य लेकर चोटी-15 का मापन 29,002 फीट किया गया है। यह ध्यान में रखते हुए कि उस समय वैज्ञानिक उपकरण बहुत सीमित प्रकृति के थे, सटीक आंकलन लगभग 100 प्रतिशत था और इन आंकड़ों में तकनीकी प्रगति की वर्तमान दशा के बावजूद कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है।

महत्वपूर्ण रूप से, कई वर्षों तक चले वाद-विवाद के पश्चात, चीन और नेपाल हाल ही में माउंट एवरेस्ट की परिशुद्ध ऊंचाई को लेकर सहमत हुए हैं। सहमति के आधार पर नई ऊंचाई 20,031 फीट घोषित की गई। उत्कृष्ट तकनीक का इस्तेमाल होने के बावजूद इतना मामूली सा परिवर्तन सिकदर की योग्यता का महान प्रमाण है। वाघ और सिकदर के बीच हुए पत्रों के आदान-प्रदान से जाहिर होता है कि वाघ ने निजी तौर पर सिकदर की उपलब्धि को स्वीकार किया था, लेकिन सार्वजनिक रूप से उनके काम को मान्यता नहीं दी। 25 अगस्त 1856 को लिखे अपने पत्र में वाघ ने सिकदर को लिखा था कि उन्हें सुनकर प्रसन्नता हुई कि चोटी को एवरेस्ट नाम दिया जाना उनके लिए अत्यधिक संतोष का विषय है। इस प्रकार यह स्पष्ट हो जाता है कि एवरेस्ट नाम यह सुनिश्चित करने के लिए दिया गया था कि सिकदर, जो श्रेय पाने के सही दावेदार थे, ने आपत्ति नहीं जताई क्योंकि वो एवरेस्ट का बहुत सम्मान करते थे जिन्होंने उन्हें नौकरी में भर्ती किया था। यह जानकारी दुर्बोध रही होगी, लेकिन 1904 में बुरार्ड के शोध पत्र के लिए। बाद में, प्रोफेसर मेघनाद साहा ने 1938 में माना कि सिकदर पूर्ण रूप से श्रेय के हकदार हैं। पूर्व में 1928 में केनेथ मैसन ने उनके काम को मान्यता दी और अपनी पुस्तक, दि ग्रेट आर्क में जॉन केनी ने भी उनके कार्य को माना।

माउंट एवरेस्ट का नाम बदलकर माउंट सिकदर किए जाने से शायद राधानाथ सिकदर को काफी लंबे समय बाद न्याय मिलेगा और उन्हें वह वैश्विक पहचान भी मिलेगी जिसके वो वैधानिक रूप से योग्य हैं। हमें इस बदलाव के लिए किसी की मंजूरी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि औचित्य दस्तावेजों में दर्ज है। यदि फिर भी दुनिया इसे माउंट एवरेस्ट कहकर संबोधित करती है, तो भी भारत में हम इसे सिकदर एवरेस्ट कह सकते हैं।

कई अवसरों पर, भारतीय वैज्ञानिकों की उपलब्धियों को मान्यता नहीं मिली है। उदाहरण के लिए भौतिकी के लिए सर जेसी बोस को नोबल पुरस्कार मिल सकता था अथवा कम से कम मारकोनी के साथ उसको साझा किया जा सकता था।

एसएन बोस को 1932 में आइंस्टीन के साथ बोस-आइंस्टीन कंडेनसेट पर काम करने के लिए नोबल पुरस्कार दिया जा सकता था मगर कम से कम उन्हें माना तो गया, भले ही बाद में गॉड पार्टिकल का नाम देकर, हिग्स-बोसन को उनके बाद। एवरेस्ट का नाम सिकदर के नाम पर रखने का ऐसे वैज्ञानिक के कार्य को मान्यता मिलती है जिसका काम समय की कसौटी पर खरा उतरा था। इसके अलावा यह न्यायसंगत रूप से हमारे राष्ट्रीय गौरव से भी जुड़ेगा।

जो बाइडेन की जिम्मेदारी और चुनौतियां

आगामी बाइडेन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता अफगानिस्तान में तालिबानों के हिंसक उभार से प्रभावी तरीके से निपटना होना चाहिए। 2001 में सत्ता से बाहर किए जाने के बाद आज देश पर तालिबानों के कब्जे की आशंका सर्वाधिक है।

हिरण्यमय कार्लेकर
(लेखक दि पायनियर के परामर्शकारी संपादक हैं)

अमेरिका में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद जो बाइडेन की दूसरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी अफगानिस्तान की स्थिति से निपटना होगा। निश्चित रूप से उनकी पहली प्राथमिकता कोविड-19 महामारी से मुक्ति होगी। 2001 में सत्ता से बाहर किए जाने के बाद आज देश पर तालिबानों के कब्जे की आशंका सर्वाधिक है। सवाल है कि अमेरिका इस मोड़ पर क्या करेगा। इस सवाल के जवाब के लिए उस देश की घटनाओं पर गौर करना होगा। तालिबान सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी बलों पर हमले तेज कर सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं। ट्रंप प्रशासन द्वारा 29 फरवरी, 2020 को शांति समझौते के संकेत देने के बाद काबुल में आतंकी हमले बढ़ गए हैं। आतंकी खासकर पत्रकारों, सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों, चिकित्सकों, लोकतंत्र समर्थकों व सरकारी अधिकारियों पर निशाना लगा रहे हैं। इस्लामिक स्टेट ने कुछ हमलों की जिम्मेदारी ली है। लेकिन बाकी हमलों के बारे में वाशिंगटन पोस्ट में 2 जनवरी, 2021 को प्रकाशित पामेला कांस्टेबल व शरीफहसन की एक रिपोर्ट के अनुसार तालिबान के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने अफगान सरकार के खुफिया विभाग पर दोषारोपण करते हुए कहा है कि अफगानिस्तान में शांति के लिए 'शिक्षित' अफगानों की आवश्यकता है।

दूसरी ओर अफगान सरकार के अधिकारियों ने तालिबान को बढ़ती हिंसा तथा लोगों की हत्याओं का जिम्मेदार ठहराया है। उपरोक्त रिपोर्ट के संदर्भ में उनका कहना है कि अनेक लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा आंतरिक मामलों के मंत्री मसूद अंदराबी बात रहे हैं कि इन हमलों की योजना लूगर प्रांत के एक सेल ने किए थे। पूर्व राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख व प्रथम उप राष्ट्रपति अमरुल्ला सालेह ने ट्वीट कर कहा है कि सिविल सोसाइटी एक्टिविस्टों की हत्या तालिबान आतंकी अभियान का हिस्सा है जिसे वे बातचीत की रणनीति की तरह प्रयोग कर रहे हैं। वे अफगान जनता की राजनीतिक इच्छाशक्ति तोड़ कर असंभव रियायतें मांग रहे हैं। तालिबान व उसके आका पाकिस्तान की कुख्यात आईएसआई महानिदेशालय की शैली से परिचित लोग जानते हैं कि अफगानों का कहना सही है। आतंकी लोगों को डरा कर इस बात के लिए तैयार कर रहे हैं कि वे सत्ता पर हिंसक कब्जे का विरोध न करें। वे जनता की नजर में अफगान सरकार को नाकारा बता कर उसे अक्षम सिद्ध करना चाहते हैं। यह बाइडेन सरकार के लिए भी चेतावनी है कि वह 29 फरवरी को हुई संधि की शर्तें न बदले।

काबुल तथा पूरे देश में भय व घेरेबंदी का माहौल पैदा हो रहा है जिसका आधा हिस्सा तालिबानों के नियंत्रण में है। जनता अपने घरों से बाहर निकलने से डरती है। अनेक लोग सोचने लगे हैं कि तालिबानों का कब्जा अपरिहार्य है और उनको अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी। राष्ट्रपति अशराफ गनी द्वारा राजधानी की सुरक्षा की जिम्मेदारी अमरुल्ला सालेह को दी गई है। उन्होंने 'काबुल सिक्यूरिटी कांपैक्ट' नामक योजना बनाई है। हालांकि, अपराध व आतंकी हमले घटाने में इसकी भूमिका सामने आई है, पर लक्षित हत्याओं से जबरदस्त असुरक्षा की भावना व्याप्त है। न्यूयार्क टाइम्स में 7 नवंबर, 2020 को प्रकाशित थामस गिबन्स नेफ व फातिमा फैजी की रिपोर्ट के अनुसार मोटरसाइकिलों पर सवार आतंकियों द्वारा या वाहनों में चुंबकीय बम लगा कर की जाने वाली हत्याओं से जनता में यह छवि बन रही है कि अफगान सरकार नागरिकों की रक्षा करने में असमर्थ है। तालिबानों के लिए 29 फरवरी की संधि लाभदायक है, इसलिए वे बाइडेन प्रशासन को इसमें परिवर्तन न करने की चेतावनी दे रहे हैं। इसमें अफगानिस्तान में संधि लागू होने के पहले 135 दिनों में अमेरिकी सैनिकों की संख्या घटा कर 8,600 करने को कहा गया है। इसके साथ ही 14 महीनों में सभी अमेरिकी सैनिक चले जाएंगे। इसमें अफगान सरकार व तालिबानों से वार्ता शुरू होने के समय 10 मार्च, 2020 को तालिबानों से 5,000 तालिबान लड़ाकों के बदले 1,000 अफगान सुरक्षा बलों को रिहा करने को कहा गया था। अमेरिका न केवल तालिबानों पर लगे प्रतिबंध हटाएगा, बल्कि संयुक्त राष्ट्रसंघ से भी नियंत्रण हटाने को कहेगा।

मनुष्यों का जीवन ज्यादा लैंगिक न्याय व व्यक्तिगत तथा यौन स्वतंत्रता की ओर भी लक्षित है। यह सांस्कृतिक तत्व तालिबानों की गहरी घृणा का कारण है। सभी कट्टरपंथी इस्लामवादी भी इसी कारण अमेरिका से घृणा करते हैं। जो बाइडेन को तालिबान के प्रति अमेरिकी रणनीति तय करते समय इसे ध्यान में रखना होगा। तालिबानों के महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण के कारण खासकर रणनीतिक व सैनिक आयामों में नैतिक आयाम भी जुड़ता है।

अब सवाल यह है कि क्या आगामी बाइडेन प्रशासन इन शर्तों पर अमल कर तालिबानों को सत्ता में लौटते देखना चाहेगा जो अपना विरोध करने वाले सभी लोगों को डरा रहे हैं, अफगान सरकार की विश्वसनीयता को चोट पहुंचा रहे हैं तथा अथक रूप से हिंसा और आतंक का माहौल बना रहे है, अथवा वह इसमें हस्तक्षेप करेगा। सवाल यह भी है कि अमेरिका को हस्तक्षेप क्यों करना चाहिए। अमेरिका के रणनीतिक व भू-राजनीतिक हितों के साथ ही इस मामले में मानवीय स्वतंत्रता की रक्षा की भी उसकी नैतिक जिम्मेदारी है। कुछ न करना या तालिबानों को रोकने के समुचित कदम न उठाना अमेरिका के लिए विनाशकारी होगा। अफगानिस्तान से फरवरी, 1989 में रूसी सैनिकों की वापसी का सबक सबके सामने है। 1994 में पाकिस्तानी आईएसआई द्वारा अफगानिस्तान को मध्य युग में ले जाने तथा सारी महिलाओं को घर में कैद करने तथा ओसामा बिन लादेन व अलकायदा को आजादी से काम करने की अनुमति के बावजूद अमेरिका ने कुछ नहीं किया था। इसका नतीजा 9-11 के रूप में सामने आया था। इस बार हमला अलग तरीके से होगा और विदेशों में अमेरिकी ठिकानों पर निशाना लगाया जाएगा। इसके अलावा तालिबान अपनी कल्पना का आनन्दरहित, शुद्धतावादी व महिला-विरोधी सलाफी इस्लाम व शरीया शासन दुनिया भर में लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी विशाल सैनिक व आर्थिक शक्ति के कारण अमेरिका उसके इस रास्ते में बाधा है तथा अपनी जीवनशैली के कारण भी वह इसका विरोधी है। आधुनिकता को 'जीवन, स्वतंत्रता व आनन्द की खोज' के रूप में परिभाषित किया जाता है। अमेरिका ने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा में इसे ईश्वर द्वारा सृजित सभी मनुष्यों का अनुल्लंघनीय अधिकार माना है। मनुष्यों का जीवन ज्यादा जेंडर न्याय व व्यक्तिगत तथा यौन स्वतंत्रता की ओर भी लक्षित है।

यह सांस्कृतिक तत्व तालिबानों की गहरी घृणा का कारण है। सभी कट्टरपंथी इस्लामवादी भी इसी कारण अमेरिका से घृणा करते हैं। जो बाइडेन को तालिबान के प्रति अमेरिकी रणनीति तय करते समय इसे ध्यान में रखना होगा। तालिबानों के महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण के कारण खासकर रणनीतिक व सैनिक आयामों में नैतिक आयाम भी जुड़ता है। पाकिस्तानी सेना के सेवानिवृत्त ले.जन. कमाल मोईनुद्दीन ने 1994-97 में अफगानिस्तान में तालिबानी परिघटना के बारे में लिखा था, 'लड़कियों को शिक्षा और महिलाओं को काम करने से वंचित किया गया है। घर से बाहर निकलने पर उनको सिर से पैर तक स्वयं को बुर्के से ढकना पड़ता है। इसके अलावा उनको एक पुरुष रिश्तेदार के साथ ही सड़कों पर आना होता है। दूकानदारों से कहा गया कि वे बुर्का न पहनने वाली महिलाओं को सामान न बेचें। रिक्शा चलाने वाले बुर्का न पहनने वाली महिलाओं को नहीं बैठाते हैं। इन नियमों का उल्लंघन करने वाली महिलाओं तथा रिक्शा चलाने वालों व दूकानदारों को जेल में बंद कर दिया जाता है।'

यह तर्क गलत है कि तालिबान बदल गए हैं। अलजजीरा डाटकाम द्वारा 26 अक्टूबर, 2020 को प्रकाशित 'द फाल्स इन्क्लूसिविटी आफ तालिबान्स इमीरेट' शीर्षक लेख में मेहंदी जे. हकीमी ने लिखा, 'महिला अधिकारों के समर्थन के बार-बार किए जाने वाले दावों के बावजूद तालिबानों ने लड़कियों के स्कूलों पर हमले जारी रखे हैं। देश की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा महिलायें व लड़कियां, तालिबानों की बातचीत करने वाली टीम से गायब हैं।' ऐसे में नतीजा निकालना आसान है। सत्ता में आने वाले बाइडेन प्रशासन को तालिबानों को सत्ता में आने से रोकने के लिए हस्तक्षेप से संकोच नहीं करना चाहिए जो व्यापक रूप से हिंसा भड़का कर सत्ता पर कब्जा करना

जांच रिपोर्ट उपलब्ध न कराना अभियंताओं को पड़ा भारी

● एक्शन में कमिश्नर, अभियंताओं के कसे पेंच

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने टूरिज्म डेवलपमेंट वर्क ऑफगोदौलिया चौक टू दशाश्वमेघ घाट वाराणसी परियोजना की जांच कमेटी द्वारा करायी थी। जांच में पायी गयी कमियों को 10 दिनों के अंदर दुरुस्त कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने हेतु परियोजना प्रबंधक राजकीय निर्माण निगम आरबी सिंह को निर्देशित किए जाने के बावजूद परियोजना प्रबंधक द्वारा अब तक रिपोर्ट प्रस्तुत न करने को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर ने परियोजना प्रबंधक से जवाब-तलब किया है। कमिश्नर ने वाराणसी मंडल के पर्यटन विकास संबंधित निर्माणाधीन परियोजनाओं के पूर्ण होने तक प्रत्येक माह एक बार निर्माण कार्यों का मानकों के दृष्टिगत गुणवत्ता संबंधी निरीक्षण कर प्रत्येक माह की 25 तारीख तक जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के एिल अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, सिंचाई निर्माण मंडल, सिंचाई कार्य मंडल, नलकूप मंडल, जल निगम एवं संयुक्त विकास आयुक्त कार्यालय के मंडलीय टीएसी को निर्देशित किया था इसके बावजूद रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अभियंताओं से जवाब-तलब किया है। कमिश्नर ने कार्यदाई संस्थाओं के संबंधित अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन परियोजनाओं में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परियोजनाओं को मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। निर्माण कार्य के दौरान कार्रवाई संस्थाओं के विभागीय अभियंता स्वयं भी स्थलीय निरीक्षण कर कि समयबद्धता एवं गुणवत्ता हर हालत में सुनिश्चित कराएं।

मुख्य आरोपी की तलाश में पड़ोसी राज्य में खाक छान रही पुलिस

अम्बेडकरनगर। राजेसुलतानपुर थाना क्षेत्र के दोहरे हत्याकांड में नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लेने का अभी तक खुलासा तो नहीं किया है लेकिन सूत्रों की माने तो मुख्य आरोपी के साथ ही अन्य सभी नामजद आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस ने शुक्रवार की रात दो आरोपियों को कथित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है लेकिन पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश अभी भी की जा रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार कुछ नामजद आरोपियों को जहां पड़ोसी जिले अयोध्या से गिरफ्तार किया गया है वहीं कुछ को उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर तलाशा जा रहा है। पुलिस की दो टीमे इनकी तलाश में खाक छान रही है। इसके साथ ही अन्य नामजद आरोपी भी पुलिस के चंगुल में आ चुके हैं। फिलहाल नामजद आरोपियों में से केवल चार ही पुलिस की पकड़ से दूर हैं जबकि दो को शुक्रवार की रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व बढ़ाने के दिए निर्देश

संवाददाता। उन्नाव

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में कल देर शाम विकास भवन सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान राजस्व से सम्बंधित अधिकारियों से राजस्व वसूली, सीआरए आफिस से राजस्व वसूली आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य पूरी तरह संतोष जनक होने चाहिये। जो भी कार्य हो लक्ष्य के सापेक्ष्य हो, जो कार्य अधूरे हैं उन्हें भी समय से पूरा करा लिया जाए।

समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व वादों, स्टाम्प वादों के निस्तारण का विवरण, जमींदारी अधिनियम की धारा-198 ए के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही, कृषि भूमि का आवंटन, आवास स्थल आवंटन की प्रगति का विवरण, विभिन्न न्यायालयों में दायर वादों का निस्तारण, आवासीय भूमि का आवंटन, सहित राजस्व अभिलेखागार आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। उन्होंने आबकारी अधिकारी को प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निद्रेश देते हुए कहा आबकारी के अंतर्गत आने वाली दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा अवैध शराब को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार कर कार्य वाही की जाय। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली समीक्षा करते हुए कहा कि जिन तहसीलों में राजस्व वसूली संतोषजनक नहीं है वहां वसूली 01 सप्ताह में पूरी कर ली जाए। उन्होंने आईजीआरएस के मामले में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने को कहा। विद्युत विभाग के अधिकारीयों को निर्देश दिए कि बिजली चोरी को रोकने के मामले में टीम बनाकरबड़ी कार्यवाही प्रत्येक क्षेत्र की जाए। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

क्विक न्यूज

गंगा नहर में डूबने से मासूम की हुई मौत

वाराणसी। रोहनिया-स्थानीय थाना क्षेत्र के बसंतपट्टी गांव के चौहान बस्ती में शनिवार को अपराहन में खेलते समय नहर में डूबने से मासूम शुभम चौहान 6 वर्षीय की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक शुभम जौनपुर जिले के काहड़े गांव का निवासी था।विगत कई दिन से अपने नाना अर्जुन चौहान के घर पर घूमने के लिए आया था।रोज की तरह मृतक शुभम अपने घर के आस पास खेल रहा था खेलने के दौरान अचानक गंगा नहर के पानी में फिसल कर गिरने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई के बाद मृतक बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया। मासूम बच्चे की हुई दर्दनाक मौत पर परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल था और साथ साथ पूरा गांव गमगीन हो गया।

बर्ड फ्लू को देखते हुए वाराणसी अलर्ट मोड पर

वाराणसी। शनिवार को वाराणसी के दशास्मेध पर पहुक्जे नगर निगम के पशु चिकित्साधिकारी अजय प्रताप सिंह द्वारा भर्मण कर वहां लोगो से प्रवासी पक्षियों से दूरी बनाने के लिए कहा गया है। वही दाना बेचने वालों और नाविकों से कहा गया है कि वह पक्षियों को खिलाने वाले आहार की बिक्री न करे और नाविकों से कहा गया है कि वह नाव पर बैठे लोगो को पक्षियों के पास न ले जाय जिससे वह उनके सम्पर्क में न आये। वही जल पुलिस से भी लगातर नज़र बनाने के लिए कहा गया है ताकि कोई भी पर्यटक पक्षियों के आसपास न जाये वही लगातार जल पुलिस भी सूचनाओ के माध्यम से लोगो से अपील कर रही है कि वह प्रवासी पक्षियों के आसपास जाने से बचे।

कमिश्नर की अध्यक्षता में प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा आज

अयोध्या। शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह दिसम्बर 2020 की प्रगति रिपोर्ट पर मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल महोदय की अध्यक्षता में मण्डलीय समीक्षा बैठक का आयोजन जिलाधिकारी कार्यालय अयोध्या के सभाकक्ष में 11 जनवरी 2021 को पूर्वान्ह 11 बजे से किया गया है। मण्डलीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था समय से बैठक में उपस्थित हो। बैठक में विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा 11 बजे से 2 बजे तकए कानून व्यवस्था की समीक्षा 3 बजे से 4 बजे तक तथा राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 4 बजे से 6 बजे तक होगी। यह जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त अयोध्या श्री वेद प्रकाश मौर्य ने दी।

कमिश्नर व डीएम ने बैक्सीन की तैयारियों की ली जानकारी

अयोध्या। आयुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या एमपी अग्रवाल ने मण्डल के सभी जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी के अतिरिक्त चिकित्सा विभाग के मण्डलीय अधिकारी से कोविड बैक्सीन लगाये जाने हेतु पूर्वाभ्यास की जानकारी के साथ तथा अब तक की गयी तैयारी की अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी दूरभाष पर ली। इसी प्रकार जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने भी जनपद में मुख्य चिकित्साधिकारी सहित चिकित्सा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से भी बैक्सीन दिये जाने की तैयारी, पूर्वाभ्यास व अब तक की व्यवस्था कोल्डचैन आदि की व्यवस्था की पूरी जानकारी लेते हुए कार्यक्रम में कोई कमी न रह जाये इसके लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये है।

दरिन्दे ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

बांगरमऊ उन्नाव। दरिन्दे ने पैसे का लालच देकर एक किशोरी को खेत मे ले गया। जहां उसने किशोरी के साथ मुह काला किया। किशोरी के मामा की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी क्षेत्र के ही अपने मामा के घर गयी थी।जहां गुरुवार की शाम पड़ोस का ही एक 35 वर्षीय युवक किशोरी को रुपये का लालच देकर गांव के बाहर खेत मे ले गया और नाबालिग के साथ दुराचार किया। वापस घर पहुचने के बाद पीड़ित किशोरी न उसके साथ हुये दुराचार की जानकारी अपने मामा को दी। तब मामा पीड़िता को लेकर कोतवाली पहुँचा और पुलिस को घटना की तहरीर सौंपी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आनन-फानन आरोपी को धर दबोचा। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आशुतोष त्रिपाठी ने बताया अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।

आईजी व मंडलायुक्त ने सुनी समस्याएं, किया निरीक्षण

गोरखपुर। समाधान थाना दिवस शाहपुर थाने पर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को आईजी व मंडलायुक्त ने सुनी। इस दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आईजी राजेश मोदक डी राव व मंडलायुक्त जयंत नालिकर शनिवार को शाहपुर थाने पर 7 फरियादियों ने अपने समस्याओं के निस्तारण हेतु आईजी व मंडलायुक्त के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया। आए हुए सभी फरियादियों की समस्या जमीनी विवाद संबंधित रहा। आईजी ने संबंधित लेखपालों को अवगत कराते हुए कहा कि समाधान दिवस खत्म होने के बाद मौके पर मुआयना करते हुए निष्पक्ष गुण दोष के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निस्तारण किया जाए। समाधान दिवस के बाद आईजी व मंडलायुक्त ने थाने का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा। आईजी ने थाने परिसर में बाउंड्री वाल को दुरुस्त कराने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान टॉप टेन अपराधियों पर नकेल कसते हुए कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। आईजी ने आगंतुक रजिस्टर व अपराध रजिस्टर को चेक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी शाहपुर इस्पेक्टर संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहें।

तैयारियां पूरा करने का निर्देश

गोरखपुर। मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने चम्पा देवी पार्क में जिलाधिकारी के. विजयेन्द्र पाण्डियन, मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि गोरखपुर महोत्सव की सभी तैयारियों के साथ पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने कहा कि विभागवार लगने वाली प्रदर्शनी एवं अन्य प्रदर्शनी के स्टालों पर योजनाओ को अच्छे से प्रदर्शित हो। उन्होंने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों को माडल आदि को प्रदर्शित करने हेतु पर्याप्त व्यवस्था रखा जाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रदर्शनी में विलर्स संस्था के सहयोग से बदलते गोरखपुर एवं वन्य जीव पर आधारित फोटो प्रदर्शनी का भी आयोजन कराया जाये। उन्होंने सभी व्यवस्थाओ की गहन समीक्षा भी किया और आवश्यक निर्देश दिया।

औचक निरीक्षण में डीपीआरओ को मिली खामिया, नाराज

गोरखपुर। गांवों में निर्मित कराए जा रहे सामुदायिक शौचालय के निर्माण की शिकायत पर विकासखंड ब्रह्मपुर की ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय निर्माण का जिला पंचायत राज अधिकारी हिमांशु शेखर ठाकुर ने दक्षिणांचल के गांव ग्राम पंचायत दुबौली एवं हरपुर तथा जंगल रसूलपुर नंबर 1 एवं जंगलपुर नंबर 2 में निर्माण कार्य की यथा स्थिति देखा। औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर कड़ी नाराजगी डीपीआरओ ने जाहिर की। उन्होंने ग्राम पंचायत दुबौली में निर्मित शौचालय में खामिया पाये जाने पर ग्राम प्रधान एवं सचिव जहरुल हक खान ग्राम पंचायत अधिकारी को खामियों को दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया। ग्राम पंचायत हरपुर में निर्मित सामुदायिक शौचालय के लिए ग्राम प्रधान को 1 सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पंचायत जंगल रसूलपुर नंबर 1 सामुदायिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान भी पाये गए कमियों को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद जंगल रसूलपुर नंबर 1 की बाजार के दोनों पटरियों पर साफसफाई का भी जायजा लिया गया। अत्यधिक मात्रा में बिखरे हुए प्लास्टिक एवं कूड़े करकट पर कड़ी नाराजगी जाहिर कर सफाई कर्मचारियों से तत्काल सफाई कराया गया।

सरकार चिकित्सा व बीमा प्रीमियम में जीएसटी को वापस लेः नारायण चटर्जी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

कोविड-19 के दुष्प्रभाव से उत्पन्न आर्थिक संकट ने बीमा उद्योग को भी प्रभावित किया है।बीमा उद्योग आम जनता की बचत पर निर्भर है। एलआईसी द्वारा सरकार बीमा उद्योग को मजबूत करने एवं विस्तार करने के लिए हम मांग करते हैं कि बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लें, चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर भी जीएसटी समाप्त की जाए, बीमा प्रीमियम पर पूर्व की भांति अलग से आयकर में छूट दी जाय। उक्त बातें भारतीय जीवन बीमा निगम के मंडल कार्यालय में वाराणसी डिविजन इश्योरेंश इम्प्लाइज एसोसिएशन (वीडीआईईए) के मंडलीय अध्यक्ष नारायण चटर्जी एवं महामंत्री बिनोद श्रीवास्तव ने शुक्रवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दी।

श्री चटर्जी ने बताया कि एलआईसी में गत वर्ष लगभग आठ सहायकों की नियुक्ति की गई। जिसमें काफी बड़ी संख्या में अब तक नियुक्त सहायकों में अन्यत्र अवसर प्राप्त होने पर नौकरी छोड़ चुके हैं। यूनियन मांग करती है कि गत वर्ष की नियुक्ति प्रक्रिया में पैनल के अभ्यर्थियों की तत्काल नियुक्ति की जाए। एलआईसी के सार्वजनिक स्वरूप की रक्षा करते हुए एलआईसी के विनवेशीकरण को प्रक्रिया को तत्काल रोक लगाई जाय जिसके तहत सरकार एलआईसी का आईपीओ लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ा रही है। यूनियन एलआईसी के आईपीओ का विरोध करता है। हम सार्वजनिक क्षेत्र उके अन्य संस्थानों रेलवे, एअर इंडिया, बीएसएनएल, ओएनजीसी, बिजली विभाग आदि को निजी हाथों में बेचने का विरोध करते हैं।

निरीक्षण को पहुंचे कप्तान, पीड़ित परिवार ने मांगा न्याय

सफीपुर उन्नाव। कोतवाली परिसर का निरीक्षण करते समय कप्तान के समक्ष पहुचे पति पत्नी ने रोते हुए बताया कि तीन माह पूर्व उनके दस वर्षीय पुत्र को गांव के ही चार लोगों ने अपहरण कर गायब कर दिया था। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद पुलिस अब तक पुत्र को बरामद नही कर सकी और न आरोपियों की गिरफ्तारी ही की गयी। थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र गांव सैता निवासी दिलशाद पुत्र माशूक ने बताया कि 22 सितंबर 2020 को उसका पुत्र सैफ10 वर्ष तकिया चौराहे पर चप्पल लेने गया था। तब पुत्र को गाव निवासी ही सलीम, आमीन, मुसरू, असलाम ने अगवा कर लिया था। उसके बाद उसने रिपोर्ट दर्ज कराई लेकिन स्थानीय पुलिस ने अभी तक न तो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की और न ही मेरे बेटे का कोई सुराग लगा सकी है। आरोप लगाया कि पुलिस से संरक्षण मिलने के चलते आरोपी खुलेआम घूम रहे। पुलिस अधीक्षक आनन्द कुलकर्णी ने सीओ कृपा शंकर को कार्यवाही के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने किया पुष्कर तलाब का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

पुष्कर तालाब सफाई अभियान के तहत शनिवार को नगर आयुक्त ने तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तलाब पर श्रमदान कर रहे नगर निगम कर्मियों का बढ़ाया। नगर आयुक्त गौरांग राठी ने श्रमदान करने वाली संस्थाओं का भी उत्साह बढ़ाया और कहा कि पुष्कर तलाब का पौराणिक महत्व है ऐसे में श्रमदान व नगर निगम का कार्य सराहनीय है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सीएनडीएस के अधिकारियों एवं नगर निगम के अधिकारियों से तालाब के सुन्दरीकरण के संदर्भ में जानकारी ली। इस दौरान तालाब के सुन्दरीकरण के लिए पिछले 15 वर्षो से संघर्ष कर रहे जागृति फाउंडेशन के महासचिव रामयश मिश्र ने नगर आयुक्त को तालाब के वस्तुस्थिति की जानकारी दी। नगर आयुक्त ने सीएनडीएस के प्रोजेक्ट मैनेजर से तालाब के सुन्दरीकरण का डीपीआर लेकर नगर निगम आने का निर्देश देते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जलकल महाप्रबंधक सहित संबंधित विभागो से परस्पर तालमेल करके तालाब के रूके हुए सुन्दरीकरण के कार्य को कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सृजन संस्था के अनिल सिंह ने नगर आयुक्त तालाब के सफाई अभीयान में सहयोग करने निवेदन करते हुए कहा कि इस तरह से नगर निगम के सफाई कर्मियों का सहयोग मिलता रहा तो तालाब से जलकुंभी बहुत जल्द ही निकल जायेगी। इस अवसर पर नगर निगम के आला अधिकारी सहित पार्षद रवीन्द्र सिंह, विभूति दीक्षित, राजनाथ प्रसाद सहित गणमान्य उपस्थित थे।

प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन कराएगा सांस्कृतिक विभागः डॉ. मुरलीधर सिंह

संवाददाता। अयोध्या

अयोध्या के प्रसिद्ध रामलीला दलों में सर्वोच्च प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले रामलीला दल को उत्तर प्रदेश दिवस 2021 के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का मिलेगा अवसर तथा उन्हें उसी दिन उत्तर प्रदेश के संस्कृत विभाग द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए उप निदेशक सूचना डॉ.मुरलीधर सिंह ने बताया कि अयोध्या की संस्कृति एवं विरासत रामलीला के संरक्षण सहित अन्य सभी विधाओं के लोकगीत यथा थारू जनजातीय लोकनृत्य, भोजपुरी लोक गायन, धोबिया लोकनृत्य, करमा आदिवासी लोकनृत्य, ढ़िढिया लोकनृत्य नौटंकी, दिवारी पाई डंडा, अवधी लोक गायन, आल्हा लोक गायन, राई लोकनृत्य, रागिनी, स्वांग, कव्वाली, रासलीला, चरकुला, मयूर नृत्य, फाग गायन, जिकड़ी भजन, फरूवाही, नौटंकी, निर्गुण, कबीर गायन, रामलीला आदि के विधाओं को संरक्षित एवं संयोजित, पोषित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा 18 मंडलों में अलग.अलग विधाओं की प्रतियोगिता का आयोजन करा रही है। इन प्रतियोगिता आयोजन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दलों को उत्तर प्रदेश दिवस 2021 के दिनांक 24.26 जनवरी 2021 की अवधि में नोएडा एवं लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के अवसर देने के साथ पुरस्कृत भी किया जाएगा। अयोध्या मंडल में रामलीला व फरूवाही लोकनृत्य विधा को आवंटित किया गया है। इन विधाओं के प्रतियोगिता हेतु कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल व जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने संयुक्त रूप से निर्णायक मण्डल हेतु एक समिति गठित की हैए जिसके अध्यक्ष अपर जिलाधिकारी नगर डा.वैभव शर्मा बनाये गये है। समिति में आकाशवाणी के केन्द्र प्रभारी, उप सूचना निदेशक, प्रशासनिक अधिकारी संस्कृति विभाग व मनूचा डिग्री कालेज तथा साकेत डिग्री कालेज के संगीत विभागाध्यक्ष को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि रामलीला व फरूवाही लोकनृत्य के दल प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला सूचना कार्यालय अथवा संस्कृत विभाग से संपर्क कर अपना आवेदन पत्र 12 जनवरी 2021 तक जमा कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी को अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी अयोध्या में होगी और अधिक जानकारी के लिए उप निदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह मोबाइल नंबर 7080510637 एवं पटल सहायक अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी अवधेश कुमार जयसवाल मोबाइल नंबर 83550888421 तथा संस्कृति विभाग के प्रशासनिक अधिकारी राम तीरथ मोबाइल नंबर 9532014477 पर सम्पर्क कर सकते है।

हिन्दी साहित्य को प्रकाशमान करती रहेगी डॉ. भगवती प्रसाद सिंह की निधिः डॉ. विश्वनाथ

गोरखपुर। उ.प्र.हिन्दी संस्थान लखनऊ तथा दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'आचार्य भगवती प्रसाद सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व' पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने महा महोपाध्याय पं.गोपीनाथ कविराज को उद्धृत करते हुए कहा कि हर व्यक्ति का एक प्रभा मण्डल होता है और जिसका जितना बड़ा प्रभा मण्डल होता है वह उतना ही बड़े व्यक्तित्व का स्वामी होता है। उन्होंने आगे कहा कि आज का दिन एक ऐसे शान्त हृदय शिक्षक को याद करने का दिन है, जिनकी अनमोल निधि या हिन्दी साहित्य को सतत प्रकाशमान करती रहेंगी। विशिष्ट अतिथि प्रो. कृष्ण चन्द लाल ने कहा कि डॉ. भगवती प्रसाद सिंह मध्यकालीन भक्ति साहित्य, खासकर राम भक्ति काव्य परम्परा के पथिकृत आचार्य थे। अनुसंधान, संपादन, पाण्डुलिपियों की खोज समुचित संरक्षण, आलोचना, संतो के प्रति सहज अनुरक्ति तथा शिष्यों के प्रति अनन्य वात्सल्य भाव के लिए वे सुविख्यात रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी व्यक्ति की मृत्यु उस दिन नहीं होती जिस दिन उसका देहान्त होता है बल्कि उसकी वास्तविक मृत्यु तब होती है,जब लोग उसे याद करना बन्द कर देते हैं।

पिकअप हादसे में मृत महिलाओं के शवों का अंतिम संस्कार

मिल्कीपुर, अयोध्या। खण्ड़ासा थाना क्षेत्र के घटौली पुल पर शुक्रवार को हुए पिकअप हादसे में मृत महिलाओं का शव जब शनिवार सुबह चितौरा गाँव पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। दोपहर में दोनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि खण्ड़ासा थाना क्षेत्र के शारदा सहायक नहर में शुक्रवार शाम लगभग 5:30 बजे घटौली पुल पर रेलिंग तोड़कर एक अनियंत्रित पिकअप नहर में गिर गई थी। हादसें में बाजार से सब्जी लेकर लौट रहीं दो महिलाओं की मौत हो गई थी जबकि वाहन चालक व खलासी ने तैरकर जान बचा ली थी। पिकअप के नहर में गिरने के बाद चारों ओर चीख पुकार मच गई थी। रात लगभग पौने आठ बजे पिकअप व उसमें सवार दो महिलाओं के शव सादल्ला निशा, 45 वर्ष, पत्नी छेदा तथा मीना, 45 वर्ष पत्नी मनीराम को पुलिस फायरदस्ते व ग्रामीणों की मदद से जेसीबी मशीन द्वारा नहर से बाहर निकाले गये। लेकिन उस समय सारी संवेदनाएँ तार-तार हो गई जब महिलाओं के शव को सील कराने के लिए मौके पर मौजूद कोई भी महिला सिपाही हाथ लगाने को तैयार नहीं हुई बाद में परिजनों की मदद से पुरुष सिपाहियों नें औपचारिकता पूरी की। लेकिन मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा का भरोसा दिलाने का महिला पुलिस कर्मियों की हकीकत का खुलासा हो गया। इस घटना को देख रहे लोगों नें रोष व्यक्त किया।

गनीमत रही की पिकअप की चपेट में नहीं आये राहगीर

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमरगंज बाजार की साप्ताहिक बाजार के दिन शारदा सहायक नहर के घटौली पुल पर काफी भीड़भाड़ होती है और कई बार तो जाम भी लग जाता है। गनीमत रही कि शुक्रवार शाम अनियंत्रित पिकअप की चपेट में कोई राहगीर नहीं आया। साप्ताहिक बाजार के ही दिन मीट व मछली की बाजार इसी पुल के किनारे लगती है जिसके कारण बेतरतीब ढंग से वाहनों को लोग खड़ा कर देते हैं और राहगीरों को जाम का झाम झेलना पड़ता है।

गोपरी चांदपुर में पुलिस ने मचाया तांडव

● ग्रामीणों में भय का माहौल, अपराधियों की तलाश में गई पुलिस की ग्रामीणों से हुई भिड़ंत



पुलिस द्वारा फेंका गया सामान

अम्बेडकरनगर। दबिश देने गई पुलिस का ग्रामीणों से बवाल हो गया। बाद मे कई थानों की पहुंची पुलिस ने जमकर गांव में तांडव मचाया जिससे ग्रामीण पुलिस की इस क्रियाकलाप से भयभीत हैं।मामला जैतपुर थाना क्षेत्र के गोपरी चांदपुर का है। बीते शुक्रवार को जैतपुर थाना क्षेत्र के प्रदीप कुमार को अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की नीयत से गोली मार दिया गया था जिस मामले में जैतपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार गुप्ता अपने हम राहियो के साथ गोपरी चांदपुर में शुक्रवार की रात दबिश देने गए थे तभी पुलिस और ग्रामीणों से कहासुनी हो गई तथा गांव के तमाम लोग एकत्रित हो गए जिसे पुलिस देख फौरन वापस हो गई। कुछ ही देर बाद पुनः उस गांव में दर्जनों पुलिस की गाड़ियां पहुंची और गांव में तांडव मचाना शुरू कर दिया। पुलिस ने किसी का फर्नीचर तोड़ा तो किसी का चारपाई ही तोड़ डाला । यहां तक की किसी का तो सोने का चेन भी गायब हो गया । साथ ही रुपया और मोबाइल भी गायब हो गई । यहां तक की पुलिस वालों ने पप्पू पांडे का गेट तोड़ डाला और रामू उग्रह पांडे के टैक्टर की लाइट जियालाल के घर का सारा सामान नष्ट कर डाला । पुलिस ने विकलांग मनोज यादव को भी नहीं बख्शा। गांव के बाबूराम, जयप्रकाश, कृपाशंकर ,संदीप को अपने साथ थाने ले आई ग्रामीणों की माने तो पुलिस ने बूढ़े, जवान, महिला किसी को नहीं बख्शा। ऐसे में पुलिस की इस तरह की कार्रवाई से ग्रामीणवासी सहमे हुए हैं। सूत्रों की माने तो उस उस गांव से लगभग दर्जनों भर से अधिक लोगों को थाने लेकर आई है।

नवनियुक्त शिक्षकों के अभिलेख सत्यापन के नाम पर चलाई जा रही वसूली एक्सप्रेस

संवाददाता। उन्नाव

● तीन माह में भी विभाग नहीं दे पाया वेतन, रैकेट खोजता है शिकार

● शिक्षा मित्र कोटे वाले अध्यापकों का दुबारा सत्यापन के पीछे भी है खेल

बेसिक शिक्षा में नवनियुक्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को वेतन देने के पहले शैक्षिक अभिलेखों के सत्यापन कराये जाने के नाम पर अवैध वसूली का खेल चरम पर पहुंच गया है। विभाग में सक्रिय रैकेट जल्दी सत्यापन रिपोर्ट मंगवाने के नाम पर शिक्षकों से दस्तावेज संकलित करने के साथ ही पांच हजार रूपये ले रहे हैं। तीन माह से वेतन पाने के लिए तरस रहे शिक्षक पैसा देने को मजबूर हैं। वहीं शिक्षा मित्र से अध्यापक बनने वालों का सत्यापन पहले से विभाग में मौजूद होने के बावजूद दुबारा सत्यापन का खेल भी वसूली के लिए खेला जा रहा है।

शिक्षा भवन के होटलों से लेकर परिसर तक सत्यापन के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुलाकर खेल खेला जा रहा है। सूत्रों का दावा है सत्यापन के इस खेल के मास्टर माइंड के तार विभाग से जुड़े है। जिसके इशारे पर विभाग का ही एक चर्चित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अलावा समय-समय पर विभागीय कार्यों के लिए सम्बद्ध किये जाने वाले कुछ चिन्हित अध्यापक बाकायदा इस खेल को अंजाम दे रहे हैं। शैक्षिक अभिलेखों को सम्बन्धित संस्थाओं में सांठगांठ करके व्हाट्सएप के माध्यम से वसूली एक्सप्रेस चलाई जा रही है। दिलचस्प तो यह है कि सत्यापन के डिस्पैच नम्बर विभागीय रूप से गोपनीय बताये जा रहे हैं। जबकि रैकेट में शामिल सदस्यों तक आसानी से उपलब्धता यह साबित करने के लिए पर्याप्त है। विभाग की मिली भगत के बिना यह सम्भव नहीं है। नवनियुक्त शिक्षकों नें नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कानपुर देहात, सुल्तानपुर आदि जनपदों में ऑनलाइन सत्यापन करके वेतन निकाला जा रहा है। उन्नाव में आधा दर्जन शिक्षक नगर क्षेत्र के कार्यालय परिसर में स्थित एक कक्ष में धमा चौकड़ी मचाने के बाद भी तीन माह गुजर गये हैं, लेकिन विभाग वेतन नहीं दे पाया है। वेतन न मिलने से स्कूल आने-जाने में गम्भीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सत्यापन के इस खेल में शिक्षा मित्रों से अध्यापक बनने वाले गुरूजनों की पीड़ा इससे बड़ी है। 2014 व 2015 में इनके समायोजन होने पर विभाग सत्यापन करा चुका है। इनके एरियर व वेतन भी इसी के आधार पर विभाग नें निकाले थे। लेकिन वसूली का कोटा पूरा करने के लिये इन्हें भी बलि का बकरा बना दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि वसूली का यह खेल शिक्षा भवन से संचालित हो रहा है। सूत्रों का कहना है कि बाबू राज के आगे विभागीय अधिकारियों का रसूख फीका पड़ गया है।

बाबू जी की दोस्ती नियमों पर भारी

बीएसए के बाबुओं से दोस्ती करने वाले अध्यापकों पर नियम कानून नहीं लागू होते हैं। बांगरमऊ के एक शिक्षक को साल में सीधे कई बार कार्यालय में सम्बद्ध किया गया। आदेश की कापी ब्लाक के बीईओ तक को नहीं दी जाती है। बीईओ नें वेतन रोकने का पत्र लिखा तो फाइलों में दबा दिया गया। दस बार कार्यमुक्त व ज्वाइन होने वाले यह शिक्षक स्कूल तभी जाते हैं, जब सरकारी ग्रान्ट खर्च करनी होती है।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

इस संबध में बीएसए प्रदीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि सभी के शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच कराने के लिए शासन स्तर से निद्रेश मिले थे। जिसके क्रम में सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कराने को लेकर शैक्षिक दस्तावेज बोर्ड और विश्वविद्यालयों को भेजे जा चुके है। वसूली का मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है। जांच कराई जाएगी।

संगम की रेती पर सुविधाओं के लिए आपस में न करें विवादः स्वामी ब्रह्माश्रम

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज शनिवार को हरियाणा से चलकर रविवार की दोपहर प्रयागराज के माघमेला क्षेत्र स्थित गंगोली शिवाला मार्ग शिविर में पहुंचेंगे।

उन्होंने फोन वार्ता पर बताया कि शिविर में कथा प्रवचन और विशाल अन्न क्षेत्र पौष पूर्णिमा से शुरू होकर माघी पूर्णिमा तक चलेगा। उन्होंने कहा कि कोविड 19 को देखते हुए सभी शिष्य एवं श्रद्धालु अपने आप को सुरक्षित रखें। वह लोग मेला क्षेत्र में या अपने शिविर में मास्क लगाकर ही निकलें। इतना ही नहीं आसपास चलते समय एवं शिविर में भी एक दूसरे से दूरी बनाकर चलें। जिससे उक्त महामारी के प्रकोप से बचा जा सके। इसके साथ ही उन्होंने माघ मेले में शिविर लगाने वाले संत महात्माओं से आग्रह किया है कि मेला में सुविधाओं हेतु आपस में मारपीट ना करें। अगर किसी की जमीन कम हो या किसी दूसरे ने कब्जा कर लिया है तो उसके लिए मेला प्रशासन एवं पुलिस से सम्पर्क कर लें। लेकिन तीर्थराज प्रयाग की रेती पर विवाद न करें। क्योंकि यह भूमि कल्पवास के लिए है। ऐसी स्थिति में छवि खराब होती है। जब कि साधु.संतों का कार्य है धर्म के प्रति लोगों को जागरूक करना।

अन्नाद्रमुक के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे पलानीस्वामी

भाषा। चेन्नई

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ अन्नाद्रमुक ने इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर मौजूदा मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी के नाम पर मुहर लगा दी है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी मैदान में अन्नाद्रमुक और उसकी धुर प्रतिद्वंद्वी द्रमुक के बीच कड़ा मुकाबला होने की संभावना है।

अन्नाद्रमुक की निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था पार्टी महापरिषद ने ओ पनीरसेल्वम और पलानीस्वामी को चुनाव संबंधी पार्टी की रणनीतियां तैयार करने के लिए भी अधिकृत किया और एक संचालन समिति की नियुक्ति को भी मंजूरी दी, जो महत्वपूर्ण मामलों में अहम भूमिका निभा सकती है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। पलानीस्वामी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और पनीरसेल्वम उपमुख्यमंत्री हैं। पार्टी सदस्यों ने बैठक में 16 प्रस्ताव स्वीकार किए। इनमें से एक प्रस्ताव के तहत दोनों नेताओं को अन्नाद्रमुक की चुनावी रणनीतियां बनाने के लिए अधिकृत किया गया। इससे पहले अन्नाद्रमुक ने 2011 और 2016 के चुनाव में जीत हासिल की थी। बैठक में कहा गया, यह महापरिषद ओ पनीरसेल्वम और के पलानीस्वामी को 2021 चुनाव में बड़ी जीत सुनिश्चित करने के लिए विजय दिलाने वाली रणनीतियां बनाने, अन्नाद्रमुक के नेतृत्व में जीत हासिल करने वाला गठबंधन बनाने और गठबंधन साझेदारों के साथ सीटों के बंटवारे पर फैसला करने के लिए अधिकृत करती है। अन्नाद्रमुक ने 2019 के लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में राजग गठबंधन का नेतृत्व किया था, जिसमें भाजपा, डीएमडीके और पीएमके शामिल थे। पार्टी के दोनों शीर्ष नेताओं ने भाजपा के साथ पार्टी के गठबंधन की पहले ही पुष्टि कर दी है।

महापरिषद ने पनीरसेल्वम की अक्टूबर 2020 की उस घोषणा को भी समर्थन दिया, जिसमें कहा गया था कि चुनाव में पलानीस्वामी अन्नाद्रमुक के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। इसके अलावा महापरिषद ने एक संचालन समिति की नियुक्ति को मंजूरी दी। इसके सदस्यों में छह मंत्री और पांच अन्य पदाधिकारी शामिल हैं, जिन्हें पलानीस्वामी और पनीरसेल्वम का वफादार समझा जाता है। पार्टी ने द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अन्नाद्रमुक सरकार को मिल रहे लोगों के समर्थन और पलानीस्वामी के प्रशासनिक कौशल को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं और इसलिए मुख्यमंत्री की असभ्य आलोचना कर रहे है। उसने स्टालिन और उसके द्रमुक समर्थकों की व्यक्तिगत हमले करने के कारण निंदा की। पार्टी ने विभिन्न मामलों पर सरकार की प्रशंसा की।

उसने श्रीलंका सरकार के प्रांतीय परिषदों को समाप्त करने के कदम की आलोचना की और कहा कि इससे वहां के तमिल समुदाय के लोग प्रभावित होंगे। उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। पनीरसेल्वम ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी हर व्यक्ति से ऊपर है और उन्होंने आगामी चुनाव में बड़ी और अभूतपूर्व जीत के लिए मिलकर लड़ने की अपील की। पलानीस्वामी ने वंशवाद की राजनीति के लिए द्रमुक पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले दिवंगत एम करुणानिधि पार्टी की कमान संभालते थे, इसके बाद (एम के) स्टालिन आए और अब उदयनिधि (स्टालिन के बेटे) हैं।

गुवाहाटी के खानापारा में शनिवार को महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए गुलाबी सिटी बसों के शुभारंभ के दौरान सेल्फी लेती हुए युवतियां।

कश्मीर में हवाई यातायात फिर से बहाल किया गया

श्रीनगर। श्रीनगर और घाटी के कुछ अन्य हिस्सों में ताजा बर्फबारी के कारण सुबह कई उड़ानों को रद्द किए जाने के बाद शनिवार देर दोपहर कश्मीर में हवाई यातायात बहाल कर दिया गया। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा, उड़ान संचालन देर दोपहर हवाई अड्डे पर फिर से शुरू हुआ और कई विमान यहां पहुंचे और यहां से रवाना हुए। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में मौसम में सुधार के बाद हवाई यातायात बहाल कर दिया गया और हवाई अड्डे पर रनवे से बर्फ साफ कर दिया गया। इससे पहले सुबह के समय रनवे पर बर्फ जमा होने के कारण विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ था। कई उड़ानें सुबह रद्द कर दी गईं, जबकि कई अन्य खराब मौसम और खराब दृश्यता के कारण देरी से संचालित हुईं। इस सप्ताह की शुरूआत में भी घाटी में हवाई यातायात प्रभावित हुआ था। भारी बर्फबारी के चलते रविवार से चार दिन तक इसे निलंबित कर दिया गया और बृहस्पिवार को इसे बहाल कर दिया गया।

इंडियन ऑयल ने 'महिलाओं द्वारा संचालित पेट्रोल पंप' से मनाया 'ग्राहक दिवस उत्सव'

पायनियर समाचार सेवा। कानपुर

देश में पेट्रोलियम ईंधन के सबसे बड़े खुदरा विक्रेता इंडियन ऑयल ने आज अपने कानपुर स्थित काकादेव बीएल ऑटो पेट्रोल-पम्प, जो कि 'महिलाओं द्वारा संचालित पेट्रोल-पम्प' है, वहां 'ग्राहक दिवस उत्सव' मनाया। इंडियन ऑयल प्रति वर्ष 9 जनवरी को पूरे देश में ग्राहक दिवस उत्सव मना कर ग्राहकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है और ग्राहकों को बेहतर सेवा देने हेतु अपनी प्रतिबद्धता को प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, उत्तर प्रदेश राज्य कार्यालय-1, डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की शुभ उपस्थिति में समारोह का उद्घाटन किया। उन्होने अपने एक निष्ठावान ग्राहक- डॉ. पार्वती उपाध्याय, सीनियर कंसल्टेंट, रीजेंसी अस्पताल की माइक्रो बायोलॉजिस्ट विभाग का आभार व्यक्त करते हुए उन्हे शॉल भेंट की और महिला ग्राहकों के लिए पिंक आईलैण्ड का उद्घाटन कर महिलाओं को समर्पित किया। डॉ. उत्तीय भट्टाचार्य ने कहा किए इंडियन ऑयल अपने ग्राहकों को सदैव बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस क्रम में भारत की स्त्री-शक्ति के बरते कदमों को और मजबूत करने की दिशा में इस पेट्रोल-पंप को देश की महिलाओं को समर्पित किया गया हैए जहां दिन-रात सभी प्रकार की सेवाओं का संचालन विशेषकर महिलाओं द्वारा ही किया जाएगा। इससे महिला ग्राहकों को विशेष और बेहतर सेवा दे पाने में हम सफल होंगे, ऐसी हम आशा करते हैं। डॉ. भट्टाचार्य ने बताया कि पेट्रोल-पम्प की अन्य सुविधाओं के साथ यहां सैनिटेरी नैपकिन वेंडिंग मशीन भी लगायी गई है, जो अपने आप में एक अनूठी पहल है। इससे यदि यात्रा कर रही महिलाओं को राहत मिलती है, तो इंडियन ऑयल का यह कदम भी सार्थक होगा और इसके लिए हम निरन्तर प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने पम्प पर कार्यरत महिला-कर्मचारियों एवं उपस्थित महिला ग्राहकों को भी सम्मानित किया। डॉ. पार्वती उपाध्याय ने इंडियन ऑयल के साथ अपने सकारात्मक अनुभव को साझा करते हुए ईंधन की गुणवत्ता और मात्रा आश्वासन, ग्राहक हितैषी सेवाओं के बारे में बताया। उन्होनें महिलाओं के लिए नैपकिन वेंडिंग मशीनों के माध्यम से सेनेटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की पहल की सराहना की और कहा की इंडियन ऑयल मेरे परिवार की तरह है जो हमेशा मेरे साथ है और समाज के हित के बारे में सोचता है।

स्वचालित सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन आसानी से और सुविधा के साथ 24X7 घण्टे अच्छी गुणवत्ता वाले सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिए एक उत्तम पहल है। इस अवसर पर डॉ. भट्टाचार्य ने 'फ्लाई विद एक्स्ट्रा प्रीमियम-2021' का भी शुभारम्भ किया। इस स्कीम के अन्तर्गत 1000 रुपए अथवा उससे अधिक मूल्य के एक्स्ट्रा प्रीमियम तेल की खरीद पर ग्राहकों को एक ही मुद्रित बिल में स्पॉट पर रोचक उपहार जीतने का अवसर मिलेगा। यह योजना 20-01-2021 तक वैध रहेगी।

देश में कोविड-19 के 18,222 नए मामले

- 24 घंटे में संक्रमण से 228 लोगों की मौत

भाषा। नई दिल्ली



देश में कोविड-19 के 18,222 नए मामले सामने आने के बाद शनिवार को कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,04,31,639 हो गई। वहीं अब तक 1,00,56,651 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद देश में रोगियों के स्वस्थ होने की दर बढ़कर 96.41 फीसदी तक पहुंच गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में अभी 2,24,190 संक्रमित लोगों का उपचार चल रहा है जो कि कुल संक्रमितों का 2.16 फीसदी हैं। सुबह आठ बजे तक अद्यतन आंकड़ों के अनुसार देश में संक्रमितों की संख्या 1,04,31,639 हो गई। वहीं पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 228 लोगों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,50,798 हो गई। देश में संक्रमण से मृत्यु दर 1.45 फीसदी है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार अब तक 18,02,53,315 नमूनों की जांच हो चुकी है और शुक्रवार को इनमें से 9,16,951 नमूनों की जांच हुई। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख के पार चली गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख, 20 नवंबर को 90 लाख और 19 दिसंबर को एक करोड़ के पार चले गए थे। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में जिन 228 लोगों की मौत हुई, उनमें से महाराष्ट्र के 73, पश्चिम बंगाल के 21, उत्तर प्रदेश के 17, दिल्ली के 10 और तमिलनाडु के आठ लोग शामिल हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में वायरस से अभी तक 1,50,798 की लोगों की मौत हुई है, जिनमें महाराष्ट्र के 49,970, कर्नाटक के 12,134, तमिलनाडु के 12,208, दिल्ली के 10,654, पश्चिम बंगाल के 9,902, उत्तर प्रदेश के 8,469, आंध्र प्रदेश के 7,127, पंजाब के 5,437 और गुजरात के 4,335 लोग थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अभी तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मामलों में मरीजों को अन्य बीमारियां भी थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा, हमारे आंकड़ों का मिलान आईसीएमआर के आंकड़ों के साथ किया जा रहा है।

दहेज की मांग लगातार बढ़ने से परेशान युवती ने की आत्महत्या

भाषा। मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक युवती ने अपने होने वाले ससुरालवालों की कथित तौर पर आए दिन बढ़ती दहेज की मांगों और उससे घर वालों को परेशान देख आत्महत्या कर ली है। युवती ने एक सुसाइड नोट भी लिखा है जिसमें उसने समाज से दहेज की कुप्रथा को समाप्त करने की अपील की है। रिफाइनरी क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक त्रिपाठी ने बताया, यह मामला थाना हाईवे क्षेत्र के नवादा गांव का है। जहां के निवासी मूलचंद्र ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री अनीता की शादी सिहाना गांव निवासी हेमंत के साथ तय की थी। हेमंत उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही है। उन्होंने यह संबंध 12 लाख रुपए में तय किया था, लेकिन यह मांग 12 से 18 लाख रुपए पर पहुंच गई। उन्होंने बताया, लड़की वालों ने इतना दहेज देने में असमर्थता जताते हुए संबंध करने से इंकार कर दिया, जिसके बाद ससुराल पक्ष के लोग तय बातचीत कर शादी करने को राजी हो गए और गतवर्ष 16 सितंबर को दोनों के बीच एक रस्म भी कर दी गई। उन्होंने बताया कि विवाह इस वर्ष गर्मियों में होना था लेकिन लड़के वाले फिर से दहेज की रकम बढ़ाने की मांग करने लगे। उन्होंने बताया कि लड़के वालों की बार-बार बढ़ती हुई मांग से लड़की वाले परेशान हो उठे और यह बात जब अनीता को पता चली तो उसने 25-26 दिसम्बर की रात को तेजाब पीकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल में एक मुट्ठी चावल कार्यक्रम शुरू किया

भाषा। कटवा (पश्चिम बंगाल)

- भगवा दल ने किसानों तक पहुंच बनाने के लिए आरंभ किया कृषक सुरक्षा अभियान

नए कृषि कानूनों को लेकर विरोध प्रदर्शनों के बीच भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में किसानों तक पहुंच बनाने के लिए शनिवार को एक नया अभियान शुरू किया और कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कृषि बजट छह गुना और न्यूनतम समर्थन मूल्य डेढ़ गुना बढ़ाया है। नड्डा ने किसानों को ध्यान में रखते हुए पश्चिम बंगाल में कृषक सुरक्षा अभियान और एक मुट्ठी चावल कार्यक्रम शुरू किया जहां विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने किसानों के लिए केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों से अधिक काम किया है। उन्होंने राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रधानमंत्री किसान योजना लागू करने के लिए सहमत होने पर व्यंग्य करते हुए कहा कि वह राज्य के किसानों के बीच तेजी से अपनी जमीन खिसकने का एहसास होने के बाद यह कदम उठाने पर राजी हुई हैं। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना को क्रियान्वन को लेकर राज्य सरकार के सहमत होने पर कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के लिए अब बहुत देर हो चुकी है। नड्डा ने कहा, सत्ता में आने के बाद से, मोदी सरकार ने कृषि पर बजट में छह गुना वृद्धि की है। 2013-14 में कृषि बजट मात्र 22,000 करोड़ रुपए था। आज, यह 1,34,000 करोड़ रुपए है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर स्वामीनाथन समिति की रिपोर्ट को लागू किया। उन्होंने कहा, स्वामीनाथन समिति की सिफारिश के अनुसार एमएसपी केवल प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लागू किया गया है, इसे लगभग 1.5 गुना बढ़ाया गया है। बाद में दोपहर में नड्डा ने एक मुट्ठी चावल कार्यक्रम शुरू किया जिसके तहत वह किसानों के घरों से चावल इकट्ठा करेंगे और दिल्ली में किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद विपक्ष द्वारा भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर किसान विरोधी होने के आरोप को खारिज करने के प्रयासों के तहत किसानों को नए कृषि कानूनों के लाभ बताएंगे। पूर्वी बर्धमान धान का उत्पादन करने वाला एक प्रमुख जिला है और इसे पश्चिम बंगाल का धान का कटोरा भी कहा जाता है। कोलकाता से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले का राज्य में एक विशेष महत्व है क्योंकि इसमें 15 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें से अधिकतर वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस के पास हैं और भाजपा राज्य में सरकार बनाने के लिए उन पर जीत दर्ज करना चाहती है।

राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री राजे के समर्थकों ने बनाया मंच

भाषा। जयपुर

राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कुछ समर्थकों ने एक नया संगठन वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान (मंच) बनाने की घोषणा की है। संगठन बनाने वालों का कहना है कि वे चाहते हैं कि राजे 2023 में फिर मुख्यमंत्री बनें।

इस संगठन ने अपनी राज्य कार्यकारिणी बना ली है और कई जिलों में अपनी टीम गठित करने की घोषणा की है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजे के समर्थकों द्वारा इस तरह से पार्टी से हटकर अलग संगठन बनाए जाने को पार्टी की राज्य इकाई में जारी खींचतान के प्रमाण के रूप में देखा जा रहा है। इस नवगठित वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान (मंच) के प्रदेश अध्यक्ष विजय भारद्वाज हैं जो खुद को भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता बताते हैं। उन्होंने कहा कि हमने 20 दिसंबर को यह संगठन बनाया। हमने 25 जिलों में पदाधिकारी नियुक्ति कर दिए हैं।

हमारा लक्ष्य पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार की उपलब्धियों व नीतियों का प्रचार प्रसार करना है। उन्होंने कहा कि सतीश पूनियां राज्य में पार्टी भाजपा की अगुवाई कर रहे हैं। हमारी पहल से पार्टी मजबूत ही होगी। यह कोई समानांतर संगठन नहीं है बल्कि राजे के प्रति हमारी निष्ठा जताने का एक तरीका है। हम केवल उनकी उपलब्धियों का जनता में प्रचार प्रसार करेंगे। उन्होंने कहा कि राजे समर्थक चाहते हैं कि वह राज्य में 2023 के विधानसभा चुनाव में तीसरी बार मुख्यमंत्री बनें। वहीं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां ने कहा कि इस तरह संगठन बनना कोई गंभीर मामला नहीं है और किसी व्यक्ति विशेष के बजाय पार्टी की विचारधारा बड़ी होती है। पूनियां के अनुसार यह संगठन सोशल मीडिया पर ही अधिक है और इसकी स्थापना में शामिल लोग पार्टी के कोई जाने माने नेता नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के संज्ञान में है। उल्लेखनीय है कि राजे 2003 से 2008 और 2013 से 2018 तक प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं।

पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास किया संघर्ष विराम का उल्लंघन

भाषा। जम्मू

पाकिस्तानी सेना ने संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए जम्मू कश्मीर के राजौरी और कठुआ जिले में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय रेखा पर अग्रिम चौकियों और गांवों पर बिना उकसावे के गोलियां चलाईं और मोर्टार से गोले दागे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हालांकि, इससे भारतीय पक्ष को नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है। रक्षा प्रवक्ता ने बताया, शनिवार को दोपहर बाद 12.30 बजे पाकिस्तान ने राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के समीप बिना उकसावे के गोलियां चलाईं और मोर्टार से गोले दागे। भारतीय सेना ने भी समुचित जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक दोनों ओर से गोलीबारी चल रही थी। अधिकारियों ने बताया कि संघर्ष विराम उल्लंघन की दूसरी घटना में पाकिस्तानी रेंजरों ने कठुआ जिले के हीरा नगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अग्रिम चौकियों और गांवों पर गोलियां दागीं।

पेज 1 का शेष

महाराष्ट्र के...

को बचाया नहीं जा सका। खंडाते ने बताया कि बच्चों को जिस वार्ड में रखा जाता है, वहां लगातार ऑक्सीजन की आपूर्ति की जरूरत होती है। उन्होंने बताया, वहां आग बुझाने वाले उपकरण थे और कर्मियों ने उनसे आग बुझाने की कोशिश की। वहां काफी धुआं हो रहा था। उन्होंने बताया कि आग का शिकार होने वाले बच्चों के माता-पिता को इसकी जानकारी दे दी गई है और बचाए गए सात बच्चों को दूसरे वार्ड में भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि आईसीयू वार्ड, डायलिसिस और लेबर वार्ड से रोगियों को सुरक्षित दूसरे वार्ड में भेज दिया गया है। अभी तक चार मंजिला इमारत में आग लगने के पीछे की वजह का पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट होने का संदेह है। मंत्री ने कहा, ड्यूटी पर मौजूद चिकित्साकर्मियों ने नवजात सघन देखरेख इकाई की खिड़कियां और दरवाजे खोल दिए और शिशुओं को साथ लगे वार्डों में स्थानांतरित किया। वे सात शिशुओं को बचाने में सफल रहे लेकिन 10 शिशुओं की जाने नहीं बचा सके। उन्होंने कहा, घटना के लिए जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और मामले की पूरी तरह जांच के आदेश दिए गए हैं। इस दुखद घटना से सबक लेकर हम आगे ऐसी घटनाओं को होने से रोकेंगे। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, महाराष्ट्र के भंडारा में हुई हृदय-विदारक घटना में हमने कई अनमोल मासूमों को खो दिया। मेरी संवदेनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति कोविंद ने ट्वीट में कहा, महाराष्ट्र के भंडारा में हुए अग्निकांड में शिशुओं की असामयिक मृत्यु से मुझे गहरा दुःख हुआ है। इस हृदय-विदारक घटना में अपनी संतानों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। वहीं राहुल गांधी ने कहाकि भंडारा जिला अस्पताल में आग लगने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना बहुत ही दुखद है। बच्चों के परिवारों के साथ मेरी संवेदना है। कांग्रेस नेता ने कहा, मैं महाराष्ट्र सरकार से अपील करता हूं कि पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद मुहैया कराई जाए। पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस घटना को बेहद दर्दनाक बताते हुए विस्तृत जांच की मांग की है।

लद्दाख में...

में तैनात हैं। दोनों पक्षों के बीच कई दौर की वार्ता के बावजूद गतिरोध दूर करने के लिए कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। चीन ने भी उतनी ही संख्या में अपने सैनिक तैनात किए हैं। पिछले महीने, भारत और चीन के बीच भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) के तहत कूटनीतिक वार्ता का एक और दौर आयोजित हुआ था। दोनों पक्षों के बीच आठवें और आखिरी दौर की सैन्य वार्ता छह नवंबर को हुई थी, जिस दौरान दोनों पक्षों ने पर्वतीय क्षेत्र में टकराव बिंदुओं से सैनिकों की वापसी पर व्यापक चर्चा की थी। भारत का लगातार यह कहना है कि पर्वतीय क्षेत्र में टकराव के बिंदुओं पर तनाव कम करने और सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी चीन पर है। छठे दौर की सैन्य वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने कई फैसलों की घोषणा की थी जिसमें और सैनिकों को अग्रिम क्षेत्र में नहीं भेजना, एकतरफा रूप से जमीन पर स्थिति को बदलने से बचना और ऐसे कार्यों को करने से बचना जिससे मामला और जटिल हो जाए। वार्ता का यह दौर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन के इतर 10 सितंबर को मॉस्को में एक बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके चीनी समकक्ष वांग ई के बीच हुए पांच-बिंदु समझौते को लागू करने के तरीकों का पता लगाने के एक विशिष्ट एजेंडे के साथ आयोजित किया गया था। इस सहमति में सैनिकों की त्वरित वापसी, तनाव को बढ़ाने वाले किसी भी कदम से बचना, सीमा प्रबंधन से जुड़े सभी समझौतों और प्रोटोकॉल का पालन करना शामिल था।

इंडोनेशिया में...

चालक दल के छह सदस्य सवार थे। इरावती ने एक बयान में कहा, राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा समिति के साथ समन्वय स्थापित कर लापता विमान की तलाश की जा रही है। जकार्ता से पोंटियनाक जाने वाले विमान की अधिकतर यात्रा जावा समुद्र के ऊपर से ही गुजरती है। अब तक लापता विमान के बारे में कोई सुराग नहीं मिल सका है। वहीं, स्थानीय मीडिया के मुताबिक, उत्तरी जकार्ता में द्वीपों की श्रृंखला थाउजैंड द्वीप समूह में मछुआरों ने शनिवार दोपहर को कुछ लोहे के टुकड़े देखे हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि ए विमान के हिस्से हो सकते हैं। टीवी चैनलों की फुटेज में जकार्ता और पोंटियनाक हवाईअड्डे पर विमान में सवार यात्रियों के परिजन एवं मित्र रोते-बिलखते और प्रार्थना करते देखे गए। दुनिया के सबसे बड़े द्वीपसमूह देश इंडोनेशिया में सड़क, समुद्र और वायु परिवहन सेवाओं में क्षमता से अधिक लोगों के सवारी करने और लचर सुरक्षा नियमों के चलते दुर्घटनाओं के मामले सामने आते हैं। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2018 में जकार्ता से उड़ान भरने के चंद मिनट बाद ही लायन एयर का बोइंग 737 मैक्स8 विमान जावा समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार 189 लोगों की मौत हो गई थी। श्रीविजय एयर इंडोनेशिया की सस्ती उड़ान सेवाओं में शामिल है जोकि दर्जनों घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन करती है।

नेताजी की...

ज्योतिर्मय सिंह महतो को समिति का सदस्य बनाया गया है। ए सभी पश्चिम बंगाल से हैं। अन्य प्रमुख सदस्यों में संगीतकार ए आर रहमान, अभिनेत्री काजोल, अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, क्रिक्रेटर सौरव गांगुली और मेदांता समूह के अध्यक्ष रवि कासलीवाल शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय में सचिव राघवेंद्र सिंह समिति के संयोजक होंगे।

कोरोना वायरस टीका के परीक्षण में शामिल होने के दस दिन बाद 42 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु

भाषा। भोपाल

भोपाल के एक निजी अस्पताल में पिछले वर्ष दिसंबर के पहले पखवाड़े में कोरोना वैक्सीन के टीका कोवैक्सीन का क्लीनिकल परीक्षण कराने वाले 42 वर्षीय एक वालंटियर की उसके 10 दिनों बाद ही मौत हो गई। हालांकि उसकी मौत के कारणों को लेकर चिकित्सकों ने संदेह व्यक्त किया है।

एक सरकारी अधिकारी ने वालंटियर के जहर खाने का संदेह जताया और कहा कि विसरा परीक्षण के बाद ही उसकी मौत के सही कारणों का पता चलेगा। भोपाल के पीपुल्स मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के कुलपति डॉ. राजेश कपूर ने शनिवार को पीटीआई- भाषा को बताया कि दीपक मरावी ने 12 दिसंबर, 2020 को पीपुल्स मेडिकल कॉलेज में आयोजित कोवैक्सीन टीके के परीक्षण में हिस्सा लिया था। मध्यप्रदेश मेडिको लीगल इंस्टीट्यूट के निदेशक डॉ. अशोक शर्मा ने बताया कि जिस डॉक्टर ने मृतक का पोस्टमॉर्टम किया था, उसे शक है कि उसकी मौत जहर खाने से हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि मौत का सही कारण उसके विसरा जांच से पता चल सकेगा। डॉ. कपूर ने कहा कि 21 दिसंबर को मरावी की मौत के बाद हमने भारत के औषधि महानियंत्रक और भारत बायोटेक को इस बारे सूचित किया, जो इस ट्रायल के निर्माता और प्रायोजक हैं।

उन्होंने कहा कि मरावी इस परीक्षण में स्वेच्छा से शामिल हुआ था। उन्होंने दावा किया कि उसके परीक्षण में सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया और परीक्षण में भाग लेने की अनुमति देने से पहले मरावी की सहमति ली गई थी। कपूर ने कहा कि मरावी को दिशा-निर्देशों के अनुसार परीक्षण के बाद 30 मिनट तक निगरानी में रखा गया था। उन्होंने दावा किया, हमने सात से आठ दिनों तक उसके स्वास्थ्य पर नजर रखी। वहीं मृतक मरावी के परिवार के सदस्यों ने कहा कि वह मजदूरी करता था।

इलावेनिल वालारिवान, हृदय हजारिका ने 1 मीटर राइफल टी। ट्रायल्स जीते

नई दिल्ली। दुनिया की नंबर एक निशानेबाज इलावेनिल वालारिवान और असम के हृदय हजारिका शनिवार को यहां डा. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर क्रमशः महिला और पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल टी। राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स के विजेता रहे। गुजरात की इलावेनिल ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन मे 628.3 अंक बनाकर चौथे स्थान से फाइनल मे प्रवेश किया। फाइनल मे उन्होने सीनियर निशानेबाज और ओलंपियन अयोनिका पॉल को आसानी से पछाड़ दिया। उन्होने फाइनल मे 251.7 अंक जुटाए और अयोनिका से दो अंक आगे रही। हजारिका ने तोक्यो ओलंपिक 2020 कोटा हासिल कर चुके मप्र के ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को पछाड़ा। हजारिका ने 253.2 अंक हासिल किए जबकि तोमर 251.5 अंक ही बना सके।

फैजल का गोल, मो. स्पोर्टिंग ने जीत से की शुरूआत

कोलकाता। अली फैजल के दूसरे हाफ मे किए गए गोल से मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने शनिवार को यहां आई लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे पदार्पण कर रहे सुदेवा दिल्ली एफसी पर 1-0 से जीत से अपना अभियान शुरूकिया। दोनो टीमो ने पहले हाफ मे एक दूसरे पर दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन इसमे कोई भी टीम गोल नही कर सकी।

सबसे वृद्ध जीवित ओलंपिक चैम्पियन केलेटी ने मनाया 100वां जन्मदिन

बुडापेस्ट। जिमनास्टिक मे पांच स्वर्ण सहित 10 ओलंपिक पदक विजेता और सबसे वृद्ध जीवित ओलंपिक चैम्पियन एग्नेस केलेटी ने शनिवार को अपना 100वां जन्मदिन मनाया। बुडापेस्ट मे 100वां जन्मदिन का जश्न मनाते हुए उन्होने कहा, ए 100 साल मुझे 60 साल की तरह लग रहे है।

टी20 की तरह क्रिकेट में क्रांति ला सकता है टी10 : ब्रावो

अबुधाबी। वेस्टइंडीज के हरफनमौला ड्वेन ब्रावो का मानना है कि टी10 क्रिकेट मे वही क्रांति ला सकता है जो 15 साल पहले टी20 प्रारूप लेकर आया था। ब्रावो यहां अबुधाबी टी10 लीग की तैयारी मे जुटे है। उन्होने कहा , टी10 रोमांचक टूर्नामेंट है और यह वैसी ही प्रतिस्पर्धा है जैसी कुछ साल पहले टी20 थी।

पंजाब ने आई लीग अभियान जीत से शुरू किया

कल्याणी। प्रीतम निंगथोजाम के लंबी दूरी से किए गए शानदार गोल की मदद से पंजाब एफसी ने शनिवार को यहां आईजोल एफसी पर 1-0 की जीत से आई लीग फुटबॉल टूर्नामेंट मे अभियान शुरू किया।

बेंगलुरू को मिली सत्र की लगातार चौथी हार

मडगांव। मैटी स्टीमन के गोल के दम पर एससी ईस्ट बंगाल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आईएसएल के मैच मे पूर्व चैम्पियन बेंगलुरु को 1-0 से हराया।

पुजारा की धीमी बल्लेबाजी पड़ी भारत पर भारी

- आस्ट्रेलिया ने शिकंजा कसा
- तीसरा टेस्ट : भारत पर कुल 197 रन की बढ़त

भाषा। सिडनी

टेस्ट विशेषज्ञ चेतेश्वर पुजारा की धीमी बल्लेबाजी और फॉर्म में चल रहे खिलाड़ियों की चोट भारतीय टीम पर भारी पड़ी और आस्ट्रेलिया ने कुल 197 रन की बढत लेकर तीसरे क्रिकेट टेस्ट में तीसरे दिन शनिवार को शिकंजा कस दिया।

पैट्रिक कमिंस की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत को पहली पारी में 244 रन पर आउट करने के बाद मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ की अटूट अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर आस्ट्रेलिया काफी मजबूत स्थिति में पहुंच गया है। चेतेश्वर पुजारा समेत सीनियर बल्लेबाजों के बेहद रक्षात्मक रवैए ने भारत को दबाव में ला दिया। पुजारा ने 176 गेंद में 50 रन बनाए और धीमी पारी के इस दबाव से भारत निकल ही नहीं सका। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 103 रन बना लिए थे। पहली पारी के शतकवीर स्मिथ 29 और लाबुशेन 47 रन बनाकर खेल रहे हैं। आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 338 रन बनाए थे और अब उसकी कुल बढत 197 रन की हो गई है। वहीं खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही भारतीय टीम को दो झटके लगे जब फॉर्म में चल रहे रविंद्र जडेजा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए। उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया है। दोनों दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर सकते हैं लेकिन जडेजा का गेंदबाजी कर पाना मुश्किल लग रहा है। आस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी में दो विकेट 35 रन पर ही गंवा दिए थे और भारत की वापसी की उम्मीद दिख रही थी लेकिन स्मिथ और लाबुशेन ने 68 रन की अटूट साझेदारी करके उस पर पानी फेर दिया। आस्ट्रेलिया का पहला विकेट विल पुकोवस्की के रूप में गिरा जिन्हें मोहम्मद सिराज ने पंत की जगह विकेटकीपिंग कर रहे रिधिमान साहा के हाथों लपकवाया। वहीं डेविड वॉर्नर 13 रन बनाकर आर अश्विन की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। इससे पहले आस्ट्रेलिया के लिए कमिंस ने 21 . 4 ओवर में 29 रन देकर चार और हेजलवुड ने 21 ओवर में 43 रन देकर दो विकेट लिए। मिशेल स्टार्क ने 19 ओवर में 61 रन देकर एक विकेट लिया। भारत के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। पुजारा पूल या हुक कोई भी शॉट आत्मविश्वास के साथ नहीं खेल सके। उनके स्ट्रोक्स में पैनापन नहीं था और आत्मविश्वास की कमी भी नजर आई। वह स्ट्राइक भी रोटेट नहीं कर पाए। कप्तान अजिंक्य रहाणे 70 गेंद में 22 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार हुए। वहीं खराब फॉर्म से जूझ रहे हनुमा विहारी 38 गेंद में चार रन बनाकर गैर जरूरी रन लेने के प्रयास में रन आउट हो गए। पंत ने 67 गेंद में 36 रन बनाए। जडेजा 27 रन बनाकर आउट हुए। पहले सत्र के 34 ओवर में मात्र 84 रन बने चूंकि पुजारा ने रनगति बढाने में दिलचस्पी ही नहीं दिखाई। रहाणे के आउट होने से दबाव और बढ गया। दूसरी ओर पुजारा पहली 100 गेंदों में एक भी चौका नहीं लगा सके। रहाणे पहले सत्र में धीमी विकेट पर रन बनाने में नाकाम रहे।

पुजारा ने अपनी रक्षात्मक बल्लेबाजी पर कहा, उससे बेहतर नहीं कर सकता था

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक खेल के कारण आलोचना का सामना कर भारत के सीनियर बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा , मै जो कर रहा था उससे बेहतर नही कर सकता था। पुजारा ने दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन मे कहा, मै अच्छी बल्लेबाजी कर रहा था और एक बेहतर गेद पर आउट हुआ। मुझे बस इस बात को स्वीकार करना है। मै जो कर रहा था, उससे बेहतर कुछ नही कर सकता था। मुझे लगता है कि मुझे सिर्फ बल्लेबाजी करनी है, मुझे पता है। पुजारा के मुताबिक श्रृंखला मे उनके खिलाफ शानदार गेदबाजी कर रहे पैट्रिक कमिंस ने श्रृंखला की सबसे बेहतर गेद डाली जिस पर वह कुछ नही कर सके।

स्कोरबोर्ड

आस्ट्रेलिया दूसरी पारी : वॉर्नर पगबाधा बो अश्विन 13, पुकोवस्की का साहा बो सिराज 10, लाबुशेन नाबाद 47,स्मिथ नाबाद 29,अतिरिक्त : चार रन, **कुल योग :** 29 ओवर मे दो विकेट पर 103 रन, विकेट पतन : 1-16, 2 - 35 **गेंदबाजी :** बुमराह 8-1- 26-0, सिराज 8-2-20 -1, सैनी 7-1-28-0, अश्विन 6-0-28-1

पुजारा शॉट खेलने में डरे हुए थे : बार्डर

सिडनी। पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान एलेन बार्डर ने शनिवार को तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन भारतीय बल्लेबाजी रणनीति की आलोचना की और कहा कि चेतेश्वर पुजारा शॉट खेलने में डरे हुए थे और ऐसा लग रहा था कि वह रन बनाने के बजाय क्रीज पर टिके रहने के लिए खेल रहे थे। बार्डर ने फाक्सस्पोर्ट्स डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, वह (पुजारा) शॉट खेलने के लिए बिलकुल डरा हुआ लग रहा है, क्या ऐसा नहीं है? वह रन जुटाने के बजाय अपना विकेट बचाए रखने के लिए खेल रहा है। इस श्रृंखला में उसका ज्यादा प्रभाव नहीं रहा है, उसने अपने रन जुटाने में इतना लंबा समय लिया, ऐसा लग रहा है कि वह क्रीज पर स्थिर हो गया है और इसका भारतीय बल्लेबाजी पर असर पड़ा। वे आस्ट्रेलियाई गेंदबाजी पर हावी होते नहीं दिखे।

बुमराह और सिराज पर कथित रूप से नस्लीय टिप्पणी की गई, बीसीसीआई ने शिकायत दर्ज की

सिडनी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के दौरान टीम के खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ नशे में धुत दर्शक द्वारा कथित रूप से नस्लीय दुर्व्यवहार के बाद आईसीसी मैच रैफरी के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज की है। बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार सिराज को सिडनी क्रिकेट मैदान के एक स्टैंड में उपस्थित नशे में धुत एक दर्शक ने मंकी (बंदर) कहा जिससे 2007-08 में भारतीय टीम के आस्ट्रेलिया दौरे के मंकीगेट प्रकरण की याद ताजा हो गई। बोर्ड के एक सूत्र ने पीटीआई से कहा, बीसीसीआई ने अपने दो खिलाड़ियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से नशे में धुत एक दर्शक द्वारा दुर्व्यवहार के बाद आईसीसी मैच रैफरी डेविड बून के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज की है। दिलचस्प बात है कि मंकीगेट प्रकरण भी सिडनी टेस्ट के दौरान ही हुआ था जब एंड्रयू साइमंड्स ने दावा किया था कि हरभजन सिंह ने उन्हें कई बार बंदर कहा था। लेकिन भारतीय ऑफ स्पिनर को इस मामले की सुनवाई के बाद पाक साफ कर दिया गया था। पता चला है कि दिन का खेल समाप्त होने के बाद भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों, अंपायरों और सुरक्षा अधिकारियों के बीच काफी लंबी चर्चा हुई थी। इसमें कप्तान अजिंक्य रहाणे भी शामिल थे।

एक समय में केवल एक ही टूर्नामेंट पर ध्यान देंगे बोपन्ना

नई दिल्ली। घुटने की समस्या के कारण छह महीने तक टेनिस कोर्ट से बाहर रहने वाले भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कोविड-19 महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में समय का सदुपयोग करते हुए अपनी फिटनेस पर ध्यान लगाया और अब वह नए सत्र में खेलने को तैयार हैं जिसमें उनका लक्ष्य तोक्यो ओलंपिक 2020 को देखते हुए व्यक्तिगत रैंकिंग सुधारने का होगा। एटीपी का नया सत्र पांच जनवरी से शुरू हो गया जबकि पुरुषों की संचालन संस्था ने केवल पहली तिमाही के लिए कैलेंडर जारी किया है। इसका मतलब है कि खिलाड़ी जुलाई में तोक्यो ओलंपिक तक होने वाले टूर्नामेंट की योजना नहीं बना सकते है। लेकिन दो दशक के पेशेवर अनुभव वाले बोपन्ना समय खराब नहीं करना चाहते।

स्वितोलिना अबुधाबी ओपन के तीसरे दौर में, प्लिस्कोवा क्वालीफायर से हारीं

अबुधाबी। एलिना स्वितोलिना ने अबुधाबी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में शनिवार को रूस की अनुभवी वेरा ज्वोनारीवा को शनिवार को शिकस्त दी जबकि कैरोलीना प्लिस्कोवा को क्वालीफायर खिलाड़ी से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। ज्वोनारीवा को लगभग एक घंटे तक चले मुकाबले में हराने के बाद स्वितोलिना तीसरे दौर में 17वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जड्रोवा या ब्रिटेन की हीथर वाटसन से सामना करेंगी। तीसरी वरीयता प्राप्त प्लिस्कोवा को रूस की क्वालीफायर अनास्तासिया गैसानोवा ने 6-2, 6-4 से हराया। विश्व रैंकिंग में 292वें स्थान पर काबिज गैसानोवा अगले दौर में सारा सोब्रिस टोर्मो से भिडेंगी। अन्य मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त एलेना रयबकिना ने चीन की वांग शीयू पर 6-4, 6-4 से जीत हासिल की।

हम पुजारा के लिए स्थिति काफी मुश्किल बनाने जा रहे है: कमिंस

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ यहां जारी तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन करने के बाद शनिवार को कहा कि उनकी टीम चार मैचों की इस श्रृंखला के शुरू होने से पहले ही भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा के लिए स्थितियों को जितना संभव हो उतना मुश्किल बनाने को लेकर प्रतिबद्ध थी। कमिंस ने दिन के खेल के बाद ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, आज मुझे पिच से थोड़ी मदद मिली। लेकिन आपको पता है कि वह (पुजारा) ऐसा खिलाड़ी है जिसे आपको बहुत अधिक गेंदबाजी करनी होगी। टेस्ट रैंकिग के इस नंबर एक गेंदबाज ने पुजारा को पवेलियन भेजने के साथ महज 29 रन खर्च कर पांच विकेट लिए।

भारतीय क्रिकेट के घरेलू सत्र की शुरुआत मुश्ताक अली ट्रॉफी से

भाषा। मुंबई

कोरोना महामारी के कारण पैदा हुए व्यवधान के बीच भारतीय क्रिकेट के घरेलू सत्र की शुरूआत रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के साथ होगा जिसमें आईपीएल नीलामी से पहले युवाओं को अपना दम दिखाने का मौका मिलेगा। इस बार टूर्नामेंट में शिखर धवन, सुरेश रैना और ईशांत शर्मा जैसे सितारे भी भाग ले रहे हैं।इसके अलावा 2013 आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग मामले में सात साल का प्रतिबंध झेल चुके तेज गेंदबाज एस श्रीसंत भी वापसी करेंगे। श्रीसंत इस टी20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में केरल के लिए खेलेंगे। टूर्नामेंट 10 से 31 जनवरी तक चलेगा। इसके जरिए नई चयन समिति को टी20 विश्व कप के लिए खिलाड़ियों का व्यापक पूल तैयार करने में भी मदद मिलेगी। टी20 विश्व कप इस साल के आखिर में भारत में होना है। पिछले साल मार्च से अब तक कोरोना महामारी के कारण भारत में कोई क्रिकेट नहीं हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने बायो बबल तैयार करके छह अलग अलग स्थानों पर यह टूर्नामेंट कराने का फैसला किया है। इसमें टीमों को छह समूहों (पांच एलीट और एक प्लेट) में बांटा गया है।मुकाबले मुंबई, वडोदरा, इंदौर, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरू में खेले जाएंगे। नॉकआउट मैच अहमदाबाद में होंगे। टूर्नामेंट को हालांकि शुरूआत से पहले ही विवादों ने घेर लिया जब कई खिलाड़ियों ने दक्षिण मुंबई के आलीशान होटल में खराब खाना मिलने की शिकायत की। इसके बाद प्लेट ग्रुप की तीन टीमें चेन्नई के जिस होटल में ठहरी थी, वहां का एक स्टाफ कोरोना पॉजिटिव निकला। टूर्नामेंट शुरू होने के बाद हालांकि फोकस क्रिकेट पर होगा। सभी की नजरें रूतुराज गायकवाड़, प्रियम गर्ग, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान और एम सिद्धार्थ जैसे युवा खिलाड़ियों पर लगी होंगी। पिछले साल आईपीएल के दौरान लगी चोट के कारण बाहर हुए ईशांत प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश टीम में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं जो अपना फॉर्म और फिटनेस साबित करना चाहेंगे। वह चोट के कारण आईपीएल और आस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हुए।

जडेजा के अंगूठे में फ्रैक्चर, चौथे टेस्ट से बाहर

- पंत दूसरी पारी में करेंगे बल्लेबाजी

भाषा। सिडनी

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में खिलाड़ियों की चोटों से पहले से परेशान भारतीय टीम को तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को और झटका लगा जब लय में चल रहे हरफनमौला रविंद्र जडेजा बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर के कारण ब्रिसबेन में 15 जनवरी से खेले जाने वाले श्रृंखला के आखिरी टेस्ट से लगभग बाहर हो गए।

भारत के लिए हालांकि राहत की बात यह है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की कोहनी की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और वह शायद मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करेंगे। इन दोनों खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजों की शॉर्ट गेंद पर चोट लगी। जिसके बाद उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को शनिवार को बताया, रविंद्र जडेजा के बाएं अंगूठे में डिस्लोकेशन और फ्रैक्चर हुआ है। उनके लिए दस्ताने पहनना और बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल होगा। किसी भी स्थिति में वह कम से कम दो से तीन सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे। इससे वह आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे। पंत बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे क्योंकि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है।

इससे पहले बीसीसीआई से जारी विज्ञप्ति में कहा गया था, ऋषभ पंत को शनिवार को बल्लेबाजी के दौरान बाईं कोहनी में चोट लगी। उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया है। पहली पारी में 67 गेंद में 36 रन बनाने वाले पंत को पैट कमिंस की शॉर्ट गेंद पर पुल शॉट खेलते समय चोट लगी। वह पट्टी बांधकर दोबारा मैदान पर लौटे लेकिन उस तेजी से रन नहीं बना सके। जोश हेजलवुड की गेंद पर वह विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। आईसीसी नियमों के तहत रिजर्व विकेटकीपर रिधिमान साहा ने उनकी जगह ली।

भारतीय पारी के दौरान इसके बाद सीनियर हरफनमौला रविंद्र जडेजा को बाएं अंगूठे में मिशेल स्टार्क की गेंद पर चोट लग गई और तीसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में उनका गेंदबाजी कर पाना संभव नहीं लग रहा। उनकी 28 रन की नाबाद पारी से भारत ऑस्ट्रेलिय की पहली पारी की बढ़त 100 रन से कम करने में सफल रहा। जडेजा के अंगूठे के स्कैन के बाद पता चला कि वह जिस हाथ से गेंदबाजी करते है उसमें गंभीर चोट है। दूसरी पारी के लिए टीम के मैदान पर उतरने पर भी वह दर्द से कराहते दिखे। उनका अंगूठा सूज गया था और फिजियो ने उस पर पट्टी बांध दी थी। उन्होंने कुछ गेंद डाली लेकिन फिर आगे गेंदबाजी नहीं कर सके। इससे पहले ईशांत शर्मा (श्रृंखला शुरू होने से पहले), मोहम्मद शमी (हाथ की चोट), उमेश यादव (मांसपेशी की चोट),के एल राहुल (कलाई की चोट) चोटिल होने के कारण बाहर है जबकि कप्तान विराट कोहली पितृत्व अवकाश पर हैं।

ट्रंप अमेरिकी इतिहास के सबसे अयोग्य राष्ट्रपति: जो बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी इतिहास में सबसे अयोग्य राष्ट्रपति हैं।

ट्रंप के खिलाफ महाभियोग लाने या उनके कार्यकाल के बचे हुए 12 दिन से पहले उन्हें हटाने संबंधी प्रश्न पर बाइडन ने कहा कि 20 जनवरी को उनका पद संभालना ही ट्रंप को हटाने का सबसे त्वरित तरीका है।

बाइडन ने डेलावेयर में पत्रकारों से कहा, मैं एक वर्ष से भी ज्यादा वक्त से कहता आ रहा हूं कि वह (ट्रंप) इस पद पर रहने के काबिल नहीं हैं। वह अमेरिकी इतिहास के सबसे अयोग्य राष्ट्रपति हैं। लिहाजा उन्हें हटाने के विचार का मेरे हिसाब से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, ट्रंप को हटाने का सबसे त्वरित तरीका 20 जनवरी को मेरा शपथ ग्रहण है। उससे पहले या बाद में क्या कार्वाई की जाए, इसपर कांग्रेस को फैसला लेना है। मैं बस उनके पद छोड़ने को लेकर उत्सुक हूं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने ट्रंप के बारे में जितना सोचा था, वह उससे भी कहीं आगे निकले। बाइडन ने कहा, उनकी वजह से देश को और हमें पूरी दुनिया में शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। वह इस पद पर बने रहने के लायक नहीं हैं।

कैपिटल बिल्डिंग में हिंसा करने वाले घरेलू आतंकवादी

वाशिंगटन। नव निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि कैपिटल बिल्डिंग (अमेरिकी संसद भवन) मे घुसकर हिंसा करने वालो मे कुछ ठगो, श्वेत लोगो को सर्वोच्च समझने वाले लोगो और घरेलू आतंकवादियो का एक झुंड था जिन पर मुकदमा चलना चाहिए।बाइडन ने कहा कि इस पूरी घटना को संभालने मे नाकाम रहने वाले अधिकारियो को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और सुनिश्चित होना चाहिए कि इसकी पुनरावृति नही हो।उन्होने डेलवेयर के विल्मिंगटन मे संवाददाताओ को संबोधित करते हुए कहा, उन्हे कुछ अपराधियो, देशद्रोहियो, श्वेत लोगो को सर्वोपरि मानने वाले लोगो और यहूदी विरोधियो का एक झुंड माना जाना चाहिए। और इतना ही काफी नही है। ए लोग घरेलू आतंकवादी थे। बाइडन ने कहा, और न्याय विभाग को ए आरोप दर्ज करने चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर मे नव निर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, उन पर मुकदमा चलना चाहिए।

नियोम में सऊदी अरब के राजा सलमान कोविड 19 की वैक्सीन लगवाते हुए

भारतीय मूल की अमेरिकी सबरीना सिंह व्हाइट हाउस में उप प्रेस सचिव नियुक्त

वाशिंगटन। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक सबरीना सिंह अमेरिका की निर्वाचित उपराष्ट्रपति के लिए व्हाइट हाउस में उप्र प्रेस सचिव के रूप में अपनी सेवा देंगी। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन और निर्वाचित उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के सत्ता हस्तांतरण दल ने यह घोषणा की। सिंह, बाइडन-हैरिस चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कमला हैरिस की प्रेस सचिव थीं। इससे पूर्व वह माइक ब्लूमबर्ग और कौरी बुकर के राष्ट्रपति पद संबंधी अभियान के लिए क्रमश: वरिष्ठ प्रवक्ता और नेशनल प्रेस सचिव रह चुकी हैं। इसके अलावा वह कई अन्य महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।सत्ता हस्तांतरण दल ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति कार्यालय के लिए कई अहम नियुक्तियों की घोषणा के तहत उन्हें नामित किया। बाइडन और हैरिस 20 जनवरी को क्रमश: राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति पदों की शपथ लेंगे।

मुझे चुप नहीं कराया जा सकता: डोनाल्ड ट्रंप

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्विटर द्वारा स्थाई रूप से प्रतिबंधित किए जाने के बाद कहा कि उन्हें और उनके समर्थकों को चुप नहीं कराया जा सकता। ट्रंप ने इस कदम के लिए ट्विटर की निंदा की है।

कैलिफोर्निया से संचालित सोशल मीडिया कंपनी का यह अभूतपूर्व कदम ट्रंप के इस ट्वीट के बाद सामने आया कि वह 20 जनवरी को अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत नहीं करेंगे।

ट्विटर ने एक बयान में कहा, डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट से हाल ही में किए गए ट्वीट की गहन समीक्षा के बाद और विशेष रूप से ट्विटर पर तथा उसके बाहर की जा रही उनकी व्याख्या के संदर्भ को देखते हुए हमने आगे और हिंसा के जोखिम के मद्देनजर अकाउंट पर स्थाई रूप से रोक लगा दी है। स्थाई निलंबन के समय ट्रंप के 8.87 करोड़ फॉलोअर थे और वह 51 लोगों को फॉलो कर रहे थे। ट्विटर पर प्रतिबंधित होने के कुछ घंटो बाद ट्रंप ने एक बयान में कहा, मुझे ऐसा होने का अनुमान था। हम दूसरी साइटों से बात कर रहे हैं और इस पर जल्द ही बड़ी घोषणा करेंगे और हम निकट भविष्य में अपना खुद का प्लेटफॉर्म बनाने की संभावनाओं पर भी विचार कर रहे हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। उन्होंने कहा, ट्विटर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बारे में नहीं है, यह सिर्फ अतिवादी वामपंथी विचार को बढ़ावा देने वाला प्लेटफॉर्म है, जहां दुनिया के सबसे खतरनाक लोगों को स्वतंत्रता के साथ अपनी बात रखने की इजाजत होती है। आप हमसे जुड़े रहें। उन्होंने कहा, जैसा कि मैं लंबे समय से यह कहता आया हूं कि ट्विटर स्वतंत्र आवाजों को प्रतिबंधित करने के मामले में काफी आगे बढ़ चुका है और आज रात ट्विटर के कर्मचारियों ने इस प्लेटफॉर्म से मेरा अकाउंट हटाने के लिए डेमोक्रेट्स और अतिवादी वामपंथियों के साथ तालमेल बिठा लिया। ट्रंप ने कहा कि ट्विटर भले ही निजी कंपनी हो लेकिन बिना सरकार के धारा 230 के उपहार के वे लंबे समय तक नहीं टिक पाएंगे।

चुनाव बाद ट्रंप के आचरण की इतिहास में निर्मम व्याख्या होगी: निक्की हेली

भाषा। वाशिंगटन

भारतीय अमेरिकी रिपब्लिकन नेता निक्की हेली ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भाषण से उनके समर्थकों के कैपिटल (संसद भवन) पर हमला करने के लिए भड़कने का दावा करते हुए इसकी निंदा की कहा कि चुनाव बाद उनके आचरण की इतिहास में निर्मम व्याख्या होगी। हेली ने रिपब्लिकन राष्ट्रीय समिति की शुक्रवार को फ्लोरिडा में हुई एक बैठक में कहा, हम अपने अहम मतभेदों के बारे में चर्चा कर सकते हैं, और हमें ऐसा करना चाहिए, लेकिन हमें अमेरिका की जनता को एक दूसरे के खिलाफ खड़ा करना बंद करना चाहिए और इस रिपब्लिकन पार्टी को आगे का रास्ता दिखाना चाहिए। अमेरिका के कई मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार के हेली के भाषण के अंशों को प्रकाशित किया है। पोलिटिको ने सबसे पहले उनकी टिप्पणी प्रकाशित की थी।

अमेरिका ने तीन श्रीलंकाई नागरिकों को आरोपित किया

भाषा। वाशिंगटन

- ईस्टर पर आईएसआईएस के हमलों में पांच अमेरिकियों समेत 268 लोगों की मौत हुई थी

अमेरिका ने साल 2019 में श्रीलंका में हुए ईस्टर हमलों के लिए जिम्मेदार आईएसआईएस समर्थकों के एक समूह में कथित रूप से शामिल रहे श्रीलंका के तीन नागरिकों को आरोपित किया है। हमलों में 268 लोगों की मौत हो गई थी। शुक्रवार को सामने आई अमेरिका की संघीय अपराध शिकायत के अनुसार मोहम्मद नौफर, मौहम्मद अनवर मोहम्मद रिस्कन और अहमद मिलहान हयातू मोहम्मद फिलहाल श्रीलंका में हिरासत में हैं। अमेरिका की लॉस एंजिलिस जिला अदालत में 11 दिसंबर को मामला दाखिल किया गया था।आईएआईएस समर्थकों के समूह के दूसरा अमीर नौफर का काम कथित रूप से समूह के एजेंडे को आगे बढ़ाना, आईएसआईएस में भर्तियां करना और प्रशिक्षणों की देखरेख करना था। वहीं रिस्कन ने ईस्टर हमलों में इस्तेमाल आईईडी बनाने में कथित रूप से मदद की थी जबकि मोहम्मद ने कथित रूप से एक पुलिस अधिकारी का हथियार छीनने के लिए उसकी हत्या की थी। साथ ही उसने संदिग्ध खबरी की हत्या की और अलग अलग हमलों के लिए स्थान तय किए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल जॉन सी डेमर्स ने कहा, श्रीलंका में ईस्टर पर आईएसआईएस के हमलों में पांच अमेरिकियों समेत 268 लोगों की मौत हुई थी।

उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियार बनाने की चेतावनी दी, अमेरिका की शत्रुता का हवाला दिया

एपी। सियोल

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अपने परमाणु शस्त्रागार को बढ़ाने और अधिक उन्नत परमाणु हथियार प्रणालियों को विकसित करने की चेतावनी दी और कहा कि अमेरिका के साथ संबंध इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका अपनी शत्रुतापूर्ण नीतियां त्यागता है अथवा नहीं। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया के नेता किम की यह टिप्पणी सत्तारूढ़ पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान आई। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन के सत्ता संभालने से पहले आई है और इसे नए प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 60वां प्रान्तीय अधिवेषन का समापन

अभाविप की स्वीकार्यता वर्ष पर्यन्त गतिविधियों का कराती है ज्ञानः कुलपति

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर-प्रदर्शनी को देखते अतिथिगण

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रान्त का 60वां प्रान्तीय अधिवेशन नगर के आनन्दी देवी सरस्वती विद्या मन्दिर, नैपालापुर, सीतापुर में शनिवार को सायं 05:30 बजे प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ प्रारम्भ हुआ। इससे पूर्व दो दिन से चल रहे प्रान्तीय अभ्यास वर्ग का समारोप सत्र के साथ समापन हुआ। प्रदर्शनी का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया। अपने उद्बोधन में प्रो. राय ने प्रान्त के विभिन्न जनपदों से आये हुए प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभाविप की प्रदर्शनी प्राचीन भारत के गौरवशाली अतीत के साथ हमें समाज में अभाविप की स्वीकार्यता एवं वर्ष पर्यन्त चलने वाली गतिविधियों का ज्ञान कराती है। भारत प्राचीन काल से ही प्रत्येक क्षेत्र में सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व करता रहा है। आज देश पुनः उसी भव्यता को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्णा इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी के प्रशासक हरिनाम सिंह ने की। प्रान्त अध्यक्ष डॉ. सर्वेश सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी अभाविप की विभिन्न गतिविधियों को प्रतिबिम्बित करती है। सीतापुर नगर इकाई के अध्यक्ष डॉ. संजीव शुक्ला ने मंचस्थ अतिथियों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। प्रदर्शनी उद्घाटन सत्र का समापन वन्दे मातरम् के साथ हुआ। उद्घाटन राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत बाराबंकी जनपद के प्रगतिशील किसान पद्मश्री रामसरन वर्मा के कर कमलों द्वारा किया जाएगा।

वनविभाग ने की पौधशाला में किया प्रशिक्षण कार्यशाला

सिधौली सीतापुर। शुक्रवार को क्षेत्र के दाउद पुर पौधशाला मे वनविभाग की तरफ से प्रशिक्षण कार्य शाला का आयोजन किया गया कार्यशाला का आयोजन डी एफ ओ रुषतम परवेज की अध्यक्षता मे किया गया कार्यक्रम मे डब्लू डब्लू एफ से वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दावीर हसन ने विभागीय मताहतो को वन्य जीवो की दसतक को पहचानने व उनके पद चिन्हों सहित तमाम जानकारियो को साझा कर वन्य जीवो के प्रति दहसत मे रहने वाले ग्रामीणो को जागरुकरने पर जोर दिया इसदौरान आरो लहरपुर अभय प्रताप मल आरो सीतापुर महमूद आलम आरो सिधौली महेंद्र प्रताप सिंह आरो महोली राममूर्ति सिंह चंद्र किशोर पांडे लेकर मत वसंत सिंह अनिल कुमार सिंह मोहनलाल राहुल यादव अमित प्रताप सिंह अनिल कुमार यादव अरविंद कुमार यादव सहित जनपद के सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। संबंधित बाइट डब्ल्यूडब्ल्यूएफ वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन व डीएफ्ओ वन विभाग रुस्तम परवेज सहित विजुअल ऊपर भेजे जा चुके हैं।

संगतिन नेत्री ने उठाए प्रशासन पर सवाल

महज शक के आधार पर घरों में कैद हुए किसान नेताः ऋचा सिंह

● संगतिन किसान मजदूर संगठन ने की पत्रकारवार्ता

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर-प्रेसवार्ता करती संगतिन नेत्री ऋचा सिंह

किसान आंदोलन को लेकर सीतापुर जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई पर संगतिन किसान मजदूर संगठन ने सवालिया निशान लगाए। कहा कि स्वतंत्रता के अधिकार का हनन किया जा रहा है। एक आम-आदमी कहीं भी आने-जाने के लिए स्वतंत्र है, लेकिन महज शक के आधार पर प्रशासन ने उन्हें घर में कैद कर रखा है। घर से बाहर घ्निकलने नहीं दिया जा रहा है। उनका आरोप है कि वो डायविटिक है, दवा लेने लखनऊ जाना चाहती थी, लेकिन यहां के प्रशासन ने उन्हें घर से बाहर जाने नहीं दिया। उनके घर पर पुलिस का पहरा बिठा रखा है। पूछने पर जिम्मेदार न तो कोई कागज दिखा रहे हैं और न ही उन्हें कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे रहे हैं।

''संगतिन किसान मजदूर संगठन की नेत्रा ऋचा सिंह के समर्थन में लखनऊ से सीतापुर आई राष्ट्रीय संगठन की समन्वयक अरूंधती धुरू ने आई इंडिया से बातचीत की। उत्पीड़न व शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, गांव-गांव किसानों को एकजुट कर अहिंसात्मक लड़ाई लड़ी जाएगी।''

अरुंधती धुरू, समन्वयक, राष्ट्रीय संगठन।

इस दौरान 'पायनियर' से बातचीत में किसान मंच के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह ने प्रशासन पर संविधान की हत्या करने का आरोप जड़ा।

एसपी ने मछरेहटा थाने की राजकुमार को सौंपी कमान

अपराध पर होगा पूरा नियंत्रणः कोतवाल

● अपराध शाखा से मछरेहटा थाने में संभाला पदभार

संवाददाता। सीतापुर

राजकुमार

अपराध पर नियंत्रण करना और कस्बे में अराजकतत्वों पर कड़ी निगरानी रहना ही प्राथमिकता रहेगी, सरकार की मंषा है कि करप्शन को खत्म करना है उसी के आधार पर पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी। यह बात पहले दिन थाने की कमान संभाल रहे कोतवाल राजकुमार ने 'पायनियर' से कही। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जो व्यक्ति अराजकत्ता फैलायागा उसको बख्शा नहीं जाएगी सीधे कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में कच्ची शराब पर भी सख्ती और कार्रवाईयों का दौर चलता रहेगा जिससे कि व्यवस्थाएं बिगड़ने पाए, आए दिन बहुत सारे विवाद शराब की वजह से होते रहते है, जिसको सुधारने के लिए टीम लगाकर अभियान चलता रहेगा। कोतवाल राजकुमार सकरन में थानेदारी का पदभार संभालने के बाद अपराध शाखा में थे जिसके बाद इन्हें एसपी आरपी सिंह ने मछरेहटा की कमान सौंप दी है। शनिवार को थाना समाधान दिवस मे कुल 8 प्रार्थना पत्र आये जिसमें 7 राजस्व विभाग व एक पुलिस से सम्बन्धित आया। मौके पर 3 राजस्व विभाग की निस्तारण किया गया, शेष प्रार्थना पत्र को सम्बंधित कर्मचारियों को दिया गया। मौके पर तहसीलदार मिश्रिख चंद्र कांत त्रिपाठी सीओ मिश्रिख महेंद्र प्रताप सिंह थानाध्यक्ष राज कुमार मौके पर मौजूद रहे।

पीएनबी का अभियान

योजनाओं से जुड़ लाभान्वित हों किसानः लालाराम

● पंजाब नेशनल बैंक ने किसान गोष्ठी का किया आयोजन

संवाददाता। रामकोट-सीतापुर

रामकोट-सम्बोधित करते वक्ता

पंजाब नेशनल बैंक शाखा रामकोट के द्वारा कस्बे में शाखा के बाहर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल प्रमुख जे पी अग्रवाल के द्वारा की गई। उन्होंने हर किसान को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और अटल पेंशन योजना करवाने का विशेष आग्रह किया। जिससे कि किसानों को इसका लाभ मिल सके। गोष्ठी में पीएनबी ऋण केंद्र सीतापुर के प्रमुख अशोक कुमार ने किसानों की आय दुगनी करने के लक्ष्य प्राप्ति के अनुसार किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और अन्य कृषि योजनाओं के विषय में समझाया। गोष्ठी में उपस्थित पीएनबी के जिला समन्वयक संजय शुक्ला ने सभी का स्वागत किया तथा किसानों को ऋण अदायगी और ऋण प्राप्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोष्ठी में पीएनबी ऋण केंद्र के कृषि प्रबंधक गीतेश भूषण यादव ने किसानों को कृषि ऋण के समय से अदायगी पर सरकार द्वारा प्राप्त होने वाली सब्सिडी के बारे में बताया। गोष्ठी में कृषि प्रबंधक अंबेश कुमार और रामकोट शाखा प्रबंधक मयंक कुमार सेठ ने सभी किसानों का आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और सभी कृषक भाइयों को ऋण प्राप्त करने, बचत खाता खुलवाने के विषय में बताया। कस्बा स्थित केपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य लालाराम यादव ने भी किसानों को संबोधित किया। गोष्ठी में प्रधानाचार्य ने किसानों को बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़कर लाभान्वित होने का आग्रह किया। इसके साथ ही साथ पीएनबी के द्वारा ग्राहकों को दी जा रही सेवाओं के लिए भी धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कर्मचारी रामपाल, अभिषेक पाल, दुर्गेश कुमार, शिक्षक राम नारायन यादव, नरेंद्र वर्मा, आदि व क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

खलिहान की जमीन व अवैध कब्जे को लेकर डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

लहरपुर सीतापुर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर ग्राम दारानगर में खलिहान की जमीन व अवैध कब्जे को बताकर उपजिलाधिकारी राम दरस राम ने बिना नोटिस दिए करीब 6 लोगों के मकान जेसीबी द्वारा गिरवा दिए । बताते चलें शुक्रवार को उपजिलाधिकारी ने ग्राम दारानगर में यह कहकर मकान गिरवा

● ग्रामीणों ने लगाया आरोप कि बिना नोटिस के ही गिरवाए एसडीएम ने मकान

दिए कि जिलाधिकारी के निर्देश पर खलिहान की जमीन पर बने अवैध पक्के मकान ढहाए जाएंगे। जबकि लेखपाल बलराम यादव ने कई बार नाप जोख की उसके बाद भी मकान मालिकों को मकान गिराए जाने की कोई जानकारी नही दी यह ग्रामीण परिवार वालों का आरोप है। जो मकान अवैध व खलिहान की जमीन बताकर गिराए गए हैं वह जमीन नक्शे में आबादी संख्या 317 में दर्ज है आबादी की ही जमीन पर मस्जिद स्थिति है उसी मस्जिद के आस-पास यह सारे मकान सिथित है। तो यह मकान खलिहान के कैसे हो गए । यह परिवार वालों का कहना है। उपजिलाधिकारी राम दरश राम ने बताया ग्राम दारानगर में खलिहान की जमीन पर हसमत, खलील, यासीन, वारिश पुत्रगण लियाकत अली, शरीफ पुत्र रोशन, शकूर पुत्र वदुल्ला ने अवैध कब्जा कर रखा था। पक्के मकान बना लिया था। अवैध निर्माण को हटवाया जा रहा है। यह सचिवालय का आदेश है इन लोगो को गांव में ही पात्र होने के कारण आवासीय भूमि भी आवंटित कर दिया गया है। पूर्व लेखपाल को भी निलंबित किया गया है। ग्राम दारा नगर के तत्कालीन लेखपाल प्रमोद कुमार को एसडीएम ने निलंबित कर दिया। एसडीएम राम दरश राम ने बताया तत्कालीन क्षेत्र के लेखपाल प्रमोद कुमार को अवैध कब्जा करवाने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। वर्तमान में लेखपाल प्रमोद कुमार लहरपुर में ही तैनात है। जबकि परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है मकान टूटते समय मकान मालिक बेहोश होकर गिर गए जिनको 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पीड़ितों का आरोप है कि बिना सूचना व नोटिस के हमारे मकान प्रशासन ने गिरा दिए।

पीतपुर में भूमाफिया करा रहे अवैध प्लाटिंग, एसडीएम सदर से शिकायत

सीतापुर। शहर की सीमा से सटे गांव पीतपुर में दबंगो द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग कराए जाने की शिकायत प्रशासन से की गई है। पीतपुर निवासी जितेन्द्र मिश्रा ने एसडीएम सदर अमित भट्ट को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि भूमि गाटा संख्या 261 रकबा 0.324 हेक्टेयर जोकि कृषि योग्य भूमि है उक्त भूमि पर भूस्वामी द्वारा शासन प्रशासन के निर्देशों को ताक पर रख जमीन पर प्लाटिंग करके जमीन को आवासीय रूप में बिक्री किया जा रहा है जिस के संबंध में कई बार प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिए जा चुके मजेदार बात यह है कि उक्त मामला विगत 10 महीनों से चला आ रहा है मामला अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भू माफ्मिाओं के हौसले बुलंद है।

कंदुनी के जय-जावेद स्टेडियम में आयोजित हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

महमूदाबाद विद्युत कर्मियों ने दर्ज की 27 रनों से जीत

● सामाजिक उद्यमी शरद चौधरी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मान

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर-ट्रॉफी के साथ अन्तर्राखण्डीय मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता की विजयी टीम, मौजूद अधीक्षण अभियंता विद्युत सीपी यादव व आयोजक टीम के सदस्य गोपी किशन जयपुरिया को सम्मानित करते अधीक्षण अभियंता

सीतापुर के कंदुनी स्थित जय-जावेद क्रिकेट स्टेडियममें शनिवार को विद्युत विभाग के चारों खंडों के बीच अन्तरखंडीय मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घघाटन अधीक्षण अभियंता सी.पी.यादव ने फीता काटकर किया। इससे पूर्व आयोजक शरद चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। पहला मैच विद्युत वितरण खंड प्रथम व द्वितीय के बीच खेला गया जिसमें खंड प्रथम ने जीत दर्ज की।दूसरा मैच विद्युत वितरण खंड बिसवां व महमूदाबाद के बीच खेला गया जिसमें महमूदाबाद ने जीत दर्ज की।फाइनल मैच विद्युत वितरण खंड प्रथम व महमूदाबाद के बीच खेला गया जिसमें महमूदाबाद खंड ने पहले बैटिंग करते हुए 10 ओवरों में 80 रन बनाए,लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्युत वितरण खंड प्रथम की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 57 रन ही बना सकी।इस प्रकार विद्युत वितरण खंड महमूदाबाद की टीम ने 27 रनों से फाइनल मैच जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम की।अधीक्षण अभियंता सी.पी.यादव ने प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर अधिशासी अभियंता महमूदाबाद आनंद प्रकाश वर्मा, के.सी.आजाद, एसडीओ नगर सीतापुर शुभम सिंह, एसडीओ सिधौली आमोद कुमार, शैलेन्द्र पांडेय,विशाल शर्मा, जे.ई.वी.के.सिंह, रमेश सिंह, मिथिलेश यादव, जगदीश प्रसाद, गोपी किशन जयपुरिया, राजकिशोर,हसन आदि मौजूद रहे।

नमामि नैमिष अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2021

आज से होगा भव्य शुभारंभ

नैमिषारण्य सीतापुर। नैमिष युवा संस्कार समिति द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट का भव्य शुभारंभ आज से किया जा रहा है । क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से नैमिषारण्य तीर्थ में युवा कल्याण व सामाजिक सरोकारों के लिए प्रतिबद्ध संस्था नैमिष युवा संस्कार समिति द्वारा नमामि नैमिष अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2021 का आयोजन आज से किया जा रहा है। जिसका भव्य उद्घाटन सुबह 10:00 बजे श्री वेदव्यास धाम ग्राउंड पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामकृष्ण भार्गव, कार्यक्रम संरक्षक व विशिष्ट अतिथि व्यासपीठाधीश अनिल कुमार शास्त्री, कालीपीठाधीश गोपाल शास्त्री, महंत बजरंग दास द्वारा किया जाएगा इस उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल आदित्य प्रताप सिंह एवं एशियाई मास्टर मीट मलेशिया की स्वर्ण पदक विजेता डॉ तृप्ति सिंह रहेंगी। वहीं इस आयोजन में स्वागताध्यक्ष की भूमिका में समाजसेवी मुनीन्द्र अवस्थी व यतीन्द्र अवस्थी रहेंगे। नैमिष युवा संगठन द्वारा लगातार तीसरे वर्ष बार आयोजित होने वाली इस क्रिकेट प्रतियोगिता में गृह जनपद की कई टीमों के साथ ही पड़ोसी जनपद की भी कई टीमें भाग ले रही हैं। इस आयोजन के बारे में आयोजन समिति से सुनीत पांडेय ने बताया कि यह टूर्नामेंट 10 जनवरी से प्रारंभ होगा जिसमें विभिन्न जनपदों की 16 टीमें भाग ले रही हैं जिसमें पहला मैच नैमिष सुपर इलेवन बनाम मोदी इलेवन सीतापुर के बीच खेला जाएगा वहीं इस टूर्नामेंट में सभी मैच नॉटआउट प्रणाली से खेले जाएंगे।

खैराबाद में बांटे गए कंबल

अब हर जरूरतमंद को मिलेगा कंबलः एसडीएम

सीतापुर-कंबल वितरित करते एसडीएम अमित भट्ट

सीतापुर। जाड़े को देखते हुए एसडीएम सदर अमित भट्ट ने खैराबाद में जरूरतमंदो को कंबल वितरित किया। उन्होंने कहा कि कोई असहाय जाड़े से नहीं कांपेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव असहायों की मद्द के लिए तत्पर है। उधर स्प्रेड हैप्पीनेस क्लब के पदाधिकारियों ने शीतकाल में जरूरतमंदों को कंबल और वस्त्र वितरित किए। क्लब के संयोजक डॉक्टर यथार्थ शुक्ल ने बताया कि ये अभियान सीतापुर शहर के साथ सभी तहसीलों और अनेकों गांवों में आयोजित किया जाएगा,31 दिसंबर से शुरू यह अभियान मार्च चलेगा। अभियान में जरूरतमंदों को कंबल,कपड़े,जूता, मोजा,मफ्लर,शाल आदि उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अभियान में समाज के समर्थ लोग अपना आगे आकर सहयोग दे रहे हैं, क्लब की बिसवां इकाई के अध्यक्ष .तिन्न जायसवाल ने बताया कि बिसवां के रेलवे और बस स्टेशन ,बड़ा चौराहा ,सहित कई गांवों में अभियान चलाकर करीब दो सैकड़ा लोगों को लाभांवित किया।

सृजन अभियान में बोले कांग्रेस नेता

भाजपा सरकार से हर वर्ग चल रहा है परेशान, बदलाव ही विकल्प

संवाददाता। सीतापुर

सीतापुर-कार्यकर्ता का स्वागत करते नगर अध्यक्ष संतोष भार्गव

सम्बोधित करते कांग्रेस नेता आशीष गुप्ता

शहर काँग्रेस कमेटी सीतापुर द्वारा चलाए जा रहे वार्ड संगठन सृजन अभियान के तहत शेखसराय पश्चिमी वार्ड में आयोजित बैठक मे शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव ने नव नियुक्त वार्ड अध्यक्ष मोण् अनवर व वार्ड अध्यक्ष राम लाल राही का माला पहनाकर स्वागत किया और शपथ भी दिलाई। बैठक में शहर काँग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अनुज सिंह चौहान पुष्पेंद्र सिंह चौहान, धीरेश कश्यप, वार्ड प्रभारी इमरान अली, सचिव पीयूष मिश्रा, नोमान अंसारी, इमरान अली, पीसीसी सदस्य एमएल पाण्डेय, श्रीश शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष सेवादल संजय सनी, जावेद अख्तर, बबलू, नावेद, मुनव्वर, नागराज, रमेश शर्मा,मो रफीक, बाबू लाल, रवि वाल्मीकि, मुजावर अली, अशरफ छोटू, अंकित कुमार, कार्तिकेय, अंशू आदि उपस्थित थे। उधर कांग्रेस के द्वारा ब्लॉक में चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के द्वारा न्यायपंचातत स्तरीय संगठन बैठक न्यायपंचायत धौकलगंज के ग्राम- सिंघपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशीष गुप्ता ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास का नारा देकर 2017 में सत्ता में आई। आते ही शिक्षामित्रों की नौकरी खा गई, पिछड़े दलितों के हक पर कुण्डली मारकर बैठ गई, अनुदेशकों को उनके हाल पर छोड़ दिया, सिपाही भर्ती को ठण्डे बस्ते में डाल दिया। भाजपा सरकार का चरित्र नौजवान विरोधी है। महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव शमीना शफीक ने कहा आज महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आये दिन महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहे हैं। सरकार कानून व्यवस्था के मोर्चे पर पूरी तरह विफ्ल है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य काशीराम भार्गव ने कहा वर्तमान सरकार दलित विरोधी है, हाथरस की घटना इसका सजीव उदाहरण है। ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल करीम अंसारी ने कहा कि संगठन का नवनिर्माण का कार्यक्रम जारी है, जल्द ही बूथ स्तर तक कांग्रेस की फौज खड़ी हो जाएगी। कार्यक्रम आयोजक मो. जावेद अली अंसारी ने आये हुए आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। बैठक में अनूप रावत, सुरजीत, चंद्रकली, रामचन्द्र मिश्रा, पप्पू मिश्रा, बद्री प्रसाद, शैलेन्द्र यादव, श्रीराम भार्गव, रामसहाय यादव सहित तमाम लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान शत्रोहन लाल, नसीम खान, ओमप्रकाश मिश्रा, शमशुन, लीलावती, देवकीनन्दन यादव, सुषमा देवी, इदरीश, रामदास, बच्चू, सुरेश भार्गव, रामखेलावन मिश्रा, रामेश्वर चक्रवर्ती, रामऔतार प्रजापति, सुधीर रावत, मिथिलेश, रामचन्द्र, राजकुमार मिश्रा, रामजीवन मिश्र, मंटू मिश्र, राजेश मिश्रा, पप्पू, प्रेम कुमार वर्मा, अंकित मिश्र, परशुराम, भूरे लाल, मो0 हसीम, निसार अहमद, हसीना खातून, बिस्मिल्ला सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह व एसपी विजय दुल थाना निघासन पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। उन्होनें वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओं से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। उन्होनें यह भी कहा कि सभी शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करें। जिससे की शिकायत निस्तारण में सहूलियत मिल सके। इस दौरान एसडीएम ओम प्रकाश गुप्ता, सीओ प्रदीप कुमार वर्मा सहित पुलिस और राजस्व के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

संदिग्ध हालात में युवक नदी में डूबा

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। गोला-अलीगंज मार्ग पर स्थित शारदा पोषित नहर में शुक्रवार को एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस को भी सूचना दी गई। जिलाधिकारी को भी सूचित किया गया। पर प्रशासन की लचर कार्यप्रणाली के चलते घटना के चैबीस घंटे बाद भी युवक का पता नहीं लग सका है। ग्राम लाल्हापुर निवासी श्यामबिहारी का पुत्र विनीत राठौर शुक्रवार को अपने साथियों के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गया था। शुक्रवार को ही उसके साथ गये साथियों ने बताया कि विनीत नदी में डूब गया है। जिस पर परिजनों से सहित गांव के तमाम लोग नहर पर पहुंचे और विनीत की तलाश करने का प्रयास किया। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी तथा जिलाधिकारी को भी मामले से अवगत कराया। जिसके बाद शनिवार को नदी का पानी रोका गया। गोताखोरों ने विनीत की तलाश की पर उसका कहीं पता नहीं चल सका। हालांकि यदि समय रहते प्रशासन कार्यवाही करता तो शीघ्र ही विनीत का पता लगाया जा सकता था।

गोकशी केदो आरोपियों सहित तीन हुए गिरफ्तार

● मैलानी पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दबोचा

मैलानी-खीरी। पुलिस अधीक्षक व सीओ गोला के निर्देश पर थाना मैलानी प्रभारी निरिक्षक विधा शंकर शुक्ला के निर्देश में उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र, विकास कुमार व आरक्षी पवन कुमार ने 9 जनवरी को मैलानी के चांदपुर रोड पर बेल्हा तालाब के निकट से गुड्डू पुत्र इस्माइल व नसीम पुत्र महिफुल्ला निवासी वार्ड नं.-12 मैलानी को गिरफ्तार गौवध अधिनियम 3/5/8 के तहत जेल भेजा अभी विगत 5 जनवरी को वन विभाग डिपो के पीछे बढ़ईपुर सम्पर्क मार्ग पर गौकशी की घटना घटित हुई थी। इसकी तहरीर भाजपा नेता आनंद कुमार मौर्य ने थाने दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गौवध हत्यारोपियों को जेल भेज दिया। इसी तरह अपराधियों पर अंकुश के लगाने चलाए गए अभियान के चलते उप निरिक्षक भूपेन्द्र सिंह आरक्षी विकास कुमार व आरक्षी अरविंद कुमार ने भीम सेन पुत्र राम औतार निवासी लाल्हापुर थाना को गिरफ्तार कर लिया। जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के पास एक अदद देशी तमंचा 312 तथा दो अदद जिंदा कारतूस 12बोर बरामद कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला ने इस तरह के अपराधी को यदि समय रहते गिरफ्तार नहीं किया जाता तो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था।

क्विक न्यूज

विधवाओं को बांटे कम्बल

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। ग्राम पंचायत ककलापुर, मूड़ा कुवंरपुर ग्राम पंचायत बेहड़ामुल्तान, खोखाय, तलियाकुंडा आदि ग्राम पंचायत की सभी विधवाओं को कम्बल वितरण समाजवादी पार्टी के नेता व समाजसेवी एवं ह्यूमन वेलफेयर फॉउंडेशन के अध्यक्ष व संस्थापक वारिस अली अंसारी द्वारा किया गया। इस दौरान सर्वेश भारती, गंगाराम भारती, नंद किशोर भार्गव, अमित अर्कवंशी, मुन्ना अंसारी, आसिफ अली अंसारी, बदरे आलम, प्रेम किशोर, मुकेश भार्गव सहित बहुत से ग्रामवासी और साथी उपस्थित रहे।

सुरेश सौरभ सम्मानित

लखीमपुर-खीरी। नगर के युवा साहित्यकार सुरेश सौरभ को उनकी गद्य सर्जना पर प्रखर गूंज प्रकाशन नई दिल्ली द्वारा गद्य रत्न से सम्मानित किया गया है। जिससे नगर के साहित्यकारों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी है। विदित है कि निर्मल नगर निवासी सुरेश की नोटबंदी, निर्भया, एक कवयित्री की प्रेम कथा जैसी एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं और इनकी लघुकथाएं हास्य.व्यंग्य लेख आदि रचनाएं देश व विदेश के शीर्ष पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहीं हैं। सौरभ के सम्मानित होने पर सत्य प्रकाश शिक्षक, श्याम किशोर बेचैन, नंदी लाल, रमाकांत चौधरी, जोगिन्दर सिंह चावला व डा. राकेश माथुर आदि लोगों ने बधाई दी है।

गर्भवती रेप पीड़िता की इलाज के दौरान मौत

बरेली। गर्भवती रेप पीड़िता की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के पिता ने उसके साथ रेप करने वाले गांव के युवक को उसकी मौत का जिम्मेदार बताया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।फ़तेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 17 वर्षीय रेप पीड़िता की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। उसे दोपहर में जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके पिता ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व गांव के रहने वाले बनवारी लाल पुत्र ख्यालीराम ने उसकी बेटी के साथ रेप किया था और बनवारी लाल ने उसकी बेटी को धमकी दी थी कि अगर यह बात उसने अपने पिता को बताई तो वह हम दोनों को मार देगा। लेकिन जब बेटी 5 माह की गर्भवती हो गई। तो यह बात उसके घर वालों को पता चली। उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से कर दी। लगभग एक माह पूर्व पुलिस ने आरोपी बनवारी लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कल दिन में रेप पीड़िता ने पिता के सामने ही रोटी दूध से खाई और इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। पिता ने उसे इलाज के लिए जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। यहीं पर रात लगभग 10 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता ने अपनी बेटी की मौत के लिए बनवारी लाल को जिम्मेदार बताया।

शराब समेत कई गिरफ्तार

फतेहपुर। बिन्दकी पुलिस ने सनी पुत्र गिरजाशंकर कंजड़ निवासी कंचनपुर के कब्जे से 20 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफस्थानीय थाने में मुकदमा आबकारी अधि0 में पंजीकृत किया गया। इसी प्रकार बकेवर पुलिस ने राजकुमार निषाद पुत्र अच्छेलाल निषाद निवासी ग्राम जरियाना मजरे मथुरापुर के कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफस्थानीय थाने में आबकारी अधि0 में मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी ओर चांदपुर पुलिस ने दीपक कुमार पुत्र प्रीतम यादव निवासी ग्राम गोहरारी के कब्जे से 10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके विरूद्ध स्थानीय थाने में मुकदमा आबकारी अधि0 में दर्ज किया।

ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिलकापुर रेलवे लाइन में शुक्रवार की रात ट्रेन से गिरकर लगभग 50 वर्षीय एक अज्ञात अधेड़ की मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

सड़क हादसों में आधा दर्जन घायल

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां एक की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के देवीनगर बाबा का पुरवा निवासी अनिल कुमार पुत्र स्व0 माधव 35 वर्ष अपने रिश्तेदार शिवा पुत्र अरविन्द निवासी करसवां थाना गाजीपुर के साथ मोटरसाइकिल से गाजीपुर से बाबा का पुरवा जा रहे थे। बाइक जैसे ही थरियांव थाने के बहरामपुर रोड पर पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। इसी प्रकार ललौली कस्बा निवासी रामचन्द्र का 30 वर्षीय पुत्र मनोज मोटरसाइकिल से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही वह कौंह से कुछ दूर पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। उधर मलवां थाना क्षेत्र के बकोली गांव निवासी सूर्या का 45 वर्षीय पुत्र मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। इसी प्रकार औंग कस्बा निवासी 65 वर्षीय शिवालाल किसी काम से बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आया था बताते हैं कि वह पैदल जा रहा था इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेन्स ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने मनोज की हालत चिन्ताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया।

सीढ़ी से गिरकर अधेड़ घायल

फतेहपुर। बिन्दकी कस्बा के गांधी चौराहा में शनिवार की सुबह जीने से गिरकर लगभग 48 वर्षीय अधेड़ गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया। जानकारी के अनुसार कस्बा के गांधी चौराहा निवासी मुन्ना का पुत्र भरतलाल आज सुबह लगभग आठ बजे जीने से अचानक गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर बिन्दकी सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत बिगड़ने पर सदर अस्पताल के लिए भेज दिया। यहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने भरतलाल की हालत गम्भीर देख कानपुर के लिए रिफर कर दिया।

ओमनी व ई-रिक्शा की भिड़ंत में आधा दर्जन घायल

बिंदकी (फतेहपुर)। तेज रफ्तार ओमनी कार व ई-रिक्शा में भिड़ंत हो गई। जिसमें 6 लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा। तीन घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की जानकारी होने पर पूर्व शिक्षा मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक घायलों का हालचाल लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। एक घायल को दुर्घटना स्थल से सीधे जिला अस्पताल ले जाया गया। वहीं दो घायलों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शाहबाजपुर गांव में ओमनी व ई-रिक्शा में तेज भिड़ंत हो गई। जिसमें ई-रिक्शा चालक गोरेलाल उम्र 45 वर्ष निवासी रावतपुर थाना जाफरगंज तथा ई-रिक्शा में सवार श्रीमती देवी उम्र 60 वर्ष पत्नी रामदीन निवासी धाने मऊ तथा गुड़िया देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी पन्ना लाल निवासी धाने मऊ कोतवाली बिंदकी तथा ओमनी कार सवार गौरव दुबे तथा महेंद्र साहू दोनों निवासी मोहल्ला विराट नगर कानपुर तथा ओमनी सवार शुभम निवासी बरमदपुर थाना मालवा घायल हो गए। घायल श्रीमती देवी गुड़िया देवी तथा गोरेलाल को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व शिक्षा मंत्री भी पहुंचे। घायलों का हालचाल लिया तथा मौजूद सीएचसी के अधीक्षक डॉ0 सुनील चौरसिया से बेहतर से बेहतर इलाज करने की बात कही। वहीं गंभीर घायल गौरव दुबे को दुर्घटना स्थल से सीधे जिला अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना में घायल शुभम तथा महेंद्र साहू को मामूली चोट लगने पर पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीढ़ी के नीचे गंभीर हालत में मिला युवक

बिंदकी (फतेहपुर)। घर की सीढ़ी में गंभीर हालत में युवक मिला तो हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। गंभीर हालत में युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक घर में अकेले रह रहा था और पिछले 2 दिन से घर से बाहर नहीं निकला था। जानकारी के अनुसार नगर के गांधी चौराहे के समीप निवासी भरत गुप्ता उम्र 48 वर्ष पुत्र मुन्नीलाल गुप्ता अपने घर में काफी दिनों से अकेले रहते हैं। उनकी पत्नी मायके में रहती है। भरत गुप्ता के कोई संतान नहीं है वह चौराहे के समीप ही पान की दुकान खोले हुए है, जिससे उनकी रोजी-रोटी चलती है उनका स्वयं का निजी मकान है। पड़ोसियों ने बताया कि भरत गुप्ता 2 दिन से घर से बाहर नहीं निकले थे। जिसके चलते मोहल्ले के लोगों ने चिंता जाहिर की।

किसान नेता के घर पहुंचे एसडीएम व सीओ

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। दिल्ली बार्डर पर चल रहे चल रहे धरना को लेकर सरकार बराबर किसान नेताओं से वार्ता कर रही है लेकिन कोई नतीजा निकलता नजर नहीं आ रहा है। धरने को सफल बनाने के चलते किसान पुलिस प्रशासन में धूल झोंक कर दिल्ली बार्डर पर पहुंच रहे हैं। जिसके चलते कल हैदराबाद धाना क्षेत्र के गांव अजान में किसान नेता श्री कृष्ण वर्मा के घर गोला उप जिला अधिकारी अखिलेश कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी विजय कुमार मल्ल व प्रभारी निरिक्षक हैदराबाद सुनीत कुमार ने किसान नेता के घर पहुंच कर उनसे वार्ता की। सरकार व शासन का सहयोग करने की अपील की अपील करते हुए अधिकारियों ने किसान नेता से कहा कि सरकार आप के हितों को लेकर काम कर रही है। सरकार के द्वारा जो बिल लाया गया है वह बहुत ही कल्याणकारी है। आप लोग किसी के बहकावे में न आये।

सीडीओ पहुंचे डायट, किया निरीक्षण

● अधीनस्थों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता लखीमपुर-खीरी

मुख्य विकास अधिकारी अरविंद सिंह जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पहुंचे। जहां उन्होंने संचालित डीएलएड कक्षाओं का निरीक्षण कर प्रशिक्षुओं को मार्गदर्शन किया।

सीडीओ ने डायट परिसर में निर्मित हो रहे कक्षा-कक्षों के निर्माण की स्थिति का अवलोकन किया। संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। प्रशिक्षकों हेतु संस्थान के मेस/किचन में तैयार हो रहे जलपान, भोजन व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। संस्थान से सटे खेल मैदान का निरीक्षण कर साफ-सफाई व सुंदरता को देख प्रशंसा की। सीडीओ ने संस्थान में नवनियुक्त शिक्षकों हेतु संचालित दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को शिक्षक बनने शुभकामनाएं देकर बैच के महत्व को समझाया। उन्होंने अपने बीते दिनों को याद कर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल एकेडमी आफ एडमिनिस्ट्रेशन में प्राप्त किए गए आईएएस प्रशिक्षण का जिक्र कर अविस्मरणीय पलो को प्रशिक्षणार्थियों के साथ साझा किया। साथ ही शिक्षकों को उत्साहित करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। शैक्षिक नवाचार को अपनाते हुए आधुनिक विज्ञान की तकनीकों को शिक्षा के क्षेत्र से जोड़ते हुए शैक्षिक क्रियाकलापों को नए रूपों में विकसित कर प्रभावी व आकर्षक बनाए जाने पर जोर दिया। इस दौरान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य ओपी गुप्ता, डाइट के प्रवक्ता व प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

किसानों के शोक में प्रार्थना सभा का आयोजन

गोला गोकर्णनाथ-खीरी। लखीमपुर रोड पर स्थित नानक चौकी पर स्थित शुभम धर्मकांटा पर दिल्ली व सिंधु बार्डर पर बेमियादी धरना के दौरान मारे गऐ किसानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेता शुभम अग्निहोत्री ने बताया कि किसान आज भी निरंतर अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे किसानों को याद करते हुए मैंने कहा कि हम और भारत का हर देशभक्त इस मुश्किल की घड़ी में किसानों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा है। इस देशद्रोही व हिटलर शाही सरकार से मांग करता है कि किसानों की जो भी मांगे है उन्हें मान कर यह तीनों काले कानून वापस लिए जाएं। मेरी आप सभी किसान भाइयों से अपील है कि आप सब इस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें व हमारे किसान भाइयों के हाथों को मजबूत करें।

विवाहिता बेटी को गोली मार कर उतारा मौत के घाट

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के जयसिंह पुर मजरे सनगांव में पिता ने पुत्री को अपनी ही लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। आरोपित ने हत्या कर खुद को पुलिस को सरेंडर कर दिया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी थरियांव घटनास्थल पर पहुँच कर मामले की जांच कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के गांव सनगांव निवासी चन्द्रमोहन यादव ने अपनी 20 वर्षीय पुत्री स्वाती देवी की शादी पिछले वर्ष 29 जनवरी को चकरपुर मंडी के पीछे थाना सचेंडी कानपुर नगर में किया था। दो दिन पूर्व मृतका को देवर गांव छोड़ गया था। पुत्री की हरकत से ऊबकर चंद्रमोहन ने शनिवार की सुबह लाइसेंसी बंदूक से कनपटी में सटाकर गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपित थरियांव कस्बे में ही मेडिकल चलाता है। आरोपी ने बताया कि पुत्री की शादी कर दी थी, उसकी गलत हरकत से क्षुब्ध होकर अपने भाई नरसिंह यादव (फार्मासिस्ट बहुआ पीएचसी) के साथ मिलकर गोली मारकर हत्या कर दी।

मिशन शक्ति और एक गूंज संस्था ने मानव तस्करी भिक्षावृत्ति व बाल श्रम रोकने के बारे में दी जानकारी

संवाददाता। बरेली

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत एक गूंज सेवा समिति ने निकट साहू रामस्वरूप इंटर कॉलेज बांसमंडी में रोजगार परक कोर्स कर रही छात्राओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की संस्थापक सचिव अर्चना सिंह ने कहा कि सरकार लगातार मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता अभियान चला रही है । संस्था भी निरंतर छात्राओं और महिलाओं के बीच जाकर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं की जानकारी दे रही है । उन्होने कहा कि जरूरत पड़ने पर इन नंबरों का प्रयोग करें और अपनी सुरक्षा करें और पढ़ लिख कर खुद को आत्मनिर्भर बने । भेदभाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इससे समाज बट जाता है आधी आबादी पढ़ने लिखने और आगे बढ़ने से वंचित रह जाती है । हमारी बेटियों बहनों माताओं को अन्याय सहना पड़ता है उनके घर वाले ही उनका हक छीनते हैं भेदभाव घर से दूर करें विद्यालय से दूर करें भेदभाव पर चर्चा करें तभी यह मिटेगा भेदभाव जितना कम होता जाता है समाज उतना ही अधिक विकसित और स्वस्थ होता जाता है स्त्रियों के पास भी पुरुषों के बराबर अधिकार है इसलिए सरकार निरंतर प्रयासरत रहती है की भेदभाव ना हो और मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति एवं बाल श्रम के विषय की जानकारी छात्राओं को दी इसी मौके पर सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर नोट करवाएं जिसमें 181 महिला हेल्पलाइन 1090 वूमन पावर लाइन 112 पुलिस सहायता 1098 चाइल्ड लाइन जैसे महत्वपूर्ण नंबर जरूरत पर काम आए । इसी मकसद को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण नंबर सबकी मदद के लिए बनाए हैं । संस्था की जिला उपाध्यक्ष गीता दोहरे ने कहां कि हम सबको पढ़ लिख कर आत्मनिर्भर बनना है और सरकार भी निरंतर बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण लगातार करवा रही है। इस मौके पर मुख्य रुप से संस्था के प्रदेश अध्यक्ष –बंटी ठाकुर, संस्थापकध् सचिव –अर्चना सिंह, जिला उपाध्यक्ष –गीता दोहरे, ज्योति रश्मि, प्रीति रानी, निशा, प्रियंका, मधु पायल, रेनू, प्रीति सक्सेना, निधि सक्सेना नीरू शर्मा रीना गुरु चरण शशांक विनोद आलोक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

समाधान दिवस में पहुंचे डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनीं समस्याएं

बिंदकी (फतेहपुर)। कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। समस्याओं के लिए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने इस मौके पर कोतवाली का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। शनिवार को कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे तथा पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल भी पहुंचे। जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। कई फरियादियों की समस्याएं मौके पर ही निस्तारित कर दी गई। जबकि कई समस्याओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कोतवाली के रजिस्टर और कागजात भी देखें। उन्होंने आगामी समय में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर के भी उचित निर्देश दिए और कहा कि अभी से तैयारी शुरू कर दें। वहीं जिलाधिकारी ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया और कहा कि बेहतर से बेहतर व्यवस्था और सफाई रखी जाए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हर हाल में बेहतर कानून व्यवस्था बनाई रखी जाएगी। इस मौके पर उप जिलाधिकारी प्रियंका, पुलिस क्षेत्राधिकारी योगेंद्र सिंह मलिक, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, एसआई इजहार अहमद, एसआई महेंद्र सिंह, कस्बा प्रभारी रितेश कुमार राय आदि मौजूद रहे।

विभाग की बैठक में सदर विधायक ने समस्याओं से कराया अवगत

फतेहपुर। विधान भवन लखनऊ में आयोजित शहरी नियोजन विभाग की बैठक में सदर विधायक विक्रम सिंह ने नगर विकास के प्रमुख सचिव दीपक कुमार से मिलकर जनपद पेयजल पुनर्गठन पेयजल योजना एवं पाइप लाइन विस्तार एवं गृह संयोजन के सम्बन्ध में पत्र देकर अवगत कराया कि-फ्तेहपुर पेयजल पुनर्गठन पेयजल योजना के सम्बन्ध में-अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त परियोजना की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश द्वारा प्रदान की गयी है, स्वीकृति लागत रू. 1224.47 लाख है। उक्त कार्य की निविदित लागत रू. 1033.19 लाख है। बैठक में अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम फ्तेहपुर द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना के अन्तर्गत गृह संयोजन-2462 नग, नलकूप-5 नग, उच्च जलाशय-5 नग तथा वितरण प्रणाली-40.24 कि.मी. प्रस्तावित है। योजना में प्रस्तावित कार्य 05 पैकेजो में विभाजित करके कराये जा रहे है। अनुबन्धित लागत के सापेक्ष कुल प्रस्तावित कार्यो की लागत रू. 980.11 लाख आंकलित की गयी है, जिसके अनुसार अनुबन्धित लागत में रू. 53.64 लाख की बचत होगी। जिस क्षेत्र में यह कार्य कराये गये है इनकी कुछ गलियों में पाइप लाइन न ही स्वीकृत परियोजना में प्रस्तावित है और न ही पूर्व से पाइप लाइन पडी हुयी है। परियोजना की बचत से छूटे हुये क्षेत्रों में 4139 मी0 नई पाइप लाइन डाल कर 453 नग गृह संयोजन कराये जा सकते है। इस कार्य को परियोजना में स्वीकृत लागत की बचत से कराये जाने हेतु प्रकरण एसएलटीसी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। फ्तेहपुर पाइप लाइन विस्तार एवं गृह संयोजन के सम्बन्ध में-अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत उक्त परियोजना की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश द्वारा प्रदान की गयी है, स्वीकृति लागत रू. 663.71 लाख है। उक्त कार्य की निविदित लागत रू0 481.82 लाख है।

कोरोना वैक्सीन के ड्राई रन में जल्दबाजी अच्छी नहीं: अखिलेश

● किसानों की मांग जायज, वापस होने चाहिए कानून

संवाददाता। फतेहपुर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कोरोना वैक्सीन के ड्राई रन प्रायोजन पर सवाल खड़े किए है। उन्होंने कहा कि जब यह वैक्सीन का चिकित्सीय परीक्षण पूर्ण नहीं हो पाया है तो फिर सरकार को इस अभियान की इतनी जल्दी क्यों। इसके पूर्व जनपद सीमा आगमन होने पर दतौली गांव में जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी आयास शाह विधानसभा श्रीमती रीता प्रजापति के नेतृत्व में व विशंभर निषाद के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। साथ में तनवीर हैदर नकवी, सउद अहमद, राजेंद्र निषाद, शिव सिंह, पिंटू यादव, ओम मिश्र, काका भदौरिया, कल्लू लोधी, नरेश प्रजापति, भूपेंद्र, अखिलेश यादव आदि स्वागत के लिए उपस्थित रहे। वहीं इसके बाद जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में जोरदार स्वागत जनपद के राधा नगर इलाके में कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भाजपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि जब दीपक का तेल खत्म होने को होता है तो लौ तेज हो जाती है। अब यही हाल भाजपा का है, झूठ के सहारे चलने वाली यह सरकार अब अपने अंतिम दौर में है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि यह जुमलेबाजो की सरकार है और वह जुमला अब जनता को साफ दिखाई पड़ रहा है। एक सवाल के जवाब में कि चित्रकूट दर्शन करने गए थे क्या मांगा तो उन्होंने कहा कि चित्रकूट में उन्होंने कामतानाथ बाबा से प्रार्थना की है कि पार्टी की सरकार बनाइए तो सभी संतो ने कह दिया है कि सपा की ही सरकार बनेगी। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि आने वाला समय सपा का है और जिस तरीके से जगह-जगह पर भारी मात्रा में कार्यकर्ता उनका स्वागत कर रहे हैं, इससे साफ जाहिर होता है कि कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है, गजब की ऊर्जा है और यही ऊर्जा सरकार बनाने का काम करेगी। इस दौरान कोरोना वैक्सीन के सवाल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना जैसी बीमारी से अमेरिका में बहुत लोगों की मौत हुई है। इस बीमारी को नकारा नहीं जा सकता। इस अवसर महामंत्री देवीगुलाम कुशवाहा, पूर्व सांसद अशोक पटेल, हाजी रजा, मो0 आजम, चंद प्रकाश लोधी, जितेंद्र यादव सोनू, सतीश राज, अरुण यादव, संगीता राज पासी, जगदीश सिंह चौहान, रामेश्वर दयाल दयालु, जेपी यादव, प्रतियोग प्रताप सिंह बेटू आदि लोग मौजूद रहे।

अधेड़ को पेट्रोल डालकर फूंका

● मृतक के पुत्र ने मां-बेटे के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

● पुलिस चौकी नंदना क्षेत्र के गांव दौलतपुर की है घटना

संवाददाता। घाटमपुर

कोतवाली क्षेत्र के गांव दौलतपुर (नंदना) में एक दलित को कुछ लोगों ने बेरहमी से पिटाई के बाद पेट्राल डाल कर जला दिया। इस संवन्ध में मृतक के पुत्र ने पडोसी गांव संन्तोषपुर निवासी अमित व उसकी माँ के खिलाफ हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना को लेकर जहाँ शक की सुई अवैध संवंन्धों की ओर इसारा कर रही।

वहीं पुलिस जांच करने की बात कह अपना पल्ला झाड़ रही है। बताया जाता है कि रोज की तरह गांव निवासी शिवशंकर संखवार (54) पुत्र चन्दीलाल अन्ना मवेशियों से फसल की रखवाली के लिये खेतों गया था पत्नी सुशीला ने पुलिस को बताया कि सबेरे वो जब घर नही आये तो खेतों जाकर उनकी तलाश की गयी तो बगल के खेत में अधजला शव पड़ा मिला। जानकारी के बाद चौकी प्रभारी नंदना अवधेश अवस्थी तथा कोतवाली प्रभारी संजीव सिंह मौके पर गये और घटना के बावत परिजनों के साथ गांव वालों से भी पूछतांछ की,सीओ रबि कुमार सिंह तथा फारेंसिक टीम भी मौके पर जाकर सबूत तलाशे। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर घटना के बावत पूछतांछ की। मृतक के पुत्र सतीश ने पड़ोसी गांव निवासी अमित कुशवाहा और उसकी माँ पुतान देवी के खिलाफ हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है। सतीश ने पुलिस को ये भी बताया कि तीन दिन पहले आरोपी लोगों से झगड़ा हुआ था जिसकी शिकायत चौकी में की थी लेकिन चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था।

रंजिश में युवक को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

फर्रूखाबाद। राजेपुर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर पंजाब से घर आये एक 35 वर्षीय युवक को उसके विरोधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस ने बताया कि राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जसूपुर का निवासी गंगाराम उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र रामकिशोर पिछले करीब दो वर्षों से पंजाब में प्राइवेट नौकरी कर रहा था। 08 जनवरी 2021 को युवक गंगाराम सुबह अपने बहनोई इतनेश कुमार निवासी ग्राम भरखा के यहां पहुँचा और सायंकाल करीब 05 बजे गंगाराम जब अपने घर जसूपुर गया। तो दोवर्ष पहले गांव में उससे झगड़ा करने वाले सुखेन्द्र और उसके साथी राकेश ने उसे घेरकर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के अनुसार गम्भीर रूप से घायल युवक गंगाराम को डायल-112 पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया और जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर उसे फर्रूखाबाद के डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल भेजा गया और यहां से भी उसे सैफई के लिये रेफर कर दिया गया। इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने गांव के ही सुखेन्द्र व उसके साथी राकेश को हत्यारोपी नामजद किया और आज शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

बरुआ और केवाना में पंचायत निधि से निर्मित कार्यों का हुआ लोकार्पण

● जनसभा में बोले ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह, मान सम्मान स्वाभिमान से बढ़कर हैं मेरे अपने

नवाबगंज उन्नाव। नवाबगंज ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों में तीन दर्जन से अधिक पंचायत निधि से निर्मित विकास कार्यों का विधायक बृजेश कुमार रावत और नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने शनिवार को उद्घाटन कर पंचायत घर सामुदायिक शौचालय पक्की सड़कें जनता को समर्पित किया।

प्राथमिक विद्यालय केवाना में विद्यालय की बाउंड्री वॉल भी विकास कार्यों में सम्मिलित है। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधान द्वारा प्रतिनिधियों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया तो वही विधायक बृजेश कुमार रावत ने जनता से संवाद स्थापित करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों में सीधे पहुंच रही है या नहीं इसकी जानकारी ली। कहा किसानों को उनके सम्मान के तौर पर भारी भरकम योजना के अंतर्गत 2000 हमारी सरकार द्वारा देने का काम किया जा रहा है। भाजपा की सरकार में बिना भेदभाव जो पिछले 50 सालों में नहीं हुआ वो विकास का परिवर्तन महज 6 वर्षों में धरातल पर दिखने लगा है। जिसे राजनीतिक दल पचा नहीं पा रहे हैं।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अरुण सिंह ने दोनों ही ग्राम सभा के निवर्तमान प्रधानों को उनके द्वारा किए गए विकास के कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी और सम्मानित भी किया। इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने कहा भाजपा कहती है पूर्व की सरकार में जो 65 वर्षों में नहीं हुआ वो महज 6 वर्षों में देखने को मिल है। इसी तरह मैं कहता हूं नवाबगंज ब्लॉक में भी जो विकास कार्य पिछले 50 सालों में नहीं हुए वह हमारे कार्यकाल के दौरान देखने को मिल रहे हैं। कहा प्रत्येक क्षेत्र में विकास के कार्य हुए हैं पहले की तरह कागजों पर खड़ाजा नहीं लग रहे सब कार्य धरातल हो रहे हैं।

क्विक न्यूज

ट्रक से कुचलकर छात्रा एएनएम की मौत, पिता घायल

फर्रूखाबाद। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र में एक एएनएम की छात्रा ट्रक से कुचलकर घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि मोटरसाइकिल चालक मृतका का पिता बाल-बाल बच गया। पुलिस ने बताया कि मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर मद्रा की मढैया की निवासिनी 23 वर्षीय प्रियंका पुत्री रामनिवास जो यहां के मेजर एस डी कॉलेज के एएनएम (नर्स) की छात्रा थी। शनिवार प्रातः करीब 09 बजे अपने पिता रामनिवास के साथ घर से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर शहर के डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में अप्रिटिस करने के लिये जैसे ही निकली कि जसमई-सिरोली मार्ग पर मोटरसाइकिल के अचानक फिसलने से छात्रा सड़क पर नीचे जा गिरी। तभी इसी दौरान तेज रफ्तार वाले एक ट्रक ने उसे कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी और मृतका का पिता बाल-बाल बच गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने ट्रक को चारों ओर से घेर लिया और ट्रक चालक की पिटाई कर दी। दुघटना करने वाले चालक की पिटाई की सूचना पर पहुँची पुलिस ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर ट्रक व उसके चालक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

मृत व्यवसायी के परिजनों को सांसद ने दी सांत्वना

अम्बेडकरनगर। संतकबीरनगर संसदीय क्षेत्र के सांसद इ.प्रवीण कुमार निषाद शुक्रवार की शाम आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के देवरिया बुजुर्ग गांव स्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य दिलीप चौरसिया के पिता दिवंगत पान व्यवसायी रामदेव चौरसिया के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर शोकसम्वेदना व्यक्त किया ।सांसद सन्तकबीरनगर ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बधाते हुए हर संभव सहयोग एवं मदद का भरोसा दिलाया।उक्त मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्ण भगवान मिश्र आनंद तिवारीदुर्गेश पाण्डेय,, अभय सिंह मोनू, विकास तिवारी ,रामचन्दर चौरसिया, अनिल चौरसिया, सुनील चौरसिया सहित कई अन्य लोग रहे मौजूद।

अमित कुमार बने कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

अम्बेडकरनगर। जिले में राजनीतिक परिदृश्य से लगभग ओझल चल रही कांग्रेस ने अपने जिला अध्यक्ष को बदलते हुए युवा के हाथों में कमान सौंपी है। पूर्व में युवक कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके अमित कुमार वर्मा उर्फ जितेंद्र भैया को कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी है। पार्टी नेतृत्व द्वारा राम कुमार पाल को अचानक जिला अध्यक्ष पद से हटाए जाने से पार्टी में चर्चाओं का बाजार भी गरम हो गया है हालांकि रामकुमार पाल को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही एक धड़ा उनका पुरजोर विरोध करता चला आ रहा था। जिलाध्यक्ष बनने के बाद राम कुमार पाल ने अभी तक ब्लाक कमेटियों तक का गठन नहीं किया था जिससे उनकी कार्य क्षमता पर सवाल भी उठने लगे थे।

प्रशिक्षण में जो सीखा है, उसका प्रदर्शन अब क्षेत्र में आप सबको करना है: जिलाधिकारी

फतेहपुरचौरासी/कालीमिट्टी उन्नाव। प्रशिक्षण में जो सीखा है, उसका प्रदर्शन आज के बाद अब क्षेत्र में आप सबको करना है। आप जब अपने क्षेत्र में जाएंगे तो क्षेत्र में पहुंचकर वर्तमान परिस्थितियों में आपकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण हो चुकी है यह जब क्षेत्र में जाएंगे तो आपको देखने को मिलेगा। उक्त उद्गार जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने आज गुलाब सिंह लोधी पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय राजीवपुरम में पासिंग आउट परेड की सलामी ग्रहण करते हुए आयोजित दीक्षांत समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस में उप निरीक्षक बने 143 जवानों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में आप पुलिसिंग का काम तो करते ही हैं। इसके अलावा अपराध नियंत्रण के साथ अन्य कार्य भी करते हैं। आज की स्थिति में आपको देखने को मिलेगा कि आपको पुलिसिंग के अतिरिक्त भी बहुत ऐसे कार्य करने हैं जिसका एक समाज में बहुत अच्छा संदेश जाता है। उन्होंने कोविड-19 के समय पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों के कार्यो की सराहना करते हुए कहा आप सब ने जो अदम्य साहस और कर्मठता सहानुभूति समरसता दिखाई वह न केवल अपने देश में बल्कि अन्य देशों में भी उसे सराहा गया है। कहा जब लोगों को घर से निकलने में डर लग रहा था, उन परिस्थितियों में हाटस्पाट कंटेनमेंट जोन में

हमारे पुलिस विभाग के सिपाही, निरीक्षकों ने 24 घंटे ड्यूटी कर एक कीर्तिमान कायम किया है। उन्होंने कहा पासिंग आउट परेड के बाद जब क्षेत्र में जाएंगे तो आप न केवल नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे बल्कि अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करेंगे। प्रशिक्षण महाविद्यालय के पुलिस उपाधीक्षक तारकेश्वर पांडे ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन करते हुए दीक्षांत परेड समारोह का संचालन करते हुए बताया कि प्रशिक्षण के लिए 145 कमांडर आए थे। जिनमें 143 पास हुए हैं, 2गैरहाजिर पाए गए। सभी कमांडरो को 1 साल के कठिन परिश्रम और मेहनत के बाद उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस में उप निरीक्षक के रूप में शामिल हो गए है। दीक्षांत समारोह में जिलाधिकारी द्वारा सभी विषयों मे सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले अंकित शर्मा उप निरीक्षक को प्रथम स्थान, प्रशिक्षु शुभम सहित 22 प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया। प्रतिसार निरीक्षक संदीप यादव, मुख्य प्रशिक्षक सूबेदार, रामपाल, प्रांगण की साज सज्जा शाहिद द्वारा की गई।

किसानों के साथ खड़ी है आप: जितेन्द्र

● 'आप' यूपी में आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में 403 प्रत्याशियों को चुनाव उतारेगी मैदान में

फर्रूखाबाद। दिल्ली सरकार के पूर्व कानून मंत्री एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि आम आदमी पार्टी, किसानों के लिये बनाये गये तीनों काले केन्द्रीय कृषि कानूनों के मामले को लेकर आन्दोलन कर रहे किसानों के साथ खड़ी है।

श्री तोमर ने शनिवार को दोपहर करीब 01:30 बजे शहर से गंगा पांचालघाट जाने वाले मार्ग पर ग्राम चांदपुर के समीप में स्थित एक गेस्ट हाउस में ''भ्रष्टाचार के खिलाफराजनैतिक क्रांति के बैनर तले जन संवाद कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होने दावे के साथ कहा कि आम आदमी पार्टी, किसानों के लिये बनाये गये तीनों काले केन्द्रीय कृषि कानूनों के मामले को लेकर आन्दोलन कर रहे किसानों के साथ खड़ी है। भाजपा की केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि किसानों के लिये केन्द्र सरकार ने तीन कृषि कानून अडानी-अम्बानी को लाभ पहुँचाने के लिये बनाए ऐसे में सरकार को इन कृषि कानूनों को वापस ले लेना चाहिए और जागरूकता के साथ आवाज उठाने वाले किसानों की बात सुननी चाहिए। उन्होने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली सरकार मॉडल की तर्ज पर ही उत्तर प्रदेश में आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में 403 प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्षों के साथ ही बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिये यूथों को आगे बढ़ाया जा रहा है। श्री तोमर ने बताया कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने के बाद आज तक आम जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया, बिजली, पानी के बिल माफी के बाद भी व्यापारियों को उनके उद्योग धंधों को बढ़ावा देने के लिये पूर्व सरकार में ही 12 प्रतिशत के टैक्स वसूली को घटाकर सात प्रतिशत कर दिया गया। जिससे दिल्ली के आम नागरिकों ने दूसरी बार 63 ''आम आदमी पार्टी'' के विधायकों को चुनकर पुन: सत्ता को सौंपी है। कोरोना वायरस के एक प्रश्न पर श्री तोमर ने कहा कि वैकसीन किसी पार्टी व धर्म की नहीं होती है दवाई होती है। दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवल ने दिल्ली के दो करोड़ निवासियों को फ्री में कोरोना वैक्सीन उपलब्ध कराने की घोषणा की है जबकि भाजपा की केन्द्र सरकार ने मात्र कोरोना वायरस पीड़ितों को फ्री वैक्सीन उपलब्ध कराने के अलावा सभी से पैसा लेने के बाद उपलब्ध कराने की घोषणा की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा, जिला महासचिव राज गौरव पाण्डेय, जिला मीडिया प्रभारी गौतम कश्यप आदि पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

परसुआ मंदिर के भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

एरवा कटरा/औरैया। विकास खण्ड एरवा कटरा के ग्राम परसुआ में जनकल्यालेश्वर मंदिर ए कंचन धाम पर चल रहे तीन दिवसीय नौ कुण्डीय महायज्ञ के पश्चात आज चौथे दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के दर्जनों गांव की हजारों भक्त गणों ने प्रसाद छका। ज्ञातव्य हो कि विकासखंड एरवाकटरा के परसुवा गांव में जनकल्याणेश्वर मंदिर पर तीन दिनों से लगातार महायज्ञ का कार्यक्रम चल रहा था। तीन दिवसीय महायज्ञ का कार्यक्रम विधिवत संपन्न होने के बाद आज चौथे दिन महायज्ञ पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास क्षेत्र के दर्जनों गांव को सपरिवार आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम संयोजक पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर श्री प्रकाश चंद्र यादव नेघर पर भी भंडारे के दिन चूल्हा नहीं चलेगा। सभी लोग भंडारे में आकर ही प्रसाद ग्रहण करेंगे।

कार्यक्रम संयोजक श्रीप्रकाश चन्द्र यादव के इस आवाहन पर आज एक दर्जन गांव से हजारों की तादाद में महिला ए पुरुष और बच्चे भंडारा छकने पहुंचे। आयोजक गणों की ओर से भंडारा परोसने के लिए बनाई गई भक्तों की टोलियों ने महायज्ञ पंडाल में आए सभी श्रद्धालुओं को पूरी श्रद्धा भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कराया। भंडारे का यह कार्यक्रम आज शनिवार को प्रात: 9:00 बजे महायज्ञ में

पूर्णाहुति के साथ ही शुरू हो गया था। सबसे पहली आसपास की गांव की कन्याओं को भंडारे में आमंत्रित किया गया था। कन्याएं प्रसाद ग्रहण करती जाती थी और पीछे पीछे कार्यक्रम के आयोजक पूर्व पुलिस इंस्पेक्टर श्री प्रकाश चंद्र यादव कन्याओं को दक्षिणा देकर उनका आशीर्वाद लेते जाते थे। सुबह 10:00 बजे से शुरू हुआ यह भंडारा रात्रि 9रू00 बजे तक अनवरत चलता रहा जिसमें आसपास के दर्जनों गांव की हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। भंडारे की व्यवस्था संभालने में कार्यक्रम संयोजक श्रीप्रकाश चन्द्र यादव के अतिरिक्त नरेन्द्र सिंह, डॉ. समीर यादव, यशेंद्र यादव, ऋषि यादव, सुभाष बाजपेई, शिवमंगल यादव, राजीव यादव, कुलदीप यादव उर्फ पंजाबी, यशेंद्र यादव आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

डीएम व एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

कनपुर देहात। डीएम ने एसपी के साथ शनिवार को जिलाकारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आलाअधिकारियों ने कोरोना से बचाव के लिये किये गये उपायों की जानकारी ली।

जनपद में अचानक कोरोना के मामलों में आयी उछाल को देखते हुये डीएम डा0 दिनेशचन्द्र ने एसपी केशव कुमार चौधरी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। जिला कारागार के अन्दर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुये दोनों आलाअधिकारियों ने बन्दीगृह में बैरक व भोजनालय का निरीक्षण किया दोनों आलाअधिकारियों ने जेल के भीतर कोरोना बीमारी से बचाव के लिये किये गये उपायों की जानकारी ली। कोरोना सहित अन्य खामियों पर सुरक्षा के लिये दिशा निर्देश जारी किये गये।

डीएम व एसपी ने अकबरपुर थाने में समस्याएं सुनीं

कनपुर देहात। शनिवार को थाने पर आयोजित किये जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मौके पर पहुँच कर लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना तथा समस्याओं के निस्तारण के निर्देश अधीनस्थों को दिये। अकबरपुर कोतवाली में आयोजित थाना सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम डा0 दिनेशचन्द्र व एसपी केशव कुमार चौधरी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। अधीनस्थों को फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु मौके पर तत्काल जाने के निर्देश दिये। डीएम व एसपी ने इस दौरान कोरोना से बचाव के लिये शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के पालन का निर्देश दिया। दोनों अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का प्रयोग व सोशल डिस्टेसिंग अपनाने का आमजनमानस से आवाहन किया।

खुशखबरी: कानपुर-आनन्द बिहार 17 को फर्रुखाबाद जंक्शन होकर चलेगी

फर्रूखाबाद। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन होकर आगामी 17 जनवरी 2021 से एक जोड़ी साप्ताहिक प्रत्येक रविवार को कानपुर सेन्ट्रल-आनन्द बिहार के मध्य चलेगी।

रेल ने बताया कि लॉकडाउन के बाद सामान्य रूप से बन्द ट्रेनों का संचालन रेलवे बोर्ड के निर्देश पर स्पेशल ट्रेनों में पूजा, त्योहार आदि के रूप में शुरू की गई। इसी क्रम में रेलवे बोर्ड के निर्देश पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मण्डल के कानपुर-फर्रूखाबाद बायां फर्रूखाबाद होकर आनन्दबिहार के मध्य प्रत्येक रविवार को चलने वाली 14151/14152 के स्थान पर रेलवे बोर्ड के निर्देश पर नया नम्बर 04161/04162 अब रेलयात्रियों के लिये अब आगामी 17 जनवरी 2021 से चलेगी। सूत्रों के अनुसार कानपुर

सेन्ट्रल से स्पेशल साप्ताहिक प्रत्येक रविवार को 04161 स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन प्रात: 07:50 बजे रवाना होगी। जो फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर 10:55 बजे आएगी और 11:20 बजे आनन्दबिहार के लिये रवाना हो जायेगी। इसी क्रम में 04162 साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन प्रत्येक रविवार को आनन्द बिहार से रात्रि 20:45 बजे रवाना होगी और फर्रूखाबाद जंक्शन स्टेशन पर दूसरे दिन तड़के 02:35 बजे पहुँचेगी और यहां से 02:55 बजे कानपुर सेन्ट्रल के लिये रवाना हो जायेगी।

युवाओं के राज्यस्तरीय सर्वोच्च अवार्ड से सम्मानित होंगे प्रवीण

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

वर्ष का प्रारंभिक महीना जनपद के लिए खुशियां लेकर आया है। इस वर्ष 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा जनपद के युवा सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गुप्ता को युवाओं के राज्यस्तरीय सर्वोच्च सम्मान से अलंकृत करने का निर्णय लिया है।

इसकी जानकारी महानिदेशक युवा कल्याण विभाग-उत्तरप्रदेश सरकार की ओर से निर्गत पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई है। लोगों को यह जानकारी मिलने पर प्रवीण को बधाई देने का सिलसिला चल पड़ा है। जनपद के इतिहास में नित नए कीर्तिमान जोड़ने वाले युवा प्रवीण के बारे में बताते चलें कि इससे पूर्व वर्ष 2017 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय-भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश की ओर से एकलौते युवा प्रतिनिधि के रूप में चयनित होकर श्रीलंका दौरे पर गए यह जनपद को प्राप्त पहला अवसर था कि भारत सरकार द्वारा किसी को प्रतिनिधित्व हेतु चुना गया।

इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी व राजकीय कार्यों में सहयोग में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने के कारण पिछले वर्ष 2020 में शासन के निर्देश पर जनपद का ''यूथ आइकॉन (युवा आदर्श)'' घोषित किया गया।

बिना किसी भेदभाव के जनपद में कार्यरत सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के साथ समतावादी दृष्टिकोण के साथ बिना किसी भीड़भाड़ के साधारण तौर-तरीके से सभी के साथ स्वैच्छिक एवं नि:शुल्क सहयोग करने वाले युवा प्रवीण की सादगी एक मिसाल है। बीते 10 वर्षों से युवा सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर विशिष्ट स्थान बनाने वाले युवा प्रवीण द्वारा व्यक्तिगत प्रयासों से जिस प्रकार जनपद में वैज्ञानिक दृष्टिकोण उन्नयन हेतु शिक्षा विभाग के साथ मिलकर वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रमों की जो श्रृंखला प्रारम्भ की गई वह अद्वितीय रहा जिसके परिणामस्वरूप जनपद की दर्जनों प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच मिला। इसके अलावा आवश्यकतानुसार रक्तदान शिविर आयोजित कर वास्तविक जरूरतमंदों की सेवा का जो बीड़ा उठाया वह अनवरत आज भी जारी है। अबतक स्वयं 16 बार रक्तदान कर अपने साथियों के माध्यम से सैकड़ों नि:सहाय मरीजों व जरूरतमंदों की सेवा का एक मिसाल कायम किया है। इन सबके अलावा पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यापक वृक्षारोपण के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में युवा प्रवीण द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाने के कारण राज्य सरकार द्वारा इनके कार्यों का परीक्षण कर युवाओं के राज्यस्तरीय सर्वोच्च पुरस्कार से अभिभूषित करने का निर्णय लिया है।

कर करेत्तर की समीक्षा बैठक में डीएम ने राजस्व बढ़ाने के दिये निर्देश

उन्नाव। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में कल देर शाम विकास भवन सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान राजस्व से सम्बंधित अधिकारियों से राजस्व वसूली, सी0आर0ए0 आफिस से राजस्व वसूली आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्य पूरी तरह संतोष जनक होने चाहिये। जो भी कार्य हो लक्ष्य के सापेक्ष्य हो, जो कार्य अधूरे हैं उन्हें भी समय से पूरा करा लिया जाए। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व वादों, स्टाम्प वादों के निस्तारण का विवरण, जमींदारी अधिनियम की धारा-198 ए के अन्तर्गत की गयी कार्यवाही, कृषि भूमि का आवंटन, आवास स्थल आवंटन की प्रगति का विवरण, विभिन्न न्यायालयों में दायर वादों का निस्तारण, आवासीय भूमि का आवंटन, सहित राजस्व अभिलेखागार आदि बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। उन्होंने आबकारी अधिकारी को प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निद्रेश देते हुए कहा आबकारी के अंतर्गत आने वाली दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जाए तथा अवैध शराब को पकड़ने के लिए रणनीति तैयार कर कार्य वाही की जाय। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली समीक्षा करते हुए कहा कि जिन तहसीलों में राजस्व वसूली संतोषजनक नहीं है वहां वसूली 01 सप्ताह में पूरी कर ली जाए। उन्होंने आईजीआरएस के मामले में प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने को कहा।

प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह हो चुकी है ध्वस्त: प्रदेश शिवसेना प्रमुख

कायमगंज/फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त चुकी है। जिसे देखकर ऐसा लग रहा है, मानो यहां जंगलराज कायम हो चुका है। यह बात आज शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अनिल सिंह ने कहते हुए भाजपा प्रदेश सरकार की नीतियों पर कई तरह के सवालिया निशान दागे। बे आज अपने भ्रमण के दौरान शिवसेना के गल्ला मंडी चौराहा स्थित कायमगंज नगर कार्यालय आए थे। जहां उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट की तथा पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय अराजकता का माहौल बनता जा रहा है। इसे देखकर महसूस होने लगा है कि पूरे प्रदेश में जंगलराज कायम हो चुका है। शिवसेना नेता ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जिस खाकी वर्दी को निष्पक्षता पूर्वक कानून व्यवस्था के

लिए काम करना चाहिए। वहीं पुलिस सत्ताधारी लोगों के इशारे पर काम करते हुए विरोधियों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है। पूरे प्रदेश में चोरियों ,लूट तथा महिलाओं के साथ अभद्रता यहां तक कि गैंगरेप जैसे मामले बढ़ते चले जा रहे हैं ।और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। प्रदेश प्रमुख ने कहा कि इसी का परिणाम है कि जनपद बदायूं में एक महिला के साथ घिनौनी हरकत की गई। उनका दल ऐसे कृत्यों की घोर निंदा करता है। उन्होंने बताया कि बे यहां से सीधे जनपद बदायूं ही जा रहे हैं। जहां पहुंचकर इस जघन्य कांड के बारे में अपने पार्टी जनों से सत्यता का पता लगाने के तुरंत बाद राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की मांग करेंगे। इसी के साथ उन्होंने स्पष्ट किया कि शिवसेना त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में पूरी दम के साथ अपने प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। इसके लिए पार्टी स्तर पर हर जगह समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी रणनीति के तहत जनपद फर्रुखाबाद में भी पार्टी पंचायत चुनावों में हर सीट पर प्रत्याशियों को चुनाव अवश्य लड़ाएगी। कायमगंज के बाद शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह का काफिला जनपद बदायूं के लिए रवाना हो गया। इस अवसर पर उनके साथ संगठन की प्रदेश महिला महामंत्री नाजिया खांन, जिला प्रमुख कन्नौज मनोज गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ फुरकान खांन, जिला अध्यक्ष डिप्टी परमार, कायमगंज नगर प्रमुख मंसाराम गुप्ता एवं संदीप कौशल, मैगी कौशल, कल्लू गुप्ता, बंटी राजपूत, नन्हे राजपूत आदि पदाधिकारी तथा सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

'बरगला रही केंद्र सरकार पर जीतेंगे किसान ही'

संवाददाता। बांदा

- प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त, अपराधी खुलेआम कर रहे अपराध
- बेरोजगारी का दंश झेल रहे है युवा सरकार को नहीं फिक्र

भाजपा की केंद्र सरकार किसानों से लगातार झूठ बोलकर बातचीत के नाम पर उलझाए रखना चाहती है। सरकार किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं देना चाहती है। लेकिन सरकार व किसानों के बीच चल रही इस लडाई में आखिर में जीत किसानों की होगी। यह बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

जनपद दौरे के दूसरे दिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी बीपी यादव के पुत्र अनिल यादव के आवास पर पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने किसानों की सरकार के साथ बैठक के सवाल के जवाब में कहा कि किसान और सरकार के बीच बातचीत एक बार फिर फेल हो गयी है। भाजपा की केंद्र सरकार किसानों से लगातार झूठ बोलकर बातचीत के नाम पर उलझाए रखना चाहती है। सरकार किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं देना चाहती है। उन्होंने कहा कि कानपुर के एक किसान का धान नहीं बिका तो उसने धान पर आग लगा दी। इसी तरह बुंदेलखंड में किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं मिल रहा है। बुंदेलखंड में जहां किसान कर्ज के कारण आत्महत्या कर रहा है वहीं पर्याप्त न होने व उपज का मूल्य न मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर हो रहा है। यही कारण है कि किसान अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसानों की लडाई में समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी किसानों के साथ हर समय तैयार है। कहा कि किसानों और सरकार की इस लडाई में अंत में किसानों की जीत होगी। अखिलेश यादव ने कहा कि हाल ही में समाजवादी पार्टी ने किसान घेरा कार्यक्रम चलाया था। अब युवा घेरा अभियान चलाया जायेगा। कहा कि प्रदेश की सरकार ढिंढोरा पीट रही है कि डिफेंस कारिडोर बनाकर युवाओं को नौकरी दी जायेगी। लेकिन अभी तक यह नहीं भी नहीं पता चला है कि सरकार कहां पर डिफेंस कारिडोर बना रही है। इसके लिए कितनी जमीन खरीदी है उसकी क्या प्रगति है। कहा कि प्रदेश की सरकार झूठ बोलकर बेरोजगार युवकों को गुमराह कर रही है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे है। कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। आम जनता में भय व्याप्त है। सरकारी मशीनरी में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। योजनाओं के नाम पर प्रदेशवासियों से अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा लूट की जाती है। जनपद में अवैध खनन व अवैध परिवहन के सवाल पर उन्होंने कहा कि बांदा जनपद में लाल सोने की लूट मची हुयी है। आये दिन अवैध खनन तथा परिवहन को लेकर समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होती है। लेकिन शासन व प्रशासन बालू माफियाओं को खुली छूट दिये हुये है। इस दौरान महोबा के पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी प्रकार बांदा के महफूज खां भी अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुये। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार लोगों को घर.घर जाकर जोडेगी और वर्ष 2022 में प्रदेश में एक बार फिर से सरकार बनायेगी। इस दौरान सपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ जनपद के वरिष्ठ सपा नेता शेखर शर्मा जिलाध्यक्ष विजय करण यादव पूर्व विधायक विशंभर सिंह यादव सुशील त्रिवेदी अभिलाष यादव निर्भय सिंह मोटी अचिन खरे ओम नारायण त्रिपाठी पीयूष गुप्ता अशोक सिंह गौर अशोक बागवानी सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

काफिला रोक ग्रामीणों ने गिनाईं समस्याएं

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का काफिला रोककर ग्रामीणों ने आपबीती सुनाई। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए उनकी समस्याओं को दूर कराने की बात कही। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का काफिला देहात कोतवाली अंतर्गत ग्राम कुलकुम्हारी के एक सैकडा से अधिक लोगों ने अतर्रा रोड नवाब टैंक के पास रोक लिया। ग्रामीणां ने सपा शीर्ष नेतृत्व से अपनी समस्याओं को बताते हुए उनके निराकरण की गुहार लगायी। बताया कि बीते 4 जनवरी को एक ओवरलोड बालू से भरे ट्रैक्टर ने 12 साल के मासूम बच्चे को रौंद दिया था। चार दिन बाद भी पुलिस घटना के आरोपियों के खिलाफउनकी नहीं सुन रही है। इसी प्रकार अन्य समस्याओं से भी ग्रामीणों ने उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों की बात सुनने के बाद अखिलेश यादव ने उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निकारण कराने का आश्वासन दिया।

सरकार बनी तो हम भी बुलडोजर चलवाएंगे: अखिलेश

बांदा। शुक्रवार शाम यूपी के बांदा पहुंचे यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पत्रकारों से बातचीत में दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन बदायूं कांड बुलंदशहर जहरीली शराब और कोविड वैक्सीन समेत कई विषयों पर मोदी और योगी सरकार पर जमकर तंज कसे। साथ ही कहा कि भाजपा वाले चुन चुन कर इमारतों में बुलडोजर चलवा रहे हैं हमारी सरकार बनने पर हम भी इनके घरों में बुलडोजर चलवाएंगे। आगे उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था पर रू यूपी पुलिस सरकार के इशारे पर गलत काम कर रही है यह ठोंकने वाली पुलिस है। पत्रकार भाई भी सावधान रहें। सच दिखाने पर आपकी एप्लीकेशन पहले से रखी है बस आपका नाम चढ़ना है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। कोर्ट सवाल उठा रहा है कि क्या यह जंगलराज नहीं है ।

कोविड वैक्सीन पर: वैक्सीन से हमें शिकायत नहीं हैं साइंटिस्ट से शिकायत नहीं है। लेकिन इधर जो तर्क आ रहा है उसपर हम सवाल उठा रहे हैं। भारत की दोनों कंपनियों में क्यों झगड़ा हो गया। अगर कोई साइड इफेक्ट होगा तो कानूनन कंपनियों को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्यों मुख्यमंत्री और बाबा रामदेव कह रहे हैं कि हम सबसे बाद में लगवाएंगे। यह बताएं कि कब गरीब जनता को फ्री वैक्सीन दे देंगे ये लोग। हम तो एक साल बाद अपनी सरकार बनने के बाद लगवाएंगे और गरीबो को मुफ्त में देंगे। किसान आंदोलन पररू यह सरकार जानबूझकर किसानों को अपमानित और परेशान कर रही है। उन्हें ऐसा इसलिए नहीं करना चाहिए क्योंकि उन्होंने फसल की आय दोगुनी करने की बात कही थी। जो उन्होंने वादा किया था और जो वह कानून लाएं हैं उसमें अंतर है। एमएसपी वो दे कहाँ रहे हैं। भाजपा वाले कहते हैं कि हमें मिस कॉल कीजिये और हमारे सदस्य बन जाइये हम पूछते हैं कि किसान कहाँ मिस कॉल करें कि उन्हें ट्रैप मिल जाये। हमें वो नम्बर बता दें।

पुलिस पर: अगर कुछ बदला है में तो पुलिस कल हमारी सरकार आएगी तो हमे सलूट मारेगी भ्रष्टाचार तो चरम पर है हमने इतना कभी नही देखा। हम लोग किसानों के यहां जाते है तो वहां आदि हमको जाने से रोकते हैं भाई क्यों नही मिलने देते। हर जगह लूट रेप आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं।

बुलडोजर चलवाने पर: योगी जी के कहने पर इनकी पुलिस लोगो के घर मे बुलडोजर चला देती है हमारी सरकार आएगी तो हम भी चलवाएंगे।

युवक को दिए लैपटाप को देखने उसकी दुकान पहुंचे पूर्व सीएम

बांदा। शहर के आवास विकास स्थित एक साइबर कैफे की दुकान पर जब पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पहुंचे तो युवक की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पूर्व मुख्यमंत्री यहां युवक से मिलने इसलिए गए थे क्योंकि उन्होंने सात वर्ष पहले सीएम रहते हुए बांदा आकर लैपटाप दिया था। आज इसी के जरिए साइबर कैफे में शैलेंद्र अपना रोजगार चला रहे हैं।

शनिवार को सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद नगर पालिका अध्यक्ष मोहन साहू सपा नेता ओमनारायन त्रिपाठी विदित की जानकारी पर सीधे आवास विकास स्थित शैलेंद्र कुमार के साइबर कैफे पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री ने हालचाल लेते हुए लैपटाप के बारे में पूछा तो शैलेंद्र ने बताया कि वर्ष 2013 में उन्हें आपके द्वारा जीआइसी मैदान में दिया गया था। डिप्लोमा कंप्यूटर ऑफ अप्लीकेशन का कोर्स पहले से कर रखा था और इसे रोजगार का जरिया बना लिया। लैपटाप कमाई के साथ पढ़ाई में भी काम आ रहा है। कोरोना काल में लोगों के कई कार्य किए और अच्छी कमाई भी हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने शैलेंद्र से कहा कि आगे भी इसका बेहतर प्रयोग करते रहिए। शैलेंद्र मां विमला देवी छोटा भाई सतीश बहन सीमा सिंह पूर्व सीएम के कैफे में आने पर बेहद खुश है।

मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन घायल

राठ। अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है। ग्राम जखेड़ी निवासी सोनू पुत्र उधम सिंह, ग्राम सेना निवासी संजय पुत्र माधव, ग्राम पहरा निवासी अनिल पुत्र शंकर सिंह,ग्राम रिगवारा खुर्द निवासी विष्णु पुत्र जयपाल, ग्राम बड़ा निवासी पंकज व ग्राम टूंका निवासी रोहित अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में घायल हो गए हैं। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है।

नेत्र शिविर का आयोजन आज

राठ (हमीरपुर)। रविवार को क्षेत्र के ग्राम रौरो में पूर्व प्रधान रवि करण राजपूत की आवास में निशुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन होगा। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला महामंत्री व कार्यक्रम आयोजक बृजेश राजपूत ने बताया की यह निशुल्क शिविर सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट के सहयोग से लगाया जा रहा है। जिसमें निशुल्क जांच व उपकरण वितरण के किए जाएंगे।शिविर में अपना इलाज कराने आने वाले अपने साथ आईडी प्रूफ अवश्य लाएं।

सर्दी से एक किसान की और मौत

राठ (हमीरपुर)। खेत की सिंचाई करते समय एक किसान अचेत होकर खेत में गिर गया।जिसे इलाज के लिए परिजनों ने सीएचसी राठ में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।ग्राम कुल्हेडा निवासी सिद्धगोपाल ने बताया कि बीती शाम उसके अविवाहित चाचा खलक सिंह (40) अपने खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई कर रहे थे। सिंचाई करते समय वह अचानक बेहोश होकर खेत में गिर गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक डॉ0 भरत राजपूत ने बताया कि खलक सिंह की मौत सर्दी लगने से हुई है।

राजस्व विभाग की मिलीभगत से मरघट की भूमि पर प्लाटिंग

- आरटीआई कार्यकर्ता महेंद्र गुलाटी ने जिला प्रशासन से की दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग

चित्रकूट। तहसील कर्वी के अहमदगंज गांव के महेन्द्र ओबेराय उर्फ गुलाटी ने अपर उपजिलाधिकारी की अदालत में मौजा चकलाराजरानी के मरघट का मुद्दा उठाया है। उन्होंने कहा है कि मरघट की जमीन पर दबंग राजेश कुमार ने कब्जाकर प्लाटिंग शुरु कर दी है।

शनिवार को न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी कर्वी की अदालत में महेन्द्र गुलाटी ने लेखपाल बनाम राजेश कुमार मौजा चकलाराजरानी की आरजी नम्बर 58 रकबा 1-014 हेक्टेयर में जमीदारी टूटने के पहले सार्वजनिक मरघट के रुप में ग्रामीण उपयोग करते थे। खसरा 1359 फसली में भी मरघट के रुप में दर्ज थी। खतौनी वर्ष 1406 लगायत 11 फसली के खाता 41 तक बतौर मरघट दर्ज थी। कुछ दिनों से विपक्षीगणों ने विवादित गाटा में

प्लाटिंग कर खुर्द-बुर्द की जा रही श्मशान की भूमि।

उपयोग पर रोक लगा रहे हैं। कागजात के मुआयने में पता चला कि न्यायालय को धोखा देकर शासकीय कर्मियों की मिलीभगत से तथ्यों से विपरीत अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवाकर विवादित भूमि को सेहद करवा लिया है। मरघट खाते को खारिज कराकर दबंगों ने गांव सभा की सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि 1359 फसली में दर्ज मरघट खाते की भूमि को निरस्त करना न्याय संगत नहीं है। गांवसभा की भूमि की सुरक्षा कर पत्रावली तलब कर निरस्त कर मरघट खाते में दर्ज की जाये। इस भूमि को राजेश कुमार आदि प्लाटिंग कर खुर्द-बुर्द करने में लगे हैं। इस मामले में सदर एसडीएम रामप्रकाश का कहना है कि मामला उनके समक्ष आने पर प्रकरण की जांच कर विधिक कार्रवाई करेगें।

योगी करेंगे 48 वें राष्ट्रीय रामायण मेले का उद्घाटन

- समारोह में सीएम ने दी शिरकत करने की स्वीकृत

चित्रकूट। भगवान श्रीराम की तपोस्थली में 11 मार्च महाशिवरात्रि से प्रारंभ होने जा रहे 48 वें राष्ट्रीय रामायण मेला महोत्सव का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगें। आयोजन समिति के पदाधिकारी राष्ट्रीय मेले को भव्यता प्रदान करने में जुटे हुए है। इस मेले में देश भर के सुप्रसिद्ध कलाकार शिरकत कर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे।

शनिवार को राष्ट्रीय रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश करवरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, करुणा शंकर द्विवेदी के साथ लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की है। उन्होंने रामायण मेले के उद्घाटन का आमंत्रण सौंपा। जिस पर सीएम ने सहर्ष स्वीकृत प्रदान की है। चूकि महाशिवरात्रि पर्व विशेष रूप से वह मनाते हैं। ऐसे में अगर किसी कारणवश वह शुभारंभ अवसर पर नहीं आ पाए तो मेले के पंच दिवसीय कार्यक्रमों में किसी भी दिन शिरकत कर सकते हैं। सीएम ने रात्रि प्रवास का भी आश्वासन दिया है। मेले के कार्यकारी अध्यक्ष श्री करवरिया ने बताया कि उनकी स्वीकृत मिलने से लोगों में हर्ष का माहौल है। मेला समिति ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि रामायण मेला भवन की सीलिंग जर्जर होने के चलते स्टीमेट सौपा है। इस पर सीएम ने भरोसा दिया कि जल्द निर्माण कराया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष श्री करवरिया ने बताया कि मेला महोत्सव में भागीदारी के लिए केन्द्रीय व प्रदेश स्तर के मंत्रियों से भी संपर्क जारी है।

सीएम से वार्ता करते योगी आदित्यनाथ।

धान क्रय केंद्रों पर किसानों को न हो परेशानी

चित्रकूट। जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने पीसीएफ से संचालित धान क्रय केन्द्र मंडी परिसर कर्वी व शिवरामपुर तथा विपणन विभाग से संचालित धान क्रय केन्द्र मंडी परिसर के औचक निरीक्षण में केन्द्र प्रभारी इसरार अहमद ने उन्हें बताया कि दो नवम्बर से अभी तक 280 किसानों का धान खरीदा गया है।

शनिवार को डीएम को केन्द्र प्रभारी इसरार अहमद ने बताया कि कुल 14449 कुंतल की खरीद हुई है। 9717 कुंतल की डिलेवरी कर 275 किसानों को आनलाइन भुगतान किया है। केन्द्र में विद्युत की समस्या बताई। डीएम ने मंडी सचिव को निर्देश दिये कि तत्काल विद्युत व्यवस्था करायें। डीएम ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिये कि रजिस्टर अपडेट कर आनलाइन सूची के अलावा किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। पीसीएफ केन्द्र प्रभारी बाबूराम ने बताया कि 138 किसानों से धान खरीदकर 80 किसानों को भुगतान किया है। 5923 कुंतल की खरीद में 3286 कुंतल की डिलेवरी हो चुकी है। शिवरामपुर केन्द्र प्रभारी साकेत श्रीवास्तव ने बताया कि आज दो किसानों की खरीद की गई है। किसानों ने बोरा की समस्या बताई। जिलाधिकारी ने पीसीएफ व विपणन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि तत्काल सभी केन्द्रों में बोरा की व्यवस्था करा दी जाये।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में घालमेल बर्दाश्त नहीं: डीएम

- तीन बड़ी परियोजनाओं का औचक निरीक्षण कर दिये निर्देश

कन्नौज। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय अवधि में पूर्ण कराएं। लापरवाही किसी भी दशा में छम्य नही। निर्माण कार्यों को एस्टीमेट के अनुसार ही निर्मित किया जाए।

उक्त निर्देश शनिवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र द्वारा 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं में से 03 बड़ी परियोजनाओं का औचक निरीक्षण करते हुए उपस्थित अधिशासी अभियंता को दिए। उन्होंने तिर्वा बेला मार्ग पर पूर्ण हो चुके निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमर्दा में चल रहे निर्माण एवं नाव निर्मित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में किये गए कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमर्दा पर चल रहे कार्य में प्रयोग किये जा रही ईंट की गुणवत्ता खराब पाई एवं वहां पर निर्माणाधीन टाइप 1 व टाइप 2 क्वार्टर

परियोजनाओं का औचक निरीक्षण दौरान ईंट की गुणवत्ता परखते डीएम।

में प्रयोग होने वाले विद्युत उपकरण, मसाला, फर्श, आदि की गुणवत्ता भी खराब पाई एवं मानकों के अनुसार निर्माण करने के साथ ही, संबंधित कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के एवं स्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने तिर्वा बेला मार्ग पर हो रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी विश्लेषण करते हुये मौके पर गड्ढा खुदवा कर गुणवत्ता को जांचा जिसमें गुणवत्ता अच्छी पाई गई। सड़क पर निर्माण कार्य अधूरा पाया गया जिसपर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड को शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। श्री मिश्र ने इससे पूर्व नवीन गल्ला मंडी स्थित खाद्य विभाग विपरण शाखा के धान क्रय केंद्र एवं मक्का क्रय केंद्र का भी निरीक्षण किया। नियमित उठान एवं फीडिंग किये जाने एवं भुगतान समय से किये जाने के भी निर्देश केंद्र प्रभारी को दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य विकास अधिकारी आर0एन0 सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड व जांच टीम उपस्थित थी।

कम्बल बांट शानू गुप्ता ने दिया स्वच्छता का संदेश

चित्रकूट। राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने पहाड़ी गांव के बरेठी में कम्बल बांटकर स्वच्छता संदेश गोष्ठी में सभी को स्वच्छता के प्रति संकल्प दिलाया। कहा कि हर व्यक्ति अपने घरों के सामने स्वच्छता की जिम्मेदारी ले तो भारत दुनिया में सुन्दर देश होगा।

शनिवार को बरेठी गांव में कम्बल वितरण के मुख्य अतिथि कामतानाथ मन्दिर के महंत मदनगोपाल दास ने सभी को स्वच्छता संदेश देते हुए कहा कि जीवन को बचाना है तो स्वच्छता को अपनाना है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि मोदी-योगी के स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाकर घर-गांव को सुन्दर बनाना है। बरेठी गांव में सैकड़ों निराश्रित, वृद्ध, दिव्यांग, महिलाओं, बच्चों माया देवी, सुखिया, गोखिया, केसरिया, पत्नी, बतसिया, शकुन्तला, नेत्रहीन पंकज, बोधी, रानी आदि को कम्बल, कपड़े व साड़ियां बांटी गईं। कम्बल-कपड़े पाकर गरीबों ने खुशी जताई। समाजसेवियों को आशीष दिया। इस मौके पर शेषू जायसवाल, रामप्रकाश चौरसिया, रविराज अग्रहरि, विनोद आर्य, सुनील जायसवाल, अमित, गोलू गुप्ता, विष्णु गुप्ता, उज्जवल गुप्ता, संजय सोनी, दशरथ केशरवानी, अशोक केशरवानी, अमित, काजू आदि मौजूद रहे।

गर्भवती महिलाओं को करानी चाहिये जांच

सरीला (हमीरपुर)। कस्बे के समुदायिक स्वास्थ केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शनिवार को महिलाओं की जाँच की गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आर पी वर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रत्येक माह अपनी जांच करवानी चाहिए। प्रत्येक माह की नौ तारीख को गर्भवती महिलाओं की मुफ्त जांच की जाती है। गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, वजन, ब्लड प्रेशर, शुगर एवं अन्य जांच की गई। सर्वप्रथम गर्भवती महिलाओं का कोविड टेस्ट किया गया। इस अवसर पर उचित खानपान और सुरक्षा के बारे मे गर्भवती महिलाओ को जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व परीक्षण कर दवा वितरित की गई।इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आर. पी.वर्मा, महिला डॉ. रश्मि खरे,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद, एएनएम ,स्टाप नर्स ,सहायिका मौजूद रही।

टीहर टीम बिजेता घोषित, ग्रामीणों ने लिया बढ़ चढ़कर हिस्सा

मौदहा (हमीरपुर)। आज ग्राम टीहर में विगत 15 दिनों से चल रहे भव्य टूर्नामेंट के आयोजन का सफल समापन हुआ, जिसमें टीहर टीम को टूर्नामेंट का विजेता घोषित किया गया इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के अध्यक्ष श्री विनय तिवारी उपस्थित रहे विनय तिवारी ने खिलाड़ियों व क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि बुंदेलखंड में खेल प्रतिभाओं की कमी नही है इस क्षेत्र में शासन प्रशासन व जागरूक व्यक्तियों को भागीदारी निभाने की आवश्यकता है ताकि बुंदेलखंड की छिपी हुई प्रतिभाओं को पिछड़ेपन का शिकार ना होना पड़े वहा उपस्थित सभी युवाओ व ग्रामीणों ने अध्यक्ष जी के विचारों का जोर दार समर्थन किया।उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड नव निर्माण सेना प्रत्येक गाव में खेल के मैदान व समान। की उपलब्धता के लिए शासन प्रशासन से लगातार मांग कर रही है।इस मौके पर संदीप कुशवाहा, संतोष , हरिशंकर , धर्मपाल , श्रीकांत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने वरासत न होने पर मौदहा तहसीलदार से किया जवाब तलब, बंडवा मार्ग की जांच के आदेश

मौदहा। आज थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बिंवार और मुस्करा थाने का औचक निरीक्षण में मुस्करा का सितंबर माह का वरासत संबंधी प्रकरण लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित तहसीलदार को नोटिस देकर स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि वरासत के सभी प्रकरणों का अभियान चलाकर निस्तारण किया जाय। अभियान के बाद वरासत के प्रकरण लंबित पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसी प्रकार मुस्करा- बंडवा मार्ग के बनने के कुछ ही दिन बाद खराब हो जाने पर जिलाधिकारी ने जाँच के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने समाधान दिवस के रजिस्टर का अवलोकन कर शिकायतों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि गत समाधान दिवस के प्रकरण लंबित न रहने पाए। न्यूनतम 10 प्रतिशत शिकायतों का उसी दिन निस्तारण किया जाय। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने थाना परिसर में बने महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया तथा महिला हेल्पडेस्क में दर्ज शिकायतोंध् प्रकरणों के संबंध में संबंधित महिला आरक्षी से जरूरी पूछताछ की। तत्पश्चात जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर के कंप्यूटर कक्ष का अवलोकन किया तथा जरूरी दिशा निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जन समस्याओं के सुनने के पश्चात उनके निस्तारण हेतु संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों द्वारा अपने संबंधित ग्राम पंचायत की गौशालाओ की व्यवस्था यथा चारा, पानी ,भूसा ,ठंड से बचाव की व्यवस्था तिरपाल, चौकीदार आदि पर नजर रखी जाए। तथा व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक दिया जाय। पंचायत चुनाव के दृष्टिगत सर्विलांस सिस्टम विकसित कर छोटी बड़ी गतिविधियों पर नजर रखी जाए।

नाले का निर्माण हुआ नहीं और सवा दो लाख का हो गया भुगतान, पीडी बोले, होगी जांच

मौदहा (हमीरपुर)। मौदहा ब्लाक के उरदना गांव में सत्तर मीटर नाले को बिना निर्माण कराये ही एक साल पहले भुगतान हो गया है, इस मामले मे ग्राम प्रधान से लेकर ब्लाक के अधिकारी पूरी तरह संलिप्त है।

जानकारी के मुताबिक गांव में हजारी पाल के दरवाजे से रामकरण के दरवाजे तक सत्तर मीटर नाला निर्माण प्रस्तावित था, मगर उच्चाधिकारियों की शह पर नाला निर्माण तो हो नही पाया उसका भुगतान अवश्य करा लिया गया है। यही नही इस मामले की जानकारी तब हो पायी जब संबंधित गांव के प्रधान का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। करीब सवा दो लाख रुपये भुगतान करने के बाद धनराशि का बंदरबाट कर लिया गया है। इस मामले को टालने के लिये ब्लाक के कर्मचारी एक दूसरे को दोषी ठहरा रहे है। हालाकि ब्लाक के कर्मियो को बहुत पहले जानकारी हो गयी थी मगर किसी ने जानकारी नही दी ताकि पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार की चपेट मे आ जायेगा, मामला पूरे ब्लाक में चर्चा का बिषय बना हुआ है।इस मामले में मनरेगा के परियोजना निदेशक चित्रसेन सिंह का कहना है कि मामले की जांच करायेगे अभी फ्लिहाल उनके पास कोई शिकायत नही है। इधर खंड विकास अधिकारी रत्नेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यदि कोई ऐसा मामला सामने आया है तो उस पर जाँच कर सम्बंधितों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। लेकिन जाँच कब होती है यह कहा नहीं जा सकता।

व्यापारियों के हित में कार्य कर रही भाजपा सरकार: शैलेंद्र गुप्ता

- समाजसेवी ने एक कार्यक्रम में की भाजपा की सराहना

गुरसहायगंज (कन्नौज)। भाजपा सरकार ने व्यापारियों के हितों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर छोटे बड़े व्यापारियों को लाभान्वित करने का कार्य किया है। कहा कि देश के अर्थव्यवस्था में व्यापारियों को मजबूत स्तंभ कहा जाता है।

यह बात नगर के मोहल्ला गोपाल नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला मंत्री अमित गुप्ता की पुत्री के प्रथम वर्षगांठ कार्यक्रम में नन्ही मुन्नी बच्ची प्रिंसेस काश्वी को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद देने के उपरांत समाजसेवी शैलेंद्र गुप्ता ने कही। कहा कि वर्तमान परिवेश में नागरिकों को बेटे बेटी में भेदभाव नहीं करना चाहिए उन्हें अच्छी परवरिश देकर समाज में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहना चाहिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष राम जी अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष संजीव गुप्ता उर्फ संजू, जिला मंत्री अमित गुप्ता, पूर्व चेयरमैन इंद्र कुमार गुप्ता, भाजपा मंडल कोषाध्यक्ष प्राची गुप्ता, मास्टर कृतार्थ गुप्ता, संजय बजाज, अतुल गुप्ता, सोनल गुप्ता, सुमित गुप्ता, नामित गुप्ता, नेहा गुप्ता, विशाल गुप्ता, राजीव ठाकुर, जीतू तिवारी, भैयालाल दुबे, अनुराग गुप्ता, परशुराम देवल, के के राजपूत, डॉ रघुनंदन कुशवाहा, शासकीय सभासद हृदय राम वर्मा, राम कुमार पाठक, रेखा त्रिपाठी, ज्योति शर्मा, अतुल गुप्ता, अंकित गुप्ता, राजेश गुप्ता, डॉक्टर सुधीर दीक्षित, सुशील दुबे सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

समाधान दिवस

समय से निनपटाएं शिकायतें : डीएम

संवाददाता। श्रावस्ती

समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के मंशा के अनुसार जो भी अधिकारी कर्मचारी शिकायतों के निस्तारण में फर्जी रिपोर्टिंग करते पाये गये उन्हें किसी भी कीमत पर अब बख्सा नही जायेगा। फरियादियो के मोबाइल पर बात करने पर अगर निस्तारण फर्जी पाया गया तो निश्चित ही सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों से जवाब तलब के साथ ही निलम्बन की कार्यवायी होगी। थाना मल्हीपुर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी टी0के0शिबु ने कहा कि लेखपाल एवं ग्राम पंचायत अधिकारी गांव के विकास की मुख्य धुरी हैं और वे गांव में जिला प्रशासन का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए उनका दायित्व बनता है कि गांव में हो रही गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रखें यदि कंही भी उन्हे किसी भी प्रकार की गलत गतिविधियां मिलती है तो तत्काल वे उच्चाधिकारियों को अवगत करायें ताकि उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा सके। जिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवसथाना दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मौके पर जाकर करें। राजस्व निरीक्षक अपने.अपने क्षेत्रो में टीम बनाकर थाना दिवसो में प्राप्त शिकायतो का निस्तारण पुलिस के सहयोग से करें और इस सम्बंध में कोई लापरवाही न बरती जाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने थाना प्रभारियो को निर्देश दिया कि थाना दिवसो में प्राप्त शिकायतो का निस्तारण राजस्व कर्मचारियों के साथ मिलकर प्राथमिकता के आधार पर करें। फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश दिया। उन्होने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रो में पैनी नजर रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरस्त रखा जाए।

विधायक ने क्षेत्र भ्रमण कर सुनीं जन समस्याएं

लालगंज, रायबरेली। सरेनी विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने गोविंदपुर वलौली न्याय पंचायत के विभिन्न गांवो में जनसम्पर्क कर ग्रामीणों सेसमस्याएं जानी। उन्होंने सरकार की उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओंसे अवगत कराया।ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायतों के निस्तारण के लिएमौके से ही सम्बन्धित अधिकारियों को फोन कर समस्या निस्तारण केनिर्देश दिए। गोविंदपुर वलौली, शेखवापुर, त्रिवेदीपुर, तौधकपुर,रणगांव, खारा का पुरवा, बन्नामउ, बछउ का पुरवा, चांदा, यूसुफ्मुर,बहादुरगंज, मेरूई आदि एक दर्जन गांवो का भ्रमण करते हुए श्रीसिंह नेग्रामीणों से मुलाकात की। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष आशुतोष शुक्ल,पूर्वमंडल अध्यक्ष शिव प्रकाश पांडेय, तौधकपुर प्रधान कार्तिकेय शंकर वाजपेयी,बीके सिंह, मनोज सिंह,आदि मौजूद रहे।

तीन दिवसीय दौरे पर कल आएंगी मेनका

● पार्टी कार्यक्रमों में लेंगी हिस्सा, लगाएंगी जन चौपाल

संवाददाता। सुलतानपुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी सोमवार को तीन दिवसीय दौरे पर जिले में पहुँच रही है। श्रीमती गांधी सोमवार को प्रात: दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा निजी वाहन से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे होते हुए लखनऊ , हैदरगढ़ , मुसाफिरखाना होते हुए सुलतानपुर पहुंचेगी। सीधे भाजपा नेता इन्द्रदेव मिश्रा के विवेक नगर मोहल्ले में उनके पिता के निधनोपरांत आयोजित तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल होगी और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट करेगी। तत्पश्चात शहर के शास्त्रीनगर स्थित भाजपा नेता संदीप सिंह के आवास पर पहुँचेगी और रात्रि विश्राम करेगी। सांसद मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद मेनका संजय गांधी 12 जनवरी मंगलवार को प्रात: 8 बजे शास्त्रीनगर आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में शामिल होगी।श्रीमती गांधी पूर्वाह्न 10 बजे काशी क्षेत्र उपाध्यक्ष संतबख्श सिंह चुन्नू के पीडब्लूडी के निकट स्थित आवास पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी राधामोहन सिंह के साथ जलपान करेगी। 11 बजे पूर्वाह्न राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पं. रामनरेश त्रिपाठी सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित युवा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होगी। 12.45 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष डॉआरए.वर्मा के आवास गोमती अस्पताल परिसर जायेगी। 1.30 बजे अपराह्न भाजपा जिला कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक में सम्मिलित होगी। 2.15 बजे अपराह्न भाजपा जिला कार्यालय पर ही आयोजित त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की बैठक में शामिल होगी।तत्पश्चात शास्त्रीनगर स्थित आवास पर रात्रि विश्राम करेगी। 13 जनवरी को प्रात: 8 बजे से शास्त्रीनगर स्थित आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम। 10.30 बजे धनपतगंज ब्लाक अंतर्गत टीकर मोड़ पर चौपाल कार्यक्रम में, 11.15 बजे मायंग कम्बल वितरण कार्यक्रम, 12.00 बजे पिपरी साईनाथपुर, 12.30 बजे कुट्टा, 1.00 बजे बिनगी में चौपाल, 1.30 बजे रामनगर में हेमंत सिंह के आवास पर शोक संवेदना प्रकट करने, 2.00 बजे खारा जूनियर हाई स्कूल में तहसील प्रशासन द्वारा कंबल वितरण, 3 बजे समरथपुर एवं 3.45 बजे खुटवन में पार्टी द्वारा आयोजित जन-चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत

लालगंज,रायबरेली। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जगह जगह पर भव्य स्वागत किया गया।लालगंज पहुंचने पर गांधी चौराहे के निकट सपा नेता रामनाथ यादव की अगुवाई में भारी संख्या में सपाईयां ने उनका स्वागत किया।यहां पर लक्ष्मी शंकर यादव, रफीक अहमद, संजय चड्ढ़ा, लारेंस यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके बाद उनका काफ्लिा करूणा बाजार चौराहे पर पहुंचा जहां नगर पंचायत अध्यक्ष रामबाबू गुप्त ने तुलसी गेस्ट हाउस में ले जाकर उनका स्वागत किया। यहां वह लगभग 15 मिनट रूके रहे। यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री ने जलपान के साथ कुल्हड़ में चाय भी पी। गेस्ट हाउस के बाहर खड़े कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी खिंचवाने की मांग की जिस पर श्रीयादव ने अपने साथ आए कैमरामैन से सभी समर्थकों की फोटो खींचने को कहा।वहां मौजूद सपा कार्यकर्ता अपने अपने नेताओं के समर्थन में नारेबाजी करते रहे। इस मौके पर धीरेंद्र सिंह, सौरभ सिंह, जीतू सिंह,मिन्नी गुप्ता, राजू, मुलायम गुप्ता, बउवन गुप्ता, देवेश यादव, नानू, योगेश वाजपेई, नीलू पांडेय, रवि मुरारका, अजय रस्तोगी, शैलेश गुप्त, लक्ष्मी मौर्य,मुन्ना सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इलाज के दौरान दो वर्षीया बच्ची की मौत

● बदनाम करने की हो रही है कोशिश: डा. सचिन

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

थाना क्षेत्र अंतर्गत टांडा मजरे शेखपुर समोधा के निवासी बिंदेश कुमार की पुत्री आकांक्षा की मौत हो गई। अपनी पुत्री की बेहतर देखभाल के लिए धन कमाने की अभिलाषा लेकर बिंदेश कुमार 6 माह पूर्व जम्मू में नौकरी करने चला गया था घर पर उसकी पत्नी तथा अन्य लोग थे विगत 2 दिन पूर्व आकांक्षा को हल्का बुखार आया वह उसे लेकर इचौली ग्राम सभा में स्थित राधा हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम मे गए वहां मौजूद डॉक्टर सचिन यादव द्वारा बच्ची का सिटी स्कैन कराने की सलाह दी गई और परिजनों द्वारा कोई साधन न होने के कारण मांग की गई तब खुद डॉक्टर सचिन खुद अपनी कार से बच्ची को लेकर विद्या हॉस्पिटल लखनऊ गए घरवालों के अनुसार विद्या हॉस्पिटल में आकांक्षा को नर्सों के द्वारा इंजेक्शन दिया गया इंजेक्शन लगते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी और अंतत: वह मौत के गाल में चली गई! आकांक्षा के परिजनों द्वारा फ्लिहाल बछरावां थाने में प्रथम सूचना अंकित कराई गई है परिजनों द्वारा डॉक्टरों की लापरवाही का आरोप लगाया गया है पुलिस द्वारा शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आकांक्षा के परिजनों की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है और यह प्रकरण जांच का विषय बन चुका है जांच में दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा जब संवाददाता द्वारा राधा देवी हॉस्पिटल के संचालक सचिन यादव से बात की गई तो बताया गया कि 2 दिन पूर्व आकांक्षा 2 वर्षीय बच्ची उनके नर्सिंग होम में आई थी उसकी हालत नाजुक होने के कारण उन्होंने उसको हाथ नहीं लगाया और सीटी स्कैन कराने की सलाह दी तब परिजन बच्ची को लेकर घर चले गए लेकिन कुछ देर बाद ही उनके पास फोन आया की साधन व्यवस्था नहीं है अब डॉक्टर सचिन यादव ने दरियादिली दिखाते हुए अपनी कार से बच्ची के घर जाकर बच्चे को अपनी ही गाड़ी से लेकर विद्या हॉस्पिटल लखनऊ गए जहां पर विद्या हॉस्पिटल के नर्सों द्वारा 2 वर्षीय बच्ची को सीटी स्कैन से पहले एक दवा दी गई जिससे बीमारी कब पता लगाया जा सके सीटी स्कैन जांच के द्वारा लेकिन किसी को क्या पता था कि जांच के बहाने ही उसकी जान जा सकती है वह सचिन यादव ने बताया कि सुबह 11.00 बजे उनकी हॉस्पिटल से बच्ची जा चुकी थी और उसकी मृत्यु रात में हुई लगभग 12 घंटे बाद जबकि उनके द्वारा कोई इलाज किया ही नहीं गया वह सचिन यादव ने बताया कि उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही सोशल मीडिया पर जो भी खबरें चल रही हैं वह पूरी तरह से निराधार हैं लेकिन अब या तो जांच का विषय बन चुका है कि कौन कितना सच बोल रहा है अब देखने वाली बात यह होगी कि जांच कितनी फीस दी सच होती है।

क्विक न्यूज

मोहम्मद मूसा हत्याकांड की गुत्थी सुलझी, पांच गिरफ्तार

रायबरेली। सदर कोतवाली क्षेत्र में आपसी रंजिश में 5 अभियुक्तों ने एक राय होकर मोहम्मद मूसा की गोली मारकर नकवी मार्केट में हत्या कर दी थी। हत्याकांड के बाद बनाई गई पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही थी सर्विलांस, मुखबिर, फॉरेंसिक एवं अन्य अपराध संकलन इकाइयों का इस्तेमाल करते हुए पुलिस ने आज खुलासा कर बताया शामिल सभी अभियुक्त पकड़े गए हैं उनके कब्जे से दो अवैध असलहे बरामद हुए हैं दो जिंदा कारतूस बरामद की गई है एक खोखा 315 बोर का भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में फुरकान, जीशान, आदिल, जियाउल, शाहरुख शामिल है। गिरफ्तारी में बड़ी भूमिका निभाने वाले पुलिस टीम में अतुल कुमार सिंह कोतवाल सदर, संजय सिंह उप निरीक्षक एवं अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। सदर क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं विदित हो कुछ महीने पहले आईटीआई मोड़ पर एक युवक की निर्मम हत्या भी आपसी रंजिश में हो गई थी। इसके बाद 7 जनवरी को बेखौफपांचों अपराधियों ने जिस तरह से हत्याकांड का अंजाम दिया उसके बाद समूचे इलाके में दहशत फैल गई। अपराध की जड़ों को खत्म करने का फैसला करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम का गठन किया गया जिसके बाद शामिल सभी अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए गए। स्थानीय किरण हाल में खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया पुलिस टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जनपद में शांति व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

समाधान दिवस में आईं पांच शिकायतें

लालगंज,रायबरेली। कोतवाली लालगंज में समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल पांच शिकायतें आई। सोहवल गांव निवासी जागेश्वर सिंह ने इंद्र बाहदुर पर उसकी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया वहीं पूरे सोमवंशी निवासी रामबाबू ने तेजलाल के खिलाफ पूरे गड़रियन मजरे मदूदपुर निवासी नन्हकू ने देशराज के खिलाफ पूरे माधव मजरे चिलौला निवासी रामकपूर ने बुद्धीलाल के खिलाफ तथा मछियानारी मजरे भीरागोविंदपुर निवासी शत्रोहन ने महादेव के खिलाफ जमीनी विवादों को लेकर शिकायती पत्र दिए।मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नही हो सका। एसडीएम जीतलाल सैनी समेत क्षेत्राधिकारी इंद्रपाल सिंह व कोतवाल अरूण सिंह ने शिकायतें सुनी तथा शिकायतों के निस्तारण के लेकर राजस्व तथा पुलिस टीम बनाकर रवाना की गई।

नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के अकोढ़ी गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने सेंध काटकर एक घर से नकदी समेत लाखों रूपये कीमती जेवरात पर हाथ साफकर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस घेराबंदी कर खाक छानती रही किंतु चोर पकड में नहीं आए। मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अकोढ़ी गांव का है। यहां बीती रात शातिर चोरों ने आलिया बानो पत्नी स्वर्गीय शहाबुद्दीन के घर दीवाल काटकर लाखों के जेवरात और नकदी समेत लाखों के माल पर समेट ले गए। आहट पाकर हल्ला-गुहार मचा तो चोर भाग निकले। ग्रामीणों द्वारा घेराबंदी कर पुलिस को सूचना दी गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने भी घेराबंदी करते हुए खाक ही छानती रही, किंतु चोर भागने में सफल रहे। पीड़िता आलिया बानो ने बताया कि घर में चालीस हजार नगद और गहने जिसमें मंगलसूत्र हार दो झुमका दो झाला दो अंगूठी 4 जोड़ी पायल पाव जेब कंगन और दो एंड्राइड मोबाइल फोन चुरा ले गए घर में रखे सूटकेस और बक्सों से कीमती सामान निकालकर दूर ले जाकर फेंक दिया था। पीड़िता ने मामले की तहरीर गोसाईगंज थाने पर दी है। बताते चलें कि थाना अंतर्गत लगातार हो रही चोरियों का खुलासा न होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं। इस मामले में थाना अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान से जानकारी चाही तो उनका सीयूजी नंबर नेटवर्क से बाहर मिला।

डीएम ने गोवंश आश्रय स्थल गोडवा का किया निरीक्षण

सुलतानपुर। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा शुक्रवार के अपरान्ह में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल गोड़वा, विकास खण्ड दूबेपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कुल 15 गोवंश संरक्षित पाये गये, जिसमें 08 नर एवं 07 मादा हैं। सभी गोवंश स्वस्थ पाये गये तथा साफ-सफाई एवं खान-पान की व्यवस्था संतोष जनक मिला। सभी गोवंश का टीकाकरण, टैगिंग कराया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि चारों तरफ सुरक्षा खाई का निर्माण कराकर गेट लगवाया जाय। उन्होंने संरक्षित गोवंश के गोबर को वर्मी कम्पोस्ट बनाकर जैविक खाद तैयार कराकर गोशाला को स्वावलम्बी बनाने का निर्देश दिया। डीएम ने पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि दैनिक सत्यापन/निरीक्षण कर आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें। उन्होंने गोवंश को ठंड से बचाव एवं उनके खान-पान पर विशेष ध्यान देने हेतु संचालक को निर्देशित किया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी दूबेपुर, पशुचिकित्साधिकारी दूबेपुर एवं प्रधान आदि उपस्थित रहे।

गौ आश्रय केन्द्रों का निरीक्षण करें नोडल अधिकारी: डीएम

गोंडा। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने गौ आश्रय के नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सप्ताह में कम से कम दो बार गौ आश्रयों को निरीक्षण करें तथा वहां की वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराने के साथ ही आवश्यक प्रबन्ध भी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में पड़ रही ठंडक के दृष्टिगत यह आवश्यक है कि जनपद में स्थापित गौ-आश्रय स्थलों पर रखे गये निराश्रित गोवंश को ठंडक से बचाव की उपयुक्त व्यवस्था कराने साथ-साथ वहां चारा-पानी का समुचित प्रबन्ध रखा जाए। उन्होंने नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि वे गौ-आश्रय स्थलों पर की गई व्यवस्थाओं का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करें।उन्होंने निर्देश दिए हैं कि कि सप्ताह में कम से कम 02 बार उन्हें आवंटित आश्रय स्थल का निरीक्षण अवश्य करें तथा निरीक्षण टिप्पणी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी गौ-आश्रय स्थल पर कोई समस्या परिलक्षित होती है तो उसे मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के साथ-साथ सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के संज्ञान में लाते हुए समाधान सुनिश्चित करायेंगे।

लम्भुआ और कोतवाली देहात में अफसरों ने की पड़ताल

संवाददाता। सुलतानपुर

● लंबित प्रार्थनापत्रों को जल्द निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश

जनता की समस्याएं निस्तारित किए जाने के लिए शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस का डीएम-एसपी ने औपचारिक निरीक्षण किया। देहात कोतवाली एवं लम्भुआ कोतवाली में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। थाने के अभिलेखों का निरीक्षण किया। बैरक, मेस एवं शस्त्रागार का अवलोकन कर थाना प्रभारियों को लंबित प्रार्थनापत्रों पर त्वरित कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने नवागत पुलिस कप्तान डॉ.अरविंद चतुर्वेदी के साथ लम्भुआ व कोतवाली देहात पर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना। दिवस में आयी समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। अधिकारियों-कर्मचारियों को क्षेत्र से आने वाली जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं उनसे अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। इसके बाद अधिकारीद्वय ने थाना परिसर का भ्रमण कर महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरिक, आगन्तुक कक्ष, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करते हुए परिसर को स्वच्छ रखने तथा कार्यालय के अभिलेखों कों बेहतर व व्यवस्थित रख-रखाव एवं उनको अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय में रखे आगन्तुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, संपूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया। रजिस्टरों के रख रखाव एवं परिसर की साफ-सफाई को और भी अधिक सुदृण रखने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। हुए प्रकरण की जांच कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये गये। नवागत पुलिस कप्तान ने देहात कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, कंप्यूटर-कक्ष, मेस, बैरिक, आगन्तुक कक्ष, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण करते हुए परिसर को स्वच्छ रखने तथा कार्यालय के अभिलेखों कों बेहतर व व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया। थाना कार्यालय में रखे आगन्तुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, संपूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया गया। रजिस्टरों के रख रखाव एवं परिसर की साफ-सफाई को और भी अधिक सुदृण रखने हेतु दिशा निर्देश दिया गया।

सब्जी ब्यापारियों के बीच हुई जमकर मारपीट

श्रावस्ती। गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत मसढ़ी चौराहे पर सब्जी बेचने में को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुयी प्रतिदिन की भांति दोनों पक्ष मसढ़ी चौराहे के पुल पर सब्जी की दुकान ठेले लगाने का कार्य कर रहे थे तभी एक ग्राहक जमीन पर दुकान लगाने वाले कोयले पुत्र मंजूर अली की दुकान के पास पहुंचा और आलू खरीदने लगा की इसी बीच विपक्षी राम फेरन पुत्र ठाकुर महावीर पुत्र रामफेरन गोविंद पुत्र राम फेरन वह छोटू पुत्र राम फेरन ने कोयले पुत्र मंजूर अली को पीटना शुरू कर दिया जिससे मौके पर अफ्रा.तफ्री मच गयी। पास पड़ोस के लोगों ने दोनो पक्षों को छुड़ाकर अलग किया जिसमें कोयले पुत्र मंजूर अली के सिर में काफी चोटे आई हैं पीड़ित ने न्याय के लिए थाना गिलौला पहुंच कर थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी को तहरीर दी जिसपर प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल प्रभाव से उचित कार्यवाही करते हुए पीड़ित को डॉक्टरी के लिए सीएससी गिलौला भेज आगे की कार्ययवाही में जुट गये है।

घटना को अंजाम देने से पहले ही अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे

बल्दीराय, सुलतानपुर। गश्त के दौरान बल्दीराय पुलिस ने चोरी की बाइक व तमंचा संग एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से कारतूस भी बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमरेंदर सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक नसीरुद्दीन, कांस्टेबल महेश,दीपक क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक लेकर गोविंद पुर सझौवा नहर पुलिया के पास खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुच कर घेरा बंदी करके के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से तलाशी लेने पर एक तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुआ। पूछताछ पर अपना नाम धर्मेंद्र उर्फ मोनू पुत्र बसंत सिंह निवासी बहुरंवा बताया थाना प्रभारी अमरेंदर सिंह ने बताया की धर्मेंद्र उर्फमोनू पुत्र बसंत सिंह के ऊपर कई अपराधिक मुकदमा भी है। वह थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है पुलिस ने चोरी व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

सहायक चीनी आयुक्त ने बजाज चीनी मिल में की छापेमारी

● शुद्ध तौल और सभी व्यवस्थाएं मिलीं दुरूस्त

संवाददाता। गोंडा

कांटे पर तौल कार्य की पड़ताल करते सहायक चीनी आयुक्त संजय पांडेय

सहायक चीनी आयुक्त संजय पाण्डेय अधीनस्थ अधिकारियों व गन्ना निरीक्षकों की टीम के साथ शुक्रवार की देर शाम बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड कुन्दरखी के मिलगेट पर स्थापित कांटों पर औचक छापेमारी कर गहन जांच पड़ताल किया। इस दौरान छापामार टीम ने सहायक चीनी आयुक्त के निर्देश पर ई.डी.पी. को तत्काल लाक कराकर चाभी अपने कब्जे में ले लिया। यह जानकारी देते हुए सहायक चीनी आयुक्त श्री पाण्डेय ने बताया कि जांच टीम में शामिल खांडसारी अधिकारी राजेश उपाध्याय एवं खांडसारी निरीक्षक उज्जवल सिंह ने मिलगेट के कांटों पर मानक बाट रखवाकर तौल कार्य की गहनता से जांच पड़ताल किया। जहां चीनी मिल के सभी कांटों पर लाइसेंसधारी तौल लिपिकों द्वारा तौल शुद्ध एवं सही होती पाई गई। टीम ने मौजूद किसानों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी किया। जिस पर किसान तौल आदि व्यवस्थाओं में अपनी संतुष्टि जताई। जांचकर्ता टीम ने मौके पर मौजूद चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) योगेन्द्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना) अरूण सिंह एवं अपर प्रबंधक (गन्ना) शशिकांत दूबे को निर्देश दिया कि चीनी मिल में शीत लहर को देखते हुए चिन्हित स्थानों पर अलाव अवश्य जलवाया जाये। साथ ही किसानहितों का बखूबी ध्यान रखा जाये। इस दौरान सुरक्षा सुपरवाइजर नन्दलाल तिवारी, फीडिंग सुपरवाइजर शिव भूषण सिंह, अजीत प्रताप सिंह, राम किशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएचसी व ब्लाक इटियाथोक का डीएम ने किया निरीक्षण

● गन्दगी एडीओ को फटकारा, नदारदों से जबाब-तलब

संवाददाता। गोंडा

सीएचसी इटियाथोक का निरीक्षण करते डीएम मार्कण्डेय शाही पायनियर

जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने शनिवार को स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जानने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक का औचक निरीक्षण किया। वहां पहुंचकर डीएम ने सबसे पहले कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की तो चार कर्मचारी रितु पाण्डेय, नीती तिवारी, अन्जू चतुर्वेदी तथा संजय प्रजापति गैर हाजिर मिले। डीएम ने बिना सूचना अनुपस्थित चारों कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद डीएम ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षिका श्वेता तिवारी से आवश्यक दवाओं की सूची मांगी तो वे डीएम को सूची नहीं दिखा सकीं। इस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आवश्यक दवाओं की सूची बोर्ड पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना का रजिस्टर चेक पर डीएम को गम्भीर स्थिति मिली। निरीक्षण में पाया गया कि विगत वर्ष अप्रैल 2020 से जननी सुरक्षा योजना के सैकड़ों लाभार्थियों को भुगतान नहीं प्राप्त हुआ है। यह भी पाया गया कि जननी सुरक्षा योजना तथा आशाओं के भुगतान की गलत रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। इस पर डीएम ने प्रभारी चिकित्साधिकारी को फटकार लगाते हुए सीएमओ से पूरे मामले की जांच रिपोर्ट मांगी है। निरीक्षण के दौरान सीएचसी प्रभारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद डीएम सीधे ब्लाक इटियाथोक मुख्यालय पहुंचे। वहां पर ब्लाक परिसर में गन्दगी देख नाराज डीएम ने एडीओ पंचायत केके तिवारी को कड़ी फटकार लगाई तथा निर्देश दिए के सोमवार के पहले ब्लाक परिसर साफ-सुथरा हो जाना चाहिए। परिसर में बने चबूतरों को भी एक सप्ताह के अन्दर दुरूस्त कराकर रंगरोगन कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम के साथ एसपी शैलेश पाण्डेय, ओएसडी शिवराज शुक्ला, पीआरओ राकेश सिंह उपस्थित रहे।

आलू व्यवसायी समेत तीन का गला रेता

● छावनी थाना क्षेत्र में पांच किमी के दायरे में मिले तीनों के शव

● पुलिस पेट्रोलिंग और रात्रि गश्त व्यवस्था की खुली पोल

संवाददाता। बस्ती

घटना स्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधिकारी पायनियर

फोरलेन पर छावनी थाना क्षेत्र में आलू व्यापारी समेत तीन की गला रेत कर हत्या कर दी गई। पांच किमी के दायरे में तीन शव एक साथ मिलने से सनसनी फैल गई। मरने वालों की पहचान आलू व्यापारी, ट्रक ड्राइवर और खलासी के रूप मे की गई है। हत्या के कारण का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पहले लूट के इरादे से हत्या की आषंका व्यक्त की गई, लेकिन मृतको के पास से एक लाख दो हजार रूपए मिलने के बाद आपसी रंजिश में हत्या का अंदेशा जताया जा रहा है। एक ही थाना क्षेत्र में दो स्थानों से तीन शव बरामद होने के बाद मौके पर छावनी, परसरामपुर, हरैया थाना पुलिस पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई। मौके पर आईजी,एसपी, एएसपी, सीओ हरैया ने पहुंचकर घटना के बावत जानकारी ली।

फारलेन के किनारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इंटर कालेज पचवस के पास झाड़ियों में मिले शव की पहचान उन्नाव जिले के असीबन थाना क्षेत्र के मीरापुर भरोचा निवासी ट्रक चालक 35 वर्षीय सोनू मौर्या के रूप में हुई, जबकि इससे पांच किमी दूर एनएच पर रमघटिया गांव स्थित गोरखनाथ लाइन ढाबा के पास खड़े ट्रक के केबिन में मिले दो शव की पहचान आलू व्यापारी बिहार राज्य निवासी मुहम्मद असलम और खलासी राजकुमार के रूप में हुई। तीनो की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। पुलिस द्वारा सूचना मिलने के बाद पहुंचे ट्रक मालिक मनोज कुमार ने जीपीएस से ट्रक की लोकेषन ट्रेस किया जिसमें ट्रक के भोर में पांच बजे रमघटिया ढाबा पहुंचना ट्रेस हुआ, जबकि ट्रक के रात 12.50 पर टोल प्लाजा पार करने की जानकारी मिली। बस्ती टोल प्लाजा और ढाबा तक पहुंचने में लगे लगभग साढ़े चार घंटे के बीच हुई घटनाओं के तार जोड़ने में पुलिस जुटी है। एनएच के दोनो ओर हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार को तलाषने में पुलिस जुटी हुई है।एनएच पर तीन की हत्या की वारदात ने पुलिस के रात्रि गश्त व्यवस्था की पोल खोल दी है। मार्निंग वाक पर निकले युवको ने पचवस में शव देखा तो पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि घटना स्थल पर मिले साक्ष्य प्रथम दृष्टया किसी से झगड़ा होना बयां कर रहे है। घटना के खुलासे के लिए छावनी, हर्रैया, परसरामपुर, स्वाट, सर्विलांस की टीम लगाई गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

गोलमाल ऐसा तो रूधौली नगर पंचायत संवरे भी कैसे!

विकास के ढोल की खुली पोल

भुगतान हुआ मगर नाली लापता 25 मीटर इंटरलाकिंग का हो गया 6 लाख पेमेंट, शहीद पार्क बना धोबीघाट इंटरलाकिंग बना गड्ढा-गंदगियों से पटा है सारा वार्ड जनता ने अफसरों और जनप्रतिनिधियों पर उतारा गुस्सा

संवाददाता। बस्ती। रूधौली नगर पंचायत में विकास के नाम पर पूरे क्षेत्र में सरकारी धन की लूट मची हुई है। हालत यह है कि सांसद और विधायक ने जिन सड़कों का उद्घाटन किया उन्ही में भारी घोटाला किया गया। नाली बनी ही नहीं और उसकी नींव रख दी गई, सड़क 25 मीटर बनी और उद्घाटन 100 मीटर का कर दिया। इसके लिए क्षेत्रीय लोगों ने सांसद, विधायक, चेयरमैन,ईओ, ठेकेदार, जेई और एई को मानकर इन सभी पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाते हुए अपना गुस्सा उतारा।

करोड़ों की लागत से बना शहीद पार्क बदहाल है, वह धोबीघाट बना हुआ है। किस शहीद की प्रतिमा है यह तक नहीं लिखा है, षहीद का अपमान हो रहा है। इंटरलाकिंग धंस ही नहीं गए बल्कि बड़े- बड़े गड्ढे बन गए हैं। देखभाल के अभाव में शहीद पार्क बदहाल है। सामुदायिक शौचालय का और भी बुरा हाल है। सबसे खराब स्थिति सड़को और गंदगी को लेकर है। जबकि सबसे अधिक धन इन्ही मद में खर्च किया गया। नालियां न होने से घरों का गंदा पानी सड़को पर आ गया है जिसके चलते सड़के तो टूटती जा रही हैं , आवागमन में भी लोगों को दिक्कत हो रही है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखकर नहीं लगता कि भुगतान करने से पहले या निर्माण होते समय कभी जेई या एई आए हों। क्षेत्र वालों का कहना है कि वह लोग चेयरमैन से नाली के लिए कहते रह गए मगर नहीं बनवाया। जबकि कागजों में नाली निर्माण दिखाकर लाखों रूपए का बंदरबांट कर लिया। इन लोगों ने चुनाव में सभी को देख लेने की बात कही। वैसे तो जिले में सभी नगर पंचायतों और नगर पालिका का यही हाल है, मगर नगर पंचायत रूधौली का सबसे अधिक बुरा हाल है। यह उस नगर पंचायत का हाल है जिस क्षेत्र के विधायक संजय प्रताप जायसवाल है जिन्होंने पूरे जिले से भ्रष्टाचार मिटाने का बीड़ा उठाया और रह- रह कर अपना तेवर दिखाते रहते हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि विधायक जी मेहनत तो बहुत करते हैं, मगर उनकी मेहनत का लाभ नगर पंचायत रूधौली की जनता को नहीं मिल रहा है। वहीं विधायक का कहना है कि जब ऊपर से लेकर नीचे तक सभी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं तो जनता का नाराज होना लाजिमी है। वार्ड नम्बर 12 में गांधीनगर से बखिरा मार्ग के एके चौधरी के आवास तक इंटरलाकिंग और नाली निर्माण पर 6.14 लाख से अधिक खर्च हुआ। सांसद और विधायक के उद्घाटन का बोर्ड भी लगा है, मगर मौके पर मुष्किल से 25 मीटर इंटरलाकिंग और आधी अधूरी नाली बनी है। गंदगी इतना कि खड़े होना मुष्किल है। डस्टबिन में कचरा भरा है। यह सड़क सिर्फएक डाक्टर के नींगिहोम के लिए बनाया गया।वार्ड नम्बर 11 नेताजी सुभाष नगर में मेनरोड से मंगरू के घर होते हुए राकेश लाल के घर तक सीसी रोड और ढक्कनदार नाली निर्माण 20.42 लाख से हुआ। सांसद और विधायक के उद्घाटन का षिलापट्ट भी लगा। नाली का निर्माण हुआ ही नहीं और जो सीसी रोड बना उसकी गुणवत्ता खराब है। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि इस सड़क का निर्माण चेयरमैन ने कराया, उनसे नाली के निर्माण के लिए कहा भी गया,मगर यह कहकर टाल दिए कि बन जाएगा, जबकि नाली के नाम पर धन का बंदरबांट कर लिया। जिन कार्यो का षिलापट्ट लगा है उस पर परियोजना का नाम, उसकी लम्बाई चौड़ाई और लागत तक का उल्लेख नहीं किया गया है। सबसे खराब सड़क की हालत महादेव सिंह रोड का है, जबकि यह सबसे अधिक महत्वपूर्ण सड़क है, दर्जनो स्कूल, बाजार लगता है। यहां पर जो नालियां बनी वह नाली कम कूड़ेदान अधिक लगता है। गंदगी का अंबार है, आए दिन सड़क पर दुर्घटना होती रहती है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि पिछले पांच साल में करोड़ो खर्च हो गया मगर एक भी वार्ड माडल नहीं बना। इसके लिए पूरी तरह जनप्रतिनिधि और नगर पंचायत प्रशासन जिम्मेदार है।

डीएम ने विन्ध्याचल भ्रमण कर कारीडोर के कार्यों की प्रगति देखी

मीरजापुर। जिलाधिकारी प्रवीन कुमार लक्षकार ने आज अपर जिलाधिकारी श्री यू0पी0 सिंह व नगर मजिस्ट्रेट के साथ विन्ध्याचल में भ्रमण कर विन्ध्य कारीडोर परियोजना के कार्यो के प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने परिक्रमा पथ के 50 फिट के अन्दर आने वाले सभी भवनों को तीन दिन में ध्वस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कारीडोर के ध्वस्तीकरण के कार्य में तेजी लायें, तीन दिन के बाद कोई भी कार्य अवशेश न रहने पायें ताकि विन्ध्य कारीडोर के सुन्दरीकरण का कार्य प्रारम्भ किया जा सके। जिलाधिकारी निरीक्षण के दौरान पाठक वाली गली, पक्काघाट, जयपुरिया वाली गली, थाना वाली गली सहित अन्य स्थलों पर हो रहे कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट एवं अधिशासी अभ्यिान्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि श्रमिकों की संख्या बढाकर कार्य में तेजी लायी जाये। जिलाधिकारी ने अवशेष सम्पत्तियों की रजिस्ट्री कराने में तेजी किये जाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व जिलाधिकारी द्वारा अष्टभुजा एवं कालीखोह पर नवनिर्मित रोप-वे का भी निरीक्षण किया गया तथा सहायक पर्यटन अधिकारी व रोप-वे के सम्बंधित अधिकारी को सभी तैयारियों पूर्ण कराने का निर्देश दिया ताकि इसका लोकार्पाण विन्ध्य धाम में आने वाले पर्यटकों/श्रद्धालुओं के लिये कराया जा सके। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा अष्टभुजा मंदिर व कालीखोह मंदिर के अलावा अष्टभुजा मंदिर से रोप-वे जाने वाले मार्गो पर साफ-सफाई कराने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया।

रूधौली विधायक ने सीएम से किया अज्जू के परिवार को सहयोग की मांग

बस्ती। रूधौली के विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने हिन्दू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय अजय अज्जू हिन्दुस्थानी की बहन श्रीमती अन्जना श्रीवास्तव के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर दुःखी परिवार को सम्बल देने का आग्रह किया। बताया कि कोरोना से अजय अज्जू हिन्दुस्थानी और उनकी मां और एक बहन की मौत हो गयी थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। आग्रह किया कि स्व. अजय अज्जू हिन्दुस्थानी के पिता अधिवक्ता ब्रम्हवेत्ता को किशोर न्यायालय या उपभोक्ता फोरम में सदस्य नियुक्त किया जाय। विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने बताया कि विधायक संजय प्रताप जायसवाल के साथ गई अज्जू हिन्दुस्थानी की बहन अन्जना श्रीवास्तव ने जब परिवार पर आए विपत्ति का दुःखड़ा सुनाया तो मुख्यमंत्री भी भावुक हो गए।

थाना समाधान दिवस को आईजी ने जांचा

● शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं बरतने के दिए निर्देश

संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

शनिवार को दुधारा थाने पर समाधान दिवस में पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुमार राय ने फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया उसके बाद उन्होंने दुधारा थाने का निरीक्षण कर कुछ ही क्षणों में निकल गये। दोपहर लगभग 12 बजें पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र अनिल कुमार राय दुधारा थाने पर पहुंचे इस दौरान समाधान दिवस में आने वाले सभी फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हो जिसके लिए मातहतों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत समस्याओं का समाधान हो जिसके लिए फरियादियों की समस्याओं को मॉनिटरिंग करे और फिर उनकी समस्याओं का समाधान दिवस में निस्तारण करे। उसके बाद उन्होंने थाने का निरीक्षण किया तत्पश्चात कुछ ही क्षणों में रवाना हो गये। इस दौरान दुधारा थाने पर आयोजित समाधान दिवस में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश यादव, तहसीलदार शंशाक शेखर राय ने फरियादियों की समस्याओं को सुना समाधान दिवस में कुल 8 मामले आये जिसमें राजस्व के पांच और पुलिस विभाग के तीन मामले आये जिसमें किसी का निस्तारण नहीं हो सका।

पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में रह न जाए : डीएम

● त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक हुयी सम्पन्न

संवाददाता। सोनभद्र

आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन, 2021 की तैयारियों के सिलसिले में जिलाधिकारी अभिषेक सिंह पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने जिले के उप जिलाधिकारियों पुलिस क्षेत्राधिकारियों थानाध्यक्षों खण्ड विकास अधिकारियों के साथ ही अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिले में आगामी दिनों में होने वाली चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सदस्य व क्षेत्र पंचायत सदस्य के चुनावों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए साफ सुथरी व विवाद रहित मतदाता सूची तैयार की जाय। किसी भी हाल में पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से बाकी न रहें और किसी पात्र नागरिक का नाम गलती से भी न कटने पायें। स्थानीय निकाय की तैयारियों के सिलसिले में मतदाता सूची के अनन्तिम प्रकाशन के बाद प्राप्त दावा आपत्तियों के निस्तारण सेक्टर व जोन के निर्धारण मतगणना केन्द्रों के निर्धारण शान्ति व्यवस्था पुलिस प्रबन्ध पर विस्तार से समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव से जुड़ें लम्बित प्रकरणों का निस्तारण शत प्रतिशत कराते हुए साफ सुथरी लेटर बनाया जाय ताकि चुनाव के समय कोई दिक्कत न होने पायें। उन्होंने कहा कि सेक्टर व जोन के निर्धारण के लिए उप जिला अधिकारियों की अध्यक्षता में 11 जनवरी 2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील मुख्यालयों पर बैठक करके सेक्टर व जोन का निर्धारण कर लिया जाय जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी तहसीलदार खण्ड विकास अधिकारी सम्बन्धित थाना प्रभारी व सहायक विकास अधिकारी पंचायत मौजूद रहेंगें। इसी प्रकार से उन्होंने मतगणना स्थलों के चयन के सम्बन्ध में उन्होंने 11 जनवरी, 2021 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील मुख्यालयों पर उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में व पुलिस उपाधीक्षक तथा खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक करके मतगणना स्थलों का चयन करना सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत के चुनाव से जुड़ें संवेदनशील अति संवेदनशील व संवेदनशील प्लस की श्रेणी का चिन्हीकरण का भी काम पूरा करेंगें। उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी अभी से चुनावी तैयारियों के कार्यों में तेजी लायें ताकि आगामी दिनों में होने वाले पंचायत चुनावों को निष्पक्ष स्वतंत्र एवं शान्तिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए क्षेत्रों में संदेश प्रसारित कराये जाय। आपराधिक इतिहास के अवांछनीय तत्वों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी की जाय। पाबंदी की कार्यवाही व गुण्डा एक्ट व जिला बदर की भी कार्यवाही संभावित चुनाव से पहले पूरी तत्परता व ईमानदारी के साथ पूरी कर ली जाय। जहॉ कहीं भी शांति भंग की आशंका हो वहां पर सतर्क दृष्टि रखते हुए पाबंदी व अन्य कार्यवाहियां पूरी की जाय।

मतदेय स्थलों का मुआयना कर मांगी रिपोर्ट

बस्ती। 2015 में पंचायत चुनाव में बने सभी मतदेय स्थलों का मुआयना कर 32 बिन्दुओं पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का डीएम आषुतोष निरंजन ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है। कहा कि मतदेय स्थल तक पहुचने वाले मार्ग के बारे में रिपोर्ट अवश्य दी जाय। एसडीएम को निर्देषित किया कि सभी थानों से प्राप्त 32 बिन्दुओ के रिपोर्ट की समीक्षा कर मतदेय स्थल भवन परिवर्तन के बारे में अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। सहायक विकास अधिकारी, बीट कांस्टेबल,राजस्व निरीक्षक की टीम द्वारा मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। पुरानी बस्ती थाने पर आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर लोगों की षिकायतों को सुना, समाधान रजिस्टर ,निरस्त शस्त्र लाइसेंसो को जमा कराने, तीन या उससे अधिक असलहाधारी का असलहा जमा कराने की समीक्षा किया। निर्देश दिया कि भूमि विवाद के मामलों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर विवाद का निस्तारण कराए। कहा कि 107/116, 151, गैंगेस्टर, गुण्डा एक्ट वाले व्यक्तियों का असलहा लाइसेंस अनिवार्य रूप से निरस्त किया जाएगा।

आज हर हाल में कराएं पंजीकरण : सीएमओ

संतकबीरनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरगोविन्द सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि जनपद में समस्त संचालित प्राइवेट हास्पिटल, नर्सिगहोम, क्लीनिक, पैथालोजी एवं डायग्नोस्टिक सेन्टरों का पंजीकरण/नवीनीकरण महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार गत 31, दिसम्बर तक पंजीकरण/नवीनीकरण बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया था किन्तु उक्त संस्थाओं के संचालक द्वारा अभी तक पंजीकरण/नवीनीकरण नही कराया गया। उन्होने उक्त सम्बन्धित संचालकों को निर्देशित किया है कि आप प्रत्येक दशा में 10, जनवरी तक पंजीकरण/नवीनीकरण करना सुनिश्चित करें। समय सीमा के अन्तर्गत पंजीकरण/नवीनीकरण न कराये जाने का उत्तरदायित्व आप स्वंय का होगा। उक्त संस्था के संचालक अपने अपने प्रतिष्ठान का पंजीकरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आनलाइन आवेदन शर्तो के साथ सुनिश्चित करें।

क्विक न्यूज

थाना समाधान दिवस पर विन्ध्याचल कोतवाली पहुँचे एसडीएम

विन्ध्याचल, मीरजापुर। माह के दूसरे शनिवार थाना समाधान दिवस पर विन्ध्याचल कोतवाली पहुँचे एसडीएम सदर गौरव श्रीवास्तव । प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को होने वाले थाना समाधान दिवस के अंतर्गत द्वितीय शनिवार को कुल दस फरियादियों ने अपने अपने प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रेषित किया । समाचार लिखे जाने तक किसी भी मामले का समाधान नही हो पाया था।

औचक प्रशासन ने की फैक्ट्री की जांच

संतकबीरनगर। शासन के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में उपजिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी एवं जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा मय पुलिस टीम के साथ खलीलाबाद इण्डस्ट्रियल एरिया के कई फैक्ट्रियो का औचक जॉच किया। शासन द्वारा दिये गये बिन्दुओं पर गहनता से फैक्ट्री मालिकों से जानकारी लेते हुए उनके अभिलेखो से सत्यापन किया गया। कपिला पशु आहार इण्डस्ट्री लिमिटेड, यूरिया फैक्ट्री सहित अन्य खाद्य उद्योगो के फैक्ट्रियों की जॉच की गई। संयुक्त टीम ने अपनी जॉच रिपोर्ट जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रेषित किया।

विश्व हिंदी दिवस पर आयोजित होगी प्रतियोगिताएं

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद स्टेशन में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चालू वर्ष 2021 के माह जनवरी के 10 तारीख को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण सभी प्रतियोगिताएं ऑन लाइन सम्पन्न होगी। मानव संसाधन के राजभाषा अनुभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एनटीपीसी कर्मचारी सहयोगी संस्थाओं एवं कालोनी परिसर की महिलाओं हेतु निबंध स्वरचित कविता व सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

मुकदमों की पैरवी बेहतर तरीके से करते हुए दोषियों को दिलायें सजा

सोनभद्र। जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए अभियोजन अधिकारीगण शासकीय अधिवक्तागण मुकदमों की पैरवी बेहतर तरीके से करते हुए दोषियों को सजा दिलायें। उक्त बातें जिलाधिकारी अभिषेक सिंह व पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को जिले में शान्ति एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी मुकदमों की पैरवी बेहतर तरीके से हो और जिले के उप जिलाधिकारी गण पुलिस क्षेत्राधिकारियों थाना प्रभारियों से बेहतर समन्वय स्थापित करके जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने में अपने जिम्मेदारियों को निभायें।

विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ आज

बीजपुर/सोनभद्र। स्थानीय ग्राम पंचायत के पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ आज से किया जाएगा। आयोजक मंडल के अनुसार सारी तैयारी पूरी हो गई हैं। कुश्ती दंगल कार्यक्रम के आयोजन के अध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि उन्नाव वाराणसी गोरखपुर दिल्ली बुंदेलखंड आगरा जौनपुर के साथ साथ कई प्रदेशों के प्रसिद्ध कुश्ती पहलवान आज ही पहुँच रहे है। उन्नाव के पहलवान चंद्र राम तिवारी और वाराणसी के पहलवान लल्ला शनिवार से ही आकर दंगल की पूरी रूपरेखा तैयार करने में लगे हुए हैं। दंगल में आने के लिए विभिन्न प्रदेश की महिला पहलवानों को भी आमंत्रित किया गया है जिसमे कई नामचीन महिला पहलवानों ने आने की संस्तुति दी है।

सुरक्षित मातृत्व मेले का डीएम ने किया उद्घाटन

बस्ती। साऊंघाट सीएचसी पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मेले का डीएम आषुतोष निरंजन ने फीता काटकर उद्घाटन किया। अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुचाने का निर्देश दिया। व्यवस्था के निरीक्षण में पाया कि कोविड-19 की जांच के लिए अलग काउण्टर बनाया गया था।

सीएचसी पर 112 गर्भवती महिलाओं का हुआ परीक्षण

सेमरियावां (संतकबीरनगर)। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत 112 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां दी गयी। इससे पूर्व स्वास्थ्य शिविर का अधीक्षक डा. जगदीश पटेल ने फित्ता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहना सभी का मौलिक अधिकार है। व्यापक एवं गुणवत्तापूर्ण एएनसी और उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था की पहचान एवं उस पर लगातार निगरानी रखना इस अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह भारत सरकार के केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारम्भ की गयी एक योजना है जिसके तहय प्रत्येक माह की नौ तारीख को सभी गर्भवती महिलाओं को सार्वभौमिक तौर पर सुनिश्चित, व्यापक एवं गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व देखभाल किये जाने का प्रावधान है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण कर नि:शुल्क दवाएं तथा परामर्श दी गयी।

महिलाओं की सुविधा के लिए डेस्क हुई स्थापित

संवाददाता। संतकबीरनगर

● जनपद के धर्मसिंहवा थाना में कार्यक्रम आयोजित कर आईजी रेंज बस्ती, डीएम व पुलिस अधीक्षक ने किया महिला डेस्क का उद्घाटन, महिला आरक्षियों को किया सम्मानित

प्रतीक चिन्ह प्रदान करती जिलाधिकारी पायनियर

शनिवार को धर्मसिंहवा थाने पर बने महिला हेल्प डेस्क का शनिवार को आईजी अनिल कुमार राय डीएम दिव्या मित्तल व एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने लोकार्पण किया। लोकार्पण के अवसर पर धर्मसिंहवा थाने में पहुंचे सभी उच्चाधिकारियों का का थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और उनके मातहतों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की भव्यता देखकर हुए अधिकारी। शनिवार को धर्मसिंहवा में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन आईजी, डीएम व एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन। धर्मसिंहवा थाने में बने महिला हेल्प डेस्क का विधिवत उद्घाटन हुआ।महिला हेल्प डेस्क के उद्घाटन के अवसर पर धर्मसिंहवा थाने में पहुंचे आईजी अनिल कुमार राय, एसपी डॉ कौस्तुभ और जिलाधिकारी दिव्या मित्तल का थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी और उनके मातहतों ने जोरदार स्वागत किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सम्पन्न हुए पूजा अर्चना के साथ आईजी अनिल कुमार राय, डीएम दिव्या मित्तल और एसपी डॉ कौस्तुभ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। महिला हेल्प डेस्क के उद्घाटन के बाद धर्मसिंहवा थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की अगुआई में आये हुए अतिथियों आईजी, डीएम और एसपी का मंच पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने सभी का स्वागत किया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने आये हुए अतिथियों आईजी, डीएम और एसपी को बुके देकर स्वागत किया, मुख्यातिथि के रूप मे थाने में आये आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इस दौरान आईजी अनिल कुमार राय ने एसपी डॉ कौस्तुभ ने थाना परिसर में बने आरक्षी आवासों, मेस, आदि का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को आवश्यक निर्देश दिया।इस दौरान मेधावी छात्राओं को डीएम दिव्या मित्तल और एसपी डॉ कौस्तुभ ने ट्राफी प्रदान कर उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया। बताते चलें कि प्रदेश की योगी सरकार द्वारा शुरू की गई नई कवायद महिला हेल्प डेस्क के निर्माण को लेकर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी के द्वारा किये गए योगदान को आईजी, डीएम और एसपी ने अतुलनीय बताते हुए थानाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी की जमकर तारीफकी। इस दौरान आईजी,डीएम और एसपी समेत अन्य जिम्मेदार वक्ताओं ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को लेकर सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं और अन्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान आईजी अनिल कुमार राय ने सरकार के द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित भी किया गया। आईजी ने कहा कि सरकार की इस पहल से महिलाएं खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी। सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन तीनों हासिल होगा। वहीं इस अवसर पर डीएम दिव्या मित्तल ने कहा कि महिला हेल्प लाइन डेस्क, महिला सुरक्षा को लेकर महत्वाकांक्षी पहल है। कोई भी पीड़ित महिला किसी तरह की शिकायत इस हेल्प डेस्क में दर्ज करा सकती है। जिस पर त्वरित कार्रवाई होगी। उद्घाटन के अवसर पर एसपी डॉ कौस्तुभ ने कहा कि महिलाओं को अपनी समस्याओं को लेकर अब कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। इस हेल्पडेस्क पर महिलाएं अपनी समस्या नि:संकोच कर सकती हैं।

सड़क हादसे में युवक की मौत,परिजनों में शोक

चकिया,चन्दौली । बबुरी थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा गांव के पास शुक्रवार की देर रात अनियंत्रित बाइक नहर पुलिया में टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।घटना की सूचना जब मृतक के परिजनों को लगी तो परिवार वालों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर जनपद के जमालपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव निवासी विपिन चौहान अपने घर से खिचड़ी लेकर शहाबगंज थाना क्षेत्र के करनौल गांव में आया था। जहां रात वापस लौटते समय बाइक अनियंत्रित हो गई और नहर की पुलिया से टकरा गयी। बबुरी पुलिस शव को कब्जे में लेकर अगली कार्यवाही में व्यस्त है।

3 किग्रा चरस के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

बढ़नी। सिद्धार्थनगर सशस्त्र सीमा बल 50वीं के बढ़नी बीओपी के द्वारा बीती शाम चेक पोस्ट पर नियमित चेकिंग के दौरान नेपाल से आ रहे एक व्यक्ति के पास से करीब 3 किलो नेपाली चरस बरामद किया गया है। बरामद मादक पदार्थ व अभियुक्त को ढेबरुआ पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। गत सायं भारत.नेपाल लिंक रोड पर स्थित एसएसबी के चेक पोस्ट पर एएसआई हिमांशु दास अपने सहयोगी आरक्षियों के साथ ड्यूटी चेकिंग कर रहे थे।

अवैध तरीके से नेपाल से लाये जा रहे लगभग तीन लाख के जेवरात बरामद

बढ़नी। सिद्धार्थनगर एसएसबी 50वीं वाहिनी के बढ़नी बीओपी के जवानों द्वारा चेक पोस्ट पर नेपाल से आ रहे एक व्यक्ति के पास से गत रात्रि करीब 3 लाख रुपये के सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं। एसएसबी ने गहने व अभियुक्त को बढ़नी कस्टम के सुपुर्द कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि नेपाल से आ रहे नेपाली मूल के एक व्यक्ति के बैग से चेकिंग के दौरान स्वर्ण आभूषण मिला। नियमों के मुताबिक ज्यादा मात्रा में जेवरात लाना अवैध है। जिस कारण उक्त गहनों को एसएसबी ने चालान कर बढनी कस्टम के सुपुर्द कर दिया।

बालिका को भगाने वाला गिरफ्तार

बढ़नी, सिद्धार्थनगर। ढेबरूआ पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते दिनों एक नाबालिग बालिका को बहला.फुसलाकर भगा ले जाने वाले एक आरोपी को बढ़नी रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। जिसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। ढेबरुआ एसओ तहसीलदार सिंह ने बताया कि शनिवार की सुबह मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर एसआई शिवदास गौतम के नेतृत्व में पुलिस टीम एक अपहरणकर्ता को पकड़ने बढ़नी रेलवे स्टेशन पहुची।

पूर्व शिक्षक एमएलसी ने द्वाह्र पूरे समय के लिये कक्षाओं के संचालन की मांग

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षक एमएलसी चेतनारायण सिंह ने जनपद में संगठन की बैठक किया। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शासन से मांग किया है कि कक्षा 9 से 12वीं तक की सभी कक्षाओं का संचालन पूरे समय के लिये किया जाए। इससे पाठ्यक्रम परीक्षा से पूर्व समाप्त होगा तथा बच्चों के नुकसान की कुछ भरपाई हो पाएगी। उन्होंने प्रयोगात्मक परीक्षाओं को 15 मार्च के बाद एवं बोर्ड परीक्षा को 15 अप्रैल से करने का भी सुझाव दिया।

स्वास्थ्य केन्द्र पर हुआ गर्भवती महिलाओं का परीक्षण

सुइथाकलाए, जौनपुर। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकला में 72 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डाण् एसपी यादव ने बताया कि हर माह की नौ तारीख को हाई रिस्क प्रेग्नेंसी डे पर गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है।

बनाएंगे भव्य श्रीराम मंदिर

भक्तों ने निकाली यात्रा

श्रीराम जन्म भूमि निधि समर्पण के केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता। मऊ

श्रीराम जन्म भूमि निधि समर्पण के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गोरक्ष प्रांत के प्रचारक सुभाष जी द्वारा वैदिक रीति-रिवाज के साथ पूजन.अर्चन करते हुए नारियल फ ोड़कर सहादतपुरा चर्च कंपाउण्ड में किया। केन्द्रीय कार्यालय के उद्घाटन के साथ ही जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित करके पूजन.अर्चन किया गया। साथ ही साथ साधु-संतों व वर्ष 1992 तथा उसके पहले कार सेवा का हिस्सा रहे कारसेवकों को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात केसरिया ध्वज पताका के बीच भगवान श्री राम के चित्र के हजारों की संख्या में धर्म प्रेमियों के जत्था के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। केंद्रिय कार्यालय के उद्घाटन के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन जी के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकला। शोभायात्रा में शामिल होने के लिए भगवान श्रीराम के खड़ाऊ को लेकर जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा शोभायात्रा में शामिल हुए तो छणिक के लिए लोगों की आंखें भाव विह्वल हो गया। शोभायात्रा के लम्बे काफ्लिा में जब हिन्दू धर्म के भक्तों की टोली ने जय श्रीराम का जयकारा लगाया तो पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। शोभा यात्रा के दौरान श्रीराम के धुन पर भक्त झुमते, थिरकते पूरे अनुशासन में शोभायात्रा के आगे की टोली में साधु संत व भारी संख्या में हिंदू समाज के लोग जय श्री राम के घोष के साथ चलते रहें। शोभायात्रा सहादतपुरा स्थित केंद्रीय कार्यालय से होते हुए कॉटन मिल रोड होते हुए नरई बांध पहुंची। वहां से आजमगढ़ मोड़ होते हुए रोडवेज, डीसीएसके के बाद सोनी धापा के मैदान में पहुंची। जहां पर शोभा यात्रा में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयं संघ के गोरख प्रांत के प्रचारक सुभाष जी ने कहा कि यह हम लोग के लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम लोग भगवान श्रीराम के मंदिर बनने में साक्षी बन रहे हैं। सैकड़ों वर्षो का सपना साकार होने जा रहा है और श्री राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए हम राम भक्तों को पूर्ण रूप से तैयार होना है। राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर निर्माण में समस्त देशवासियों का योगदान होना सुनिश्चित करने के लिए हम सभी को प्रत्येक परिवारों से मंदिर निर्माण के लिए सहयोग लेना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं महंत सतनाम दास ने कहा कि आज के यात्रा में राम भक्तों का उत्साह देख कर मन गदगद है। वह दिन साकार होने वाला जब हम अपने आंखों से श्रीराम लला के भव्य मंदिर को देखेंगे। नगर क्षेत्र में श्रीराम जन्म भूमि निधि समर्पण के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन के दौरान निकली भव्य शोभा यात्रा के दौरान सैकड़ों लोग साक्षी बने। शोभा यात्रा में मुख्य रुप से यशोदानन्दन, देवेंद्र मोहन, बजरंगी सिंह बज्जू, राजेश पांडेय, दुर्ग विजय राय, विधायक विजय राजभर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, अखिलेश राय,सुनील कुमार दुबे सोनू, विकास सिंह, शिब्बू सिंह,भरत भैया, सत्यमित्र सिंह दिनेश, डा. सीता राय, नीलम सर्राफ, मीना अग्रवाल, नुपुर अग्रवाल, मनोज रायए मनीष राय, अशोक सिंह, सुनील यादव, राकेश मिश्रा, डॉ. सर्वेश पांडेय, मनोज राय, गनेश सिंह, अरिजीत सिंह, रामाश्रय मौर्य, आनन्द प्रताप सिंह, संजय पाण्डेय, अजीत सिंह, भगवान दास गुप्ता, आनंद सिंह, प्रशांत सिंह, ज्ञान प्रकाश सिंह, मधुंजय दुबे सोनू, अभिषेक ,आत्यप्रकाश पांडेए मोनू, आनंद कुमार, सत्यप्रकाश, प्रवीण, अनूप भारत, संजय सिंह, आदि शामिल रहे।

कार सेवा करने वाले संत महात्माओं को किया गया सम्मानित

मऊ। रामलला मंदिर के लिए वर्ष 1992 के दौरान कारसेवा में शामिल साधु.संतों को अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रुप से अरविन्द सिंह, रमेश सोनकर, जय प्रकाश सिंह, राजनाथ, विंध्याचल यादव, रामचंद्र, राम ज्ञानी,अखिलेशए डॉ अभिमन्यु सिंह, मकर धुन निषाद, जनार्दन ठाकुर,सावित्री सिंह, लल्लन गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, बृज नाथ वर्मा वैराग वर्धन शामिल रहे।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर अटेवा की बैठक

चहनियां,चन्दौली । कैंप कार्यालय चहनियां में अटेवा पेंशन बचाओ मंच की एक आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष आत्मप्रकाश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई । इसमे पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष करने का आवाहन किया । वही अटेवा संगठन के विस्तार पर चर्चा की गयी । बैठक में जिला संरक्षक वीरेंद्र सिंह यादव ने सभी को एकजुट होकर पेंशन बहाली की लड़ाई को मजबूत करने हेतु आवाहन किया । उन्होंने कहा कि हमारा हक है पेंशन हम इसे लेकर रहेंगे । जब सम्मानित सांसद विधायक एवं जनप्रतिनिधि 2004 के पश्चात पुरानी पेंशन के हकदार हैं तो कर्मचारी शिक्षक भी पेंशन के हकदार हैं । हम जनता के द्वारा चुनी सरकार से पुरानी पेंशन का अधिकार लेकर रहेंगे । चमन सिंह यादव ने कहा कि सेवानिवृत्ति के पश्चात आने वाली समस्या को समय रहते हल कर ले इसी में हम सब का हित है ।

कातिलों तक नहीं पहुंचा पुलिस का हाथ

चहनियां,चन्दौली । बलुआ थाना क्षेत्र के पलिया गांव में खेल के मैदान में हुए मुंशी सोनकर की हत्या के मामले में अभी तक पुलिस के हाथ कातिलों तक पहुंच पाए है। हालांकि पुलिस लगातार दबिश दे रही है । वही दूसरी तरफ मुंशी सोनकर के गांव बलुआ व घर में सन्नाटा पसरा है । ढाँढस बंधाने वालों का तांता लगा है । जबकि जबकि मामले को दो दिन हो गया है ।

पुण्यतिथि के अवसर पर गरीबों में बांटा कंबल

धानापु,चन्दौली। क्षेत्र के सीता पोखरी पर समाजसेवी श्रीपति सिंह यादव ने अपने माता अशरफी देवी के पुण्यतिथि के मौके पर गरीबों में कुल 500 कंबल का वितरण किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रवक्ता समाजवादी पार्टी मनोज सिंह काका रहे। उन्होंने कंबल वितरण के दौरान कहा कि बढ़ रही ठंड में यह एक बहुत ही पुनीत कार्य है। गरीब असहाय लोगों को मदद करने से इंसान को सकारात्मक ऊर्जा प्रदान होती है इसलिए गरीब कमजोर लोगों का लोगों का हर संभव मदद करनी चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य राजेश यादव, प्रशांत यादव पिंटू, पांचू राम, राम सुधार मौर्य, मोहन राम, मेराज अहमद फ्रिोज अहमद, काशीनाथ राजभर, मिश्री राजभर, शिवाजी राजभर,हरिश्चंद्र राजभर, लियाकत खान वजीर खान डॉक्टर सुहेल अहमद आदि रहे। अध्यक्षता रामजन्म यादव विधानसभा अध्यक्ष सपा व संचालन अभय यादव प्रदीप ने किया। धन्यवाद ज्ञापित विपिन यादव विक्कू ने किया।

39 हजार बने व्यक्तिगत शौचालय

सकलडीहा। केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत विगत 6 साल में 39 हजार 90 हजार शौचालय बनाये गये है। इसके बाद विकास खंड के 101 गांव में सामुदायिक शौचालय और 21 पंचायत भवन निर्माण कराया जा रहा है। सरकार की योजना के तहत व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालय बनाये जाने से काफी हद तक स्वच्छता अभियान को गति मिला है।केन्द्र और प्रदेश सरकार गांव से लेकर शहर तक को स्वच्छता अभियान के तहत मुहिम चला रहा है। इस क्रम में पिछले 2 अक्तूबर 2014 से घर घर व्यक्तिगत शौचालय के तहत 39 हजार 90 शौचालय का निर्माण कराया गया। इसके बाद सामुहिक रूप से 101 गांव में चार लाख 47 हजार और चार लाख 97 हजार की लागत से सामुदायिक शौचालय बनाने की कवायद शुरू किया गया है। इस क्रम में करीब 90 से अधिक गांवों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

कांग्रेस ने हर संघर्ष में देश के हक में की आवाज बुलंद

पीडीडीयू नगर। संगठन सृजन अभियान पार्ट 2 के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर के वार्ड नण्21 सुभाषनगर की बैठक आज़ाद सिंह के आवास पर आयोजित की गयी बैठक का प्रारम्भ कांग्रेस की उद्देश्य शपथ लेते हुए किया गया। बैठक में वार्ड न-21 के वार्ड अध्यक्ष पद पर मुस्कान ए उपाध्यक्ष भरत सिंह,महासचिव रोहित मौर्या,सचिव दिपू सिंह को नियुक्त किया गया। इस मौक़े पर वार्ड गठन के साथ साथ स्थानीय व प्रमुख मुद्दों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस की प्रदेश सचिव व ज़िला प्रभारी सरिता पटेल ने कहा कि भाजपा देश के लिए बडी से बडी महामारी से भी खतरनाक है।

अनुशासन ही भाजपा कार्यकर्ता की असल पहचानः स्वतंत्र देव

बर्डपुर मंडल के महदेइया सेक्टर में चाय पर चर्चा के दौरान कार्यकर्ताओं से किया सीधा संवाद

संवाददाता। सिद्धार्थनगर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार की देर शाम भाजपा बर्डपुर मंडल के महदैया सेक्टर में मंडल के पदाधिकारी तथा वहां के सेक्टर संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों के साथ चाय पर चर्चा की । इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के संगठनात्मक ढांचे की जानकारी तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता का अनुशासन ही उसकी पहचान है। कार्यकर्ताओं का संगठन के प्रति लगावए प्रेम एनिष्ठा व समर्पण,आत्मविश्वास के बल पर ही आज केंद्र में नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तथा उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है ।उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी पंचायत चुनाव में पूरी ताकत से बढ़चढ़कर हिस्सा लेकर चुनाव को फ्तेह करने का मंत्र दिया। चौपाल कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितेश पांडे ने प्रदेश अध्यक्ष स्वतन्त्रदेव सिंहएएवं क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष गोविंद माधव को मोमेंटो एवं साल प्रदान कर स्वागत किया। साथ ही उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, शिक्षा मंत्री डॉ सतीश द्विवेदी,सांसद जगदंबिका पाल, डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही का भी स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष सहित अतिथियों ने बर्डपुर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किए हुए कार्यक्रमों को लेकर लिखित पुस्तक का विमोचन भी किया। साथ ही मण्डल अध्यक्ष ने उन्हें क्षेत्र की प्रसिद्ध रामकटोरी मिठाई भी भेंट किया। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार को विकास का श्रेय दिया। उन्होंने कहा की भाजपा कार्यकर्ता केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बर्डपुर मंडल के अध्यक्ष नितेश पाण्डेय के कार्यों की सराहना करते हुए मंडल अध्यक्ष सहित उनकी टीम के पदाधिकारी व सेक्टर संयोजक को फूल माला पहनाकर स्वागत एवं उत्साह वर्धन किया। इस दौरान मण्डल प्रभारी साधना चौधरीए पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा,एसेक्टर संयोजक मोहन चौधरी, रामबिलास मौर्या, मंडल महामंत्री अभिषेक कसौधन, सुरेंद्र यादव,मण्डल उपाध्यक्ष अमित उपाध्याय,चंद्रप्रकाश द्विवेदीए, मण्डल मंत्री विजय मोदनवाल, मार्कण्डेय मिश्रा, सुमित्रा जायसवाल, सहित प्रहलाद शर्मा, सन्तोष मोदनवाल, अनिरुद्ध, मंगलेश, रमेश ,संजय मिश्रा, रामराज, अमन मौर्या,सत्यराम ,रामकुमार,सोनू सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बूथ अध्यक्ष के आवास पर बूथ समिति के सदस्यों के साथ भोजन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम उस्की के बूथ क्र0 512 के कर्मठ बूथ अध्यक्ष राम अवध निषाद के आवास पर बूथ समिति के सदस्यों के साथ भोजन कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंहए क्षेत्रीय मंत्री शिवनाथ चौधरीए जिला अध्यक्ष गोविंद माधवए बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदीए भाजपा नेता अभिषेक पालए ग्राम प्रधान सरोज शुक्लाए हेमन्त जायसवाल आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने असहायों को किया कंबल वितरण

सिद्धार्थ नगर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार की देर शाम सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में बर्डपुर क्षेत्र के सेक्टर बर्डपुर नंबर 7 में ठंड से निजात पाने को लेकर असहायों में कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र व प्रदेश सरकार ने देश के विकास को एक नया आयाम दिया है। देश की समृद्धि और संप्रभुता को अक्षुण बनाए रखने को लेकर भी ठोस कदम उठा रही है। भारत माता को विश्व गुरु की ओर अग्रसर ले जाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार निरंतर कार्य कर रही है । कश्मीर से धारा 370 एवं 35। तथा तीन तलाक एवं राम मंदिर निर्माण जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर ऐतिहासिक कदम उठाए है। क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कि सरकार ने प्रदेश से भ्रष्टाचार एवं गुंडाराज को खत्म किया । स्वास्थ्य मंत्री राजा जय प्रताप सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से समाज का प्रत्येक तबका लाभान्वित हो रहा है।

वेतन भुगतान और विनियमितीकरण के लिये एमएलसी को सौंपा ज्ञापन

जौनपुर। तदर्थ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष तिलक राज सिंह के नेतृत्व में तदर्थ शिक्षकों ने विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू से मिलकर कार्यरत तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान एवं विनियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिस पर बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि जल्द ही हम मुख्यमंत्री से मिलकर तदर्थ शिक्षकों के वेतन भुगतान और विनियमितीकरण की बात करेंगे। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि वेतन भुगतान का आदेश सर्वोच्च न्यायालय ने दिया है लेकिन अभी तक सरकार इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है। इसी नियम से हमारे साथ ही नियुक्त तदर्थ शिक्षकों का वेतन भुगतान अन्य जनपदों में लगातार हो रहा है।

जनपद में प्रदेश की सदस्यता का शुभारंभ

जौनपुर। जिले व नगर में जिलाध्यक्ष दिनेश टण्डन के नेतृत्व में सदस्यता अभियान का शुभारंभ हुआ। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश की सदस्यता प्रारंभ हो चुकी है। आगामी 12 जनवरी तक हमसे या नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल से मिलकर जुड़ सकते हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री सोमेश्वर केसरवानी और नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव अप्रैल माह में संभवत वृंदावन में आयोजित होगा। यह सदस्यता 3 वर्ष के लिये मान्य होगी। युवा जिलाध्यक्ष व युवा प्रदेश संगठन मंत्री संतोष अग्रहरि और जिला महामंत्री रामकुमार साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किये। शनिवार को सदस्यता अभियान गल्ला मंडी चौराहा से प्रारंभ होकर कोतवाली चौराहे तक चला। कोतवाली चौराहे पर गहना कोठी के विनीत सेठ ने सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए श्रीमद्भागवत गीता भेंट किया।

चहनिया ब्लॉक के दावा आपत्ति का निस्तारण

सकलडीहा,चन्दौली। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अधिकारियों के बीच सरगर्मी तेज होगयी है। शनिवार को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार चहनिया ब्लॉक की सीडीपीओ व बीएलओ के साथ तहसील सभागार में बैठक किया। इस दौरान दावा आपत्ति की शिकायतों का देर शाम तक निस्तारण में जुटे रहे। इस दौरान एक गांव में कुछ लोगों का नाम फर्जी ढ़ग से पाये जाने पर मुकदमा दर्ज कराने का निर्देश दिया। एसडीएम के तेवर से फर्जी मतदाताओं में खलबली मचा हुआ है। 27 दिसम्बर को मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद 3 जनवरी तक दावा आपत्ति लिये जाने का समय निर्धारित किया गया था। फाइनल मतदाता सूची के प्रकाशन से पूर्व दावा आपत्ति के निस्तारण करने का दबाब है। दावा आपत्ति के अलग अलग ब्लॉक के कुल तीन हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ था। गुरूवार को सकलडीहा शुक्रवार को धानापुर ब्लॉक का निस्तारण कियाग या। शनिवार को चहनिया ब्लॉक के दावा आपत्ति के निस्तारण के लिये सीडीपीओ के साथ बीएलओ को सुबह से बुलाया गया था। देर शाम तक सभी आवेदनों का निस्तारण किया गया।

पवन तनय ने किया इन्फोटेक एंड सॉल्यूशंस कार्यालय का उद्घाटन

जलालपुर, जौनपुर। प्रदेश अध्यक्ष व भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी पवन तनय मिश्रा ने शनिवार को आई डायरेक्टर इन्फोटेक एंड सॉल्यूशन्स बसनी बाजार कार्यालय का उद्घाटन किया। श्री मिश्र ने संस्थान के डायरेक्ट शिवम कुमार सिंह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब आप आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करते हैं तब आप आत्मनिर्भर भारत बनाने का प्रयास करते हैं। आपने युवा वर्ग को एक संदेश देने का कार्य किया है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवता अधिकार एवं मीडिया संगठन एंटी क्राइम सेल के जिलाध्यक्ष विकास सिंह, जिला महामंत्री अमन सिंह सोनू, विनय पटेल मौजूद रहे।

कालेज जा रही छात्राओं का आटो पलटा, आधा दर्जन घायल

डोभी, जौनपुर। चंदवक से करा कालेज पढ़ने जा रही छात्राओं का वाहन तेज रफ्तार होने के कारण शनिवार को खुज्झी में अचानक पलट गया।
टैम्पू में सवार आधा दर्जन छात्राएं घायल हो गयी। मौके पर पहुंचे बाजारवासियों ने छात्राओं के परिजनों को सूचना दिया। मौका देखकर टैम्पू चालक वाहन लेकर मौके से भाग निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार चंदवक के हरदासीपुर, कोटिया व पुरानी बाजार की दर्जन भर छात्राओं को एक ही टैम्पू में भरकर चालक गणेश राय पीजी कालेज ले जा रहा था। चालक वाहन को काफी तेज रफ्तार में चला रहा था जिससे असंतुलित टैम्पू खुज्झी पहुंचते ही सामने से आ रही ट्रक देख अपना संतुलन खो दिया और टैम्पू बीच सड़क पर ही पलट गया। इसमें सवार हरदासीपुर निवासी प्रिया पुत्री लल्लन प्रजापति व प्रीति पुत्री रितेश प्रजापति को काफी गंभीर चोटें आयी। वहीं लगभग आधा दर्जन छात्राएं गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फसलों को चौपट कर रहा छुट्टा पशुओं का झुंड

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। क्षेत्र मे इन दिनों आवारा पशुओं का आतंक छाया हुआ है । जिससे चलते किसान परेशान है । आवारा पशुओं का झुंड आता है और फसलों को सफाचट कर अथवा बर्बाद कर जाता है । फसलों की सुरक्षा के प्रति किसान गुहार लगता है। परन्तु इस दिशा मे वन विभाग व प्रशासन दोनों का रवैया उदासीन बना रहता है रमवापुर, पेंदा , बिलवट, परानपुर , बहडीला नानकार ,औशानकुइयां ,भग्गोभार,जमुनी , खोरिया रघुवीर सिंह ,गौरी पाठक आदि गांवों के सीवान मे इन दिनों आवारा पशुओं का झुंड दिखाई दे रहा है । धान व गन्ना की फसलों पर आकर ये छुट्टा पशुओं का झुंड सफाचट कर फिर धमाचौकडी शुरु होती है ए फिर फसलें बर्बाद हो जाती है । छोटे पेड़ ,फूल पत्तियों को भी नुकसान पहुंचाते है । इस तबाही को देख किसान पूरी तरह लाचार व बेबस नजर आते है । कुछ किसान नुकसान से बचने केलिए खेतों के चारों तरफ भांति-भांति उपाय से बैरीकेटिंग अथवा अन्य उपाय की व्यवस्था करते रहते हैं ।

कोविड-19 वैक्सिनेशन के ड्राईरन हेतु सीडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

संवाददाता। देवरिया

कोविड-19 वैक्सिनेशन के प्रथम चरण के टीकाकरण को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आगामी 11 जनवरी के ड्राईरन को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यकक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने इससे जुडे सभी विभागो को अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहन किये जाने का निर्देश दिया। उन्होने जिला कार्यक्रम अधिकारीए बेसिक शिक्षा अधिकारी को इस कार्य में सहभागिता निभाये जाने के साथ ही कोविड ड्राईरन सहित वैक्सिनेशन सेन्टरों पर सुरक्षा के इन्तजाम के साथ ही सुरक्षा गार्डो की तैनाती किये जाने को कहा। उन्होने कहा कि इस कार्य में आगनवाडी, आशा कार्यकर्ती, आशा, एएनएम एवं स्वास्थ्य विभाग से जुडे कर्मियों की जुडे सेवाये इसमें काफी अहम है। उन्हे पूरी तरह से उनके दायित्वों को अवगत करा दिया जाये। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आलोक पाण्डेय ने कोविड.19 के वैक्सिनेशन हेतु ड्राईरन के दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी रखते हुए सभी से अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन किये जाने की अपेक्षा की। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी निष्ठा उपाध्यायए एसीएमओ डा.सुरेन्द्र सिंह, डा.वीपी सिंह, सीएमएस एएन वर्मा, अल्पना रानी, डा.आरके श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकान्त राय, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. विकास साठे, डीपीआरओ आनन्द प्रकाश, बीएस, सन्तोष राय,डा. संजय चन्द सहित अन्य प्रभारी चिकित्साधिकारी गण व जुड़े जन आदि उपस्थित रहे।

इंडियन ऑयल कस्टमर दिवस पर सदर विधायक ने काटा केक, किया वृक्षारोपण

देवरिया । शनिवार को इंडियन ऑयल कस्टमर दिवस के अवसर पर सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी कंचनपुर स्थित पेट्रोल पम्प पर केक काटकर तथा वृक्षारोपण कर कर्मचारियों तथा उपभोक्ताओं के साथ मनाया। इस दौरान उन्होंने उपभोक्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी कम्पनी या कंपनी के कर्मचारी का काम केवल व्यवसाय करना नही होताएदेश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते देश समाज के लोगो को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक करना भी नैतिक काम होता है। आज वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति उपभोक्ताओं को तथा लोगो को जागरूक करने का जो काम किया है यह सराहनीय है। ऐसे काम हमेशा किये जाते रहना चाहिये। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा और इससे संबंधित प्रतिष्ठानों तथा कर्मचारियों द्वारा यह आज जो सराहनीय कार्य करने का प्रयास किया है मुझे विश्वास है कि यह आगे भी जारी रहेगा। चेक एंड फिल कैंपेन चला इंडियन ऑयल द्वारा डीजल एवम् पेट्रोल की मात्रा एवं गुणवत्ता के बारे में उपभोक्ताओं को जागृत करने का काम जो किया जा रहा है यह केवल आज के दिन ही सिमट कर न रह जाये बल्कि प्रयास करके सालो साल लोगो को चेक एन्ड फिल कैम्पेन के तहत जागरूक करते रहने का काम होना चाहिये। । इंडियन ऑयल कस्टमर्स डे पर इच वन मिट वन कैंपेन में कंपनी द्वारा हर उपभोक्ता से मिल विभिन्न बातों को बता कंपनी के प्रति जागरूक करने प्रयास जो किया गया है वह प्रसंशनीय है । यह सभी प्रयास इंडियन ऑयल की तरफसे कस्टमर्स को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु दिया जा रहा यह अच्छी बात है। इस दौरान अखिलेन्द्र शाही,डा अजय पाण्डेय,गंगा शरण पाण्डेय,अजय शाही,राजेन्द्र विक्रम सिंह,विजय कुमार,विकास मणि त्रिपाठी,हंसनाथ यादव,नीलू मणि आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत बैठक सम्पन्न

देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत गठित जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेन्ट कमेटी की बैठक विकास भवन के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। इस दौरान पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी तथा बैठक के एजेन्डा बिन्दुओं पर गहन चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने खुले में शौच के प्रति जन जागरुकता लाये जाने पर बल देते हुए कहा कि गांवो में स्वेच्छाग्रहियों एवं ग्राम स्तरीय कर्मियों की टीम गठित कर लोगो को प्रेरित किया जाये कि खुले में शौच कदापि न करें। उन्हे इससे होने वाले हानियों की भी जानकारी दी जाये तथा सभी से शौचालय का प्रयोग किये जाने की अपील की है।
इसके लिये उन्होने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम वार स्वच्छता समन्वयकों की जिम्मेदारी तय करते हुए माइक्रो प्लान तैयार कर कर्मियों को निर्देशित करने हेतु कहा। उन्होने प्रचार सामग्रियों यथा.स्टीकर आदि भी जनजागरुकता के लिये तैयार कर उसे लगवाये जाने को भी कहा ताकि लोग जागरुक हो।

रची अपने अपहरण की साजिश

कोतवाली व स्वाट सर्विलांस टीम ने युवक अमरजीत चौहान को गिरफ्तार कर लिया

संवाददाता। बाराबंकी

युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर रची थी अपहरण की साजिश नगर कोतवाली व स्वाट सर्विलांस टीम ने युवक अमरजीत चौहान को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया और बहुचर्चित मामलेका पुलिस ने खुलासाकिया है। पुलिस अधीक्षक नेइस कार्य के लिये पुलिस टीम को दस हजार रुपये देने को ऐलान किया है। शनिवार को घटनाक्रम की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने बताया कि गत दिनों शहर के मोहल्ला कटरा में किराए का मकान लेकर रह रहे अमरजीत चौहान पुत्र हवलदार चौहान निवासी हरदासपुर कला जनपद गाजीपुर अपनेको बैंक पीओ बताकर रहता था उसके पास उसका दोस्त पंकज गिरी आया और उसने उसी के साथ मे मिलकर अपहरण की साजिश रच डाली और पंकज ने कोतवाली में अपहरण का मुकदमा दर्ज करवा दिया जिसके बाद पुलिस टीम डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने लगी और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक ने स्वाट टीम को बरामदगी की जिम्मेदारी दी अब स्वाट टीम के लोग बहराइचएलखनऊ व गाजीपुर में कैम्प कर लगातार प्रयास करने लगी उसी दौरान डिजिटल साक्ष्य मिले अमरजीत लखनऊ नाका हिंडोला के होटल में अपनी आई डी लगाकर रुका था लेकिन पुलिस के पँहुचने से पहले ही वहां से फ़रार हो गया।खुद के अपहरण की साजिश रचने वाले अमरजीत चौहान को पुलिस ने नगर कोतवाली के असैनी मोड़ के पास से गिरफ्तार करके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा बरामद करके खुलासा कर दिया और अपने ही अपहरण की साज़िश रचने वाले अमरजीत चौहान को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक ने यह भी बताया कि पूर्व मे गाजीपुर के आस.पास के लोगों को प्लाटएगाड़ी और बायोमेट्रिक मशीन बेचने के नाम पर पैसे लिये गए हैं।पैसे मांगने वालों से आजिज होकर अमरजीत के पिता हवलदार ने इसे अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया है।कुछ दिन पूर्व एक व्यक्ति से नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर रुपये लिये जाने के सम्बन्ध में अमरजीत के विरुद्ध थाना दुल्हनपुर गाजीपुर में धारा में मुकदमा पंजीकृत है और पिता व भाई जेल जा चुका है और उसमें अमरजीत वांछित था और अमरजीत गिरफ्तारी से बचने के लिये शहर के कटरा मोहल्ले में किराये पर रह रहा था और इसी बीच पंकज गिरी भी आ गया और अमरजीत पंकज से काफी पैसे ले चुका है और उसी के साथ मिलकर उसने अपने अपहरण की साजिश रच डाली और पुलिस की स्वाट टीम ने अमरजीत को गिरफ्तार कर लिया।

कथित जहरीली शराब पीने से युवक की मौत

संवाददाता। बाराबंकी

कथित जहरीली शराब पीकर एक युवक की मरने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है जबकि आबकारी विभाग घटना से ही अनजान बना है ।घटना थाना रामनगर क्षेत्र के ग्राम नचना की है प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी 22वर्षीय दीपू पुत्र श्रीपाल लैया चनाबेचकर परिवार काजीविको पार्जन करता था दीपू की शादी 1 वर्ष पूर्व हुई थी परिजनों के मुताबिक दीपू ने शुक्रवार की शाम शराब का सेवन किया था जिसके पश्चात उसकी हालत बिगड़ गई जब वह गांव के बाहर स्थित सचिन ढाबा पर अंडा खाने के लिए गया था अचानक पेट दर्द से तड़पने लगा तब ढाबा संचालक ने अपने सहयोगियों की मदद से उसे घर पहुंचाया जहांशराब की बू आने के कारण घरवालों ने फिटकरी आदि खिलाकर नशा उतारने की कोशिश की किंतु सुधार आने के बजाय उसकी हालत और बिगड़ती चली गई इस पर परिजन उसे एक प्राइवेट डॉक्टर के पासले गए लेकिन मामला संदिग्ध होने के कारण उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया जहां से दीपू को लेकर परिजन जिला अस्पताल आ रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई श्यामू ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस को सारी बातें बताई गई लेकिन पुलिस ने उनकी एक भी नहीं सुनी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही जब इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी से बात की गई तब उन्होंने कहा कि परिजनों का आरोप निराधार है युवक की मौत हार्टअटैकपड़ने से हुई है जबकि जिला आबकारी अधिकारी को घटना के संबंध में जानकारी ही नहीं मिली उन्होंने कहा कि ऐसी कोई घटना प्रकाश में आई तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल इस घटना के बाद से एक बार फिर गांव में कोहराम मच गया है।

क्विक न्यूज

सराफा व्यवसायी को मारी गोली, रेफर

प्रतापगढ़ । थाना पट्टी अंतर्गत ग्राम रायपुर निवासी सराफ व्यापारी को बदमाशों ने घर से महज 100 मीटर पहले गोली मारकर नगदी व जेवरात से भरा बैग लेकर फ़रार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम रायपुर निवासी सर्राफ कारोबार कारोबारी अहमद अपने सगे भाई मुस्तकीम के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहा था अभी वह घर से के करीब पहुंचा ही था की पहले से घात लगाए बदमाशों ने दोनो को गोली मार दी गोली लगते हैं अहमद लहूलुहान हो गिर पड़ा। घटना की जानकारी होते ही आसपास के लोग वह परिजन मौके पर पहुंच गए अहमद को तत्काल स्थानीय चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

पेट्रोल पम्प पर हंगामे का आरोप, दी तहरीर

लालगंज प्रतापगढ़। कोतवाली के बाबूगंज क्षेत्र के पूरे खुशिहाली मे स्थित पेट्रोल पम्प पर बीती शुक्रवार की रात उपद्रवियों द्वारा हंगामा किये जाने को लेकर तहरीर दी गई है। पूरे खुशिहाली के प्रफुल्ल पाण्डेय ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ जनवरी को रात्रि करीब साढे आठ बजे पेट्रोल पम्प पर कुछ अज्ञात लोग स्कार्पियों वाहन से आये। आरोपियो ने सेल्समैन शिवम पाण्डेय से वाहन मे डीजल डालने को कहा। सेल्समैन के यह बताने पर कि पम्प बंद हैए आरोपी गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। आरोपियो ने जाते समय अपने वाहन से शराब की बोतल पम्प पर फेंकी। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए सुरक्षा की गुहार की है।

एसडीएम ने खनन के आरोप मे जेसीबी दबोचा

लालगंज प्रतापगढ़। एसडीएम ने आकस्मिक दौरे मे कोतवाली के पुरवारा गांव से जेसीबी को खनन के आरोप मे धर दबोचा। एसडीएम ने खनन कर रही जेसीबी को दबोचते हुए उसे कोतवाली मे सीज किये जाने का फरमान सुनाया। इस बीच एसडीएम ने पुरवारा तथा धारूपुर व ढ़िगवस क्षेत्र मे मतदाता नामावली अभियान के तहत लोगों की शिकायतों की सुनवाई भी की। उन्होने शिकायतकर्ताओ को अनियमितताओं की जांच का भरोसा दिलाते हुए दोषियो पर कार्रवाई की भी बात कही।

कच्ची शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रामनगर बाराबंकी। थाना रामनगर की पुलिस ने ग्राम डिपो बढ़नपुर में छापा मारकर दो युवको के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर भारी मात्रा में लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद किए। शनिवार को थाना रामनगर की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दल बल के साथ ग्राम डिपो बढ़नपुर में अवैध देशी कच्ची शराब का कारोबार कर रहे महेंद्र पुत्र सूरज लाल व सोनू पुत्र बानी के पास से 20 लीटर कच्ची शराब तथा भारी मात्रा में लहन व बनाने के उपकरण बरामद किए । मौके पर ही लहन को नष्ट किया गया। गिरफ्तार लोगो के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें जेल रवाना किया गया।

खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन

फ्तेहपुर बाराबंकी।शनिवार को साईं पीजी कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र.छात्राओं द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत अंतर महाविद्यालय खो.खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें महिला एवं पुरुष टीम में बीए प्रथम के छात्रए छात्रा विजेता रहे।विद्यालय के प्रबंधक विपिन सिंह राठौर ने बताया कि खेल शारीरिक एवं मानसिक दोनों के लिये स्फूर्ति लाता है।प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में अंजना अग्निहोत्री प्राचार्य आशुतोष राव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर दिनेश शुक्ला उपस्थित रहे। छात्राओं में मुख्य रूप से प्रियंका वर्मा राधा अंजलि बीना रजक शालिनी मिश्रा श्रद्धा वर्मा एवं छात्रों में सचिन आकाश अकरम इरफान ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । निर्णायक की भूमिका में कृष्ण कुमार वर्मा अखिलेश प्रताप सिंह एमंजू वर्मा मौजूद रहे।

कुएं मे समाई महिला, कोहराम

लालगंजए प्रतापगढ़। कुंए मे पानी भरने गयी महिला का पैर फिसलने से शनिवार की सुबह मौत हो गयी। हालांकि महिला को बचाने के लिए उसके पति ने भी कुंए मे छलांग लगाई किंतु वह पत्नी को गहरे पानी मे समा जाने से बचा न सका। परिजनों ने स्वाभाविक दुर्घटना के चलते मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली के पूरे वंशी गांव के रामधन सरोज की पत्नी संगीता 30 सुबह करीब नौ बजे घर के समीप कुंए से पानी भरने गयी थी। महिला को मानसिक रोगी बताया जाता है। पानी भरते समय अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह कुंए के गहरे पानी मे समा गयी। महिला को कुंए मे समाया देख उसका पति बदहवाश हो उठा और बचाव के लिए वह भी कुंए मे छलांग लगा बैठा किंतु पत्नी को बचा न पाया। जानकारी मिलने पर प्रधान की सूचना पर लालगंज से फायर बिग्रेड की टीम भी पहुंची। तब कहीं जाकर महिला का शव कुंए से बाहर निकलवाया जा सका। सीओ जगमोहन तथा प्रभारी कोतवाल रामअधार भी मौके पर पहुंचे। स्वाभाविक दुर्घटना के चलते ग्रामीणों ने मृतका का पंचनामा किया। परिजनों ने मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

तहसीलदार ने विवादित बूथों का किया निरीक्षण

रामनगर बाराबंकी।आगामी होने वाले पंचायत चुनाव में विभिन्न ग्राम पंचायतों में बूथ बढ़ाए जाने व विवादित बूथों का निरीक्षण कर तहसीलदार रामनगर ने ग्राम वासियों से जानकारी की ।उपजिलाधिकारी राजीव कुमार शुक्ला के निर्देश पर तहसीलदार रामदेव निषाद ने ग्राम पंचायत बिछलखा मोहडवा जोगामऊ मजरे मधवा जलालपुर भिखारीपुर ककरहा एंडोरा पिपरी महार के भूतों का स्थलीय निरीक्षण कर ग्राम वासियों के साथ बातचीत करके सारी जानकारी ली। इसके अलावा ग्राम जसवंतपुर में स्थित लालपुर करौता चौकी पर राजस्व टीम ग्राम वासियों एवं मौजूदा प्रधान पति मोहम्मद अयूब तथा पूर्व प्रधान नबी हसन की उपस्थिति में परिवर्धन विलोपन एवं संशोधन सूची की जांच करके अभिलेख प्राप्त किए। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक सुरेश चंद्र वर्मा लेखपाल पवन पांडेय अविनाश सिंह चौकी इंचार्ज लालपुर करोता भी मौजूद रहे।

आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन आज

अमेठी । मुख्य चिकित्साधिकारी डाण् आशुतोष दूबे ने बताया है कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन 10 जनवरी से हो रहा है ए जो प्रत्येक रविवार को जनपद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित होगा। मेले में टी0वी0ए मलेरियाए डेंगूए दिमागी बुखारए कालाजारए फाइलेरिया एवं कुष्ट रोग सम्बन्धी जानकारी एवं आवश्यक जांच एवं उपचारए उच्च रक्तचापए मधुमेहए मुखए कैंसर की स्क्रिनिंग एवं यथोचित स्तर पर सन्दर्भन एवं फालोअप किया जायेगा। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी तथा पात्र लाभार्थियों का गोल्डेन कार्ड बनाया जायेगा। प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात् परामर्श सेवायेंए नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा परामर्श एवं सेवायें दी जायेंगी। बच्चों में डायरिया एवं न्यूमोनिया के रोकथाम बचाव एवं उपचार की जानकारी एवं सुविधायें दी जायेंगी साथ ही जानलेवा बीमारियों के बचाव हेतु टीकाकरण किया जायेगा। परिवार नियोजन सम्बन्धी परामर्श एवं सुविधायें उपलब्ध करायी जायेगी।

गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य का मामला आया सामने

ललितपुर। जनपद के थाना सौजना अंतर्गत ग्राम गौना में जिला पंचायत ललितपुर द्वारा मुक्तिधाम निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिसका कार्य ठेकेदार प्रमोद कुमार जैन निवासी ग्राम पाह जिला ललितपुर के नाम पर स्वीकृत है जिन्हे जिला पंचायत कार्यालय द्वारा कार्यालय आदेश निर्गत किया गया था आदेश में कार्य मानक एवं विशिष्टियो के अनुरूप कराने का दायित्व अवर अभियन्ता एवं अभियन्ता को सौपा गया था। उक्त कार्य पिलर स्तर तक कराकर कुछ बीम डाली गयी थी जो ठेकेदार प्रमोद कुमार जैन द्वारा कार्य में लापरवाही तथा कार्य मानक एवं विशिष्टियो के अनुरूप न करने के फलस्वरूप क्षतिग्रस्त हो गयी थी जिसकी जानकारी होने पर अवर अभियन्ता एवं अभियन्ता द्वारा बीम को तोड़ने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने की विकास कार्यों की गहन समीक्षा

संवाददाता। अमेठी

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में आज शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रम के नवीन 37 प्रारुपों पर विकास कार्य की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उन्होंने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने.अपने विभाग की योजनाओंध्कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये।समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा जारी रैंकिंग में जिन विभागों की श्रेणी.डी प्राप्त हुई है। ऐसे विभाग अपनी प्रभावी कार्ययोजना बनाकर स्वंय नियमित समीक्षा करें और आगामी माह में ए.श्रेणी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि इसमें जिस स्तर पर उनके अथवा सीडीओ के मार्गदर्शन एवं सहयोग की अपेक्षा हो तो उसे ससमय प्राप्त करें। बैठक में नहरों की सील्ट सफाई की खराब प्रगति को लेकर जिलाधिकारी अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड 41 धर्मेंद्र वर्मा को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवारध्योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकोंए दवाओं की उपलब्धताए स्वास्थ्य सेवाओं की स्थितिए टीकाकरण आदिए पंचायती राज विभाग के अन्तर्गत राज्य 14वां वित्त आयोग कायाकल्प योजना अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों आदि की समीक्षा की।

दस साल से लावारिस खड़ा ट्रक गायब

जामो,अमेठी। इधर करीब 10 वर्षों से लावारिस हालत में गांव के बीचो.बीच खड़ा ट्रक गैस कटर की मदद से काट कर उठा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है प्राप्त जानकारी के अनुसार मौजा अतरौली के ग्राम मोती नगर गांव के बीचो बीच एक लावारिस ट्रक लगभग 10 वर्षों से खड़ा था जो भी थाना प्रभारी आता था उसको जानकारी होती रहती थी लेकिन ट्रक के बारे में शायद कोई ठोस कार्यवाही कभी नहीं की गई मोती नगर गांव छोटा है और कम पढ़े लिखे लोग हैं शायद इसी कारण से गांव के किसी ने भी कोई कार्यवाही लिखित नहीं की फ्लिहाल ट्रक के गायब होने की खबर जब लोगों को हुई तो गांव के मोनू पुत्र मुन्नालाल से जब पायनियर के संवाददाता ने लावारिस ट्रक के बारे में जानकारी किया तो उन्होंने कहा कि 5 से 6 दिन पहले दो मोटरसाइकिल पर 4 लोग आए थे गैस कटर भी साथ में था पहली रात वह नहीं रुके दूसरे दिन वह दूसरी रात को रुक कर रात भर ट्रक को काटा गया था।

धर्म और जाति की नहीं विकास की राजनीति करती है आप: भारती

संवाददाता। जगदीशपुर, अमेठी

आप पार्टी धर्म जाति की राजनीति नहीं बल्कि विकास की राजनीति करती है उक्त बातें दिल्ली सरकार के पूर्व पर्यटन मंत्री शोभनाथ भारती ने सदस्यता अभियान कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जगदीशपुर में कही । जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित रामलीला मैदान अशोक मैरिज हाल में आम आदमी पार्टी अमेठी मीडिया प्रभारी आवेश हनफी द्वारा सदस्यता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के पूर्व पर्यटन मंत्री शोभनाथ भारती का आप कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शोभनाथ भारती ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि यह सरकार सिर्फ जुमले बाजी में निपुण है जबकि धरातल पर कोई काम नही कर रही वही हमारे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में जो काम किए हैं उसकी चर्चा और बखान पूरा देश ही नहीं बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में दिल्ली माडल की प्रशंसा हो रही है चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थय महिला सुरक्षा हो या बिजली पानी का मामला हो या आम आदमी की बुनियादी ज़रूरतें हो सभी सुविधाएं मुहैया करा रही हैं यही वजह है कि दिल्ली वाले हर बार अरविंद केजरीवाल को बतौर मुख्यमंत्री चुनते हैं। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह अमेठी प्रभारी हितेश सिंह की अगुवाई में सेल्फी विद सरकारी अभियान शुरू किया गया है जिसके तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले के कार्यकर्ता सरकारी स्कूल जाकर सेलफी ले रहे हैं और स्कूलो के हालात से जनता को अवगत करा रहे हैं ।

सुरक्षा और विकास के साथ विधायक ने दीं कई सौगातें

संवाददाता। लालगंज, प्रतापगढ़

क्षेत्र के धारूपुर बाजार मे शनिवार को कटरा नहर जलेशरगंज तथा धारूपुर व्यापारमण्डल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक शपथ दिलाई। समारोह का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा कांग्रेस वर्किग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। व्यापारमण्डल की ओर से परम्परागत ईश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति की गई। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विकास एवं सुरक्षा रामपुरखास की सदैव मजबूत प्राथमिकता रही है। उन्होनें कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा तथा कारोबार से जुडी सुविधाएं व संसाधन सदैव मजबूती के साथ यहां उपलब्ध रहेगीं। विधायक मोना ने यह भी ऐलान किया कि व्यापारियो का उनके क्षेत्र मे किसी भी प्रकार से उत्पीड़न की जगह नहीं होगी। उन्होनें स्थानीय व्यापारियो की मांग पर एक सोलर लाइट उपलब्ध कराया तथा बाजार मे शीघ्र ही विधायक निधि से हाईमास्ट लगवाये जाने की भी घोषणा की। अति विशिष्ट अतिथि सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि कारोबार व व्यापार के क्षेत्र मे सरकारों के द्वारा नीतियां थोपा जाना अव्यवहारिक है। उन्होनें कहा कि व्यापार तथा विकास एक दूसरे के पूरक है। प्रमोद तिवारी ने जिले मे सर्राफ व्यवसाई की दुकान पर हुई लूट की घटना को भी चिंताजनक करार दिया। उन्होने कहा कि रामपुरखास मे व्यापारिक कारोबार को बढ़ावा देने के लिए मजबूत कदम जारी रहेगें। श्री तिवारी ने कहा कि अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही विकास को अव्वल बनाये रखा जा सकता है। व्यापारमण्डल की ओर से प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना का सारस्वत सम्मान भी किया गया। अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरव केसरवानी तथा महामंत्री आशीष मोदनवाल, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रहरि एवं संरक्षक डा विनोद गुप्ता व अतीक अंसारी समेत प्रमोद गुप्ता संदीप विश्वास, अरब अली, जाबिर शाह आकाश अग्रहरि, दिलीप केसरवानी, रवि केसरवानी, माता प्रसाद कौशल, डाण् अविनाश अग्रहरि, सुरेन्द्र मोदनवाल, चंदन कनौजिया, आशीष अग्रहरि, शाहिद अली, अभय केसरवानी, अतुल अग्रहरि, शिवम केसरवानी, रवि पटवा, किशन कौशल, अक्षत केसरवानी व विजयचंद्र केसरवानी को विभिन्न पदों पर निर्वाचित होने को लेकर पद का प्रतिज्ञान कराया। जिलाध्यक्ष ,वं अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को प्रमाण पत्र भी सौपें। प्रारम्भ मे नवनिर्वाचित अध्यक्ष गौरव केसरवानी ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं पर प्रकाश डाला। प्रधान मोण् आजाद ने स्वागत भाषण दिया। आभार बीडीसी मयंक पाण्डेय ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, शिक्षक नेता राजेश पाण्डेय, राकेश तिवारी, दिनकर पाण्डेय, मोनू पाण्डेय, शशिकांत मिश्र, पिंटू मिश्र, आनंद अग्रहरि, राकेश चतुर्वेदी, लल्ले पाण्डेय, लल्लन तिवारी, रवींद्र मिश्र, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, श्रीकांत मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, आदि रहे। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने क्षेत्र के बेलहा, पूरे हरिकिशुन, अझारा व खालसा सादात मे हाल ही मे आकस्मिक मौतों पर परिजनों से मिलकर संवेदना, प्रकट की। दौरे मे प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, केडी मिश्र, प्रमुख ददन सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू आदि रहे।

महरौनी को मिली बाईपास का तोहफा

संवाददाता। ललितपुर

सांसद झांसी ललितपुर अनुराग शर्मा एवं राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उप्र मनोहर लाल पंथ के करकमलों द्वारा महरौनी विधानसभा क्षेत्र में महरौनी वाईपास मार्ग का भूमिपूजन कार्यक्रम टीकमगढ़ रोड हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के सामने आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महरौनी कृष्णा सिंह द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी सुबोध कुमार ने बताया कि महरौनी वाईपास की लंबाई 3ण्2 किमी है। साथ ही यह मार्ग 7 मीटर चौड़ा ;2 लेनवारद्ध में बनाया जा रहा है। इस बाईपास की अनुमानित लागत लागत 1157ण्27 लाख है यह मार्ग नवीनतम तकनीक से बनाया जा रहा हैए इस वाईपास के निर्माण से महरौनी के लोगों को जाम की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी साथ ही बड़े वाहन इस वाईपास से सीधे टीकमगढ़ जा सकेंगे। महरौनी तहसील जनपद की महत्वपूर्ण तहसील हैए यह तहसील ललितपुर से 7 मीटर 2 लेन मार्ग से जुड़ी है। तहसील मुख्यालय ललितपुर.महरौनी.टीकमगढ़ मार्ग के 37 व 38 किमी में स्थित है। यह मार्ग घनी आबादी से होकर गुजरता है। यह मार्ग जनपद को मध्य प्रदेश के सीमावर्ती जिले टीकमगढ़ से सीधा जोड़ता है। इस मार्ग की वर्तमान चब मु 12398 तथा बअचक 1378 है। प्रस्तावित ललितपुर महरौनी मार्ग चैनेज 35 650 से निकलकर चैनेज 38 255 पर समाप्त होता है।इसके पश्चात सांसद राज्यमंत्री सद विधायक सहित अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विधि विधान पूर्वक वाईपास मार्ग का भूमि पूजन किया गया।इसके उपरांत मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार पांडेय ने अपने संबोधन कहा कि माननीय सांसद एवं राज्य मंत्री जी की इस क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास पर कार्य कराने की योजना है। इस क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा जो कार्य प्रस्तावित हैं वे इसी माह प्रारंभ किये जाएंगे।मौके पर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन लोगों के सहयोग के लिये हर समय तत्पर है। नागरिकों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जनपद का विकास हमारे लिए सर्वोपरि है इस प्रकार के कार्यों से जनपद का सर्वांगीण विकास होगा। प्रशासन द्वारा जनपद के पात्र श्रमिकों को मनरेगा योजनान्तर्गत 100 दिन का रोजगार दिलाया जा रहा हैए साथ ही जनपदवासियों के लिए अनेक कल्यानकारी योजनाएं भी संचालित हैं। यदि जनपद वासियों को कोई समस्या होती है तो वह संबंधित अधिकारी से सीधे बात पर सकते हैंए जहां कहीं भी कमी नजर आती है तो जिला प्रशासन तत्काल उसके निस्तारण के लिए तत्पर रहता है।

195 लीटर शराब किया बरामद

लालगंज प्रतापगढ़। आबकारी टीम ने शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के केशवपुरए अझारा व रामपुर बावली तथा पड़री एवं नया का पुरवा मे ताबडतोड दबिश देकर एक सौ पन्चानवें लीटर कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण और सात सौ किलोग्राम महुआ का लहन बरामद करने मे सफलता ली। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देशन मे आबकारी निरीक्षक पीएन सिंह की अगुवाई मे इन गांवो मे दबिश के दौरान हडकंप मच गया। विभाग को कच्ची शराब के साथ शराब बनाने की भटिठयों तथा उपकरण भी कब्जे मे लेने मे सफलता मिली। मौके पर तीन आरोपियों को हिरासत मे लिया गया। जबकि पांच आरोपी फरार हो गये। आबकारी टीम ने दबिश के दौरान केशवपुर के राधेश्याम की पत्नी मीरा तथा पंचम को हिरासत मे ले लिया। वहीं रामपुर बावली मे जीतेन्द्र प्रताप सिंह व रामजग की पत्नी निर्मला भी हिरासत मे ली गई। आरोपियो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है।

सरेराह पर दम्पति पर जानलेवा हमला

संवाददाता। सिद्धौर बाराबंकी

सूचना पाते ही तत्काल मौके पर पहुंची जैदपुर पुलिस ने बचाई दंपति की जान

जैदपुर थाना क्षेत्र के कोला गहबड़ी स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को जैदपुर की ओर से बाराबंकी जा रहे एक परिवार पर करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। दिनदहाड़े बीच सड़क पर दबंगो ने लाठी डंडे से युवक को घायल कर दिया। बीचबचाव में आई गर्भवती महिला पर भी लोगों ने हमला कर दिया। सूचना के मौके पर पहुँची पुलिस ने 2 लोगो को गिरफ्तार किया। तो वही करीब 4 लोग मौके से फरार हो गए। पूरी घटना पास में पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को कोठी थाना क्षेत्र के अरुई निवासी राजकुमार पुत्र खुशीराम वर्मा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ लखनऊ जा रहें थे। जहां पर पहले से ही घात लगाएं बैठे बैकुंठ नाथए मुकुंद सहित आधा दर्जन लोगों ने कोला गहबड़ी स्थित पेट्रोल पंप के पास राजकुमार पर हमला कर दिया। बीचबचाव में आई राजकुमार की गर्भवती पत्नी को भी पीट दिया। और दबंगो ने हेलमेट से राजकुमार के सर पर कई वार किए। जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में हड़कंप मच गया। तो वही स्थानीय व राहगीरों ने बीच बचाव किया। सूचना के बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा बाकी के लोग भागने में सफल रहे। फिलहाल मारपीट की पूरा घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तो वही थाना प्रभारी संदीप राय ने बताया कि मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पायनियर
रविवार, 10 जनवरी, 2021

एजेण्डा

मेरे खयाल से यह एक चूक है जब महिलाएं सख्त दिखने के लिए अपनी भावनाओं को छिपा लेती हैं। मेरा कहना है कि जो हम हैं उसे अपनाएं और उसे क्षमता के रूप में उपयोग करें
- गाल गेडोट

केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग व सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्री नितिन जयराम गडकरी अपने मंत्रालय से संबंधित व्यापक मुद्दों पर चर्चा करते हुए कोविड-19 के बाद विकासशील एवं आर्थिक सुधार का खाका प्रस्तुत किया। एजेंडा की रिपोर्ट.....

विकास की पटरी पर तेज वापसी

कुशन मित्रा / नवनीत मंदिरता

Agenda Series 1
A direct and candid conversation with the changemakers and nation builders of India

साल 2019 में डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों की सड़क दुर्घटनाओं में मौत हुई। हालांकि 2020 में अधिकांशतया कोरोना महामारी के कारण संख्या कम रही, लेकिन आपकी दृष्टि में इतनी बड़ी संख्या में सड़क हादसे होने के मुख्य कारण क्या हैं? क्या आप कहेंगे कि मोटर वाहन संशोधन अधिनियम से स्थिति सुधरी है? क्या लोग बेहतर ढंग से वाहन चला रहे हैं?

– यह सचमुच देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। यह सच है कि भारत में अनेक लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। मेरे विचार से, इतनी ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं के चार कारण हैं:

पहला कारण है खराब सड़क निर्माण पद्धति- प्रमुखतया गलत डिजाइन में सड़कें बनती हैं। हमने इनकी ''काले निशानों'' के रूप में पहचान की है। अभी तक, हम लगभग 1200 से 1250 ''काले निशानों'' की पहचान कर चुके हैं। अभी भी राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगभग 3000 ''काले निशानों'' की सूची है जिन्हें ठीक किया जाना बाकी है, और उन्हें सुधारने के लिए, हमने दो नीतियां या योजनाएं बनाई हैं। 7000 करोड़ की योजना को एशियन डेवलेपमेंट बैंक से मंजूर मिली है और एक अन्य 7000 करोड़ की योजना विश्व बैंक द्वारा मंजूर कर ली गयी है। इसमें, भारत सरकार पचास फीसदी योगदान करेगी। यह सारा धन ''काले निशानों'' या दुर्घटना स्थलों को ठीक करने में लगाया जाएगा।

नयी सड़कों के लिए, उत्तम रोड डिजाइनिंग को शामिल करने पर ध्यान दिया गया है, जिसमें कि अनेक रोकथाम संबंधी उपाय शामिल हैं। अंडरपास, पुल, सिगनलों को अनेक बहुदिशात्मक सड़कों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। हमने इस समस्या का गहराई व सावधानीपूर्वक अध्ययन किया है और इसमें सुधार लाया है।

दूसरा कारण है, सड़क दुर्घटना के बाद, तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत होती है। इस मोर्चे पर, हमने तत्काल मेडिकल वैन प्रदान करने और अनेक जानें बचाने का प्रयास किया है। अब हम सड़क के बगल में हेलीपैड बनाने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जा सके और ज्यादा जानें बचाई जा सकें। आपात सेवाएं निश्चित रूप से हमारे लिए दूसरा सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

तीसरा मसला है इस संबंध में शिक्षित करना जिसका कि अभाव है। यह जरूरी है कि सड़क के नियमों को शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए। इसके लिए, प्राइमरी कक्षाओं की शुरूआत से ही, हम युवा पीढ़ी में सड़क के नियमों के प्रति सम्मान व अनुशासन की भावना जगाने का प्रयास कर रहे हैं।

पहले, ऐसे संदेशों को, कानून के प्रति सम्मान के बजाय भय के रूप में लोगों में पहुंचा गया था। हमने हालिया अतीत में शाहरूख खान और अक्षय कुमार जैसी बालीवुड हस्तियों को इसमें शामिल किया है, कि वे सड़क सुरक्षा और सड़क नियमों के अनुपालन की महत्ता का संदेश दें। इन अभियानों को बड़े मंचों पर लाया गया ताकि इनकी पहुंच व्यापक हो सके और लोगों में ज्यादा जागरूकता आ सके।

चौथा पहलू है क्रियान्वयन। जैसा कि आपको पता होगा कि पहली बार, हमने विश्व बैंक की सहायता से दुनिया में सात- आठ देशों के वाहन नियमों का अध्ययन किया और एक आधुनिक अधिनियम लेकर आए(जिसे संसद द्वारा पारित कर दिया गया है)। इसी के कारण, कानूनों व नियमों का जबरदस्त क्रियान्वयन किया जा रहा है, और हमने सड़क सुरक्षा के लिए एक समझदार ट्रेफिक सिस्टम को शामिल किया है। उदाहरण के लिए, यदि एक कारण लाल बत्ती को लांघती है, तो कैमरा तत्काल उसका चित्र ले लेगा और जुर्माने की पर्ची सीधे आपके घर पर भेज दी जाएगी। इसलिए हालांकि हम लगातार सभी चार पक्षों पर काम कर रहे हैं मगर मैं बताना चाहूंगा कि अपने लोगों के लिए ज्यादा सुरक्षित सड़के बनाने के लिए सरकारी स्तर पर काफी कुछ सोचा और योजनाबद्ध किया जा रहा है। हम सभी इस मुददे पर बहुत गंभीर हैं।

18 से 35 आयु वर्ग में मौतों की संख्या साठ फीसदी ज्यादा है। ऐसी दुर्घटनाओं से, हमें देश के जीडीपी का लगभग तीन फीसदी का नुकसान होता है। और यह कोई छोटा नुकसान नहीं है।

विश्व बैंक की सहायता से, तमिलनाडु की सरकार ने इस क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया है और दुर्घटनाओं व मौतों की संख्या को 25 फीसदी तक घटाया है। हालांकि, एक बात सच है: कोविड-19 के कारण, सड़क पर ट्रेफिक हल्का था और, स्वाभाविकरूप से, दुर्घटनाओं की संख्या काफी हद तक घटी है।

मौजूदा परिदृश्य के बावजूद, तमिलनाडु व अन्य राज्य सरकारों द्वारा इस दिशा में गंभीर प्रयास किए गए हैं जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग, राजकीय राजमार्ग, जिला सड़कें व शहरी राजमार्ग निगरानी के दायरे में हैं। हमने जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्तरों पर विभिन्न परियोजनाओं पर काम करना शुरू किया है। हाल में, सड़क सुरक्षा परिषद का भी गठन हुआ। हम इस पर बहुत गंभीरता से काम कर रहे हैं।

हमने अगले तीस सालों में दुर्घटनाओं व मौतों की संख्या में 50 फीसदी तक कमी लाने पर अपना ध्यान लगाया था। मैंने स्टाकहोम में यह घोषणा की थी और अपनी सड़कों को अधिक सुरक्षित व दुर्घटनामुक्त बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया था। हम निश्चित रूप से 2024 से पहले 50 फीसदी मौतों व दुर्घटनाओं में कमी ले आएंगे। यह मेरा विश्वास है। हम और सभी अन्य दावेदार इस लक्ष्य को पाने के लिए अत्यंत गंभीरता व तीव्रता के साथ काम कर रहे हैं।

साथ ही, नए अधिनियम के कारण, नियम उल्लंघनकर्ताओं पर नियंत्रण बढ़ा है। सजाएं ज्यादा गंभीर हो गयी हैं और जुर्माने की राशि बढ़ गयी है और आटोमोबाइल इंडस्ट्री ने भी अनेक सुधार देखे हैं। मैंने आटोमोबाइल कंपनियों को सस्ते मॉडल की कारों में भी एयरबैग रखने के लिए कहा है। कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि आने वाले सालों में परिणाम अच्छे होंगे और हम इस समस्या के प्रति संवेदनशील हैं।

सबसे अच्छी बात यह है कि इलेक्ट्रानिक और प्रिंट दोनों प्रकार के मीडिया द्वारा जागरूकता फैलाने तथा मसले की महत्ता को आम लोगों के बीच पहुंचाने में सरकार की सहायता प्रदान की गयी है। इसकी अच्छी प्रतिक्रिया भी मिली है।

> **हमने अगले तीस सालों में दुर्घटनाओं व मौतों की संख्या में 50 फीसदी तक कमी लाने पर अपना ध्यान लगाया था। मैंने स्टाकहोम में यह घोषणा की थी और अपनी सड़कों को अधिक सुरक्षित व दुर्घटनामुक्त बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर जोर दिया था।**

महोदय, आपने अभी बेहतर सड़कर सुरक्षा शिक्षा की आवश्यकता की बात की है। महामारी के कारण, ऊबर और ओला जैसी साझा मोबिलिटी सेवाएं प्रभावित हुई हैं और विभिन्न नए चालक और समूह सामने आए हैं। इन लोगों को शिक्षित करने संबंधी आपकी कैसी योजना है? स्कूलों में भी, क्या आपको लगता है कि ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए और उसे सिलेबस में शामिल करना चाहिए? इसके अनुपालन के लिए आपको नए ड्राइवर कैसे मिलेंगे?

– हमारे देश में लगभग 22 लाख ड्राइवरों की कमी है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने भी कुछ योजनाएं व नीतियां बनाई हैं, लेकिन फिर भी ड्राइवरों की भारी कमी बरकरार है। मैंने फैसला किया है कि चालकमुक्त कारों को भारत में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दूंगा क्योंकि हमारा देश गरीब है और गाड़ी चलाना रोजगार का स्रोत प्रदान करता है।

हालांकि इस मसले पर, मैं बताता हूं कि हमारी योजनाओं पर तमिलनाडु उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगा दी गयी और हम आगे काम नहीं कर पाए। हमारे देश में लगभग 100 से 150 ड्राइविंग स्कूल हैं जबकि हमें लगभग 2000 ड्राइविंग स्कूलों की आवश्यकता है। इन ड्राइविंग स्कूलों को न केवल प्रमुखयता मुंबई, दिल्ली या पुणे जैसे बड़े शहरों में, बल्कि आदिवासी या पिछड़े इलाकों में भी उभरना होगा जहां सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े लोग रहते हैं, यानी वे स्थान जो गरीब और आकांक्षी जिले हैं, जहां कोई रोजगार नहीं है ....।

मुझे यह घोषित करते हुए खुशी है कि अब हमारे पास एक नयी योजना है। इस योजना में, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल का प्रावधान है। मेरे कार्यकाल के दौरान, मेरा लक्ष्य पूरे देश में कम से कम 1000 ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल खोलने का है। हमने इसके लिए योजना भी तैयार कर ली है। हम न केवल प्रत्येक ऐसे स्कूल को सहायता करेंगे, बल्कि नए संस्थान स्थापित होने में भी सहायता करेंगे, जो फिटनेस और प्रदूषण प्रमाणपत्र भी प्रदान करेंगे। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए खास मशीनों का भी इंतजाम किया जा रहा है। यह एक तरफ प्रदूषण स्तर को घटाने तथा दूसरी ओर प्राइवेट सेक्टर में भी नए रोजगार सृजन के लिए भी किया जा रहा है। यह वो कोशिश है जो हम कर रहे हैं और अब नए नियम प्रक्रिया को तेज करेंगे।

>> पेज 3

मानव संबंधों में, दयालुता व झूठ एक हजार सत्यों के समान हैं
- ग्राहम ग्रीन

चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों

जीवन चक्र
भारत भूषण पद्मदेव

मैं अपने कीमती पाठकों को स्वस्थ एवं उत्पादक भावी जीवन की शुभकामनाएं देता हूं। मौजूदा महामारी के भयावह अनुभव को देखते हुए, यह सभी के लिए सहज कामना होगी। इसने जीवन की सहज रफ्तार को लगभग पूरे एक साल के लिए ठप्प कर दिया, जिससे 79 मिलियन से ज्यादा लोग प्रभावित हुए और 1.7 मिलियन लोगों की मौत हुई। उन्नत चिकित्सा सुविधा की मेहरबानी है कि क्षति को - 1918-1920 की महामारी के विपरीत, जिसमें कि बताया जाता है कि पांच करोड़ लोगों की मौत हुई थी - इस स्तर पर रोका जा सका। जैसा कि पहले ही 2020 के इस कॉलम के शुरूआती लेख में इंगित किया गया था, कि 26दिसंबर, 2019 को सौर ग्रहण धुरी पर सात ग्रहों का कतारबद्ध होना इस घटना के घटित होने का मूल कारण है। उनमें से, शनि और केतु, दोनों में मारक बोध रहा, विस्तारवादी बृहस्पति ने इसमें बढ़ा दिया, और जानलेना प्लूटा इसे बहुत बड़ा मामला बना दिया। चूंकि महामारी का कोई भी प्रामाणिक ज्योतिषीय संकेतक उपलब्ध नहीं था, इसलिए इसका पूर्वानुमान नहीं हो सकता था लेकिन भारी संख्या में मौतों का काफी हद तक पूर्वानुमान हो गया था। भारत के लिए बड़ी राहत यह है कि महामारी के अमरीका और यूरोप को बुरी तरह प्रभावित करने के बावजूद, इसका प्रचंड आवेग यहां पर समतल होता नजर आता है। क्योंकि, शनि और बृहस्पति अब मकर राशि से गुजर रहे हैं, जोकि एक देश के रूप में भारत की परिचायक राशि है, दोनों ग्रह प्लूटो से दूर होते जा रहे हैं। जनवरी अंत तक शनि और बृहस्पति दोनों खतरनाक प्लूटो से दस डिग्री से ज्यादा की दूरी पर होंगे, जो महामारी प्रभाव को कम होते जाने का संकेतक है। फिर भी हम 11 फरवरी की नवचांद तालिका में मकर राशि में इस समय 7 ग्रहों के एक साथ होने के मददेनजर, जो कि भावी गंभीर समस्याओं का संकेतक है, लापरवाह होना बर्दाश्त नहीं कर सकते। नयी चांद तालिका का असर सामान्यतया एक माह तक सीमित होता है। फिर भी, राहत की बात यह है कि प्लूटो अन्य 6 ग्रहों से बहुत पीछे रहेगा।

इन सभी ग्रहीय बदलावों के साथ संयोगमात्र है टीकों का विकास होना, जिसके कारण महामारी पर रोक लगनी चाहिए। इसलिए आशा है कि स्थिति मार्च 2021 के बाद नियंत्रण में आ जानी चाहिए। महामारी के अलावा, देश अन्य मामलों में भी चुनौतीपूर्ण दौर का सामना करता हुआ नजर आता है। बृहस्पति एवं शनि का वृश्चिक राशि में एक साथ होने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। महान म्यूटेशन के रूप में बताई गयी यह परिघटना आम तौर पर राजनीतिक एवं सामाजिक आयामों के संदर्भ में बड़े बदलावों का संकेतक है।

यह विशेष संयोग गहन सामाजिक उलटफेर का इशारा करता है, जो अक्सर आंतरिक टकरावों, विद्रोहों, सत्ता संघर्षों, सार्वजनिक प्रदर्शनों, एवं आर्थिक मंदी की ओर ले जाएगा। बृहस्पति एवं शनि 21 नवंबर, 2020 से एक साथ बने हुए हैं, जो 21 दिसंबर को बिलकुल सटीक हो गया। फिर दोनों भारत के स्वतंत्रता तालिका में चन्द्रमा एवं बुध के विपरीत अवस्था में आ गए। स्वतंत्रता तालिका में चौथे घर का स्वामी चन्द्रमा आम तौर पर कृषि, भूमिक एवं संपत्ति का परिचायक है। चन्द्रमा के विरूद्ध शनि की स्थिति लोगों के असंतोष एवं सरकार के खिलाफ अविश्वास को इंगित करता है। इसके अलावा, चूकि स्वतंत्रता तालिका में प्रगतिरत शनि सूर्य के साथ है। शनि का बुध के विपरीत होना सरकार का और प्रदर्शनकारी लोगों का अड़ियल रवैय्या रखना दर्शाता है। बृहस्पति का बुध के विपरीत होने का अर्थ सोच में टकराव हो सकता है। साथ ही, नीतिगत फेरबदल सामान्यतया लोगों का गुस्सा भड़का सकता है। आश्चर्य नहीं कि न तो प्रदर्शनकारी किसान और न ही सरकार झुकते नजर आते हैं। युवा आक्रोश को भी खारिज नहीं किया जा सकता। बौद्धिक समुदाय भी ग्रहण मुद्रा में होगा। व्यापार और वाणिज्य अपेक्षानुसार आगे नहीं बढ़ेगा।

आइए अब देश के जीवन क्रम पर प्रभाव से संबंधित अन्य ज्योतिष संकेतकों पर नजर डालते हैं। पहले गौरतलब यह है कि प्रगतिरत मंगल स्वतंत्रता तालिका में शनि के साथ है। यह देश की सीमाओं के अलावा भीतर भी गंभीर सुरक्षा चिंताओं का पूर्वसंकेत करता है। हमारे किसी नेता का जीवन भी खतरे में पड़ सकता है। नव वर्ष तालिका में, वीनस तीसरे घर में केतु के साथ है, जो शैतान वरुण के विपरीत मुद्रा में भी है। यह दर्शाता है कि यातायात सेक्टर के अपनी बुरी हालत से जल्द बाहर आने की उम्मीद नहीं है। महिलाओं की सुरक्षा चिंता का विषय बनेगी। देश भी वित्तीय स्थिति अच्छी स्थिति में होने की उम्मीद नहीं है।

मकर में सौर प्रवेश के समय बनी कुंडली में पांच ग्रह मकर राशि में उपस्थित है- सूर्य, चन्द्रमा, शनि, बृहस्पति एवं बुध, और ये सारे प्रचंड मंगल के विपरीत मुद्रा में हैं। जो टकराव का और तीव्र करेगा। साथ ही, आतंकवादी हमला, सांप्रदायिक दंगा होने और वित्तीय संकट होने की संभावना है। 26 मई, 2021 को सूर्य ग्रहण होना है जो निर्धारित राशि में हो रहा है। इसे ग्रहण तालिका के चौथे घर में शनि की उपस्थिति के साथ जोड़कर अध्ययन किया जाए - जो कि यूरेनस और मंगल के विपरीत मुद्रा में है - तो यह भूकंप और तूफान के कारण भारी जानी नुकसान होने की संभावना का संकेतक है। मकर राशि में आज्ञाकारी बृहस्पति की उपस्थिति हालांकि क्षति को न्यूनतम कर सकती है।

बदलाव का वाहक

वर्तमान किसान प्रदर्शन के मद्देनजर, बाल कार्यकर्ता नील बिनोय कुछ नीतिगत सुझाव देते हैं जो खेती को अधिक आकर्षक एवं लाभकारी व्यवसाय बना सकते हैं

कुछ दिन पहले, हल उठाए हुए किशोर लड़कियों के चित्र इंटरनेट और मीडिया में हर जगह दिखाए गए। खुद किशोर होने के नाते, चित्र अभी भी मेरे सामने उभरते हैं और डराते हैं। देश में बच्चों की स्थिति उस समाज की स्थिति बयां करती है जिसमें कि वो रहते हैं। यह समझना जरूरी है कि किस तरह राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय समस्याएं देश के बच्चों व युवा के जीवन को प्रभावित करती हैं।

नए खेती कानूनों ने विवादों को पिटारा खोल दिया है, और समूचे देश की विभिन्न समस्याओं को सामने ला दिया है। किसानों का जीवन सुधारने के लिए लाए गए कानून उनके प्रदर्शन करने का कारण बन गए हैं। पूरे देश में, हम किसानों को प्रदर्शन हेतु प्रमुख शहरों की ओर बढ़ते देखते हैं।

ऐसे चरम उपायों को चुनने के लिए उन्हें किसने मजबूर किया ? वैसे, कुछ कारण इस प्रकार हैं:

-अनेक किसानों को डर है कि एपीएमसी को हटाने से वे कहीं ज्यादा कम कीमतों पर कार्पोरेट कंपनियों को अपनी फसल बेचने के लिए मजबूर होंगे। पिछले कुछ सालों से किसानों के प्रदर्शन होते आए हैं इसमें उन्होंने खारिज बीमा दावों, सूखा, फसलों की कम कीमत, एवं भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर प्रदर्शन किया। न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को कमजोर करना ताकि पूर्ण एमएसपी का भुगतान नहीं किया जाएगा, असली वजह थी।

हमारे लिए किसान को उसी गरिमा के साथ देखना जरूरी है जिसके साथ हम वकालत, शिक्षण आदि अन्य पेशों को देखते हैं। इसे सामने लाने के लिए, हमें अपनी नयी पीढ़ियों के साथ साथ मौजूदा किसानों को शिक्षित करने की जरूरत है।

मैं खेती को अधिक आकर्षक व लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए सरकार को तीन नीतिगत उपाय प्रस्तावित करना चाहूंगा।

खेती और कृषिगत अध्ययनों को स्कूल पाठयक्रम के साथ जोड़ा जाना चाहिए। खेती को शुरूआती स्तर से अनिवार्य विषय बनाया जाना चाहिए। युवा पीढ़ी को ठीक ढंग से खेती के बारे में सीखना होगा ताकि वे तकनीक के साथ बेहतर लैस हो सकें। पुराने, अधिक पारंपरिक तरीकों के साथ नयी तकनीकों का मेल असरकारी हो सकता है। राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्कूल स्तर तक प्रोत्साहन दिए जाने चाहिए। अनिवार्य सौर प्रणाली की तरह, चबूतरा बागबानी को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। यदि दस वर्गफिट की जमीन एक परिवार का भोजन पैदा करने के लिए पर्याप्त है तो पूरे साल परिवार के लिए भोजन उत्पादन हेतु एक चबूतरे का उपयोग किया जा सकता है। यह कृषि संस्कृति विकसित करेगा और खाद्य गुणवत्ता को भी बेहतर बनाएगा। दिल्ली, मुंबई और अन्य महानगरों में, यह प्रदूषण तथा बढ़ते तापमान के असर को घटाने में सहायता करेगा।

जैसा कि बुकर टी . वांशिगटन ने कहा है - ''कोई भी नस्ल तब तक समृद्ध नहीं हो सकती है जब तक कि वह यह नहीं सीखती है कि खेत जोतना उतना ही गरिमामय है जितना कि कविता लिखना। '' अंत में, पखवाड़े की किताब के बारे में : यह बराक ओबामा की पुस्तक ए प्रोमिस्ड लैंड होगी। एक अत्यंत सुंदर ढंग से लिखी गयी आत्मकथा, जिसमें लेखक ने अमरीका के राष्ट्रपति के रूप में अपने जीवन तथा परीक्षाओं का बारीक चित्रण किया है। इसमें एक अत्यंत दोस्ताना भाव है जैसा कि हालांकि वह किताब के पात्र हैं मगर वे बतौर व्यक्ति हमसे बात करते हैं और पाठक का प्रेरित करते हैं कि कोई भी विश्व नेता बनने का सपना देख सकता है।

- लेखक किशोर कार्यकर्ता तथा वायस आफ किड्स के संस्थापक हैं। इन्होंने रचनात्मक लेखन तथा इंगलिश ओलम्पियाड में अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीते हैं।

केवल अच्छी अनुभूतियां

राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि इस नए साल पर आइए हम अपने निराशावादी नजरिए को बदलने तथा केवल सकारात्मक ऊर्जा को साझा करने का दृढ़तापूर्ण कदम उठाएं

दुनिया भर के अधिकांश लोग बेहतर दुनिया की अत्यंत धूमधाम भरी उम्मीद के साथ नये साल का उत्सव मनाते हैं। ऐसी ऊंची उम्मीदों व सपनों के साथ वे एक दूसरे को बधाइयां देते हैं, पार्टियां करते हैं और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने से संबंधित फैसला करते हैं। मजेदार बात यह कि नए साल के फैसलों में लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करना, नए मित्र बनाना, और कर्ज चुकाने जैसी बातें शामिल होती हैं। ऐसा समूचे इतिहास में हुआ है। बेबीलोनियन उधार ली गयी चीजें लौटाते हैं। यहूदी क्षमा करते और क्षमा मांगते हैं। स्काट्स ''फर्स्ट फुटिंग'' पर जाते हैं, शुभकामनाएं देने के लिए पड़ोसियों से मिलते हैं। यह सारा सामाजिक ''समाधान कार्य'' अस्तित्व से जुड़ा होता है? वैसे, हम सभी सामाजिक पशु हैं। हम दूसरों पर निर्भर होने के लिए पैदा हुए हैं, स्पष्टतया, अपने स्वास्थ्य व सुरक्षा के लिए। इसलिए, लोगों के साथ बेहतर आचरण करना सम्मान पाने का एक अच्छा तरीका है। इन सालों में नव वर्ष उत्सव ज्यादा खर्चीले, गैरनियमी और ज्यादा शोरगुल भरे हो गए हैं। लोग नए साल की संध्या पर गाने, नाचने, जीतने व खाने में भागीदारी पर काफी पैसा खर्च करते हैं और अक्सर नए साल के पहले ही दिन नशे में धुत्त हो जाते हैं। अक्सर ये पार्टियां युवाओं को दुर्व्यवहार, खतरनाक ड्राइविंग यहां तक कि आपराधिक गतिविधियों में लिप्त करा देती हैं। काफी धूमधड़ाका और ग्लैमर इस उत्सव से जुड़ा है। कार्ड्स, उपहार और मनोरंजन टिकटों को खरीदने और बेचने का उन्माद होता है। समाचार चैनल्स सालाना समीक्षाएं तथा पुनरावलोकन करते हैं, ज्योतिषियों के पास सपनों के जीने वाले लोगों के लिए, जो सितारों में विश्वास करते हैं, भविष्यवाणियां करने का अच्छा समय होता है।

मूलत:, नए साल का अर्थ अनेक स्मृतियां, सपने और दुनिया में विभिन्न लोगों के लिए व्यापार होता है। यदि हम इसके बारे में गहराई से सोचें तो क्या नया साल हमारे जीवन में कोई नयापन लाता है? हम सभी बहुत अच्छी तरह जानते हैं कि दुनिया, जिसमें कि हम रहते हैं, पुरानी, नष्ट व पतित हो गयी है क्योंकि हमारे पास विभिन्न समस्याएं हैं जो अपने जीवन को सुधारने के सारे प्रयासों के बावजूद कोई स्थायी समाधान देती नहीं नजर आती हैं। दुनिया में हो रही बहुत ज्यादा हिंसा से क्या हमारे पास सचमुच एक और साल के आगमन का उत्सव मनाने का कोई अच्छा कारण है? व्यवहारिक रूप से कहें तो केवल तभी जब हमारी पुरानी आदतें, नजरिए व आचरण बदलते हैं और हम करूणा, सहयोग, सद्भाव व सम्मान का नया नजरिया अपनाते हैं, लेकिन क्या हम नए दौर की शुरूआत की उम्मीद कर सकते हैं? उसके सचमुच घटित होने से पहले, हम किस तरह इस पुरानी दुनिया में किसी चीज को नए होने का उत्सव मना सकते हैं? इसका सचमुच कोई औचित्य नहीं बनता है। यह पुरानी शराब को नयी बोतल में डालकर बेचने जैसा है क्योंकि कुछ भी सचमुच नया नहीं हो सकता क्योंकि सभी इंसानी आत्माएं व प्रकृति के तत्व पुराने, अशुद्ध, कमजोर व विध्वंसक हो गए हैं। इसके विपरीत, आगामी नयी दुनिया में हर चीज, नए ब्रांड की होगी, जिसमें न केवल इंसानी आत्माओं के लक्षणों को नवीनीकृत किया जाएगा बल्कि समूची प्रकृति और इसके तत्व को भी उसके मूल स्थायी गुण से नवीनीकृत किया जाएगा। इस पुरानी दुनिया का कुछ भी सुनहरी काल में नहीं होगा। इंसानी शरीर तक शुद्ध और मौलिक होंगे - किसी भी खराबी या रोग से मुक्त!

याद रखें, दुनिया नयी तभी होती है जब इंसानी आत्माएं वर्तमान में पूर्णतया शुद्ध हों जो अपने भीतर से बुराई व दुर्गुणों से मुक्त हों। इसलिए,इस नए साल पर आइए हम अपने निराशावादी नजरिए को बदलने तथा शांति, आनंद व प्रेम की केवल सकारात्मक ऊर्जा को साझा करने का दृढ़तापूर्ण कदम उठाएं। आइए हममें से प्रत्येक व्यक्ति विचारों, वचनों व कर्मों में अपना सर्वोत्तम प्रदर्शित करने की शपथ ले क्योंकि जब हम बदलेंगे तो दुनिया बदलेगी।

इस सप्ताह आपका भविष्य
मधु कोटिया

मेष (मार्च 21-20 अप्रैल)



समूचा सप्ताह आप अति सक्रिय महसूस करेंगे। आप अपना सर्वोत्तम करने के लिए प्रेरित व उत्साहित रहेंगे। आप रचनाशील रहने वाले हैं और अपनी समस्त क्षमता को एकत्रित व संयोजित करने को लेकर उत्साहित अनुभव करेंगे। करियर स्तर पर पुराने दोस्तों व सहकर्मियों के साथ मिलने की संभावना है और इससे आपको खुशी प्राप्त होगी। आप जिनके साथ अपने विचारों को साझा करते हैं उनके साथ सकारात्मक भावना रखने की आवश्यकता है। इस सप्ताह हानिकारक भोजन से परहेज करें।

शुभ अंक: 5 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** बुधवार

वृष (अप्रैल 21-21 मई)

स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस सप्ताह आप सही स्थान पर हैं, सही काम कर रहे हैं। आपको अपना मनचाहा हासिल होने की संभावना है। यह सप्ताह नयी शुरूआत लिए हुए हैं। अपी क्षमताओं को संतुलित करने के लिए, गरिष्ठ भोजन व ज्यादा नींद से बचें। कार्यस्थल पर चीजें शायद संतोषजनक न रहें। आपके अधिकारियों को लग सकता है कि आप परियोजन या काम में अपना सौ फीसदी प्रयास नहीं लगा रहे हैं। किसी भी प्रकार के निवेश या व्यापार सौदा करने से बचें।

शुभ अंक: 8 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** गुरूवार

मिथुन (मई 22-21 जून)



इस सप्ताह आप अच्छे स्वास्थ्य व रिश्तों में बेहतरी का सुख प्राप्त करेंगे। परिवार की पीढ़ियां एक साथ मिल सकती हैं। नयी पीढ़ियों को परंपरागत संपत्ति के रूप में पुरस्कार मिलने पर उसमें उच्च मनोबल होने की संभावना है। करियर मोर्चे पर, आप बेहतर दूरदर्शिता व मानसिक स्पष्टता अच्छे नतीजे प्रदान करेंगी। यह अपने लक्ष्यों को साधने व हासिल करने का अच्छा समय है। सतर्क रहें, नए अवसर दस्तक देने वाले हैं और आपको पदोन्नति मिलने की संभावना है। व्यक्तिगत जीवन में संबंध फले फूलेंगे और विवाह की संभावना बनेगी।

शुभ अंक: 17 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** शनिवार

कर्क (जून 22-22 जुलाई)

स्वास्थ्य के प्रति आपका नजरिया पारंपरिक एवं व्यवहारिक है जो आपको भारी लाभ प्रदान करेगा। स्वस्थ बने रहने पर निवेश करने पर आप दुबारा नहीं सोचते हैं। यह आपको अच्छी दिनचर्या का पालन करने तथा एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ने में प्रेरित करेगा। अपने खाने को लेकर सावधान रहें किसी प्रकार की एलर्जी का शिकार हो सकते हैं। कार्य मोर्चे पर, आपको फलदायी नतीजे हासिल होंगे। करियर मोर्चे पर, स्पष्ट संवाद आपके करियर में बदलाव लेकर आएगा। नौकरी में यात्राएं करने की संभावना है।

शुभ अंक: 26 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** शनिवार

सिंह (जुलाई 23-23 अगस्त)



इस सप्ताह आप अपने स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखेंगे। तनाव व चिंता आपके स्वास्थ्य को प्रभावित करेंगे। मौसमी बिमारियों से अपने आपको बचाए रखें। ध्यान, योग व आध्यात्मिक झुकाव आपके स्वभाव को शांत करने का उत्तम तरीका हैं। करियर लाभकारी नजर आता है क्योंकि नये व आकर्षक अवसर आपके दरवाजे पर दस्तक देंगे। आपको अपनी भावनाएं व्यक्त करनी चाहिए और निर्देशित ध्यान सत्रों का पालन करना चाहिए। व्यापारी लोग अपने व्यापार का दायरा विस्तारित कर सकते हैं।

शुभ अंक: 15 **शुभ रंग:** भूरा **शुभ दिन:** गुरूवार

कन्या (अगस्त 24-23 सितम्बर)

मामूली आपरेशन होने के आसार हैं। नुकीली चीजों से सतर्क रहें तथा गाड़ी सावधानी से चलाएं। आप सक्रिय व तेजतर्रार रहेंगे। पढ़ाई पर ध्यान देने और अपनी क्षमताओं का उत्तम इस्तेमाल करने का यह अच्छा समय है करियर मोर्चे पर, यह साल अनेक सबक प्रदान करेगा। आप अपने काम में भारी मेहनत व समर्पण प्रस्तुत करेंगे, जो आपको अच्छे नतीजे प्रदान करेगा। आपको पहचान प्राप्त होगी और आपके उत्तम प्रयासों के लिए आपको सराहा जाएगा। अच्छा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

शुभ अंक: 16 **शुभ रंग:** लाल **शुभ दिन:** सोमवार

तुला (सितम्बर 24-23 अक्टूबर)



इस साल अपने स्वास्थ्य का खयाल रखने की आवश्यता है। जैसा बोओगे वैसा काटोगे का सिद्धांत आपके स्वास्थ्य का मूल मंत्र होगा। आपका रंगीन व्यक्तित्व सामने आएगा । आपके व्यक्तित्व की यह खूबी आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगी और किसी की ईर्ष्या का कारण भी बनेगी। अपने स्वास्थ्य के लिए पारंपरिक डाक्टरों व दवाओं पर विचार करें। बेहतर नतीजों के लिए आयुर्वेद अपनाएं। करियर स्तर पर आपको घरेलू परिवेश के साथ दूरगामी करियर लक्ष्यों का समन्वय बनाने की आवश्यकता है।

शुभ अंक: 13 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** मंगलवार

वृश्चिक (अक्टूबर 24-22 नवम्बर)

कार्यबोझ के कारण अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को अनदेखा न करें। आप विभ्रम की स्थिति में हैं कोशिश करें कि भौतिकतावादी जीवनशैली में बह न जाएं। महत्वपूर्ण फैसले लेने के मामले में आपका अड़ियल व रूखा नजरिया आपके लिए भारी पड़ सकता है। अपनी खानपान आदतों का ध्यान रखें, तैलीय व मसालेदार भोजन से बचें। अपनी फिटनेस दिनचर्या में थोड़ा समय निवेश करने से बिमारियां दूर रखने में सहायता मिलेगी। करियर मोर्चे पर, आप सही राह पर हैं। नयी नौकरी, वेतन-वृद्धि या पदोन्नति के आसार हैं।

शुभ अंक: 20 **शुभ रंग:** आसमानी **शुभ दिन:** शुक्रवार

धनु (नवम्बर 23-23 दिसम्बर)

अपार ऊर्जा, लगन व उत्साह आपको प्रेरित रखेंगे जब आप उपस्थित होने वाले झटकों से निपटते हुए आगे बढ़ते हैं। इस सप्ताह आप उत्तम स्वास्थ्य में हैं। अपनी निजता की रक्षा करें और नुकीली चीजों से अपनी रक्षा करें क्योंकि मामूली चोट, घाव या कष्ट होने के आसार हैं। आराम के लिए गहन प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास करें। पेशेवर मोर्चे पर, जीवन इस साल कुछ संघर्ष व चुनौतियां पेश कर सकता है। कार्यालय की राजनीति से बेचैनी हो सकती है। अपने करियर में बड़े बदलाव के लिए खुद को तैयार रखें।

शुभ अंक: 23 **शुभ रंग:** इंडिगो **शुभ दिन:** बुधवार

मकर (दिसम्बर 24-20 जनवरी)

इस सप्ताह आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण शांतिपूर्ण व सदभावपूर्ण रहेगा। किसी सुंदर स्थान की यात्रा पर जाने की संभावना है। आप स्पष्टतया समझेंगे कि आपके लिए क्या लाभकारी है और कौन सी चीज आपकी क्षमताओं को रचनात्मक दिशा दे सकती है। करियर के मामले में, आपके विरोधी आपसे ज्यादा रचनात्मक हो सकते हैं। कुछ करियर मसलों पर आप मानसिक तनाव झेल सकते हैं। सकारात्मक बात यह है कि आप उज्जवल चरण की ओर बढ़ रहे हैं। पेशेवर मामले आपकी प्राथमिकता बनेंगे।

शुभ अंक: 18 **शुभ रंग:** मटमैला **शुभ दिन:** शुक्रवार

कुम्भ (जनवरी 21-19 फरवरी)



इस सप्ताह आप दुख व असंतोष अनुभव करेंगे। रोकथाम उपचार से बेहतर है, इसीलिए सख्त खुराक व नियमित चिकित्सा जांच अत्यंत आवश्यक है। शराब या किसी भी प्रकार की लत से दूर रहें। करियर मोर्चे पर, आप हाजिर जवाब व काम पर नजर रखने वाले हैं। अग्रणी एवं ईमानदार स्वभाव के कारण, आपका करियर मार्ग, सहज नहीं रहेगा और तनाव का कारण बन सकता है। आप अप्रत्याशित वित्तीय हानि का सामना कर सकते हैं। भावनात्मक मोर्चे पर, आपको अपने सपनों व अंतर्बोधों पर ध्यान देने की जरूरत है।

शुभ अंक: 3 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** शुक्रवार

मीन (फरवरी 20-20 मार्च)



इस सप्ताह आप खुद को सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत पाएंगे। आत्मसम्मान एवं स्वयं के प्रति प्रेम रखें। आप अपनी खुराक, व्यायाम व कार्य दिनचर्या के प्रति अतिरिक्त सजग रहेंगे। कार्य मोर्चे पर, अवसर अप्रत्याशित ढंग से सामने आ सकते हैं। किसी अनचाही जगह या पदवी का प्रस्ताव आ सकता है । अप्रत्याशित लक्ष्य आपको पस्त बना सकते हैं। अपने भय व असुरक्षाओं को दरकिनार करना चाहिए और आगे देखना चाहिए क्योंकि सफलता के संकेतक हैं। प्रेम जीवन सहज रहेगा। सकारात्मक ऊर्जा से भरे होंगे।

शुभ अंक: 11 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** बुधवार

बदलाव को अपनाने का एकमात्र तरीका यह है कि उसमें कूदा जाए, उसके साथ चला जाए और उसका हिस्सा बना जाए
- एलन वाट्स

पेज 1 का शेष

विकास की पटरी पर तेज वापसी

सड़क सुरक्षा के बारे में आखिरी सवाल, वो यह कि हाल में वैश्विक एनसीएपी टेस्ट को लेकर काफी विवाद हुआ था जिसमें कि विभिन्न लोकप्रिय कारें विफल रही थी जब कि भारत की अपनी कंपनियां - महिन्द्रा और टाटा- ने बेहतर प्रदर्शन किया था। जैसा कि भारत एनसीएपी की इस साल से शुरूआत होने वाली है, क्या आपको लगता है कि कारें अब ज्यादा सुरक्षित हो जाएंगी और क्या आप वैश्विक एनसीएपी परिणामों को लेकर कुछ कहना चाहेंगे ?

यहां मैं यहीं कहना चाहूंगा कि भारत के पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को निश्चित रूप से मजबूत करने की आवश्यकता है। हमारे देश में, 18 करोड़ से ज्यादा वाहन पंजीकृत हुए हैं। प्रति परिवार कारों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, पार्किंग समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं, खासतौर पर बड़े शहरों में।

इसलिए, हम लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी (उदाहरण के लिए, मुंबई से पुणे तथा मुंबई से नासिक) प्रदान करते हुए प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं कि वे सार्वजनिक परिवहन के उपयोग की ओर जाएं। हमारी निम्न श्रेणी पर इकनोमिक क्लास तथा उच्च श्रेणी में एक्जीक्यूटिव क्लास के साथ, डबल डेकर एसी बसें चलाने की भी योजना है। जिसमें हवाई उडानों की तरह, खाना व जूस प्रदान किया जाएगा और ये बसें जैव ईंधन पर चलेंगी।

कुछ पहाड़ी इलाकों में, रोपवेज व केबल कारों के अलावा, रज्जु रेलवे की योजना बनाई जा रही है। इनके निर्माण में कम समय लगता है और ये कम प्रदूषणकारी भी होती हैं। हम ई-हाइवे इलेक्ट्रिक भी बना रहे हैं। एक लाख करोड़ की लागत का मुंबई-दिल्ली हाइवे बनाया जा रहा है और जिसमें 30-40 फीसदी तक काम पूरा भी हो गया है। यह हाईवे लगभग दो साल में पूरा हो जाएगा और लोग लगभग 12 घंटों में एक मेट्रो से दूसरे मेट्रो की यात्रा करने में सक्षम होंगे। इसकी पायलट परियोजना पर काम चल रहा है।

हम विभिन्न नयी तकनीकों को लाने का प्रयास कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, हमारे देश में पहली बार, हमने नागपुर में एक परियोजना की शुरूआत की है जिसे रेलवे, महाराष्ट्र सरकार और शहरी मामला मंत्रालय से मंजूरी मिल गयी है। इसे ब्राड गेज मेट्रो कहा जाता है। जैसा कि 350 करोड़ रूपए प्रति किमी की दर से मेट्रो लाइन बनाने में खर्च किया जा रहा है। इस ब्राड गेज मेट्रो को बनाने में केवल 5 करोड़ प्रति किमी का खर्च आएगा। हमने मौजूदा ब्राड गेज का उपयोग किया है और आठ बक्सों वाला ब्राड गेज मेट्रो बनाया है जो गोंडिया से नागपुर, नागपुर से अमरावती, अमरावत से नार्खेद और नार्खेद से नागपुर तक, फिर नागपुर से चन्द्रपुर और रामटेक तक चलेगा।

स्टेंडर्ड गेज को बदलने के लिए आठ डिब्बों वाले ब्राडगेज डबलडेकर के साथ इस समूची 850 -900 किमी लंबी ब्राड गेज लाइन का उपयोग किया जा रहा है जिसमें ऊपरी और निचले स्तरों दोनों पर यात्री बैठ सकते है। इसमें एसी फर्स्ट क्लास चेयरकार का डिब्बा तथा एक सेकेंड क्लास चेयर कार का डिब्बा होगा। इसके अलावा, दूध, फलों व सब्जियों के लिए एक डिब्बा होगा और एक डिब्बा रेस्टोरेंट का होगा। यह एक एयरलाइन की तरह काम करेगा। यह ब्राड गेज मेट्रो लगभग 160 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से यात्रा करेगी जब कि इसकी तुलना में हमारी पेसेंजर कार की गति लगभग 40 किमी प्रति घंटा तथा एक्सप्रेस की गति लगभग 60 किमी प्रति घंटा होती है।

इसे सीधे शब्दों में रखें तो, यह ब्रॉडगेज मेट्रो यात्री कारों को दिल्ली से चंडीगढ़ और चंडीगढ़ से जयपुर मार्ग पर बदलेगी और यात्री अपने लिए ठीक वैसे ही सीट बुक कराने में सक्षम होंगे, जैसे वे एयरलाइन से बुक कराते हैं। इससे सरकार को अच्छा राजस्व हासिल होगा

उत्तर पूर्व में, हम वर्तमान में लगभग 1 लाख करोड़ की परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। हम अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा के अनेक स्थानों पर, ब्रम्हपुत्र नदी पर छह पुल बना रहे हैं। हमने अच्छा रोड नेटवर्क बनाने के लिए काफी काम किया है। भारत बदल रहा है इसलिए उत्तरपूर्व भी बदल रहा है। जम्मू-कश्मीर में भी, हम 11 करोड़ की लागत की सुरंगें बना रहे हैं। जोजि ला पर काम शुरू हो गया है और मानसरोवर तक सड़क लगभग 85 प्रतिशत पूरी हो गयी है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण चारधाम परियोजना से संबंधित कुछ मसले उभरे हैं जिन्हें मेरे खयाल से जल्द सुलझा लिया जाएगा। सड़कें समृद्धि लाती हैं और अब अरुणाचल, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, सभी राज्यों में अच्छी सड़कें हैं।

और हमारी घाटों में कटौती होगी, और लोग अधिक आरामदायक ढंग से यात्रा करने में सक्षम होंगे। 250 किमी की दूरी सीधे दो घंटे में पूरी होगी।

हाल में हमने गंगा नदी पर जलमार्ग

बनाया- वाराणसी से हल्दिया तक और फिर प्रयागराज से वाराणसी तक। इसलिए यदि हम पानी पर सफर करते हैं तो निश्चित रूप से सार्वजनिक परिवहन और जलमार्ग सबसे सस्ते हैं। मैंने यातायात मंत्री के रूप में पानी पर हवाईजहाज उतारने का अपना वादा पूरा किया है। एक स्थल-जल-चर सेवा की गुजरात में शुरूआत की गयी है जो जल और थल दोनों को स्पर्श करती है। वो दूर ज्यादा दूर नहीं जब ऐसे स्थल-जल-चर वायुयान हमारे देश में व्यापक स्तर पर काम करने लगेंगे।

आपने हाल में उत्तर पूर्व में विशेष हाईवे परियोजनाएं घोषित की हैं। क्या आप इसके बारे में थोड़ा विस्तार से बता सकते हैं ?

उत्तर पूर्व में, हम वर्तमान में लगभग 1 लाख करोड़ की परियोजनाओं पर काम कर रहे हैं। हम अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा के अनेक स्थानों पर, ब्रम्हपुत्र नदी पर छह पुल बना रहे हैं। हमने अच्छा रोड नेटवर्क बनाने के लिए काफी काम किया है। भारत बदल रहा है इसलिए उत्तरपूर्व भी बदल रहा है। जम्मू-कश्मीर में भी, हम 11000 करोड़ की लागत की सुरंगें बना रहे हैं। जोजि ला पर काम शुरू हो गया है और मानसरोवर तक सड़क लगभग 85 प्रतिशत पूरी हो गयी है। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण चारधाम परियोजना से संबंधित कुछ मसले उभरे हैं जिन्हें मेरे खयाल से जल्द सुलझा लिया जाएगा। सड़कें समृद्धि लाती हैं और अब अरूणाचल, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, सभी राज्यों में अच्छी सड़कें हैं।

एमएसएमई पर आते हैं, अब जबकि आत्मनिर्भर भारत का हमारा बड़ा नारा बनने से, कौन सी योजनाएं या नीतियां व्यापार कार्य करने तथा एमएसएमई के लाभ हेतु बनाई गयी हैं ?

आत्मनिर्भर भारत का विचार यह है कि भारत को एक खुशहाल, समृद्ध, शक्तिशाली तथा नंबर एक वैश्विक अर्थव्यवस्था में बदलना होगा, और ऐसा करने के लिए हमें अपने आयात को घटाना तथा अपने निर्यात को बढ़ाना पड़ेगा। हमें अपनी तकनीकों को उन्नत करना होगा और अपना प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए कि भारत उन सभी चीजों को उत्पादित करने के लिए तैयार हो जिन्हें हम आज आयात करते हैं। गुणवत्ता से समझौता किए बिना, हमें उत्पादन लागतें, ऊर्जा लागतें, श्रम लागतें, व रखरखाव लागतें घटानी होंगी।

इसका सबसे अच्छा उदाहरण यह है कि हमारा आटोमोबाइल सेक्टर इलेक्ट्रिक कारों, इलेक्ट्रिक बसों, इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों, इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए संवादरत है, इसलिए धीरे धीरे ईथेनाल,मेथेनाल, बायोडीजल, बायो सीएनजी, इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन ईंधन भारत में आ रहा है और इनके जरिए एक बड़ा बदलाव एमएसएमई सेक्टर आने वाला है। हमारे ग्रामीण उद्योग का कारोबार 80000 करोड़ का है और अगले दो सालों में, हमारा लक्ष्य इसे 5 लाख करोड़ तक पहुंचाना है। बीच के दौर में हमारी अर्थव्यवस्था कुछ समय के लिए कमजोर हुई थी लेकिन धीरे धीरे प्रत्येक तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि रहेगी।

आपने एफडीआई के बारे में बातें की हैं, वो भी महामारी से प्रभावित हुआ है। ऐसे में इसे ठीक करने की दिशा में भी कोई योजना या नीति है ?

- व्यापक स्तर पर, हम एमएसएमई को स्टाक मार्केट की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हमने इस दिशा में 20हजार करोड़ की फंडिंग की है, जिन एमएसएमई का अच्छा कारोबार है, जो आयकर रिटर्न भरते हैं और उनका अच्छा रिकार्ड है, अच्छा बैंक एवं जीएसटी रिकार्ड बनाए रखते हुए, तो हम उनकी रेटिंग करेंगे और जब वे केपिटल मार्केट में जाते हैं तो उन्हें भारत सरकार से 15 प्रतिशत प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। जो हमारी नीति है और इस मोर्चे पर काम शुरू भी हो गया है।

थोड़ा फास्टेग सिस्टम के बारे में जो जल्द लागू होने वाला है...

अभी तक, फास्टेग सिस्टम लगभग 75 फीसदी पूरा हो गया है और 15 फरवरी, 2021 से यह सिस्टम सभी के अनिवार्य हो जाएगा। हर किसी को फास्टेग से होकर गुजरना हागा, इससे ट्रेफिक निर्बाध हो जाएगा। एक समय होगा कि आप टोल बूथ तक नहीं देखेंगे, केवल कैमरे होंगे जो आपके वाहन पर निगरानी करेंगे जब आप प्रवेश करेंगे। निकास बिन्दू पर एक चित्र ले लिया जाएगा और उसका टेक्स आपके बैंक खाते से काट लिया जाएगा। यह समूची प्रणाली निर्बाध रहेगी और लगभग दो-तीन सालों में पूरे देश में लागू हो जाएगी।

पुर्तगाल में ऐसी ही प्रणाली लागू है .... कि वहां कोई ठहराव नहीं है, केवल एक कार्ड रीडर होता है, वहां से गुजरने के लिए कोई भुगतान नहीं करना होता है, क्या क्षमता हाइवे मार्गों पर भी बढ़ेगी ?

हमारी टोल आय अभी तक 24000 करोड़ रूपए हुई है। कोविड-19 यात्रा प्रतिबंधों एवं अन्य समस्याओं के बावजूद, हमारा अनुमान यह है कि यह बढ़कर 34000 करोड़ होगी। चोरी में कमी होने के कारण 10000 करोड़ की वृद्धि होगी और जब यह प्रणाली अगले पांच सालों में सौ फीसदी लागू हो जाएगी, तो राष्ट्रीय राजमार्ग टोल आय 1 लाख करोड़ से ज्यादा हो जाएगी।

आपने अन्य चीजों में समझदार ट्रेफिक सिस्टम की बात की है... आप क्या सोचते हैं कि सचमुच बेहतर तकनीक, ट्रेफिक आचरण एवं प्रबंधन के जरिए चीजें बेहतर होंगी ?

तकनीक में अनेक लोगों को प्रभावित करने की क्षमता होती है। हमें तो बस लोगों की सोच व आचरण को बदलना है। कानून के प्रति भय के साथ सम्मान पैदा करना होगा और कानून का पालन होना चाहिए। इसके लिए, शिक्षा न सिर्फ स्कूलों में बल्कि सार्वजनिक शिक्षा भी बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें सड़क सुरक्षा परिषद एनजीओज, शैक्षणिक संस्थानों, विश्वविद्यालयों, समाचार संस्थानों व मीडिया को सम्मिलित करेगी।

इन सबकी सहायता से, लोगों को, तकनीक तथा लोगों की सोच व व्यवहार बदलने, दोनों स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए सार्वजनिक अभियान चलाए जाएंगे। छात्रों और बच्चों- जो मूलत: भावी नागरिक हैं- को भी इस मामले में शिक्षित किया जा रहा है। और जब सभी दावेदार सकारात्मक प्रयास करते हैं, तभी हम सकारात्मक, विदेशों जैसे परिणाम हासिल करेंगे।

सकारात्मकता को अपनाएं

जिस तरह बच्चे ज्यादा समय घर के भीतर बिताते हैं, शुरुआत उम्र से योग प्रारम्भ करना उनकी सहायता करता है क्योंकि यह समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है और शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ वातावरण निर्मित करता है

जिस तरह नन्हें पौधों को बड़ा, मजबूत वृक्ष बनने के लिए उचित धूप, अच्छी मिट्टी तथा स्वस्थ वातावरण की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार बच्चों को एक समग्र व्यक्तित्व वाला बनने के लिए तन और मन दोनों के लिए उचित पौष्टाहार एवं पोषण की आवश्यकता होती है। योग अपने प्राचीन एवं पारंपरिक ज्ञान के साथ शुरूआती चरण से बच्चों को ढालने का एक शक्तिशाली उपकरण है। योग की सहायता से, आप सकारात्मक रूप में नन्हें मन को प्रभावित कर सकते हैं। यह योगासनों, प्राणायाम, मंत्रोच्चारण, ध्यान आदि के जरिए एक समग्रतापूर्ण उपकरण है। यह शारीरिक स्वास्थ्य उन्नत करता है, मानसिक स्वास्थ्य सुधारता है और भलाई के मार्ग पर चलने के लिए बच्चे का मार्गदर्शन करता है।

बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य

योग की बहुआयामी प्रक्रिया आपको बेशुमार शारीरिक लाभ प्रदान करती है। श्वांस संबंधी जागरूकता के साथ आसनों या मुद्रा का अभ्यास किया जाता है। यह

शरीर को लचीला एवं मजबूत बनाते हुए, प्रतिरक्षण को प्रोत्साहित करता है व एकाग्रता निर्मित करता है। मुद्राएं केन्द्रीय स्नायु प्रणाली, इंडोक्राइन सिस्टम, संचारण तंत्र, श्वांसकारी तंत्र, हृदयधमनी प्रणाली व पाचनकारी प्रणाली आदि को प्रेरित करती हैं। इसीलिए, योग बच्चे के समग्र शारीरिक विकास के लिए बहुत मजबूत भूमिका निभाता है। कुछ प्रवाह जिनका कि अच्छे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए अभ्यास किया जा सकता है, उनमें सूर्य नमस्कार, चन्द्र नमस्कार, वायु नमस्कार, जल नमस्कार एवं पृथ्वी नमस्कार आदि सम्मिलित कहे जा सकते हैं।

तनाव व बेचैनी को रखें दूर

ध्यान एवं प्राणायाम तकनीकों का बच्चे के दिमाग पर एक शांतिकारी असर पड़ता है। जब योग नियमित रूप से किया जाता है तो यह तनाव को दूर करता है। इसके कारण सीखना सुधारता है और ज्ञान को याद रखने की योग्यता भी बढ़ती है। प्राणायाम क्षमताओं को सकारात्मक ढंग में साधता है जिससे बच्चे की अकादमिक एवं आचरणगत प्रदर्शन बेहतर होता है। भस्त्रिका प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भाति, ब्रहमरी प्राणायाम कुछ श्वांसकारी तकनीकें हैं जो की जा सकती हैं।

ब्रहमरी प्राणायाम करने का तरीका:

- किसी भी आरामदायक मुद्रा (मसलन शुकासन, अद्धपद्मासन या पद्मासन में) में बैठ जाएं। अपनी पीठ सीधी रखें और आंखें बंद कर लें।
- सामने देखते हुए अपनी हथेलियों को अपने घुटनों पर रखें (प्राप्ति मुद्रा में)।
- अपने अंगूठे को 'त्रगुस' पर रखें, अपने कान के बाह्य भाग पर।
- अपनी तर्जनी ऊंगली को अपने माथे पर, अपनी मध्य ऊंगली को मध्य अपांग पर और अनामिका यानी तीसरी ऊंगली को अपनी नासिका के कोने पर रखें।
- फिर सांस लें और अपने फेफड़ों को हवा से भरें।
- जैसे आप सांस छोड़ें, धीरे धीरे मधुमक्खी जैसी ध्वनि निकालें।
- अपने मुंह को पूरे समय बंद रखें और अपने समूचे शरीर में गूंजती ध्वनि की तरंगों को महसूस करें।

मस्तिष्क विकास

योग बेहतर कक्षा भागीदारी एवं सामाजिक योग्यताओं की ओर ले जाता है। इसीलिए एडीएचडी या एडीडी, विकासकारी एवं संज्ञेयवादी विलंबों, डाऊन सिंड्रोम एवं डिसलेक्सिया जैसी विशेष शिक्षण अयोग्यताओं व अपंगताओं के उपचार व प्रबंधन में इसका उपयोग होता है। यह दिमाग के विभिन्न हिस्सों

के बीच दिमागी तरंगों को संकलित करता है जिससे राहत मिलती है। यह बच्चे की बुद्धिमता एवं रचनात्मकता को प्रभावित करता है क्योंकि इससे चिंतन क्षमता एवं मानसिक ऊर्जा जागृत होती है।

बकासन

- समस्थिति से आरंभ करें।
- आगे झुक जाएं और अपनी हथेलियों को अपने पैर की ओर सामने की ओर मगर थोड़ा फासले पर फैला दें।
- आपकी ऊंगलियों खुली हों और सामने इशारा करती हों।
- अपनी कोहनियों को थोड़ा झुकाएं और अपने घुटनों पर रखें, ठीक अपनी कांखों के नीचे।
- आगे की ओर ऐसे झुकें कि आपके पूरे शरीर का भार आपके बाहों पर आ जाए।
- अपना संतुलन बनाएं और धीरे धीरे अपने दोनों पैरों को जमीन से उठाएं। अपने पंजे को एक साथ लाएं।
- अपनी बाहों को यथासंभव सीधा रखें।
- किसी बिन्दु पर एकाग्र हों और कुछ देर तक इसी मुद्रा में रहें।

बेहतर एकाग्रता एवं स्मृति क्षमता

ध्यान एवं खास आसन भी बच्चों की, उनकी एकाग्रता बढ़ाने में, सहायता कर सकते हैं। उदाहरणार्थ, लौ, सूर्य एवं चन्द्रमा या काले निशान पर किया गया त्रातक ध्यान लाभकारी हो सकता है। यह सलाह है कि बच्चे बकासन, चक्रासन, शीर्षासन, धनुरासन आदि विशेष आसनों को अभ्यास करें।

यहां कुछ योग मुद्राएं हैं जिन्हें एकाग्रता बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

मस्ती भरे आसन

योग आसन प्रकृति से प्रभावित होते हैं जो इन्हें याद रखना आसान बनाती है। मुद्राओं के नाम कुत्ता, बिल्ली, गाय, मगरमच्छ, सारस, कौआ, गरूड़, शेर आदि पर होते है। पेड़ों, कमल, योद्धाओं, सिपाही व अन्य अनेक दिलचस्प अवधारणाएं प्रस्तुत करते आसान भी होते हैं।

इन सरल एवं मजेदार आसनों का कम से कम सप्ताह में तीन बार न्यूनतम 20 से 30 मिनट तक अभ्यास करें।

संतुलनासन

- अपनी हथेलियों को अपने कंधों के नीचे रखते हुए पेट के बल लेट जाएं।
- सांस लें और अपने शरीर को ऊपर उठाएं व अपने घुटने सीधा रखें।
- अपने घुटनों, पेड़ू व रीढ़ को एक सीधी रेखा में लाएं।
- अपनी बाहों को झुकाए बिना अपनी कलाइयों को अपने कंधों के नीचे रखें।

वृक्षासन

- समस्थिति से आरंभ करें।
- अपने दायें पैर को उठाएं और उसे अपनी जांघ के भीतरी भाग पर रखें, यथासंभव अपने ग्रोइन के करीब।
- यहां संतुलन लाएं
- अपनी हथेलियों को अपने हृदय चक्र पर प्रणाम मुद्रा में जोड़ लें और धीरे धीरे उन्हें ऊपर उठाएं।
- यही प्रक्रिया दूसरे पैर से भी करें।

पदहस्थासन

- समस्थिति से आरंभ करें।
- सांस छोड़ें और धीरे से अपने शरीर के ऊपरी भाग को कूल्हों से आगे की ओर झुकाएं।
- अपने सिर, कंधों व गर्दन को ढीला रखें।
- अपनी हथेलियों को अपने पैरों पर रखने का प्रयास करें।
- ऐसा करने के लिए आप शुरू में अपने घुटनों को मोड़ सकते हैं।
- अभ्यास के साथ, धीरे धीरे अपने घुटनों को सीधा करते जाएं।
- योग बच्चे के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है,क्योंकि यह बच्चे के लिए स्वस्थ व सकारात्मक आयाम निर्मित करता है। यह बच्चों के लिए शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास का मजबूत आधार तैयार करता है। शुरूआती उम्र से आसन, प्राणायाम, एवं ध्यान की शुरूआत करने में अपने बच्चों की सहायता करें क्योंकि यह समग्र स्वास्थ्य सुनिश्चित करता है।

(लेखक योग गुरु , आध्यात्मिक गुरु एवं जीवनशैली प्रशिक्षक हैं।)



मैंने अब्बास मस्तान जी के साथ पेंटहाउस की शूटिंग पूरी कर ली है। अब मैं धाकड़ की शूटिंग शुरू करूंगा। उसके बाद मैं द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव की शूटिंग फिर से शुरू करूंगा।
- अर्जुन रामपाल

चाहती हूं भारतीय दर्शक भी मेरी फिल्म 'फनी ब्वॉय' से जुड़ें : दीपा मेहता

फिल्म निर्देशक दीपा मेहता और मैनना मुखर्जी ने पायनियर संवाददाता चहक मित्तल के साथ एक विशेष बातचीत में बताया कि किस प्रकार फिल्मों को मानवाधिकार तथा मानवता की दृष्टि से, विशेष रूप से आज के महामारी कालखंड में अधिक समावेशी बनाने के लिये क्या कुछ किया जा सकता है

आपकी फिल्म 'फनी ब्वॉय' श्याम सेल्वादुरई के इसी नाम के एक उपन्यास पर आधारित है। आपको कैसे लगता है कि रूपांतरित फिल्म अपनी मौलिक कहानी से कितना न्याय कर सकती है क्योंकि कोई भी फिल्म किसी चरित्र में अधिक गहरे नहीं उतर पाती जैसा कि एक पुस्तक के माध्यम से किया जाना अपेक्षाकृत अधिक सरल और व्यावहारिक होता है। या इसे ऐसे कहें कि पुस्तक के अनुवाद में ही कहानी से काफी कुछ खो जाता है?

दीपा : मैं इस बार ये अपनी तीसरी फिल्म का रूपांतरण कर रही हूं। इससे पहले मैंने बापसी सिध्वा की पुस्तक 'आईस कैंडी मैन' सलमान रुश्दी की मिडनाइट चिल्ड्रेन और अब श्याम सेल्वादुरई की पुस्तक फनी ब्वॉय का रूपांतरण कर रही हूं। मैंने श्याम के साथ इस प्राजेक्ट पर निकटता से काम किया है। मुझे इसे करने में विशेष आनंद आया। मुझे इसे स्वीकार करने में कुछ समय लग गया लेकिन इसके बाद श्याम ने मुझे इसकी स्क्रिप्ट भेज दी। मैंने उन्हें बता भी दिया कि मैं इसे केवल इसलिये कर रही थी क्योंकि वो इससे जुड़े थे।

ऑस्कर को जीवन में एक बार पूरा होने वाला सपना माना जाता है। आपको ये एक बार मिल चुका है लेकिन अब आप फनी ब्वॉय के माध्यम से इसे दूसरी बार पाने का प्रयास कर रही हैं। आप इसे कैसे ले रही हैं? जब आपको इसके बारे में पहली बार पता चला तो आपकी प्रतिक्रिया कैसी थी?

दीपा: ऑस्कर मुझे मिला इसके लिए मैं बहुत सम्मानित अनुभव करती हूं। हालांकि सबमिशन बदले जा चुके हैं जब भी इसके बारे में विचार किया जाता है कुछ बेहतर बदलाव देखने में आ जाता है। यही इस फिल्म का भाग्य और प्रकृति रहे हैं। मुझे इस बात का हर्ष है कि इस बार फिल्म सर्वश्रेष्ठ फिल्म की श्रेणी हेतु भेजी जा रही है।

मैं बस इतना चाहती हूं कि भारतीय दर्शक भी इससे जुड़ पाएं। ये फिल्म पूर्वाग्रहों और इनसे उबरने तथा प्यार से इसे ठीक करने के बारे में है।

आपके अनुसार महामारी के इस कालखंड में सिनेमा की क्या भूमिका होनी चाहिये?

मैना: यदि हम 2020 को देखते हैं तो ये सही है कि अप्रत्याशित समय रहा है। ये एक ऐसा वर्ष था जिसके बारे में सोचा ही नहीं जा सकता। आप इसे शून्य वर्ष भी कह सकते हैं। जब मैं उन असाधारण चुनौतियों वाले महीनों और अभूतपूर्व हानि तथा भय के वातावरण को याद करती हूं तो मुझे केवल एक सहारा दिखाई देता था और वो सहारा था सिनेमा का। इसके कारण हम सभी किसी न किसी कहानी को देखने में व्यस्त रह पाए तथा परिवार और मित्रों के बीच बातचीत चलती रह सकी। हंसी, थ्रिल, रोमांच, साहस, रहस्य तथा करुणा आदि के दौर में भी सिनेमा हमें एक मंच पर लाया। अच्छा सिनेमा हमें कुछ करने की प्रेरणा भी देता है। इससे लोगों में चेतना आती है और हमें ये मानवमात्र के बीच साझा संस्कृति की याद भी दिलाता रहता है।

आपके अनुसार सिनेमा किस प्रकार से मानवाधिकारों के प्रति अधिक समावेशी हो सकता है? आपके अनुसार आई-व्यू वर्ल्ड किस प्रकार सिनेमा का प्रतिनिधित्व करता है?

मैना: मेरा मानना है कि साझा गहन संकट के इस दौर में पूरी दुनिया में अब मानवता की बात करते हुए मानवों पर ही पूरा फोकस होना चाहिये। अब जब महामारी के कारण हुए विनाश के बाद व्यक्ति और समुदाय इससे उपजे विनाश से उबरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसमें चिकित्सकीय और आर्थिक पुनर्जीवन शामिल है, तो ऐसे में इसकी सर्वाधिक पीड़ा हाशिये पर रहने वाले लोगों को ही हो रही है जो पहले से ही सामाजिक असमानता से पीड़ित हैं।

आई-व्यू वर्ल्ड 2020 में हम इस बार 50 से अधिक अथक और विविधतापूर्ण कहानियां लेकर आ रहे हैं ये सशक्त कहानियां हैं जिनमें कई पीढ़ियों की बात की जाएगी। ये कहानियां स्वतंत्रता, चयन, समानता और न्याय पर आधारित हैं लेकिन ये हमें इतिहास के बारे में भी बताती हैं और कई बार ये विफ्लता का इतिहास होगा लेकिन भविष्य के लिए इनमें नई दृष्टि तो मिल ही सकती है। ये फिल्में बंधुत्व, हाशिये के लोगों की बात तो करती ही हैं साथ ही कुछ आवश्यक प्रश्नभी सामने रखती हैं जो हमारे जुड़ाव और पहचान से जुड़े, समुदाय और हाशिये के लोग, सेक्सुअल्टी एवं लैंगिकता, पारिस्थितिकी और जलवायु परिवर्तन आदि के संबंध में होते हैं। संक्षेप में कहें तो ये अद्भुत और उल्लेखनीय फिल्में हमारे आसपास की दुनिया को ही प्रतिबिंबित करती हैं। हमें इनमें सौंदर्यशास्त्र और राजनीति के माध्यम से सांस्कृतिक अंतर्दृष्टि सुनिश्चित करनी होगी।

दीपा: आई-व्यू वर्ल्ड 2020 हमारे लिए नवोन्मेषी, साहसी तथा उदार बनाने वाला फिल्म फेस्टिवल था। मैंने ऐसे आयोजन का हिस्सा बन कर बहुत ही सम्मानित अनुभव किया था। इसका महत्व इसके कोरोना कालखंड के दौरान होने के कारण और भी बढ़ जाता है।

इसके लिए फिल्मों के चयन का मापदंड क्या रखा गया था?

मैना: हमने मिश्रित प्रारूप निर्धारित करते समय ही इसके स्वरूप के बारे में काफी विचार विमर्श किया था। चूंकि अधिकांश स्क्रीनिंग आभासी अर्थात वर्चुअल होनी थी तो हमनें कुछ भौतिक स्क्रीनिंग भी रख दीं। जो हमारी ओर से फिल्म और फिल्म निर्माताओं, इंडस्ट्री और थियेटरों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को ही दर्शाता था। इसमें स्वाभाविक बात ये थी कि ये स्क्रीनिंग सामान्य नहीं होती थीं और कोविड-19 के नियमों के अंतर्गत ही आयोजित होती थीं। हमारे लिए तो ये स्क्रीनिंग एक प्रतिरोध का ही प्रतीक थीं कि कला महत्वपूर्ण है और ये रहेगी। इससे दर्शकों में भविष्य के सिनेमा का समर्थन करने का उत्साह जन्मा और निर्माताओं को खुली आंख से नए प्रोजेक्ट लाने का उत्साह पैदा किया।

फिल्म निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश में कई आकर्षण: सतीश कौशिक

बॉलिवुड के नामी फिल्म निर्माता सतीश कौशिक ने फिल्म 'कागज़' के प्रीमियर से पूर्व उत्तर प्रदेश में इस दिशा में चल रहे प्रयासों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग की दृष्टि से ये अच्छी बात है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार ने कलात्मक संस्कृति, लोकेशन तथा सहायक फिल्म नीति के चलते फिल्म निर्माण हेतु अच्छा वातावरण बन सकेगा।

फिल्म निर्माता सतीश कौशिक की नवीनतम निर्देशित फिल्म कागज़ को यहां प्रीमियर किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश फिल्मों की शूटिंग, के लिए अत्यंत अनुकूल है क्योंकि कलात्मक संस्कृति, लोकेशन तथा सहयोगी फिल्म नीति, के चलते फिल्म निर्माण के लिए ये सभी के लिए आकर्षक बन गया है।

कौशिक ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रस्तावित फिल्म सिटी के चलते यहां के युवाओं के बॉलिवुड निर्देशकों और निर्माताओं के साथ अपने ही राज्य में काम करने के सपने जल्दी ही पूरे होते दिखेंगे।

उन्होंने बताया, 'ये मेरा सौभाग्य है कि मेरी पहली फिल्म कागज़ कोविड -19 के बाद सिनेमा हॉलों में लगने वाली पहली फिल्म होगी। चूंकि ये राज्य के ही एक व्यक्ति की वास्तविक कहानी है और ऐसे में लोगों को राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के जीवन की एक झलक फिल्मों में दिखाई देगी। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि राज्य में कई सुंदर लोकेशन हैं और मैं व्यक्तिगत रूप से मानता हूं कि नोएडा में फिल्म सिटी बनने के बाद मुंबई की दूसरी फिल्में भी यहां बनने लगेंगी।'

कौशिक की फिल्म कागज़ वर्तमान में ज़ी 5 ऑरिजिनल्स पर चल रही है। इसमें पंकज त्रिपाठी, मोनल गज्जर, मिता वशिष्ठ तथा अमर उपाध्याय जैसे कलाकार विविध भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

इस फिल्म में कौशिक ने निर्देशन के साथ ही अभिनय भीकिया है। उन्होंने इसमें पंकज त्रिपाठी के अधिवक्ता साधुराम केवट की भूमिका निभाई है।

त्रिपाठी के साथ परदे पर आने के बारे में अपने अनुभव साझा करते हुए कौशिक ने बताया, 'जब मैं उनके साथ फिल्म में काम कर रहा था तो मैं उनके जैसी अच्छा अभिनय करने के लिए प्रयासरत था। मुझे लगता है कि कागज़ पंकज की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक होगी।'

इस फिल्म को सीतापुर के कंदूनी गावं में फिल्माया गया है जो लखनऊ से 60 किलोमीटर दूर है। फिल्म लाल बिहारी के जीवन पर आधारित है जो आज़मगढ़ के अमीलो गांव के एक किसान और सामाजिक कार्यकर्ता थे।

फिल्म में त्रिपाठी एक बैंडमास्टर का चरित्र कर रहे हैं जिन्में सरकारी परिपत्रों में मृत दिखा दिया जाता है। वो इसके विरोध में आवाज उठाते हैं और व्यवस्था से लड़कर सुधार कराने में सफल रहते हैं।

सलमान खान फिल्म्स तथा सतीश कौशिक इंटरटेन्मेंट प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित इस फिल्म को लिखा है इम्तियाज़ अली ने। फिल्म निर्माता सीतापुर जिले में इसकी स्क्रीनिंग के लिए मोबाइल मूवी थियेटर तकनीक का प्रयोग कर रहे हैं।

कौशिक ने बताया, 'ये मोबाइल थियेटर दर्शकों के पास जाता है और दर्शकों को सिनेमाघर जाने की आवश्यकता ही नहीं रह जाती। मुझे खुशी है कि इस रिलीज़ के बाद फिल्म अनेक लोगों के निकट पहुंच सकेगी। मुझे ये जानकर अत्यंत प्रसन्नता होगी कि अंतत: फिल्म लोगों तक पहुंच सकेगी, विशेष रूप से उन भीतरी इलाकों में जहां आज भी थियेटर में सिनेमा देखना एक दूर का सपना है।'

ट्विटर पर अमिताभ बच्चन के हुए 4.5 करोड़ फॉलोअर



मुंबई। मेगास्टार अमिताभ बच्चन के ट्विटर फॉलोअर की संख्या शनिवार को 4.5 करोड़ हो गई। 78 वर्षीय अभिनेता ट्विटर पर सक्रिय रहनेवाले बॉलीवुड कलाकारों में से एक हैं। बच्चन फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया साइट पर मौजूद हैं। वहीं टम्लबर पर उनका एक निजी ब्लॉग भी है। ट्विटर पर बच्चन ने अपने एक प्रशंसक का शुक्रिया अदा किया, जिसने उनकी एक पुरानी तस्वीर पोस्ट की है, जिसमें युवा बच्चन अपने पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन का आशीर्वाद ले रहे हैं। इस तस्वीर पर बच्चन के प्रशंसक ने लिखा, 4.5 करोड़ की शुरुआत पूज्य मां और पूज्य बाबूजी के आशीर्वाद से हुआ। इस तस्वीर से जुड़ी यादों का जिक्र करते हुए बच्चन ने लिखा, यह तस्वीर काफी कुछ कहती है यह ऐसा क्षण था जब मैं कुली की घटना के बाद मौत के मुंह से निकलकर घर लौटा था। पहली बार मैंने अपने पिता को रोते देखा था। अभिषेक भी चिंतित नजर आ रहा था। मनमोहन देसाई की फिल्म कुली की बेंगलुरु में शूटिंग के दौरान अमिताभ बच्चन चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा था और ठीक होने में कई महीने लग गए थे। मेगास्टार इस घटना को पुनर्जन्म बताते हैं। अभिनेता को फेसबुक पर अभी 2.9 करोड़ और इंस्टाग्राम पर 2.45 करोड़ फॉलोअर हैं। मौजूदा समय में भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबसे ज्यादा 6.47 फॉलोअर हैं।

शो यंग जीनियस के लॉन्च की घोषणा

मुंबई। न्यूज़18 नेटवर्क और ठल्श्रन्ै ने श्यंग जीनियसश् शो के लॉन्च तारीख की घोषणा की है। इसे 16 जनवरी 2021 को लॉन्च किया जाएगा। यंग जीनियस देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करनेए उनकी पहचान करने और उन्हें देश भर के सामने लाने की एक पहल है। श्कॉल फॉर एंट्रीश् प्रमोशनल कैंपेन के तहत श्यंग जीनियसश् की शुरुआत बाल दिवस पर हुई थी। इस कैंपेन में अंतिम रूप से चुने गए प्रतिभाशाली बच्चे 11 एपिसोड के साप्ताहिक शो में दिखाई देंगे। इस शो के हर एपिसोड में पढ़ाईए परफॉर्मिंग आर्ट्सए तकनीक और स्पोर्ट्सए जैसे अलग.अलग क्षेत्रों के असाधारण और विलक्षण बच्चों की प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। इन प्रतिभाशाली बच्चों को प्रतिष्ठित सदस्यों की जूरी ने एक कड़ी चयन प्रक्रिया के माध्यम से चुना है। इस जूरी में नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांतए पद्मभूषण डॉण् मल्लिका साराभाईए भारत के पूर्व हॉकी कप्तान सरदार सिंह और सीएनबीसी.टीवी18 की प्रबंध निदेशक शीरीन भान शामिल हैं।

शो को लॉ?च करने के लिए श्रद्धा पंडित का लिखा और सलीम सुलेमान द्वारा कंपोज किया और गाया श्उमर छोटीए काम बड़ेश् गाना टीवीए डिजिटिल मीडिया और रेडियो पर रिलीज किया गया। इस एंथम के निर्माता स्टोरी यार्न फिल्?म्?स हैं। यह गाना इन बच्चों की विलक्षण प्रतिभा को सम्?मान देता है और हर बच्चे में रचनात्मकता और कुछ नया करने की चाहत का जश्न मनाता है। मशहूर संगीतकार सलीम मर्चेंट ने यंग जीनियस के साथ अपनी साझेदारी पर कहाए श्हम काफी भाग्यशाली है कि हमें एक अविश्सनीय शो और बच्चों के सशक्तिकरण के खूबसूरत आंदोलनए यंग जीनियस के लिए म्यूजिक कंपोज करने का मौका मिला। इस शो में असाधारण प्रतिभा वाले बच्चों की खोज कर उनके टैलेंट को निखारा और संवारा गया है। मैं बहुत खुश हूं कि न्यूज़18 नेटवर्क और ठल्श्रन्ै इन बच्चों का उत्साह बढ़ा रहे हैंए जो हमारे देश और समाज की प्रगति में अनोखे ढंग से अपना योगदान देंगे।